पण्डित-मधुसूदन-ओझा-ग्रन्थमाला-१

पण्डित-मधुसूदन-ओझा-विरचिता

वर्ण - समीक्षा

हिन्दी-भाषान्तरकारः
डॉ. शिवदत्तशर्मा चतुर्वेदी

सम्पादको भूमिकालेखकश्च
डॉ. सत्यप्रकाशदुबे

प्रधानसम्पादकः
डॉ. दयानन्दभार्गवः

प्रकाशकः
पण्डित-मधुसूदन-ओझा-शोध-प्रकोष्ठः
संस्कृत-विभागः, जोधपुरविश्वविद्यालयः,
जोधपुरम्

१९९१

प्रकाशक :

पण्डित-मधुसूदन-ओझा-शोध-प्रकोष्ठ

संस्कृत-विभाग

जोधपुर-विश्वविद्यालय

जोधपुर

© प्रकाशक

पुस्तक में व्यक्त विचारों से सम्पादक-मण्डल का सहमत होना आवश्यक नहीं है ।

संस्करण : मार्च, १९९१

मूल्य : १२० रुपये मात्र

मुद्रक :

प्रिण्टिङ्ग हाउस

जालोरी गेट के अन्दर

जोधपुर

प्राप्ति-स्थान :

निदेशक

राजस्थान-प्राच्य-विद्या-प्रतिष्ठान

पी. डब्लू. डी. रोड,

जोधपुर-३४२००१

विषयानुक्रमणिका

(i) प्रधान-सम्पादकीय अ
(ii) पण्डितमधुसूदनजी ओझा : एक परिचय उ
(iii) Contributions of Madhusudan Ojha to the Interpretation of Vedic Thought a
(iv) भूमिका i

वर्ण-समीक्षा

उपोद्घात १
ब्रह्ममातृका २
अक्षमातृका ५
रुद्रमातृका ८
भूतमातृका १२
हीनक्रम १३
मातृकाविचार १७
विवृति (विवृत्ति) २५
स्वरभक्ति २६
यम ३५
अनुस्वार ४७
रङ्ग ४९
नाद ५३
हुंकार ५६
अन्तःस्थ ५७
ऊष्मा ६२
पदनैसर्गिकस्वरप्रस्ताव ६८
(i) वर्णविचार ६८
(ii) अक्षरविचार ६९
(iii) वाक्यविचार ७०
(iv) वर्णस्वरनियम ७०
(v) अक्षरस्वरप्रस्ताव ७२

वाक्यपदप्रयोगधर्म एवं स्वरनियम ७७
समस्तैकपदस्वरविचार ८४
सद्वितीयपदस्वरविचार ८६
अनन्तरविधि ८८
स्वरितभेद ९०
स्वरोद्‌वणिका (स्वरचिह्नक्रम) ९९

अथ गुणप्रकरण

वाग् विज्ञान १०४
वाक् उत्पत्ति के निमित्त गुण ११२
स्वर-समीक्षा ११४
(i) श्वास-लक्षण ११४
(ii) नाद-लक्षण ११५
(iii) विवार-लक्षण ११८
(iv) स्थान-लक्षण १२१
(v) व्यक्ति-लक्षण १२१
(vi) गेह्य-लक्षण १२२
(vii) श्रुति-लक्षण १२३
(viii) सवन-लक्षण १३५
(ix) भाग-लक्षण १३८
(x) प्रक्रम विचार १४२
(xi) वर्ण-समीक्षा के पारिभाषिक शब्दों की सूची १४६

मुद्रणसम्बन्धी सूचना

मुद्रणालय में ऋकार की मात्रा के अभाव में इस प्रकार मुद्रित करना पड़ा है—पित्ॠणाम्। सुधी पाठक यथोचित रूप में पढ़ने की कृपा करें। इसी प्रकार संस्कृत-भाषा के कुछ विशिष्ट उच्चारणों के लिए टाइप न होने के कारण उन्हें यथासम्भव शुद्धतम रूप में मुद्रित किया जा रहा है। आशा है पाठकों को इसमें कोई असुविधा न होगी। उदाहरणतः—वक्तॄ गात्रे।

इसी प्रकार दीर्घ लृकार को इस प्रकार मुद्रित किया गया है—लॄ। अन्य उदाहरण हैं–कॄ अथवा पॄ। इनका उच्चारण ककार तथा पकार में ॠकार की मात्रा सहित समझना चाहिये।

इसी प्रकार भारतीय भाषाओं के शब्दों को रोमन लिपि में मुद्रित करते समय तदर्थ विशेष चिह्नों के अनुपलब्ध होने के कारण उन्हें उनके बिना ही छापना पड़ा है। पाठक उन्हें यथोचित रूप में पढ़ने की कृपा करें।

ओ३म्

प्रधान-सम्पादकीयम्

अस्ति किञ्चिदपूर्वं सुदिनाहं योधपुर-विश्व-विद्यालयीय-संस्कृत-विभागाय नवत्यधिकनवशतोत्तरैकसहस्रखीस्ताब्दस्य फरवरीमासस्यैकादशतारिका । अस्मिन्नहनि योधपुरस्थप्राच्यविद्याप्रतिष्ठानेन संयुज्य संस्कृत-विभागेनायोजिताया-स्सङ्गोष्ठ्या उद्घाटन-वेलायां राजस्थान-पत्रिकेति दैनिकपत्रस्य संस्थापक-सम्पादकश्श्रीकर्पूरचन्द-कुलिशस्समीक्षाचक्रवर्तिपण्डित-मधुसूदन-ओझा-महोदयम-धिकृत्य यद्वचवृणात्तेन प्रतीपं विपर्यस्तं पात्रमन्वीपायितमिव । अस्यां सङ्गोष्ठ्यां प्रस्तुतेषु पञ्चाशत्सु शोधनिबन्धेषु द्वावत्रानुपदमेव प्रासङ्गिकत्वान्मुद्र्येते—श्री गोपालनारायणबहुरोपनिबद्धं पण्डितमधुसूदनस्य जीवनोदन्तजातं, डॉ ए. एस. रामनाथन्-परामृष्टं पण्डितमधुसूदनस्य वेदव्याख्यानपद्धतिं प्रत्यवदानञ्चेति । निबन्धद्वयीयमध्येतृवृन्दस्यौझाविषयिणीं व्यक्तित्वसम्बन्धिनीं वा कृतित्वानुबन्धि-नीं वा जिज्ञासां प्रपूरयेदित्याशास्महे । अधिकमधिजिगांसमाना अक्षिलक्ष्यीकुर्वन्तु महामहोपाध्यायपण्डितगिरिधरशर्म्मचतुर्वेदप्रणीतं श्रीमधुसूदनओझा-चरितामृ-तम् (राजस्थान-पत्रिका-प्रकाशनं, जयपुरम्) अग्रवालोपाह्वडॉक्टर-वासु-देवशरणोपनिबद्धां ब्रह्मसिद्धान्तभूमिकाञ्च । (काशिहिन्दुविश्वविद्यालयः, वारा-णसी, १९६१)

उपरिनिर्दिष्टसङ्गोष्ठीसंस्तुतिमनुसृत्य पण्डितमधुसूदनस्य पञ्चविंशत्य-धिकशततमां जयन्तीमुद्दिश्य च राजस्थानसर्वकारस्सप्तचत्वारिंशदधिकद्विसहस्र-वैक्रमाब्दे योधपुर-विश्वविद्यालयीयसंस्कृतविभागे तस्य विदुषः प्रतिष्ठायां शोधप्रकोष्ठविशेषमस्थापयद्येनेमां पण्डितमधुसूदनओझा-ग्रन्थमालां प्रकाशयितुं निरणायि । तस्या एव ग्रन्थमालाया विशिष्टपुष्पभूतमिदं प्रकाशनम् । ग्रन्थस्यास्य वर्ण्यविषयस्य भूमिकया गतार्थत्वात्तत्र वाचंयमा अपि पण्डितमधुसूदनस्य वाङ्-मयमधिकृत्य समग्रदृशा किञ्चिद्विवक्षामः । तत्सन्तः श्रोतुमर्हन्ति सदसद्व्यक्ति-हेतवः ।

सुदृढं श्रद्दधाति भारतीयजनता श्रौतवाङ्मयमिति न तिरोहितञ्चक्षुष्मताम् । किन्तु नैतावता तद्वाङ्मयं साम्प्रतिकेभ्यो रोचयेत । अपीदं वाङ्मयमाधुनिकविज्ञाने जाग्रति किञ्चित्प्रत्यग्रं तत्तादृशं ज्ञानं समर्पयति यत्साम्प्रतमपि साम्प्रतमिति प्रश्नः । तत्रोमिति ब्रूमः । दिङ्मात्रमुदाह्रियते ।

भौतिकविज्ञानविचक्षणाः दिग्देशकालादिकमाश्रित्य बहुशः प्रतिचिन्वन्ति । तत्रायं वैदिको राद्धान्तः—सौरतत्त्वमव्ययपुरुषस्य ज्ञानशक्तिघनमनोभावेनान्वितं कालं जनयति तदेव क्रियाशक्तिघनप्राणभावेन संयुतं दिशमर्थशक्तिघनवाग्भावेन समेतञ्च देशं जनयति । सूत्रमिदमेकमेत्र पाश्चात्त्यविज्ञानचिन्तनमामूलमालोडयितुमलम् ।

मनोविज्ञानक्षेत्रे (१) अनाविर्भूतसङ्कल्पविकल्पं श्वोवसीयसं मनः, (२) सङ्कल्पविकल्पात्मकमिन्द्रियरूपं मनः, (३) अनुकूलताप्रतिकूलताबोधकं सर्वेन्द्रियं मनः, (४) श्वासप्रश्वासरक्तसञ्चारादिनिमित्तं सत्त्वमनश्चेति मनश्चतुष्टय्यसमाहितसमस्या समाधातुं प्रभवति । चन्द्रेण योज्यमानं मनः सर्वेन्द्रियम्, इन्द्रियमनस्तु पार्थिवभास्वरसोमसम्बद्धमिति विवेकः । सर्वेन्द्रियं मनः जीवश्चालयति, सत्त्वं त्वीश्वरः ।

यथा मनश्चतुष्टयी तथात्मचतुष्टयी—(१) शान्तात्मा, (२) महानात्मा, (३) विज्ञानात्मा, (४) भूतात्मा चेति । (१) शुक्ररूपेण भ्रूण आत्मा शान्तः, (२) आगर्भात्पञ्चमे मासि विष्णिवन्द्रप्रभावतो गत्यागतियुक्त आत्मा महान्, (३) ज्ञानवाहिनी-कर्मवाहिनी-नाड़ीतन्त्राधिष्ठाता विज्ञानात्मा (४) स्थूलं शरीरं भूतात्मा च । यथासङ्ख्यमिम आत्मानः (१) भ्रूणविज्ञान—(२) शरीरक्रियाविज्ञान—(३) तन्त्रिकाविज्ञान—(४) शरीररचनाविज्ञानानां विषयीभूताश्चिकित्साविज्ञानक्षेत्रे कामप्यपूर्वां दृष्टिं विसर्जयन्ति ।

चतुष्टयं वेदं सर्वमिति श्रौतसिद्धान्तमनुसृत्य ब्रह्म-क्षत्र-विट्-पौष्ण-भावानां चतुष्टयी व्यष्टि-परिवार-समष्टि-राष्ट्र-चतुष्टय्यां विनियुज्यते । व्यष्टावात्म-बुद्धि-मनः-शरीराणि, परिवारे वृद्ध-युव-स्त्री-वालाः, समष्टौ ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्राः, राष्ट्रे नीतितन्त्र-राजतन्त्र-प्रजातन्त्र-गणतन्त्राणीति समाजशास्त्रं वा राजनीतिशास्त्रं वा वेदानां समग्रदृष्टौ सर्वमेकपदमेव समाधीयते ।

प्रत्नेयं वेदविद्या, नवनवाश्चास्याः व्याख्याः । तासु पौरस्त्य-पाश्चात्त्योभयविधवेदव्याख्यासु पण्डितमधुसूदनकृतव्याख्या न पिष्टमतीतं पिनष्टि । पण्डितमधुसूदनप्रदर्शितेयं व्याख्यापद्धतिर्ब्राह्मणग्रन्थानुमोदितापि वेदविज्ञानानुविद्धं तत्तादृशं कमप्यपूर्वमर्थं स्फोटयति योऽस्माकं पन्थानं सर्वदिक्षु प्रशस्येदित्युदात्तभावभाविता वयं प्रस्तुतग्रन्थमालां प्रकाशयितुमुपक्रमामहे । आर्याः मात्सर्यमुत्सार्याविलमपि नः प्रयत्नं करुणादृक्पातेन निर्मलीकुर्युः ।

अस्याः ग्रन्थमालायाः प्रकाशनकर्मणि बहून्प्रत्यानृण्यं भजतेऽयं जनः । श्रीकर्पूरचन्दकुलिशस्य सौजन्येनेमे ग्रन्थास्सानुवादाः प्रकाशनार्थमस्यै ग्रन्थमालाया उपलम्भिता इतीदम्प्रथमतया तस्य नाम स्मरामः । अस्याः ग्रन्थमालाया संरक्षकस्य योधपुरविश्वविद्यालयस्य कुलपतेरेव सम्भावनागुणमिममवैमि यद्वयमत्र रात्रिन्दिवं प्रवर्तामहे । अनुवादक-सम्पादक-टिप्पणीकार-भूमिकाप्रणेत्रादयस्तु साधुवादमर्हन्त्येव, मुद्रणव्यवस्थान्तर्गतप्राग्रूपसंशोधनादिषु साचिव्यं निर्वहतामपि कृतज्ञतामावहामः । राजस्थानसर्वकारस्यार्थिकानुदानं विना विश्वविद्यालय एतादृशीं ग्रन्थमालां प्रारब्धुमेव नोत्सहेदिति तं साभारञ्चिन्तयामः । अनया ग्रन्थमालया भारतराष्ट्रं स्वकीयं प्रत्नगौरवं ज्ञानविज्ञानोपासनया पुनरपि लभेतेति कामयते—

दयानन्दो भार्गवः
आचार्योऽध्यक्षश्च
संस्कृत-विभागः
योधपुरविश्वविद्यालयः
योधपुरम्—राजस्थानम्

रामनवमी, २०४८ वैक्रमाब्दः

पण्डित मधुसूदन जी ओझा : एक परिचय

पण्डित गोपाल नारायण बहुरा

प्राक्कर्मोदयतो हि यस्य मिथिलादेशे शरीरोदयः
श्रीविश्वेशदयोदयाच्च समभूत्काश्यां सुविद्योदयः ।
राज्ञा प्रीत्युदयादभूज्जयपुरे सम्पत्तिभाग्योदयः
सिद्धस्तन्मधुसूदनाय गुरवे नित्यं प्रणामोदयः ।।

मेरे अत्यन्त आदरणीय मित्र स्वर्गीय पण्डित मोतीलाल जी शास्त्री उक्त पद्य को प्रायः अपनी वक्तृताओं और लेखों के आरम्भ में उद्धृत किया करते थे । इसमें वे अपने परमपूज्य गुरुवर्य वेदविद्यावारिधि स्व. पण्डित मधुसूदन जी ओझा को प्रणाम निवेदन करने के साथ-साथ उनके जन्म, विद्याध्ययन और सम्पत्ति-भाग्योदय के स्थानों का भी निर्देश करते थे ।

पण्डित मधुसूदन जी ओझा का शरीरोदय मिथिलादेश (प्रान्त) के मुजफ्फरपुर जिले में गाढ़ा नामक गाँव में हुआ था । वह संवत् १९२३ में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी (श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी) का शुभ दिवस था । उसी तिथि को रात्रि के साढ़े दस बजे उनका इस जगत् में अवतरण हुआ । उनके पिता का नाम वैद्यनाथ जी ओझा था और उनके कुल में विद्वत्परम्परा पीढ़ियों से चली आ रही थी अतः वैद्यनाथ जी भी एक विशिष्ट विद्वान् थे । उन्होंने अपने पुत्र की प्रारम्भिक शिक्षा अपने मैथिल ब्राह्मणोचित प्रकार से ही आरम्भ करायी । बाल्यकाल के आठ वर्ष मधुसूदन जी ने अपने पिता के पास गाँव में ही व्यतीत किये ।

वैद्यनाथजी के ज्येष्ठभ्राता पण्डित राजीवलोचन जी मिथिला से जयपुर आ बसे । इन्होंने धर्मचन्द्रोदय एक नामक बड़ा ग्रन्थ लिखा जो सोलह कलाओं में विभक्त है । इसमें श्रुति-स्मृत्यादि प्रामाण्यनिरूपणसयुक्तिक प्रायः सभी धर्मशास्त्रीय विषयों का विवेचन किया गया है । इसके निर्माणार्थ राजीवलोचन जी के सहयोग के लिए महाराजसंस्कृतपाठशाला के दो वरिष्ठ पण्डित श्रीकृष्ण शास्त्री एवं श्री लक्ष्मीनाथ शास्त्री द्रविड को भी लगाया गया था । ये दोनों पण्डित पोथीखाना में लेखकों द्वारा प्रतिलिपीकृत ग्रन्थों का पाठशोधन भी किया करते थे । पण्डित सीताराम पर्वणीकर रचित जयवंशमहाकाव्य का हिन्दी अनुवाद भी इन दोनों ने किया था जिसकी प्रति पोथीखाना संग्रह में सुरक्षित है । अस्तु, इन सब विद्वानों ने महाराजा की आज्ञा से धर्मचन्द्रोदय ग्रन्थ की रचना की जिसका उल्लेख ग्रन्थ का उद्देश्य प्रकट करते हुए इस प्रकार किया है :—

येनेयं रचिता पुरा जयपुरी कीर्तिः पताकीकृता
तत्पुत्रः कुलदीपको नृपवरः श्रीरामसिंहोऽधुना ।
जागर्ति प्रभया स्वया जयपुराधीशो विधाशावधि
युक्तायुक्तविवेचनाय विदुषां संसत्समाधापनात् ।। १२.(ध.च.)

पाखण्डेन विनाजगद्व्यवहृतिर्जाता यतो जीवतु
तस्येवं विमलामतिः शिवपदध्यानावधानादभूत् ।
धर्माधर्मविवेचनैकफलको ग्रन्थो भवद्भिर्बुधै—
रुद्भाव्यानुविधीयतां विदुरलं स्वल्पप्रयासाज्जनाः ।। १३.(,,)

धर्म्मं स्वीयमिति प्रमाणवलितं बुद्ध्यैकवारांनिधे—
रस्माभिश्च तदीप्सिते हितकथाऽभिप्रायविद्भिस्तदा ।
प्रादायादरतः शिरस्यतितरामादेशमुद्भावितु
ग्रन्थो धर्मविकासनैकफलकः सद्धर्म्मचन्द्रोदयः ।। १४.(,,)

महाराजसंस्कृतपाठशाला के ही तत्कालीन आयुर्वेदप्रधानाध्यापक राजवैद्य श्रीकृष्णराम भट्ट ने इस ग्रन्थ की कृतित्वविषयक सम्पुष्टि इस प्रकार की है :—

"राजीवलोचनबुधेन समस्तशास्त्रा—
ण्यालोच्य सामवचसारचिधर्मचन्द्रः ।
याभ्यामपूरि सततोन्विह कृष्णलक्ष्मी-
नाथौ बुधौ कथय कस्य न सम्मतौ तौ ।।"[1]

पण्डित राजीवलोचन जी ओझा को जयपुर में ससम्मान सम्पत्ति और जागीर आदि की प्राप्ति हुई परन्तु उनकी महती चिन्ता का विषय यह था कि उनके कोई पुत्र नहीं था । अतः वे अपने अनुज पण्डित वैद्यनाथ ओझाजी के होनहार सुपुत्र मधुसूदन जी को गोद लेकर और आठ वर्ष की अवस्था में उनका यज्ञोपवीत सस्कार करके जयपुर ले आये । यहाँ उन्होंने अपने उत्तराधिकारी बालक की अपनी देखरेख में सुयोग्य पण्डितों के पास शिक्षा-दीक्षा की समुचित व्यवस्था की । यहां मधुसूदन जी को मैथिल विद्वान् विश्वनाथ झा से लघुकौमुदी तथा तत्कालीन संस्कृत पाठशालाध्यक्ष रामभज जी सारस्वत से सिद्धान्तकौमुदी का सम्यक् अध्ययन करने का सुअवसर मिला । उनकी असाधारण ग्राहिकाशक्ति और उपस्थिति से दोनों ही महान् विद्वान् चमत्कृत थे । पण्डित राजीवलोचन जी जब महाराजा से मिलने जाते तो अपने दत्तकपुत्र बालक मधुसूदन जी को भी अपने साथ ले जाते । इस बालक के

1 जयपुर की संस्कृत साहित्य को देन, पृ. २९६

मुखमण्डल पर सूझ और समझ की प्रभा देखकर महाराजा कहा करते थे कि यह बालक बड़ा होनहार लगता है ।

यह क्रम चल ही रहा था कि संवत् १९३७ में महाराजा रामसिंह जी और १९३९ में पण्डित राजीवलोचन जी का स्वर्गवास हो गया । अब एक विकट स्थिति उत्पन्न हो गई । बदली हुई परिस्थितियों में राज्याधिकारियों ने उनकी जागीर के कुछ अंश का प्रतिग्रहण कर लिया, अतः किशोर मधुसूदन जी अपनी पितृव्य-पत्नी के साथ स्वदेश (मिथिला) लौट गये । उस समय उनकी अवस्था १५-१६ वर्ष की ही थी, परन्तु अध्ययन के प्रति रुचि अत्यन्त प्रबल हो उठी थी । उन्होंने उच्च अध्ययन के लिए काशी जाने की इच्छा प्रकट की और किसी तरह परिवार वालों को सहमत करके वे वहाँ चले ही गये । काशी में दरभङ्गा संस्कृत पाठशाला में प्रविष्ट हुए जहाँ उनको सर्वशास्त्रपारंगत जगत्प्रसिद्ध विद्वत्शिरोमणि पण्डित शिवकुमार जी शास्त्री का शिष्यत्व प्राप्त करने का सौभाग्य सुलभ हुआ । शास्त्री जी के चरणों में बैठ कर आठ-नौ वर्ष तक और पूरी लगन और परिश्रम के साथ व्याकरण, न्याय, मीमांसा, साहित्य और वेदान्त आदि सभी विषयों का गहन अध्ययन करके उन पर पूर्ण अधिकार प्राप्त कर लिया । स्वयं शास्त्री जी भी उनकी प्रतिभा और विषयनिरूपण शैली से बहुत प्रभावित थे । उन्होंने ही मधुसूदन जी को वेद का यथार्थ प्रतिभान प्राप्त होने का आशीर्वाद दिया था । इस आशीर्वाद और ओझा जी की प्रतिज्ञा को उनके शिष्य और मेरे गुरु पण्डित सूर्यनारायण जी शर्मा व्याकरणाचार्य ने यों पदबद्ध किया है—

"श्लाघ्येन तेनास्य समुद्यमेन धर्मप्रियोऽमुष्य गुरुः शिवः सः ।
संतुष्य सस्नेहमुवाच वत्स कार्या त्वया प्राक्तनधर्मरक्षा ।।

वेदार्थबोधे तव बुद्धिरेषा प्रसारमाप्तात्यनिवृत्तवेगा ।
गङ्गेव घोरोर्मिकरालमध्ये क्षीराम्बुधौ तद्हृदयं स्पृशन्ति ।।

एवं निगद्य स वाग्मिवर्यो वेदार्थसंपाठनमत्यचक्रे ।
वक्रेऽपि काले मधुसूदनोऽयं गुरोः समक्षं विदधौ प्रतिज्ञाम् ।।

यावन्मे मतिरस्ति यावदथवा कर्तुं क्षमोऽहं श्रमं
यावत्प्राणपरिस्थितश्च हृदये यावच्च चक्षुर्बलम् ।

तावद्वैदिकधर्मतत्त्वमखिलं विज्ञाय भक्त्या गुरोः
सत्पात्रप्रतिपादनाय सुमहान् कार्यः प्रयत्नो मया ।।"

पण्डित राजीवलोचन जी ओझा के एक मेरठ-निवासी मित्र ज्योतिषी थे । उन्होंने

मधुसूदन जी की जन्मकुण्डली[1] देखकर रुद्रसंहिता के अनुसार जो फलादेश लिखा उसमें यह भी अंकित किया कि "कामेश्वर भगवान् शिव इस जातक को भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करेंगे।" **"कामेश्वर शिवस्तस्य भुक्ति-मुक्तिप्रदायकः।"** पण्डित जी के मन में तब से ही भगवान् कामेश्वर शिव के प्रति आन्तरिक श्रद्धा उत्पन्न हुई और विद्याध्ययन के हेतु काशी में निवास करते हुए वहां कामेश्वर का मन्दिर ढूंढ कर नित्य आराधना करना आरम्भ कर दिया। सम्भवतः जयपुर के सूरतखाना के संग्रह में कतिपय बहुत सुन्दर कामेश्वर-कामेश्वरी के जो चित्र प्राप्त हैं वे उन्हीं के बनवाये हुए हैं। पण्डित जी चित्रों के पारखी तो थे ही, स्वयं भी रेखाङ्कन और चित्राङ्कन में अभ्यस्त थे। वैदिक विषयों को स्पष्ट करने हेतु उन्होंने अनेक चित्र निर्मित किये थे। सुन्दर कलात्मक चित्रों के पृष्ठ पर वे अपने आकर्षक अक्षरों में 'अच्छा' लिख देते थे। उनका लिखा हुआ यह 'अच्छा' भी बहुत अच्छा लगता है। वे अंग्रेजी अक्षरों से मोनोग्राम (गुम्फाक्षर) भी बहुत सुन्दर बना लेते थे। उनका बनाया हुआ एक M.S.O. (Madhu Sudan Ojha) अक्षरों का मोनोग्राम उन्हीं के अभिनन्दन ग्रन्थ में प्रकाशित (1936 ई.) वेदाङ्क (संस्कृत-रत्नाकर के विशेषाङ्क) में उद्धृत हुआ है जिसमें निम्नांकित विषय को संक्षेप में विवृत किया गया है—

हंसान् मण्डलाद्वायुरग्निः सूर्यो देवा वैदिका अत्र लक्ष्याः
एषां विद्या वेद इत्यप्यवेयात् तद्विज्ञाने यत्नवानस्मि योऽस्मि ॥ 1

---

1 राजस्थान पत्रिका प्रकाशन द्वारा प्रकटित पण्डितजी के 'ब्रह्मविज्ञान' ग्रन्थ के आरम्भ में म. म. पं. गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी लिखित 'संक्षिप्त परिचय' में जन्मकुण्डली इस प्रकार उद्धृत है—

३ मं.	२ चं.	१	१२ के.
४	❀	❀	११
बु. शु. ५	❀	❀	१० बृ.
६ रा.	७ शु.श.	८	९

सुपर्णद्वयं तौ लक्ष्यं वृत्तमादित्यमण्डलम् ।
जीवेश्वरौ सुपर्णौ द्वावादित्ये प्रतिष्ठतः ।। 2

"यत्रा सुपर्णा अमृतस्य भागमनिमेषं विदथाभिस्वरन्ति ।
ये अर्वांचिस्तां अपरा च आहुर्ये पराञ्चस्तां उ अर्वा च आहुः ।"

जयपुर से देश जाने के थोड़े दिन बाद ही पण्डित जी का विवाह 17 वर्ष की अवस्था में ही चंचलनाथ जी ओझा की सुपुत्री के साथ हो गया था । पण्डित जी के विवाह से सम्बद्ध एक रोचक प्रसंग कहा जाता है । एक दिन चंचलनाथ जी अपने भावी जामाता को अपनी ही बग्घी में बैठा कर अपने घर ले गये । मार्ग में चंचलनाथ जी ने विनोदवश पण्डित जी से कहा,—**"गणयति कष्टमहो न साभिलाषः"** इस समस्या की पूर्ति कीजिए । फिर और बातें होने लगीं । जब बग्घी घर पर पहुँची और चंचलनाथजी उतरने लगे तो पण्डित जी ने कहा, "मान्यवर, पहले समस्यापूर्ति को सुन लीजिए ।" और उन्होंने सद्यः रचित यह पद्य सुनाया—

रथ-गज-वाजिविहारिकोमलाङ्गः
शिशुरपि राजकुमाररामचन्द्रः ।
समुनि पदातिवदेति हा विदेहान् ।
गणयति कष्टमहो न साभिलाषः ।।

इस अवसरोचित समस्यापूर्ति को सुनकर पण्डित चंचलनाथ जी बहुत प्रसन्न और परम सन्तुष्ट हुए । चंचलनाथ जी अलवर में राजगुरु थे । विवाह के अनन्तर श्वसुर और जामाता में सरल पत्रव्यवहार होता रहता था । इसी प्रसंग के श्वसुर-संस्तुति में पण्डित जी प्रणीत तीन सुन्दर पद्य ये हैं—

गाम्भीर्यं न महीभृताऽपि विदितं रत्नाकरस्तं स्फुटं,
मर्यादा प्रलयेऽपि न प्रतिहता यस्याश्रिता बाडवाः ।
जामाता मधुसूदनः स्तुतिपरो बन्धो न यस्य क्वचित्,
सोऽयं कोऽपि समुद्रतोऽधिकगुणः कैः कैर्गुणैर्गीयताम् ।।

श्रीदत्य चन्द्रचतुराननयोश्च लक्ष्मी-
नाथस्य केवलमसौ न जहार नालम् ।
लोकोत्तराः परमसम्पद एव किन्तु
नामाक्षराणि विबुधः प्रथमानि तेषाम् ।।

एकस्यां चिति यत्र च त्रिगुणतस्त्रेधा प्रपञ्चत्रयं
बद्धं नामजडात्मसामथ तदध्यारोपनानाविधाम् ।

बाधेन त्रिविधेन संगरहितामक्षोभिणीं निर्णयन्
हित्वा वासनिकात्रयं विरहितस्तापत्रयादत्र यः ।[1]

काशी में अध्ययन समाप्त करके पण्डित जी बूंदी, कोटा, झालावाड़, नीमच, रतलाम आदि स्थानों की यात्रा करते हुए जयपुर आए। बीच-बीच में भी वे अपनी जागीर से सम्बन्धित विषय में यहां आते रहते थे। काशी में अध्ययन करते समय और यात्रा-प्रसंगों में पण्डित जी के वैदुष्य की ख्याति प्रसारित हो गई थी। विशेषतः बूंदी के प्रधानामात्य पण्डित गंगासहाय जी ने उनकी विशेष योग्यता से प्रभावित होकर उनका राज-सम्मान किया तब से तो उनका नाम सर्वत्र बड़े आदर से लिया जाने लगा। रतलाम में प्रवास के समय पण्डित जी ने जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारकापीठाधीश्वर श्रीमाधवतीर्थ जी की 'पर्यटन मीमांसा' नामक ग्रन्थ लिखने में बहुत सहायता की थी। इस कारण भी पण्डित-समाज में उनका मान बहुत बढ़ गया था।

संवत् १९४६ में बंगाली बाबू हरिदास जी शास्त्री जयपुर में शिक्षा-विभाग के अध्यक्ष थे। वे पण्डित मधुसूदन जी के विषय में बहुत कुछ सुन चुके थे। उस समय जब पण्डित जी जयपुर आए तो हरिदास जी ने स्व. राजीवलोचन जी के उत्तराधिकारी और सम्मानित विद्वान् जान कर महाराजा कॉलेज में संस्कृत के प्रधानाध्यापक का पद ग्रहण करने का उनसे अनुरोध किया। तदनुसार वे यहाँ अध्यापन करने लगे। उन्हीं दिनों हरिदास जी के पास सिंहली लिपि में लिखित कुमारदासकृत 'जानकीहरण' की एक प्रति थी। उसका सम्पादन-कार्य उन्होंने बड़े परिश्रम से पूरा किया, कुछ अस्वस्थ भी हो गये। पण्डित मधुसूदन जी का यही सम्पादन कार्य सन् १८९३ ई. में प्रकाश में आया जिसको बाबू हरिदास जी के निधन के उपरान्त श्री कालीपद बनर्जी ने कलकत्ता में छपवाया था।

जयपुर के स्वर्गीय महाराजा सवाई रामसिंह (द्वि.) ने धार्मिक विषयों पर व्यवस्था देने हेतु 'मोदमन्दिर पण्डित सभा' का संगठन किया था जिसमें पहले-पहल पं. छोटेलाल जी नामावल की अध्यक्षता में संवत् १९२१ में पं. रामभज जी, पं. शिवराम जी (चन्द्रधर जी गुलेरी के पिता), ओझा जीवनाथ जी, ओझा भायीनाथ जी, पं. लक्ष्मीनाथ जी द्रविड, पं. कृष्ण शास्त्री जी द्रविड, पं. प्रेमसुख जी और भट्ट नन्दकुमार जी सदस्य नियुक्त हुए थे। आरम्भ में पंडित राजीवलोचन जी भी पं. छोटेलाल जी के साथ इसी सभा में कार्यरत थे। बाद में महाराजा सवाई माधवसिंह (द्वि.) के समय में जब इस सभा का पुनर्गठन हुआ तो श्रीकृष्ण शास्त्री जी द्रविड ने, जो राजीवलोचन जी के साथ 'धर्मचन्द्रोदय' का काम कर चुके थे, पण्डित मधुसूदन जी के नाम का प्रस्ताव किया था। (पोथीखाना अभिलेख पत्रावली सं.

---

1 वेदाङ्क, पृ. २२२

१५; १६१० ई.)। तब से वे इस सभा के सदस्य बने, आगे चलकर अध्यक्ष नियुक्त हुए और आजीवन उस पद पर रहे।

धर्मसभा में कार्य करने के साथ ही पण्डित जी महाराजा कालेज में बी. ए. और एम. ए. श्रेणी के विद्यार्थियों को संस्कृत पढ़ाते रहे। तदनन्तर उनकी नियुक्ति संस्कृत पाठ-शाला में वेदान्त के प्रधानाध्यापक पद पर हुई और वे वहाँ कार्य करते रहे। उन्हीं दिनों बाबू हरिदास शास्त्री के प्रयत्नों और राजकीय मंत्रिसभा (मेम्बर्स ऑफ दि कौंसिल ऑफ स्टेट) के सदस्यों को कहने-सुनने पर पण्डित राजीवलोचन जी की मृत्यु पर जो ग्रामादिक पुनरधिगृहीत (खालसा) हो गये थे वे भी पुनरस्वीकृत (बहाल) हो गये। जयपुर के तत्कालीन महाराजा सवाई माधवसिंह जी (द्वि.) ने वृन्दावन धाम में एक विशाल मन्दिर का निर्माण कराया। इस मन्दिर के प्रतिष्ठा मुहूर्त्त को लेकर जयपुर के ज्योतिर्विदों में विवाद हो गया। राज्य के प्रधान ज्योतिषी पण्डित केवलराम जी श्रीमाली ने शोध कर जो मुहूर्त्त निकाला वह महाराज संस्कृत पाटशाला के प्रधान ज्योतिषाध्यापक भैयाजी मैथिल को स्वीकार्य नहीं हुआ। उन्होंने इसको दूषित बताया। विवाद मोदमन्दिर सभा में विचार और निर्णय के लिए प्रस्तुत हुआ। वहाँ भी पण्डितों में दो दल हो गये। एक केवलराम जी द्वारा शोधित मुहूर्त के समर्थन में, दूसरा विरोध में। पण्डित मधुसूदन जी ओझा ने गम्भीर अध्ययन करके प्राचीन-प्राचीनतम ग्रन्थों से प्रमाण देते हुए केवलराम जी के निकाले हुए मुहूर्त में 44 दोष बताये। इनका खण्डन बड़े-बड़े पुराने पण्डित भी नहीं कर सके। इससे पण्डित जी के अपराजित पाण्डित्य की धाक जम गई। इस विवाद के विषय में विवरण सुनकर महाराजा के मन में पण्डित जी के प्रति श्रद्धा और सम्मान के भाव उत्पन्न हुए।

उन्हीं दिनों एक और भी ऐसा प्रसंग आया जिससे महाराजा के उपर्युक्त भाव में वृद्धि हुई। तत्कालीन प्रधान अमात्य बाबू कान्तिचन्द्र मुखर्जी ने अपने नवनिर्मित विशाल भवन पर एक स्वाध्याय यज्ञ का आयोजन किया। उसमें पण्डित ओझा जी ने वाल्मीकि-रामायण का प्रवचन करते हुए ऐसे नये-नये अर्थों का उद्घाटन किया कि उनको सुन कर बड़े-बड़े मार्मिक विद्वान्, बहुश्रुत राजकर्मचारी, गुणग्राही सभ्यगण बहुत ही प्रसन्न और चमत्कृत हुए। महाराजा भी वहाँ कथा श्रवण करने जाते थे। पण्डित जी की प्रखर प्रतिभा से वे प्रभावित हुए बिना न रहे और उन्होंने उनको पाठशाला की प्राध्यापकी से निर्मुक्त कर अपने निकट बुला कर निर्जी वर्ग (पर्सनल स्टाफ) में सम्मिलित कर लिया। पण्डित जी नित्य ही उनके पास शास्त्रचर्चा करते जिससे महाराजा का शास्त्रज्ञान बहुत बढ़ गया। स्वयम्प्रज्ञ तो वे थे ही। अब वे वार्तालाप में बड़े-बड़े प्रज्ञाशीलों को भी चकित करने लगे।

स्पष्ट है कि अध्यापन छोड़ने के बाद पण्डित जी को आर्थिक हानि हुई यद्यपि उनके ग्रामादि बहाल हो चुके थे। अब महाराजा द्वारा उनको अपने पास बुला लेने के कारण जो क्षति हुई उसकी पूर्ति के लिए विचार होने लगा। महाराजा सवाई रामसिंह जी के समय में

उनके निकटस्थ पं. बलदेवजी व्यास पोथीखाना की सम्हाल पर नियुक्त थे। उनकी मृत्यु हो जाने पर रावल विजयसिंह जी ने गिरधर चेला द्वारा महाराजा की यह आज्ञा पहुँचाई कि पोथीखाना का काम पुरन्दर रामजी तिवारी को सम्हला दिया जावे। (पत्रावली सं. २३०) तदनुसार उन्होंने जेठ बुदि ३ संवत् १९३७ के दिन पोथीखाना का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पुरन्दर रामजी महाराजा (रामसिंह जी) की रीवां वाली रानी बाघेली जी के साथ जयपुर आए थे। रीवां के महाराजा विश्वनाथसिंह देव और रघुराजसिंह देव दोनों ही पिता-पुत्र कवि और विद्याप्रेमी थे। पुरन्दर रामजी इन्हीं के दरबार के सदस्य, विद्वान् और सत्कवि थे। जयपुर में भी उनको बड़ी जागीर देकर ससम्मान रखा गया था। उनके अधीन पोथीखाना का दैनन्दिन काम निपटाने को पण्डित रामकिशोर जी पल्लीवाल को दारोगा (कार्यकारी) नियुक्त किया गया। पुरन्दररामजी का संवत् १९४४ के मार्गशीर्ष मास में देहान्त हो जाने पर भी रामकिशोर जी ७-३-१८९५ तक कार्य करते रहे। उनको वेतन बेड़ा खवास चेलान से मिलता था। उनके हटने पर पोथीखाना के अधिकारी का पद रिक्त हो गया तब महाराजा (स. माधवसिंह जी) के सकेत पर पण्डित मधुसूदन जी ओझा ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जिस पर नियुक्ति का आदेश कारखाने जात से इस प्रकार प्रसारित हुआ—

"कैफियत नं. २२०४ तारीख २२-४-१८९६, ओहदेदारान पोथीखाना कैफियत महकमा आलिया कौनसल मवरखा ९-४-१८९६ लंबर ७३०९ ब हवाले अरजी ओझा मदसूदन बदीं खुलासा के शुभचिंतक मुआफिक हुकुम के मौजमन्दिर के काम करता है और कभी पुस्तक देखने की जरूरत पड़ती है तो उसमें बड़ी दिक्कत पड़ती है। अगर पोथीखाने के लिए हुक्म हो जावे तो उसकी भी सभाल और पूरी हिफ़ाजत करता रहूँ लिहाज़ा बाद मालूम श्री जी मसूदरा तारीख ९-४-१८९६ ब ईमाय के पोथीखाना सिपुरद किया जावे तनख्वाह वगैरह के बाबत पीछे हुक्म दिया जावेगा, बरूद होने पर तुमकूं इत्तलाअन तहरीर हुआ।" (बस्ता नं. १४।१ पत्रावली सं. १६०)

द्रष्टव्य है कि पण्डित जी ने अपने आवेदन में अर्थकल्यवर्त की अपेक्षा कार्य-सुविधा को ही प्राथमिकता दी है। उनके वेतन तथा अन्य उपलब्धियों का व्यौरा इस प्रकार प्राप्त है :—

बस्ता सं. १८।३; पत्रावली सं. ९६ के आधार पर सन् १९२९ ई. तक—

संवत् १९५२ में मंजूरी दि. ३-८-१८९६ के अनुसार ३०/- माहवार
संवत् १९५३ में मंजूरी दि. ३-२-१८९७ के अनुसार ६०/- ,,
संवत् १९५४ में मंजूरी दि. २९-४-१८९८ के अनुसार सवारी के १२/- माहवार
संवत् १९७८ में मंजूरी दि. २५-८-१९२१ के अनुसार सवारी के १८/- ,,
संवत् १९८६ में मंजूरी दि. १६-९-१९२९ के अनुसार तनख्वाह १००/- माहवार

उपर्युक्त विवरण से विदित होगा कि सन् १८९७ से १९२९ तक पण्डित जी के वेतन में कोई वृद्धि नहीं हुई, न उन्होंने इसके लिए कभी मुँह खोला । अन्त में १९२९ में जब पहले की अपेक्षा महँगाई बहुत बढ़ गई तब उन्होंने लिखा—"गिरानी बहुत हो गई है और हर चीज़ की कीमत ज़्यादा हो चुकी है ।" तब उनका वेतन ६०/- से बढ़ाकर केवल १००/- कर दिया गया जबकि अन्य कारखानों के दरोगाओं को १२०/- मासिक मिलते थे और उनके ओहदे (पद) मुन्तज़िम (प्रबन्धक) के कर दिये गये थे । पद तो पण्डित जी का भी पहले ही "मुन्तज़िम" हो गया था । (बस्ता ४४/१, पत्रावली-१२७)

वेतन पत्रों में पण्डित जी की अन्य उपलब्धियाँ इस प्रकार उल्लिखित हैं—"मौजा लक्ष्मीपुरा परगना लालसोट में दर २/- रोजीना तींका सालाना ७२०/- रु. और मौजा साँचोली में दर ४ रु. रोजीना तहसील मलारना निजामत सवाई माधोपुर में तींका सालाना १५००/- मुकरडा २२२०/- बसीगे उदक व कारखाना पुण्य से वरणी बादल महल की सम्हाल का ८४।रु. मु. २३०४/- सालाना" प्रथम उल्लिखित ७२०/- रु. वार्षिक मोदमन्दिर की अध्यक्षता के निमित्त थे । १५००/- वार्षिक की जागीर उदक में थी (माफ़ी जिसके लिए कोई सेवा नहीं ली जाती थी ।) महाराजा माधवसिंह जी (द्वि.) के समय में कारखाना पुण्य के तत्वावधान में अनेक भट्ट और मिश्र वरणी (स्तोत्रादि के नित्य पाठ) बादल महल में बैठकर करते थे । इनमें से अनेक वंश परम्परागत रूप से भी नियुक्त थे । इन सभी की परीक्षा पण्डित जी लेते थे और पाठ के समय नित्य सम्हाल भी करते थे जिसके लिए उनको ७/- मासिक के हिसाब से ८४/- सालाना मिलते थे ।

पोथीखाना में कार्यारम्भ के पश्चात् पण्डित जी का महाराजा के साथ नित्य सम्पर्क और भी बढ़ गया । वे उनके पास बैठकर प्रायः नित्य ही पुराण, धर्मशास्त्र और इतिहास विषयों की चर्चा करते थे । सुविधा के लिए यथावसर पोथीखाना के कुछ हस्तलिखित और मुद्रित ग्रन्थ भी महाराजा के निवास-कक्ष (चन्द्र महल) के निकट ही नवनिर्मित जमनोत्तरी महल में ले जाकर रख लिये गये थे, जहाँ एक लघु पुस्तकालय ही बन गया था । महाराजा में इस नित्य सम्पर्क के कारण ऐसी रुचि उत्पन्न हुई कि पण्डित जी से कुछ समय बातें करना उनकी दैनिक चर्या का एक अंग बन गया । कभी किसी कारण पण्डित जी न पहुंच पाते अथवा विलम्ब हो जाता तो 'ढलैत' (सन्देश वाहक) भेजकर उनका पता लगाया जाता । पास के और दूर के प्रवासों में भी पण्डित जी उनके साथ रहते थे । दुर्गापुरा (जयपुर से दक्षिण में तीन कोस पर, जहाँ महाराजा प्रायः छुट्टी मनाने जाते थे), हरिद्वार (प्रतिवर्ष यात्रा) अथवा लन्दन तक के 'सफरों' (यात्राओं) में पण्डित जी अनिवार्य रूप से उनके साथ रहते थे । आखेट-अभियानों में भी उनकी उपस्थिति अंकित मिलती है । अच्छे अश्वारोही (घुड़सवार) तो वे थे ही ।

अन्याय शास्त्रों के अतिरिक्त पण्डित मधुसूदन जी नीतिशास्त्र में भी निपुण थे । महाराजा नीति विषयक प्रसंगों पर भी उनसे परामर्श लेते थे और उनकी बात को बहुत

महत्व देते थे। इससे राज्य के बड़े सरदारों, सामन्तों और अधिकारी वर्ग में उनका मान बहुत बढ़ गया था। सभी उनको सम्मानपूर्वक पूज्य भाव से नमन करते थे। वे महाराजा के निजी मण्डल के नवरत्नों में गिने जाते थे। सवाई माधवसिंहजी (द्वि.) के 'नवरत्न' और 'चौदहरत्न' शीर्षक चित्रों में पण्डित जी प्रमुख रूप से चित्रित हैं। राजसभा (दरबार) में उनको 'बैठक' (बैठने का सम्मान) मिली हुई थी।

पोथीखाना में पण्डित जी के समय में यह कार्य हुआ कि पहले पुस्तकों के 'बीजक' (सूचियाँ) छोटी-छोटी परचियों पर लिखकर बस्तों पर ही बाँध दिये जाते थे। पण्डित जी ने उन बस्तों को सीगेवार (विषयवार) छाँट कर सूचियाँ सुलेखकों से लिखवाकर उनकी जिल्दें बँधवा लीं जिससे वे सुरक्षित हो गईं। कुछ विशिष्ट पोथियाँ और चित्र प्रदर्शन मंजूषाओं (श्यो केसों) में सजा दिये गये जो राज के विशिष्ट मेहमानों को दिखाये जाते थे। इन मेहमानों के लिए महकमा ख़ास से ड्योढ़ी पर हुकुम आता था जो किसी ढलैत या चोबदार द्वारा मौखिक रूप से पोथीखाना में पहुँचा दिया जाता था। इन हुक्मों को रजिस्टरों में अङ्कित कर लिया जाता, कोई लेखक, पण्डित या अहलकार उन मेहमानों को घुमाकर प्रदर्शित वस्तुएँ दिखा देता। हाकिम (पण्डित जी) के पास रिपोर्ट कर दी जाती जिस पर 'दाख़िल दफ्तर' का हुक्म हो जाता। बस, यही दैनिक कार्यक्रम रहता था। 'खास मुहर' में से निकले हुए विशिष्ट अथवा जीर्ण ग्रन्थों की सुलेखक धीरे धीरे प्रतिलिपियां करते रहते, प्रतियां तैयार होने पर पोथीखाने में तैनात (नियोजित) पण्डित उनका शोधन करते; कभी-कभी संस्कृत पाठशाला से भी पण्डित बुला लिए जाते थे। महाराजा या पण्डित जी की फरमाइश के अनुसार चित्र बनते रहते थे। दैनिक हाज़िरी, रुखसत-छुट्टी, ड्यौढ़ी की तामील और सामान की खरीद आदि के कागजों में मुशरफ़-तहवीलदार की रिपोर्टों पर हस्ताक्षर करके हाकिम (पण्डित जी) अपने घर या महाराजा के पास चले जाते थे। पोथीखाना में ही अनेक वंश-परम्परागत कवीश्वरों का बेड़ा (वर्ग) भी तैनात था। ये लोग यहाँ आकर हाज़िरी कराते और चले जाते। यदा कदा पण्डित जी इनको समस्यायें देकर उनकी पूर्ति कराते जो रजिस्टरों में उतार ली जाती थीं। इन कवीश्वरों की फोती-पैदाइश (जन्म-मृत्यु), बहाली-बरतरफ़ी (नियुक्ति-निवृत्ति) और रुख़सत-छुट्टी के कागजों पर भी पण्डित जी के आदेश अंकित होते थे। तात्पर्य यह है कि पोथीखाना उस समय एक कारखाना या महक्मा अधिक और शैक्षिक स्थान कम था।

पण्डित जी वरिष्ठ राजपण्डित थे। राज (कारखाना पुण्य) में और राजगृह (जनानी-मर्दानी ड्योढ़ी) में कोई भी धार्मिक कार्य उनकी सहमति के बिना नहीं होता था। सन् १९०२ ई. में इंगलैंड के सम्राट् एडवर्ड सप्तम के राज्याभिषेकोत्सव में महाराजा सवाई माधवसिंह को आमंत्रित किया गया। अब प्रश्न यह उपस्थित हुआ कि प्राक्तन मान्यतानुसार निषिद्ध समुद्र-यात्रा की जाय या न की जाय। पण्डित मण्डली से परामर्श किया गया। प्रधान राज-पण्डित मधुसूदन जी के निर्णयानुसार यह स्वीकार किया गया कि महाराजा अपने इष्टदेव श्री गोपाल जी की प्रतिमा को आगे करके यात्रा कर सकते हैं। तदनुसार

टामस कुक कम्पनी द्वारा नवनिर्मित एस. एस. ओलिम्पिया नामक जल-जहाज को किराये पर लिया गया और उसी के एक कक्ष में श्री गोपाल जी को विराजमान करके जयपुर नरेश ने समुद्र यात्रा सम्पन्न की। पण्डित जी को भी साथ लिया गया। उनके लिए विशेष रूप से एक रसोइया भी साथ गया। और भी शताधिक लोग साथ थे। पोथीखाना की पत्रावलियों में इस यात्रा सम्बन्धी संख्या २५ में इतना ही उल्लेख प्राप्त है—"जो कि हम सफर विलायत के श्री जी के संग में जाते हैं और आइन्द: काम का बन्दोबस्त जरूरी है, लिहाजा हुक्म है कि जब तक हम वापिस सफ़र से न आवें तब तक काम सरिश्त: का हमारी एवज तहवीलदार पोथीखाना का शङ्करलाल करता रहे, मुशरफ़ को इससे मुत्तला किया जावे-तारीख़ ८ मई १९०२ ई. मिती वैशाष सुदी व संवत् १९५२"—

महाराजा को भारत सरकार की ओर से एक खरीता (बन्द पत्र) मिला जिसमें उनको राज्यारोहण समारोह में सम्मिलित होने को लन्दन में निमन्त्रित किया गया था। उन्होंने १० अक्तूबर को दरबार करके वह निमन्त्रण स्वीकार किया। इस दरबार में अंग्रेज रेजीडेन्ट मिस्टर कॉब भी सम्मिलित हुआ था। अपने निश्चयानुसार महाराजा १२५ आदमियों के साथ १२ मई, १९०२ को बम्बई पहुंच कर समुद्रपूजन किया और उसी दिन उक्त जहाज में बैठकर लन्दन के लिए प्रस्थान किया। पत्रावली सख्या २६ से विदित होता है कि समुद्र पूजन के लिए ७३-।। तेहत्तर रुपये डेढ़ आना का सामान जमनालाल पतरवाले की दुकान से खरीद कर साथ लिया गया था जिसकी अतिरिक्त स्वीकृति महकमा कारखाने जात से प्राप्त की गई। यह राजसंघ लन्दन से लौटकर १४ सितम्बर, १९०२ को जयपुर पहुंचा और महाराजा ने ६-१०-१९०२ को दरबार किया। पण्डित जी ने इस लन्दन यात्रा के विषय में कोई वृत्तान्त पोथीखाना की पत्रावली में नहीं लिखाया। १२ अक्तूबर, १९०२ को केवल यह रोजकार (प्रत्यक्ष लिखाया गया कार्यालय आदेश) जारी किया—"जो के हम तारीख १४ सितम्बर, १९०२ ई. को मुकाम जैपुर आ गये, लिहाजा हुक्म है कि जिस तरह पर काम सरिश्ते का तहवीलदार को चार्ज दे गये थे उसी तरह बर सीरत हमको मिला, किसी तरह की शिकायत नहीं है इसलिए कागजात दाखिल दफ्तर किये जावें।"

लन्दन में ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयों के संस्कृत विद्वानों से मिलने तथा वहां पर वेद-धर्म पर उनके व्याख्यान तथा तद्विषयक लन्दन के समाचार-पत्रों में प्रकाशित प्रशंसाएँ—'संस्कृतरत्नाकर' के वेदाङ्क तथा 'श्रीमधुसूदन ओझा चरितामृत' आदि में प्रकाशित हुए हैं। बहुत ढूंढने पर भी पण्डित जी के भाषण का मूल पाठ अथवा अनुवाद तो हमको नहीं मिला परन्तु २६ जुलाई १९०२ के वैस्टमिनिस्टर गजट तथा २३ जुलाई के 'दी सन' पत्रों में जो इस विषय में टिप्पणियां प्रकाशित हुईं उनका सारांश इस प्रकार है—

"राज्याभिषेक के अवसर पर जो विशिष्ट व्यक्ति पधारे हैं उनमें एक अद्भुत हिन्दू

विद्वान् की उपस्थिति स्मरणीय रहेगी। यह भारत को उज्ज्वल करने वाला देदीप्यमान प्रकाश, मनुष्य रूप में वैदिक विज्ञान और दर्शनों की निधि श्री मधुसूदन ओझा हैं जो संस्कृत के अद्वितीय विद्वान् हैं। कैम्ब्रिज में अब तक जो पूर्व-देशीय विद्वान् आये उन सब में उक्त पण्डित जी का धाराप्रवाह संस्कृतसम्भाषण प्राच्यविद्याविदों के लिए सर्वाधिक रुचिकर रहा।—वैस्टमिनिस्टर गजट; २६-७-१६०२।

"पण्डित मधुसूदन ओझा ऑक्सफोर्ड के प्रोफेसर मैक्डोनल्ड से मिले जो उनका परिचय पाकर बहुत प्रसन्न हुए। गत शनिवार को कैम्ब्रिज के प्रोफेसर सी. बैंडल ने पण्डित जी को निमन्त्रित करके अपनी पत्नी सहित उनका सप्रेम स्वागत किया। पण्डित जी का धाराप्रवाह संस्कृत-भाषण प्राच्यविद्याविभाग के विद्वानों के लिए अत्यन्त मनोरंजक रहा। ऐसा भारतवर्ष में भी बहुत कम (सुनने को) मिलता है। यहाँ के विद्वान् इनसे बहुत प्रभावित हुए।—दी सन; २३ जुलाई, १६०२

इसी क्रम में एक रोचक प्रसंग यह भी उद्धृत किया जाता है कि लन्दन स्थित इण्डिया आफिस लाइब्रेरी के अध्यक्ष मिस्टर टोनी भी टॉमस साहब के साथ पण्डित जी से मिलने आए। विद्वद्वर टॉमस विनोदी स्वभाव के थे। उन्होंने पण्डित जी से कहा—

शृणोमि लक्ष्म्या मधुसूदनं युतं, पश्यामि तु त्वामिह चैकमागतम्।
मन्ये भवन्तं विबुधं विवेकिनं, कुतस्त्वनैषीन्न सह श्रियं भवान्॥

सुनता हूँ कि लक्ष्मी सदा मधुसूदन के साथ ही रहती है परन्तु मैं आप (मधुसूदन) को यहाँ अकेला ही आया हुआ देख रहा हूँ। आप तो विद्वान् और विवेकी हैं, लक्ष्मी को साथ क्यों नहीं लाए?"

प्रत्युत्पन्नमति आशुकवि पण्डित जी ने तत्काल उत्तर दिया—

मधुसूदनस्य दृष्ट्वा सरस्वतीलालने विशेषरुचिम्।
रोषादिवापसृतां लक्ष्मीमनुनेतुमत्र सोऽभ्यायात्॥

"सरस्वती के लालन (लाड़ चाव) में मधुसूदन की विशेष रुचि देखकर वह रूठी सी होकर यहाँ चली आई है, उसी को मनाकर ले जाने को तो वह (मधुसूदन) यहाँ आया है।" दोनों विश्वविद्यालयों और अमूल्य भारतीय ग्रन्थ-सम्पदा से निर्मित इण्डिया आफिस लाइब्रेरी में पण्डित जी के व्याख्यानों को सुनकर वहाँ के विद्वानों ने प्रसन्नता के साथ विस्मय प्रकट करते हुए कहा कि हम आज वेद के सम्बन्ध में नई सूचना प्राप्त कर रहे हैं। ऐसा वेदार्थ रहस्योद्घाटन आज तक किसी भारतीय अथवा इतरदेशीय विद्वान् ने नहीं किया इत्यादि।

स्वाभाविक था कि पण्डित जी के भाषण और पद्य-रचनाएँ सभी संस्कृत में हुईं। यदि वे अंग्रेजी में बोल एवं विश्वभ्रमण कर सके होते तो हम समझते हैं कि भारतीय संस्कृति और वेद-धर्म के प्रचार क्षेत्र में उनका गौरव और विश्रुति स्वामी विवेकानन्द के समान ही होती।

सफ़र लन्दन (लन्दन यात्रा) के प्रसंग में एक उल्लेखनीय बात यह हुई कि पण्डित जी ने वहाँ ही महाराजा से स्वीकृति प्राप्त करके पोथीखाना के लिए उपयोगी पुस्तकें Kegan Paul Trench—Tour and Company, London से खरीद लीं और वापस जयपुर आकर संग्रह में जमा करा दीं। उन पुस्तकों की सूची इस प्रकार उल्लिखित है—(१) कौषीतकि ब्राह्मण, (२) वैतानसूत्र, (३) यास्क निरुक्त, (४) कैशिकसूत्र, (५) मानवधर्मशास्त्र, (६) वज्रछेदिका प्रज्ञापारमिता, (७) सुखावती व्यूहः, (८) शिलाक्षर पाली सर्वानुक्रमणी, (९) बृहद्देवता, (१०) शाकटायन श्रौतसूत्र, (११) लाट्यायन श्रौतसूत्र, (१२) बृहन्नारदीयपुराण, (१३) ताण्ड्यमहाब्राह्मण, (१४) मानवश्रौतसूत्र, (१५) मानवगृह्यसूत्र, (१६) अथर्ववेद संहिता, (१७) मंत्रसंहिता, (५८) शाकटायन व्याकरण, (५९) श्रौतपदार्थ-निर्वचन और (२०) कोरोनेशन चित्रावली।

पण्डित जी आत्मनिष्ठ थे, सदा तप:स्वाध्याय में ही निरत रहते थे। प्रचार-प्रसार और अनावश्यक वाग्विलास में उनकी रुचि नहीं थी। वैसे, महाराजा भी उनको अपने से दूर रहने का कम ही अवकाश देते थे। इस कारण उनको देश-भ्रमण का अवसर बहुत कम मिलता था। फिर भी, उनके असाधारण पाण्डित्य, वैदिक रहस्योद्घाटन की अद्भुत शैली और प्रवचन-प्रवीणता से सम्पर्क में आने वाले विद्वानों को सविस्मय आनन्द प्राप्त होता था। इसी माध्यम से पण्डित जी के वैदुष्य की ख्याति देश में फैली और प्रमुख विद्वत् समारोहों में उनको आमंत्रित किया जाने लगा। सन् १९०५ में प्रयाग के कुम्भ और १९०६ में काशी में कांग्रेस अधिवेशन पर भारतधर्ममहामण्डल के महाधिवेशन हुए तब सभी भारतीय नरेशों को निमंत्रण भेजा गया था। जयपुर नरेश ने अपने प्रतिनिधि रूप से पण्डित मधुसूदन जी ओझा को इन अधिवेशनों में भाग लेने की आज्ञा प्रदान की। प्रयाग सम्मेलन में पण्डित जी का विद्वत्तापूर्ण भाषण सुनकर सभापति दरभंगा नरेश सहित विद्वन्मण्डली मुग्ध हो गई। इसी अवसर पर पण्डित जी को 'विद्यावाचस्पति' एवं 'महामहोपदेशक' उपाधियों से विभूषित किया गया था। इसके अनन्तर लाहौर, कलकत्ता, वाराणसी आदि नगरों में भी उनके वैदिक विज्ञान विषयक प्रभावशाली व्याख्यान हुए जहाँ पण्डित जी को ससम्मान अभिनन्दनपत्र समर्पित किये गये।

ऐसे अन्य अवसरों पर जयपुर से बाहर जाते समय पण्डित जी प्राय: पोथीखाना के सरिश्ते का काम तहवीलदार शंकरलाल को सौंप कर जाते थे। वह ऐसा समय था जब राजा की तरह पदाधिकारी भी वंशपरम्परागत ही होते थे। पण्डित जी इस विषय में आश्वस्त

थे कि उनकी जागीर और पद आदि उनके एकमात्र सुयोग्य पुत्र प्रद्युम्न जी ओझा को ही प्राप्त होंगे, अतः महाराजा के समक्ष उपस्थित करके उनको 'काम सिखाने' की स्वीकृति भी प्राप्त कर ली थी। तदनुसार वे उनको धर्म-सभा और वरणी की सम्हाल तथा पोथीखाना में भी साथ रखने लगे थे। स्वयं बाहर जाते तब तहवीलदार की निगरानी में काम सरिश्ते करते रहने के रोबकार (कार्यालय आदेश) भी जारी करने लगे थे। यथा—"जोके हम माफिक हुक्म श्री जी के रुखसत परदेस जाते हैं—लिहाजा हुक्म है कि—जब तक हम रुखसत पर से वापस आवें तब तक काम कारखाना का प्रद्युम्न पिसर हमारा देता रहे और काम सरिश्ते का तहवीलदार संकरलाल करता रहे जुम्मेवारी हर काम पर अपनी समझे। ता. १८ जनवरी, १९०९ ई. (पत्रावली-२४६ (२) स्वयं छुट्टी चाहने पर प्रद्युम्न जी ऐसे रोबकार लिखाते थे—"जो के हम बजाय वालिद खुद के माफिक हुक्म काम पोथीखाने का अंजाम देते हैं—चुनांचे अब हमको भी रुखसत परदेश जाना जरूरी है, लिहाजा हुक्म है कि तहवीलदार बजाय हमारा काम सरिश्ते का करता रहे। तारीख २२ मई, १९०६ ई. द. पं. मधुसूदन ओझा ब. क. प्रद्युम्न शर्मा।"

इसी तरह सन् १९१६ में बीकानेर जाते समय रोबकार जारी हुआ—"जो के हम बकार सरकार बीकानेर जाते हैं लिहाजा हुक्म है कि ता वापसी काम सरिश्ते का पिसर प्रद्युम्न करते रहें। महकमा कारखाने जात को इत्तिला लिखी जावे। तारीख १२ अक्टूबर, १९१६ ई." ऐसे-ऐसे अनेक आदेश पत्रावलियों में हैं जिनसे तत्कालीन कार्य प्रणाली का परिचय प्राप्त होता है।

पण्डित जी के समय की आवश्यक रूप से उल्लेखनीय घटना यह है कि सवाई जयसिंह के गुरु और धर्मकर्मोपदेशक रत्नाकर जी पौण्डरीक के २३०६ से भी अधिक हस्तलिखित ग्रन्थों के महत्वपूर्ण संग्रह करके पोथीखाना में सुरक्षित रख लिया गया। इस संग्रह में प्रायः सभी शास्त्रीय विषयों के ग्रंथ हैं जिनमें सर्वाधिक संख्या रत्नाकर जी के प्रपौत्र विश्वेश्वर जी पौण्डरीक द्वारा संग्रहीत, लिखायित और रचित ग्रन्थों की है। बहुत से तो अज्ञात अथवा स्वल्पज्ञात हैं। इन ग्रन्थों को यद्यपि सूचनी बनाकर पंजीकृत कर लिया गया है, परन्तु विधिवत् सूचीकरण होकर प्रकाशन नहीं हुआ है।

महाराज संस्कृत पाठशाला में अध्यापकों की नियुक्ति के विषय में भी पण्डित जी से अभिमत लिया जाता था। जब १९२७ ई. में यजुर्वेद के अतिरिक्त तीनों वेदों के अध्यापन की व्यवस्था की गई तो पण्डित जी ने तीन पारम्परिक वेदपाठियों की परीक्षा लेकर उनकी नियुक्ति के लिए संस्तुति की।—ये थे—पं. चिरंजीलाल जी ऋग्वेदी, पं. जयचन्द्र जी ओझा सामवेदी और पं. चुन्नीलाल जी अथर्ववेदी। ये तीनों ही पण्डित कोई परीक्षा-पास प्रमाण-पत्रधारी नहीं थे, गुणों और योग्यता के आधार पर ही इनका चुनाव किया गया था परन्तु ये सब यावज्जीवन अपने-अपने विषय के अधिकारी विद्वान माने जाते थे और अन्यत्र भी इनकी सुप्रसिद्धि फैली रही। इन लोगों के बाद संस्कृत कालेज में वैसी वैदिक-मण्डली देखने को नहीं मिली। (पत्रावली १८ (१) १०७/१९२७)

सन् १६२८ ई. में भी प्रयाग में पण्डितों का महान् संस्कृतसम्मेलन हुआ उसमें पण्डित जी दस दिन की छुट्टी लेकर गये थे । उन्होंने लिखा "जो के इलाहाबाद प्रयाग में बड़े-बड़े पंडितान की सभा है और वहाँ से मुझे बुलाने के लिए चिट्ठी और दो तार आ चुके हैं इसलिए वहाँ जाना जरूरी है लिहाजा महक्मा खास होमडिपार्टमैण्ट को लिखा जावे कि तारीख १९-१-१६२८ से १० रोज की मंजूरी रुखसत आनी चाहिए—ता. १६-१-१९२८ ।। माह बुदी ९ संवत् १९८४ (पत्रा. १८ (२)-६/१६२८) ऐसा लगता है कि जब तक माधवसिंह जी जीवित रहे पंडित जी उनसे ही "बकार सरकार" कहीं जाने अथवा अपने देश जाने की स्वीकृति ले लेते थे और बाद में रोबकार लिखा कर महकमा कारखाने जात को इत्तला लिखा देते थे परन्तु महाराजा की मृत्यु के बाद नियमानुसार खास के होम डिपार्टमैण्ट से रुखसत मांगते थे । स्वर में भी कुछ बदलाव आ गया था, 'हम' के स्थान पर 'मैं' का प्रयोग होने लगा था । यह भी झलकता था कि महक्मा खास वाले और अधीनस्थ विभाग वाले कुछ छेड़छाड़ करने लगे थे । सन् १६२८ में ही कारखाना पुण्य वालों ने बादल महल की वरणी में नियुक्त छः ओझा पण्डितों के वेतन के विषय में कुछ आक्षेप किये । पण्डित जी स्वाभिमानी थे और अपने अधिकारों में किसी प्रकार के अनावश्यक हस्तक्षेप को सहन नहीं कर सकते थे । उन्होंने महक्मा खास को कारखाना पुण्य की उनके कार्य में 'दस्तंदाज़ी' की शिकायत करते हुए लिखा "इस हालत में मैं काम मौजमन्दिर व सदस्य कारखाना पुण्य व सम्हाल वरणी बादल महल का अंजाम अब नहीं दे सकूंगा । तारीख १८ मई, १६२८ मिती जेठ बु. १४ संवत् १९८४" । यह लिखकर उन्होंने उक्त सभी कामों में भाग लेना बन्द कर दिया, पोथीखाना में निरन्तर आते रहे । महक्मा खास और कारखाना पुण्य में बहुत लिखा पढ़ी हुई । अन्त में कारखाना पुण्य के मुन्तजिम मुंशी चांदूलाल जी की यह तहरीर प्राप्त हुई जिसमें महक्मा खास का फैसला दर्ज था—"राज के ऐसे कामो में ऐसे नामी पण्डित जी का शरीक न होना ना मौजूं है लिहाजा इस्तीफा नामंजूर किया जावे और पण्डित जी को बदस्तूर काम करने की हिदायत दी जावे । उनकी इस अरसे की चढ़ी हुई तनख्वाह भी दी जावे । मिती मंगसर बुदी १३ संवत १९८४" इस प्रकार पांच-छः मास चलकर यह विवाद समाप्त हुआ । इस प्रकरण से विदित होगा कि तत्कालीन अधिकारी वर्ग भी पण्डित जी की वरिष्ठता और महत्व के प्रति उदासीन नहीं था ।

ऊपर लिखा जा चुका है कि अध्ययन समाप्ति पर अपने गुरुवर्य पण्डित शिवकुमार जी से आशीर्वादात्मक आदेश प्राप्त करके पण्डित मधुसूदन जी वेदार्थावगाहन का मानस बना चुके थे । तदनुसार वे वैदिकग्रन्थनिर्माण कार्य में सवत् १९४९ वि. से प्रवृत्त हुए जैसा कि उन्होंने अपनी कृति 'मधुसूदन-सरस्वती' में लिखा है—

९ ४ ९ १

"विक्रमाब्दे समारब्धो गौवेदाङ्कमहीमिते ।
वैदिकग्रन्थनिर्माण-क्रमो गुरोर्निदेशतः ।

तब से ही वे वेदाध्ययन में जुट गये। दैनिक काम-काज और राजकाज नियमानुसार निपटाते थे परन्तु उनके मानस में वैदिक रहस्यों की अवगति के लिये चिन्तन और मन्थन चलता ही रहता था। दिन में और रात में देर तक अध्ययन और लेखन में लगे ही रहते थे, खान-पान की भी सुध नहीं रहती थी। इसी क्रम में तपस्यामय जीवन बिताते हुए हुए उन्होंने सभी संहिताओं, ब्राह्मणग्रंथों, समस्त श्रौतसूत्रों, पुराणों, रामायण और महाभारत आदि का मन्थन करके २२८ कृतियों का प्रणयन कर डाला। वे स्वयं ही अपने हाथ से लेखन कार्य करते थे और चित्र बनाते थे। इस कारण उन्होंने अनुभव किया कि वे जितना कुछ सोचते हैं, वह पूर्ण रूप से और शीघ्रता से लिपिबद्ध नहीं हो पाता है। अतः उन्होंने महक्मा खास के होमडिपार्टमैण्ट को लिखा। उनका यह लेख उनकी मूल अध्ययन एवं लेखन योजना का परिचायक है—"जो के आजकल हिन्दू धर्म के हर एक सीगे में अकसर ऐसे सवालात किये जाते हैं कि जिनका ठीक-ठीक जवाब पण्डितों की तरफ से न होता देख कर ग़ैर मजहब वालों का ही नहीं बल्कि वो लोग जो हिन्दू धर्म पर चलते हैं उनका भी हिन्दू धर्म पर से धीरे-धीरे ऐतकाद उठता जा रहा है। इसीलिए हिन्दू धर्म आजकल (कुछ) ढीला पड़ता जाता है। यह हिन्दुओं के लिए शर्म की बात है। पण्डितों की जानिब से इतमीनान के काबिल जवाब न मिलने का सबब यह है कि हिन्दू धर्म खासकर वेद से तआल्लुक रखता है और वेद के विज्ञान को बिना ठीक-ठीक समझे धर्म की बातों को हल करना दुश्वार है। लेकिन यहां वेद के अर्थ का पढ़ना-पढ़ाना कुछ अरसे से बन्द है। जो वेद का असली अर्थ जानने की पूरी ख्वाहिश भी रखते हैं वो भी पुरानी-पुरानी पुस्तकों को देखकर ठीक मतलब हल नहीं कर सकते। सबब यह है कि वेद की इबारत बहुत ही पुराने ज़माने के ख़यालात से लिखी हुई है। आजकल के ज़माने में यह मज़मून ठीक-ठीक मतलब समझने के लिए काफी नहीं है। इसलिए आजकल के ख़यालात के मुताबिक नये मजमून से वेद के मतलब को अदा करने की निहायत ज़रूरत है। इसी गरज़ से, कुछ अरसा हुआ कि एक नया ग्रन्थ तैयार करने का काम जारी किया गया। इसके अट्ठारह भाग हैं। एक से दूसरे भाग का तआल्लुक आपस में रहने से सभी भागों का काम एक साथ जरूरी करना पड़ा। लेकिन काम बहुत बड़ा होने के कारण इसमें बहुत सी दिक्कतें दरपेश हैं। कितने ही मुखतलिफ़ कामों की वजह से इस काम के अभी तक जल्दी पूरा होने की उम्मीद नहीं है क्योंकि मदद के लिए दो-चार पण्डितों को इस काम के लिए मुलाज़िम रखना मेरे काबू से बाहर है। ऐसी सूरत में बिना इमदाद राज यह काम कभी पूरा नहीं हो सकता—लिहाज़ा महक्मा ख़ास सीग़ा इलाका ग़ैर व होम डिपार्टमैण्ट को लिखा जावे कि अगर पोथीखाना से लेखक दो, मुसव्विर एक और पण्डित दो, दो साल के लिए मेरे घर पर तैनात हो जावें तो यह ग्रन्थ जल्द तैयार हो जावेगा और राज के नाम से ही आयन्दः छपाया जायेगा जिससे जयपुर राज की नामवरी होगी। तारीख १५ फरवरी, सन् १९२७ ई., मिती माह सुदी १४, संवत १९८३ का।" (पत्रावली सं. २२/१८७१)

इस आवेदन के अनुसार होम डिपार्टमैण्ट से स्वीकृति प्राप्त हो गई और पण्डित हेरम्ब शर्मा, श्यामसुन्दर मुसव्विर (चित्रकार) और सूरजनारायण लेखक को २५-२-१९२७

ई. से पण्डित जी के घर पर काम करने को तैनात (प्रतिनियुक्त) कर दिया गया। दो वर्ष बीतने पर पण्डित जी ने फिर लिखा और कभी दो वर्ष, कभी एक वर्ष और कभी छः मास के लिए इस प्रतिनियुक्ति में वृद्धि का क्रम चलता ही रहा। अन्तिम स्वीकृति १-४-३९ को हुई और २७-९-३९ को पण्डित जी का देहान्त हो गया। पण्डित जी और इन कर्मचारियों का किया हुआ सब काम पण्डित जी के घर पर ही रह गया। यह विचारणीय है कि पण्डित जी पोथीखाना से सम्बद्ध थे और यहाँ के वेतनभोगी कर्मचारी उनकी सहायता के लिए तैनात किये गये थे फिर भी उनके लेखन का कोई भी अंश यहाँ जमा नहीं हुआ। कर्मचारी क्या-क्या और कितना-कितना कार्य करते थे इसका लेखा-जोखा भी प्राप्त नहीं है।

सन् १९३७ ई. की एक पत्रावली से विदित होता है कि पोथीखाना के कर्मचारियों की तैनाती के प्रसंग में पण्डित जी से तब किये गये काम का ब्यौरा माँगा गया। तब उन्होंने लिखा—

"वेद का रिसर्च करीब पचीस तीस वर्ष से मुस्तैदी के साथ जारी है। इसमें आठ-दस श्रेणी विभाग हैं। हर एक श्रेणी में जुदे जुदे बहोत से चैपटर हैं जिसमें से करीब पचास से भी ज्यादा चैपटर तय्यार हैं, करीब ७० या ८० और होंगे। इनमें कुछ छप चुके हैं, बाकी बिना छपे ही रखे हैं। इनके मुतअल्लिक तसवीरें भी होंगी जो चार श्रेणी में बँटी हैं—

१. भूगोल—जमीन के मुल्कों के नक्शे, २. खगोल—आसमान के ग्रहों के नक्शे, ३. वेदविज्ञान—हिन्दू साइन्स के नक्शे और ४. यज्ञविज्ञान।

इस रिसर्च में जितनी किताबें तैयार की जावेंगी उनकी एक लिस्ट भी तैयार है जिसको देख सुन कर और पसन्द करके कितने ही लोगों ने किसी किसी मन्थली में छाप कर प्रकाशित भी कर दिया है। इस रिसर्च की बहुत सी किताबों को छपी हुई देख कर हर तरफ के लोगों ने खूब पसन्द किया है।

मैं रियासत के संस्कृत डिपार्टमेण्ट की सर्विस के लिए खास पण्डितों में हूँ। मेरा फर्ज़ है कि अपनी संस्कृत विद्या को लेकर राज की कुछ सर्विस खास तौर पर करूँ जैसे कि अगले जमाने में लोगों ने की है और उसको पुराने महाराजाओं ने पसन्द किया है। इस किस्म की किताबें हर रियासत की लाइब्रेरी में पायी जाती हैं। उम्मीद करता हूँ कि आज भी राज इस काम को पसन्द करके अपनावेंगे।

यद्यपि देखने में आता है कि आजकल बहुत से लोगों के खयालात संस्कृत विद्या की तरफ से पलट गए हैं, वे लोग इसमें कुछ खूबी नहीं समझते। उनसे मेरा सविनय निवेदन है कि जब तक किसी विद्या की जानकारी पूरी तरह न कर ली जाय तब तक उसके खिलाफ़ राय देना नाजायज़ है और उसकी जानकारी का जवाब उस इल्म के जानने

वाले उसी देश के याने हिन्दुस्तानी पण्डित जैसा दे सकते हैं, शायद ही वैसा दूसरा कोई दे सकता है। यह समझ लेना कि हिन्दुस्तानी पण्डित दिमाग रखते ही नहीं, यह बिलकुल गलत बात है। मेरा विश्वास है कि इसी रिसर्च से वेद के विषय में लोगों के खयालात जरूर पलट जावेंगे। ऐसा काम बिदून इमदाद राज के कभी पूरा नहीं हो सकता। इसलिए अगर इस तरफ राज की निगाह नहीं होती तो मैं इस काम को पूरा नहीं कर सकता और यह मेरे लिए बड़े शोक की बात होगी, आगे मरज़ी राज।

जो किताबें मुलाहिजे वास्ते भेजी गई हैं वो चार सीगों में बँटी हुई हैं :—

१. रिसर्च की नई किताबें जो छपी हुई हैं,

२. रिसर्च की किताबें जो अब तक नहीं छपी हैं,

३. रिसर्च के मुताल्लिक नक्शे जो चार सीगों में बंटे हुए हैं, और

४. इस रिसच का ज़िक्र जिन मन्थली पेपरों में छपा है। जो कितावें बन चुकी हैं और ज़ो बनने वाली हैं उनकी लिस्ट भी एक अलग कागज़ में दर्ज़ है।— राजपण्डित मधुसूदन ओझा, विद्यावाचस्पति।"

पत्रावली में इस टिप्पणी के साथ अन्य व्यौरा उपलब्ध नहीं है। ऊपर लिखे 'सीगों' की विगत भी नहीं है। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि उस समय तक कितना कार्य हो चुका था। परन्तु अन्यत्र एतत् सम्बन्धी सूचनाएँ प्रकाशित हुई हैं जो वहीं अवलोकनीय हैं। यह सामग्री लौट कर आने पर पण्डित जी के घर पर ही गई होगी। पोथीखाना में इनके सम्बन्ध में कोई अन्य सूचना अङ्कित नहीं है।[1]

ऐसा लगता है कि महकमा खास द्वारा पूछताछ करने अथवा किसी विदेशी विद्वान् से उनके काम पर सम्मति प्राप्त करने के प्रयत्न से पण्डित जी अप्रसन्न हो गये इसी कारण यह तीखी टिप्पणी लिखाई।

संवत् १९९३ में जयपुर के सामन्तों, सेठ साहूकारों और प्रबुद्ध नागरिकों ने अखिल भारतीयसंस्कृतसम्मेलन के तत्वावधान में पण्डित जी की सप्ततिपूर्ति पर हीरक जयन्ती मनाई। इस अवसर पर बम्बई के शुद्धाद्वैत सम्प्रदायाचार्य गोस्वामी श्रीगोकुलनाथजी ने अध्यक्षता की और देश के बड़े-बड़े विद्वानों ने भाषण दिए। यह महोत्सव जयपुर के रामनिवास बाग स्थित विशाल एलबर्ट हाल में मनाया गया था। इसी अवसर पर अ. भा. संस्कृत सम्मेलन के मासिक मुखपत्र 'संस्कृत रत्नाकर' का 'वेदांक' नाम से विशेषांक भी प्रकाशित हुआ जिसमें जयपुर और बाहर से आए हुए प्रतिष्ठित विद्वानों के गम्भीर लेख मुद्रित हुए। पण्डित जी को अभिनन्दन पत्र भी समर्पित किया गया। खेद है कि इस

---

1 ग्रन्थों की सूची के लिए वेदांक, पृ. २४७ से २५२ द्रष्टव्य है।

उत्सव, अभिनन्दन और पण्डित जी के भाषण विषयक कोई भी सूचना पोथीखाना के अभिलेखों में नहीं पाये गये । 'वेदांक' की एक प्रति अवश्य ही पुस्तक संग्रह में प्राप्त है । इस विशेषांक में पण्डित जी के जीवन-चरित और रचनाओं से सम्बन्धित अनेक महत्वपूर्ण सूचनाएँ सङ्कलित हुई हैं । उस समय तक पण्डित जी की अनेक कृतियां प्रकाशित भी हो चुकी थीं । परन्तु उनका प्रचार-प्रसार संस्कृत विद्वज्जगत् तक ही सीमित था । ईसवी सन् १९३४ में पण्डित जी के ग्रन्थों को सुचारु रूप से सम्पादित कराकर मुद्रित करवाने हेतु आगरा विश्वविद्यालय के तत्कालीन रजिस्ट्रार पण्डित श्यामसुन्दर जी शर्मा के प्रयत्न से सर गोपीनाथ जी पुरोहित की अध्यक्षता में एक समिति गठित हुई । पण्डित गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी जी और ठाकुर नरेन्द्रसिंह जी जोबनेर आदि वरिष्ठ विद्वान्, सामन्त और नागरिक इस समिति के सदस्य हुए । स्वयं पण्डित नवलकिशोर जी ग्रन्थ-सम्पादक के रूप में नामांकित हुए । इस समिति के तत्वावधान में भी अनेक कृतियों का प्रकाशन हुआ और प्रायः स्थानीय श्री बालचन्द्र प्रेस में ही उनका मुद्रण हुआ । परन्तु आश्चर्य है कि जयपुर सरकार द्वारा यह नियम बना देने पर भी कि स्थानीय प्रेसों में छपने वाली प्रत्येक पुस्तक की एक-एक प्रति पोथीखाना में भेंट दी जावे पण्डित जी के ग्रन्थ यहाँ पर जमा नहीं हैं । पोथीखाना उनकी कार्यस्थली रही; यह एक विडम्बना ही मानी जायगी कि पण्डित जी के वैदुष्य के मूर्त साक्ष्य यहाँ न मिलें ।

उक्त पण्डित श्यामसुन्दर जी शर्मा पण्डित जी के भक्त और परमप्रशंसक थे । राजस्थान संघ बन जाने पर वे मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव और पदेन संस्कृत (विकास) मण्डल के सचिव भी नामांकित हुए । सन् १९५० ई. में संस्कृत मण्डल के अन्तर्गत राजस्थान पुरातत्व मन्दिर (अब सरकारी राजस्थान-प्राच्यविद्या-प्रतिष्टान) की संस्थापना हुई । इसके प्रथम बजट में ही शर्मा जी ने पण्डित मधुसूदन ओझा के ग्रन्थों के प्रकाशनार्थ दस हजार रुपये का प्रावधान कराया । तदनुसार पण्डित जी की विशिष्ट कृति "महर्षिकुल-वैभवम्" उनके वरिष्ठ शिष्य पण्डित गिरिधर शर्मा जी महामहोपाध्याय के सम्पादन में हिन्दी व्याख्या सहित पुरातत्व मन्दिर के आद्य प्रकाशनों में अवतरित हुई । अनन्तर, पण्डित जी के सुयोग्य पुत्र पण्डित प्रद्युम्न शर्मा जी के पास उक्त कृति की मूल प्रति भी उपलब्ध हुई, उसका मूल पाठ भी मन्दिर (प्रतिष्ठान) द्वारा प्रकाशित कर दिया गया । इसके बाद पण्डित प्रद्युम्न जी शर्मा ने यह विचार प्रकट किया कि उनकी जागीर के लिये जो अधिग्रहण-राशि मिलेगी उसी से एक न्यास स्थापित करके अपने पिता के ग्रन्थों का प्रकाशन करावेंगे । पण्डित जी के प्रिय शिष्य स्वर्गीय पण्डित मोतीलाल जी ने अपने गुरुवर्य द्वारा वेदार्थावगाहन को प्रकाश में लाने का महत् और स्तुत्य प्रयास किया उसमें उनका स्वयं का अध्ययन और चिन्तन भी सम्मिलित है । इस मणिकाञ्चन योग से वेदानुसन्धायक जगत् बहुत उपकृत हुआ है और पण्डित जी की परम्परा अग्रसर हुई है और, सबसे अधिक उपयोगी और युगानुकूल प्रयास तो अब पण्डित मोतीलाल जी शास्त्री के सुपुत्र श्री कृष्णचन्द्र जी और उन्हीं के सुपौत्र पण्डित प्रद्युम्न शर्मा जी को साथ लेकर राजस्थान पत्रिका के संस्थापक-सम्पादक श्री कर्पूरचन्द जी 'कुलिश' कर रहे हैं । इस त्रिपुटी के सह-

योग में पण्डित जी की कृतियाँ सरल से सरलतर रूप में साधारण-जनगम्य होकर सामने आ रही हैं। कुलिश जी तो विदेशों में भी जाकर वैज्ञानिक उपकरणों के माध्यम से वैदिक विज्ञान का बोध कराते रहते हैं। इस प्रक्रिया से पण्डित जी के उद्देश्य की बहुत कुछ पूर्ति हो रही है तथा वैदिक और भारतीय चिन्तन परम्परा से विश्व के विद्वान् परिचय प्राप्त कर रहे हैं।

पण्डित जी की अधीति का विषय गूढ़, उनका अध्ययन गहन, प्रतिभा प्रखर और अभिव्यक्ति में अभिनवता थी। उनकी भाषा संस्कृत थी वे इसी में सोचते और लिखते थे। वास्तव में वेद के अर्थों की परिभाषाएँ पहली बार ही संस्कृत के अतिरिक्त अन्य भाषा में लिखी भी नहीं जा सकतीं। समय के अन्तराल से तत्कालीन पारिभाषिक शब्द प्रचलन में नहीं रहे और अब उन अर्थों को सरल रूप में व्याख्यायित करना कठिन पड़ता है। संभवतः इसीलिए जब बहुप्रज्ञ पण्डित जी की बात कोई अल्पप्रज्ञ सामान्यजन नहीं समझ पाता था तो वे क्रुद्ध हो जाते थे। फिर भी, ऐसी बात नहीं थी कि वे अपना मन्तव्य सरल चालू भाषा में न समझा सकते हों। उनकी तहरीरों और रोबकारों में इसके उदाहरण देखे जा सकते हैं। भाषणों में भी उनकी भावाभिव्यंजना अवसरानुकूल ही होती थी। यदि कोई उनसे शास्त्रीय अथवा दार्शनिक प्रश्न कर बैठता तो वे उसे अपने प्रमाणपुष्ट प्रवचनों से सन्तुष्ट कर देते थे। उदाहरण-स्वरूप आगे कुछ प्रसंग उद्धृत किये जा रहे हैं—

शक संवत् १८६० (सन् १९३८ ई.) में रायपुर (मध्य-प्रदेश) निवासी शैवाचार्य मधुसूदन दण्डी ने पण्डित जी के पास छः प्रश्न व्याख्या के लिए भेजे जिनका विस्तृत उत्तर उन्होंने अपने शिष्य तथा सहयोगी पण्डित हेरम्ब शर्मा शास्त्री को लिखवा कर दण्डी जी के पास भेजा।

विषय की गम्भीरता तथा पण्डित ओझा जी की वैदुष्यपूर्ण व्याख्या शैली के उदाहरण स्वरूप प्रश्नों तथा उत्तरों को अविकल रूप से उद्धृत किया जा रहा है।

द्रष्टव्य है कि शास्त्रीय तथा दार्शनिक विषयों की व्याख्या पण्डित जी तदनुरूप ही करते थे, परन्तु बीच-बीच में चलती भाषा तथा उर्दू-फारसी के शब्दों का प्रयोग करने में भी कोई संकोच नहीं करते थे। ऐसा लगता है कि उनकी हिन्दी फारसी-मिश्रित कचहरी की प्रचलित उर्दू भाषा से प्रभावित रहती थी।

यदि उनको कोई सुयोग्य श्रुति लेख लिखने वाला उपलब्ध हो जाता तो वे अपनी कृतियों को सरलतम रूप में लिखवा देते।

आज बहोत नजर आते ज्ञानी, तपी योगी गली गली रास्ते में।
मनमाने मत जाहिर करते जो अज्ञान फैलता जगत् में ।।
संदेह कोई मिटाओ विकल्प न उठै मिले पिण्ड तथा ब्रह्म में।
और पोषक भी होता नीचे दिये हुए भक्त सन्तों के कवित्त में ।।

सकल पदारथ हैं जग माहीं, करमहीन नर पावत नाहीं ।।

(१) मूकं करोति वाचालं, पङ्गुं लङ्घयते गिरिम् ।
यत्कृपा तमहं वन्दे, परमानन्दमाधवम् ।। स्तुतिपाठ ।।

(२) नासतो विद्यते भावो, नाभावो विद्यते सतः ।
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्वदर्शिभिः ।। गी.अ. २-१६.

(३) गवां शतसहस्रं च ग्रामाणां च शतं वरम् ।
सर्वाभरणसम्पन्ना मुग्धाः कन्यास्तु षोडश ।। अ.रा.स, १४,
युद्धकाण्ड-श्लोक ६१.

(४) एक राम दशरथ का छोरा, दूजा राम घट-घट विचरा ।
तीजा राम सबसे न्यारा, आप राम किसके सहारा । (संत वचन)

(५) नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।। गी. अ. २-२३.

(६) ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ।। शान्तिपाठ ।।

रायपुर, ज्येष्ठ शुक्ला १५

(ह.) श्री ११०८ शैवाचार्य
मधुसूदनाश्रम दंडी
दिवाण जी का बड़ा तात्यापारा,
पोस्ट-रायपुर (सी. पी.)

वैदिकविज्ञानमहार्णवमहामहोपदेशकसमीक्षाचक्रवर्ती-
विद्यावाचस्पति ओझा जी श्रीमान् पं. मधुसूदनशर्माजी
द्वारा लिखाया गया—

मूकं करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिम् ।
यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्दमाधवम् ।। १ ।।

अयम्भावः । **भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यम्**—इस तरह सप्तव्याहृतिमय सप्तवितस्ति परिमित एक ईश्वर का स्वरूप है । जैसा कि भागवत में लिखा है—

"**क्वाहं तमो महदहं खचरोऽग्निवार्भूः संवेष्टिताण्डघटसप्तवितस्तिकायः ।**" इस ईश्वर के शरीर में स्वयम्भू, परमेष्ठी, सूर्य, चन्द्र, पृथ्वी— ये पांच पुण्डीर हैं । उनमें स्वयम्भू, सूर्य, पृथ्वी ये तीन अग्निमण्डल और परमेष्ठी तथा चन्द्र ये दो सोममण्डल कहलाते हैं ।

१ २ ३
याजुषाग्निः (ब्रह्माग्निः) देवाग्निः (वागग्निः) अन्नादाग्निः (पाशुकाग्नि) स्वरूप इन तीनों अग्नियों में सोम रूप अन्न की आहुति से यह प्राकृत यज्ञ अनवरत होता रहता है जिससे इस संसार का स्वरूप बनता है और बना रहता है। अतएव **'अग्नीषोमात्मकं जगत्'** ऐसा सिद्धांत है। इनमें सोम उस पदार्थ को कहते हैं जो अग्नि में आहूत होने पर अग्नि ही बन जावे, अपनी स्वरूप सत्ता को खो बैठे जैसे आज्य कर्पूरादि। ऐसी स्थिति में **'तन्मध्यपति-**

१ २ ३
तिस्तद्ग्रहणेन गृह्यते' इस न्याय से पांच मण्डल की जगह स्वयम्भू, सूर्य, पृथ्वी—ये तीन
१ २ ३
अग्निमण्डली हैं, प्रधान रह जाते हैं। ये तीनों मण्डल क्रम से ब्रह्मा, विष्णु, महेश के नाम से पुकारे जाते हैं। यह त्रेताग्निमय त्रिसंस्थ विश्वात्मा ईश्वर का स्वरूप है। अतएव इससे उत्पन्न हुआ विश्व भी ज्ञान, कर्म, अर्थ—इस तरह तीन विभागों में बंटा हुआ है, जिनमें सबसे ऊपर का ईश्वर-शिरस्थानीय स्वयम्भूमण्डल वेदवाङ्मय होने से ज्ञानप्रधान ब्रह्मा माना गया है; और अन्त में **'पद्भ्यां पृथ्वीति'** पादस्थानीय पृथ्वीमण्डल अर्थप्रधान भूतपति पशुपति शिव है ज्ञान और अर्थ में स्वतः क्रिया नहीं होने से ये दोनों ही अक्रिय हैं; तीसरा मध्यस्थित **'प्राणः प्रजानामुदयत्येषः सूर्यः'** इससे प्राणस्वरूप क्रिया समर्पक उरस्थानीय सूर्यमण्डल विष्णुमण्डल है। इस मण्डल से ही पूर्वोत्तर मण्डलों में क्रियाशक्ति दी जाती है। जैसा कि श्रुति कहती है—

"यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै।
तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशमुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये॥"

"यज्ञ इन्द्रमवर्द्धयत्। तद्भूमिं व्यवर्तयत्। चक्राण ओपशं दिवि" यही बात ध्यान में रखता हुआ किसी कार्य को उद्यत कर्मठ पुरुष अपने में स्वकार्य सम्पन्न करने की शक्ति प्राप्त करने के लिए सर्वतः प्रथम क्रियाशक्ति समर्पक विष्णुमण्डल को लक्ष्य करके स्तुति करता है—**'मूकं करोति वाचालं'** अर्थात् गूंगे को भी बहुत बोलने वाला कर देना यह आपकी ही कृपा का वैभव है। 'पंगुं लंघयते गिरिम्' अर्थात् चरण रहित को चलने की शक्ति भी आपकी ही कृपा से मिलती है—जिसकी बदौलत वह पंगु पहाड़ का भी उल्लंघन कर सकता है। ऐसे परमानन्दस्वरूपमाधव (भगवान्) को नमस्कार करता हूँ। यहाँ परमानन्द में 'परम' पद का यह रहस्य है कि आनन्द दो प्रकार का होता है—एक शान्तानन्द (आत्मानन्द), दूसरा विषयानन्द जिसको समृद्धानन्द भी कहते हैं। पुत्रवित्तादि के प्राप्त होने पर जो आनन्द होता है वह विषय-सापेक्ष होने से विषयानन्द कहलाता है; परन्तु उसके क्षणिक होने की वजह से योगियों द्वारा यह उपेक्षणीय समझा गया है, इससे अतिरिक्त आत्मानन्द है जिसको नित्यानन्द कहते हैं। जैसा कि 'आनन्दमयोऽभ्यासात्' इस सूत्र में कहा गया है। इसके प्राप्त होने पर तमाम हृदय ग्रन्थियाँ टूट जाती हैं और सम्पूर्ण संशय भी दूर हो जाते हैं। और अन्त में पाप-पुण्यादि समस्त कर्मों से छुटकारा पाकर मनुष्य मोक्ष को प्राप्त हो जाता है। तथाहि—

"भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः ।
क्षीयन्ते चास्य कर्म्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे ।।"

ऐसे नित्यानन्दघन माधव को— **मा लक्ष्मीः तस्याः धवः पतिः लक्ष्मीपतिः नारायण अथवा तस्याः धवः पतिः स्वामीः, अर्थात् पृथ्वी माता** द्यौः पिता यानि जगत्-पिता उस सूर्यरूप विष्णु भगवान् को नमस्कार करता हूँ ।

प्रश्न—२ नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः ।
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्वदर्शिभिः ।।

यन्नास्ति—जो विद्यमान नहीं हैं । अथवा तिरस्थितं न प्रतिभाति, अन्तर्लीन होने से जिसका स्वरूप प्रत्यक्ष नहीं भासता हो उसको असत् कहते हैं; अर्थात् परसत्ता से प्रतिष्ठित होने पर भी स्वरूप से अप्रतिष्ठित प्रतिक्षण विलक्षण नास्ति, अस्ति, नास्तीतित्रिक्षणयुक्त प्राणरूपतत्व को असद् ब्रह्म कहते हैं । जैसा कि शतपथ में लिखा है—

"असद्वा इदमग्र आसीत्—किं तदसत् । ऋषयो वाव तेऽग्रेऽसदासीत् । के ते ऋषयः प्राणा वा ऋषयः ।" शतपथ ब्राह्मण (६।१।१।१)

यदिहास्ति, तो विद्यमान यानी सत्ताश्रय है । अथवा यद्रूपमाविः प्रतिभाति । नामरूपकर्म्म-द्वारा जिसका स्वरूप प्रत्यक्ष भासता हो उस सर्वाकाशव्यापी सर्वदा एक रूप से सर्वत्र स्थित रहने वाले त्रिकालाबाधित प्रतिष्ठारूप तत्व को सद्ब्रह्म कहते हैं । जैसा कि श्रुति कहती है—

"सदेवेदं सौम्य अग्र आसीत । कथमसतः सज्जायेत ।
प्रत्यस्ताशेषभेदं यत सत्तामात्रमगोचरम् ।
वचसामात्म संवेद्यं तद्ज्ञानं ब्रह्मसञ्ज्ञितम् ।। १
अस्तीति ब्रुवतोऽन्यत्र कुतस्तदुपलभ्यते ।
अस्तीत्येवोपलब्धस्य तत्त्वभावः प्रसीदति ।। २
असत्यमप्रतिष्ठं ते जगदाहुरनीश्वरम् ।
अस्तिब्रह्मेति चेद्वेद संतमेनं ततो विदुः ।। ३

सर्वं खल्विदं ब्रह्म । ब्रह्मैवेदं सर्वम् । सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म । अयमात्मा ब्रह्म । अविनाशी वा अयमात्माऽनुच्छित्तिधर्मा ।"—उपनिषद् । अयं भावः अनादिकाल से अनन्तकाल तक स्थित रहने वाला तथा प्रतिक्षण विलक्षण नित्य परिवर्तनशील विरुद्ध धर्मद्वय समष्टि इस विश्व के सत् और असत् ये दो तत्व हैं । ऐसा तत्वदर्शी विद्वानों का सिद्धान्त है । उसमें स्थितिधर्म-प्रयोजक प्रतिष्ठातत्व को सद्ब्रह्म अर्थात् आत्मा कहते हैं । और **"मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति"** इस सिद्धान्त के अनुसार प्रतिक्षण विलक्षण नित्य परिवर्तनशील कार्यस्व-

रूप प्राणरूपतत्व को असद् ब्रह्म (कर्म या मृत्यु) कहते हैं। इनका निर्वचन वेद तथा अन्यान्य शास्त्रों में नाना प्रकार से है। तथा हि —

१ ब्रह्म च कर्म्म च—ब्रह्मैवेदं सर्वम्। कर्मण्यकर्म यः पश्येदकर्मणि च कर्म यः (गीता)

२ रसः बलञ्च—अस्तीति प्रतिपत्तिहेतुः रसः। रसो हि सः रसमेव लब्ध्वानन्दी भवति। को ह्येवान्यात् कः प्राण्यात् यथेष आकाश आनन्दो न स्यात् रसे प्रसुप्तो मृत्युर्बलम्। रसं वलते चेष्टयतीति बलम् (उ.)

३ अमृतं मृत्युश्च—मृत्योर्मा अमृतं गमय (शत.)

४ ज्योतिश्च तमश्च—तमसो मा ज्योतिर्गमय (शत.)

५ मूर्त्तञ्चामूर्त्तञ्च—द्वावेव ब्रह्मणो रूपे। मूर्त्तं चामूर्त्तं च। (उ.)

६ सत् च असत् च—असतोमासद्गमय। (शत.)

७ पूर्णञ्च शून्यञ्च—तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्। नैवाग्रे किंचनास। ऋ. (उ.)

८ कारणञ्च कार्यञ्च—यतो व इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति यन्त्यभिसंविशति तद् ब्रह्म। सर्वं खल्विदं ब्रह्म (शारीर.) (उ.)

९ आत्मा च शरीरञ्च—"आत्मेवाधस्तात् आत्मा पुरस्तात् आत्मादाक्षिणत आत्मोत्तरत आत्मेवेदं सर्वम्। न प्राणमन्तरात्मेत्याख्यायते। तत्र वागुपहिता अथ वागेवेदं सर्वम्।"

१० विद्या च अविद्या च—"विद्यां चैवाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह।"

११ "सत् च त्यञ्च—तदेतत् त्रयक्षरं सत्यम्। स इत्येकमक्षरं, तीत्येकमक्षरं अमित्येकपक्षरं प्रथमोत्तमे अक्षरे सत्यम्। मध्यतोऽनृत्। तदेतदनृतं सत्येन परिगृहीतं सत्यभूतमेव भवति।" (शत.)

इस तरह भिन्न-भिन्न स्थानों में नाना प्रकार से इन पदार्थों का विवेचन मिलता है परन्तु इसमें संशय नहीं करना चाहिए। क्योंकि असत् पहले था और सत् पीछे हुआ यह एक प्राचीन मतवाद है। उसका यह अभिप्राय है कि सृष्टि उत्पन्न होती है तो उसका प्राग्भाव अवश्य था। जैसे—घटोत्पत्ति के पूर्व घट का प्राग्भाव स्वतः सिद्ध है। उस अभाव के द्योतक असत् पद को रखकर **"असद् वा इदमग्र आसीत्।"** यह श्रुति वाक्य है। यद्यपि घटोत्पत्ति के पहले घट नहीं था तथा घट का उपादान कारण मृत्तिका अवश्य थी। उसके बगैर घटोत्पत्ति कदापि नहीं हो सकती। तद्वत् सृष्टि का मूलतत्व ब्रह्म प्रथम अवश्य था;

उसके बिना सृष्टि की उत्पत्ति हो ही नहीं सकती । जैसा कि श्रुति कहती है—"**सदेवेदं सौम्य अग्र आसीत् । कथमसतः सज्जायेत ।**" यह हुआ सत् और असत् पदार्थ का विवेचन; परस्पर विरुद्धधर्मा (अर्थात् अनमेल) इन पदार्थों के विषय में सूक्ष्मतत्त्वदर्शी विद्वानों का ऐसा सिद्धान्त है कि—**असतः भावो न विद्यते, सतः भावो न विद्यते, अर्थात् यः सत्तया भाव्यते स भावः भावनाभिर्भ्रियते वा स भावः, ये उद्भवन्ति ते भावाः पदार्थाः** । जो उत्पन्न पदार्थ सत्ता से अथवा भावना से स्पष्ट प्रतीत हो सके और जात्याकृति व्यक्ति का विभाग जिसमें हो उसे भाव या पदार्थ कहते हैं, जैसा लिखा है—"**जात्याकृतिव्यक्तयः पदार्थाः । द्रव्ये गुणकर्मणां सामान्यविशेषाभ्यां ये समवायास्ते पदार्थाः ।**" सत्तासिद्ध, भातिसिद्ध और उभयसिद्ध भेद से पदार्थ तीन तरह के होते हैं; अतएव **अस्तीति भाति भातीत्यस्ति** । (है इसलिए भासता है) भासता है इसलिए है । ऐसा लौकिक व्यवहार देखा जाता है । इनमें घट पदार्थ सत्ता सिद्ध और दिग्देशकालपरिणाम पृथक्त्वादि भातिसिद्ध हैं ।

'**तन्तुषु पट**' इत्यादि में समवाय सम्बन्ध उभयसिद्ध है । ऐसी अवस्था में स्वरूपतः अप्रतिष्ठित-प्रतिक्षण-विलक्षण नित्यपरिवर्तनशील असत् प्राणवत् इस कार्यरूप शरीर की (भावो न विद्यते) त्रिकालाबाधित सत्य की तरह चिरकाल तक प्रतिष्ठा नहीं रह सकती । अर्थात् असतः सत्वमनुपपन्नम् । क्योंकि—

अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि भारत ।
अव्यक्तनिधनान्येव तत्र का परिदेवना ।। (गीता)

ऐसा सिद्धान्त है । उसी तरह "**एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम्**" इति श्रुति वाक्य के अनुसार लोकत्रयव्यापी अविनाशी प्रतिष्ठा तत्वरूप उस परब्रह्म परमात्मा का (**अभावो न विद्यते**) कभी नाश (अपलाप) नहीं होता । सत्पदार्थ कभी असद्रूप नहीं हो सकता । ऐसी अवस्था में तेरा शोक करना सर्वथा अनुचित है, यह युद्ध-स्थल में श्रीकृष्ण का अर्जुन के प्रति उपदेश है ।

प्रश्न—३ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ।।

अयम्भावः ।

"तस्मात्परं नापरमस्ति किञ्चित्
तस्मान्नाणीयो न ज्यायोऽस्ति किञ्चित् ।
वृक्ष इव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येक
स्तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम् ।।" (ऋ. वे.)

इस श्रुति का अश्वत्थवृक्षवत् स्थित (निश्चल) उस अमृतमय पूर्णरूप पुरुष से सम्पूर्ण जगत् परिपूर्ण है यह तात्पर्य है । अक्षर क्षर को पेट में लिए हुए अव्ययात्मा ईश्वर को पुरुष कहते

हैं । जैसा गीता में लिखा है—

"द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च ।
क्षरः सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते ।।
उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः, परमात्मेत्युदाहृतः ।
यो लोकत्रयमाविश्य बिभर्त्यव्यय ईश्वरः ।।" इति गीता ।।

इस त्रिपुरुष को गूढोत्मा अमृतात्मा कहते हैं । दिग्देशकालादि से अनवच्छिन्न अखण्ड पूर्ण रूप सर्वाकाशव्यापी द्वित्व बहुत्वादि भेद से रहित सदा एक रूप से रहने वाला अमृत पदार्थ है । इसका स्वरूप ऐसा है—

सदृशं त्रिषु लिङ्गेषु सर्वासु च विभक्तिषु ।
वचनेषु च सर्वेषु यन्नव्येति तदव्ययम् ।।
एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते ।
समं सर्वेषु भूतेषु नश्यत्सु न विनश्यति ।।

इससे रिक्त कोई भी स्थान नहीं है; अतएव सर्वाकाशव्यापी सर्वत्रानुस्यूत इस अमृततत्व को पूर्ण ब्रह्म कहते हैं । यह पुरुष रूप पूर्णब्रह्म एक पूर्ण पदार्थ है । दूसरा पूर्ण पदार्थ कर्म है । यद्यपि **'नैवाग्रे किञ्चिन्नास'** इत्यादि श्रुतिवाक्यों से **'शून्यलक्षणो मृत्युः'** यह बात सिद्ध होती है तथापि सर्वत्र व्याप्त पूर्ण रूप अमृत पदार्थ के आश्रित मृत्यु पदार्थ भी सर्वत्र व्याप्त होने से पूर्ण रूप कहलाता है । **अर्धं वै प्रजापतेरात्मनोमर्त्यमासीदर्धममृतम्** । (शत.)

अन्तरं मृत्योरमृतं मृत्यावमृतमाहितम् ।
मृत्युर्विवस्वन्तं वस्ते मृत्योरात्मा विवस्वती ।।
तस्मान्मृत्युर्नम्रियते ।" (शत.)

इस अव्ययालम्बित अक्षर प्रजापति का आधा हिस्सा नित्य क्षरणशील होने की वजह से मृत्यु से आक्रान्त अर्थात् मर्त्य भाग कहलाता है जिसको क्षरपुरुष कहते हैं । उस पूर्णरूप अमृत के गर्भ में सर्वत्र मृत्यु प्रविष्ट रहता है और मृत्यु के पेट में अमृत प्रविष्ट रहता है । अतएव मृत्यु की मृत्यु नहीं होती है । यह इन श्रुतिवाक्यों से सिद्ध होता है । सर्वत्र परिपूर्ण अमृत पदार्थ से रिक्त स्थान न होने पर भी अमृत पदार्थ धामच्छद नहीं है । अतः उसमें दूसरे—पूर्णरूप मृत्यु-पदार्थ—का प्रवेश हो जाता है ।

एतावता, एक पूर्णरूप अमृत के पेट में सर्वत्र, दूसरा पूर्णरूप यह मर्त्य भाग है जिससे इन कार्यरूप विश्व का स्वरूप बनता है ।

विश्व सर्वत्र मृत्यु से आक्रान्त है यानि कर्म से रहित नहीं है । अतएव—"**नहि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् (गीता)** ऐसा भगवत् सिद्धान्त है । अर्थात् ब्रह्म में

कर्म, अमृत में मृत्यु, आत्मा में विश्व, कर्म में ब्रह्म, मृत्यु में अमृत, विश्व में आत्मा इस तरह एक का स्वरूप एक दूसरे से पूर्ण है। इस स्थिति का द्योतक **"पूर्णमदः पूर्णमिदं"** यह पद है। यहाँ 'अदः' पद से विश्व का मूल कारण सर्वाकाशव्यापी अमृतमय पूर्णरूप आत्मब्रह्म समझना चाहिए; और 'इदं' पद जहाँ तक अमृत है वहाँ तक का सारा भाग कर्ममय मृत्यु से आक्रान्त विश्व का द्योतक है। यह हुआ **"पूर्णमदः पूर्णमिदं"** का अर्थ। अब **"पूर्णात् पूर्णमुदच्यते"** इससे आगे का क्रम बतलाते हैं। यह अभिप्राय है कि **"सर्वधर्मोपपत्तेश्च"** अर्थात् सर्वबलविशिष्ट, सर्वशक्तिघन, पूर्णरूप उस सच्चिदानन्द ईश्वर से सच्चिदानन्द-स्वरूप इस विश्व का उदञ्चन (उत्पत्ति) होता है। अत एव—

> "यदेवेह तदमुत्र यदमुत्र तदन्विह।" (उ.)
> जायमानो ह वै जायते एताभ्य सर्वाभ्यो देवताभ्यः। (शत.)

"यथाण्डे तथा पिण्डे" ऐसा सिद्धान्त है; अथवा अनन्तबल घन परात्पर में, माया[1], कला[2], गुण[3], विकार[4], आवरण[5], अंजनादि[6] पृथक्-पृथक् बलावच्छिन्न परात्पर[1] पुरुष[2] षोडशी[3] सत्य[4] यज्ञ[5] विराट्[6] विश्व[7] इस तरह सप्त संस्थामय विश्व का स्वरूप बन जाता है। यह **"पूर्णात्पूर्ण-मुदच्यते"** इसका तात्पर्य है। इससे सृष्टिक्रम बतलाया गया है।

> "पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।"

इससे प्रतिसंचर क्रम में भी ब्रह्म कर्म से परिपूर्ण इस विश्व में आत्मब्रह्म ही शेष रहता है, यह बात बतलाई गई है।

> "एकधैवानुद्रष्टव्यं नेह नानास्ति किञ्चन" (वृ. उ.)
> "मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति॥" (बृ. उ.)

इत्यादि श्रुतिवाक्यों के अनुसार मृत्युगत नानात्व बुद्धि को हटाने पर अर्थात् मृत्युमय पूर्णरूप को निकाल देने पर—**"नेति नेत्यात्मा अशीर्य्यो नहि शीर्य्यते, असंगो नहि सज्जते, असितो न व्यथते,"** यह पूर्णरूप अविनाशी आत्मब्रह्म ही शेष रह जाता है। इत्यर्थः। इसका स्वरूप लोक में नवसख्यात्मक है। विस्तारभय से उसका यहाँ लिखना उचित नहीं समझ-कर छोड़ दिया गया है। इसको जानने की इच्छा वाले जिज्ञासु लोग श्रीगुरुचरणों द्वारा निर्मित गीताविज्ञानभाष्य के तृतीय काण्डान्तर्गत गीताकृष्णरहस्य का अवलोकन करें, उसमें नव संख्या का वैज्ञानिक स्वरूप तथा अन्यान्य श्रीकृष्ण सम्बन्धी नाना वैज्ञानिक तत्त्वों का सुविशद रूप से वर्णन है। गीता में प्रदर्शित वैज्ञानिक भावों को समझाने के लिए यह एक अलौकिक ग्रन्थ है।

प्रश्न-४ : नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

अयम्भावः—अंशो नाना व्यपदेशात् "ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः" इत्यादि वाक्यों से विराट् रूप उस महापुरुष ईश्वर का ही एक अंश योगमायाव्यवच्छेद से प्रवर्ग्य रूप में अल्पाल्प होता हुआ क्लेशकर्मविपाकाशयादि अविद्या रूप पाप्माओं से संसृष्ट होकर जीव प्रजापति बन जाता है । **"दशाक्षरा वै विराट्"** ईश्वर का विराट् रूप दशावयव है । अतः तदंशभूत जीव भी दशात्मसमष्टि-क्षुद्र विराट् कहलाता है । ईश्वर में अमृत, ब्रह्म, शुक्र—ये तीन विभाग हैं । जैसा श्रुति कहती है—

"तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते" इति ।

१. अमृत भाग में—४ परात्पर, अव्यय-अक्षर-क्षर यह आत्म-चतुष्टयी है ।।

२. ब्रह्म में —५ स्वयंभू-परमेष्ठी, सूर्य-चन्द्र-पृथ्वी यह पंच प्राकृतात्मा है । ५.

३. शुक्र वर्ग में —वाग्-आपः-अग्निः । अग्निः-आपः-वाक् ।। इस तरह मर्त्यामृत शुक्र समष्टि है ।

एवं ४।५।१ मिलकर संपूर्ण-विश्वविराट् रूप ईश्वर का स्वरूप है । तद्वत् जीव में भी आत्म-ग्राम, देवग्राम, भूतग्राम ये तीन भाग हैं ।

१. उस आत्मग्राम में परात्पर, अव्यय, अक्षर, क्षर—ये चारों मिलकर एक गूढोत्मा कहलाता है । यह अमृत भाग है ।

२. शान्तात्मा, महानात्मा, विज्ञानात्मा, प्रज्ञानात्मा और भूतात्मा—ये पाँच क्रम से अव्यक्त, त्रैगुण्य, बुद्धि, मन, शरीर के नाम से अध्यात्म में प्राकृतात्मायें हैं जो कि ब्रह्म सत्य के नाम से पुकारी जाती हैं ।

३. और, पंचमहाभूत से बना हुआ शरीरात्मा बाह्यात्मा कहलाता है । इस तरह ४-५-१ मिलकर दशात्म समष्टि जीव प्रजापति का स्वरूप है ।

१. अव्ययाक्षर क्षर से गूढोत्मा का स्वरूप बनता है । यहाँ सर्वालम्बन अव्यय है; सर्वशक्तिघन सर्वकर्ता-जगन्निर्माता अक्षर है; विपरिणामी उपादान कारण क्षर है ।

२. पंचविश्वसृज, पंचपंचजन, पंचपुरंजन—ये मिलकर एक शान्तात्मा ।

३. सत्त्व-रज-तम, अथवा आत्मा प्राणाः प्रशवः भेद से त्रिपर्वा त्रैगुण्यात्मा है ।

४. तथा धर्म्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य—ये ४; विद्या बुद्धि और अविद्या; अस्मिता, राग-द्वेषौ, अभिनिवेशश्चेति ४; अविद्याबुद्धि से विज्ञानात्मा का स्वरूप बनता है।

५. तद्वत् पंचज्ञानेन्द्रिय, पंचकर्मेन्द्रिय, प्राणापानव्यानसमानोदानरूप पंच प्राण मिलकर प्रज्ञानात्मा कहलाता है।

६. पंचभूतमात्रा, पंचप्राणमात्रा, पंचप्रज्ञामात्रा—ये मिलकर भूतात्मा का स्वरूप बनता है। इनमें शुक्रवर्गीय भूतात्मा के तीन विभाग हैं। शरीरात्मा[१]—हंसात्मा[२]—दिव्यात्मा। इनमें दिव्यात्मा फिर तीन तरह का होता है—वैश्वानर[३]—तैजस[४]—प्राज्ञ—उनमें प्राज्ञ भी तीन तरह का होता है—कर्म्मात्मा[५]—चिदाभास[६]—ईश्वर; ईश्वरांश भी तीन तरह का होता है—ऊउर्ज्[७]—श्री[८]—विभूतिः।

"यद् यद् विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा।
तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंऽशसम्भवम्॥" (गीता)

इस तरह शुक्रवर्गीय भूतात्मा में ९ विभाग होते हैं। एतावता सम्पूर्ण मिलकर १८ आत्म-समष्टि, १ जीव प्रजापति में है।

इनमें वैशेषिकशास्त्रोक्त क्षेत्र रूप इस शरीरात्मा (भूतात्मा) का आलम्बन सांख्य-शास्त्रोक्त क्षेत्ररूप विज्ञानात्मा है। जैसा कि मनुस्मृति में लिखा है—

"योऽस्यात्मनः कारयिता तं क्षेत्रज्ञं प्रचक्षते।
करोति यस्तु कर्म्माणि भूतात्मा सोच्यते बुधैः॥
जीवसंज्ञोऽन्तरात्मान्यः सहजः सर्वदेहिनाम्।
येन वेदयते सर्वं सुखं दुःखं च जन्मसु॥" इति

उस विज्ञानात्मा का आलम्बन अव्यक्तात्मा अक्षरात्मा है। यह शारीरक-सिद्धान्त है। तथाहि—

"यथा सुदीप्तात् पावकात् सहस्रशो विस्फुलिगाः प्रादुर्भवन्ति।
तथाक्षराद् विविधाः सौम्यभावाः प्रजायन्ते तत्र चैवोपि यन्ति॥"
इति (मुण्ड. उ.)

पुनः गीता में तथा अन्य उपनिषदों में सर्वालम्बन अव्ययात्मा बतलाया है।

"यो लोकत्रयमाविश्य बिभर्त्यव्यय ईश्वरः ।
एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम् ।।
एतदालम्बनं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत् । "इति (गीता)

अत्रेदं बोध्यम्—

"एष नित्यो महिमा ब्रह्मणोऽस्य न कर्म्मणा वर्धते नो कनीयान् ।
तस्यैव स्यात् पदवित् तं विदित्वा न कर्म्मणा लिप्यते पापकेना ।"
(बृ. उ.)

इस श्रुतिवाक्य के अनुसार प्रथम विज्ञानात्मा ही असंग है । पुनस्तदालम्बनभूत अक्षरात्मा, 'कूटस्थोऽक्षर उच्यते' इत्यादि प्रमाणों से अविनाशी कूटस्थ, नित्य-जन्ममरणादि द्वन्द्व धर्मों से असंस्पृष्ट कहा गया है । फिर तदर्तनिरूढ कार्य-कारण-रहित सर्वालम्बन लोकत्रयाधार सर्वाकाशव्यापि अव्ययात्मा अमृतात्मा है । जैसे लिखा है—

"न तस्य कार्यं करणञ्च विद्यते न तत्समश्चाभ्यधिकंश्च दृश्यते ।
परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च ।।
उदासीनवदासीनमसक्तं तेषु कर्म्मसु ।
कुर्वन्नेवेह कर्म्माणि न करोति न लिप्यते ।।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ।
मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव ।।
न चाहं तेषु ते मयि ।
नैव स्त्री न पुमानेष न चैवायं नपुंसकः ।
यद्यच्छरीरमादत्ते तेन तेन स युज्यते ।। इत्यादि ।।

ऐसी अवस्था में छेदन, शोषण, दाहादि भौतिक गुणों का प्रभाव प्राणमात्रा, प्रज्ञामात्रा, भूतमात्रा से बना हुआ भूतात्मा का एक भाग भूतमात्रा से सम्बन्ध रखने वाले पाञ्चभौतिक पिण्डरूप शरीरात्मा पर ही पड़ता है न कि अन्तर्निगूढ कार्य-कारणरहित निर्लेप उस अव्ययात्मा पर असंगत्वात् ।

अपिच—सर्वाकाशव्यापी लोकत्रयाधारज्ञान ज्योतिरूप उस अव्ययात्मा पर सूर्य-चन्द्राग्निविद्युत्-रूप भौतिक ज्योति का प्रभाव नहीं पड़ता यह इस श्रुत्यन्तर से भी स्पष्ट जाहिर है । तथाहि—

"न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं, नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः ।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति ।"

आत्मा से इन सबको प्रकाश मिलता है, न कि यह आत्मा को प्रकाशित करते हैं । एतावता भौतिकगुणों से असंस्पृष्ट, असंग, अज, शाश्वतरूप यह अव्ययात्मा है । यही बात लक्ष्य में

रखकर श्रीकृष्ण भगवान् अर्जुन के प्रति उपदेश करते हैं—

"नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

"एनं अव्ययमात्मानं शस्त्राणि न छिन्दन्ति"—भौतिकपिण्डसमूह के अवयवादिविश्लेषण को छेदन कहते हैं; सौर-प्रकाशवत् सर्वत्र व्याप्त अव्ययात्मा का शस्त्र प्रहार से छेदन नहीं हो सकता। अच्छेद्यत्वात् तथा, **"नैनं दहति पावकः"** भौतिक पदार्थों के साथ सौर पदार्थों के विश्लेषण को दाहकर्म्म कहते हैं। यह भी उस अव्ययात्मा में नहीं हो सकता। अदाह्यत्वात्, यह **"नैनं दहति पावकः"** इस पद से कहा है। तद्वत् **"न चैनं क्लेदयन्त्यापो"** अर्थात् पानी द्वारा वारुण पदार्थों के संश्लेषण को क्लेदन कहते हैं; जिससे दुर्गन्ध वगैरह पैदा हो जाती है। यह कर्म्म भी ज्योतिस्वरूप अव्ययात्मा पर नहीं हो सकता, अक्लेद्यत्वात्। और मारुत (वायु) द्वारा रुक्षता धर्म प्रयोजक रौद्र पदार्थों के संश्लेषण से शोषण भी नहीं हो सकता, अशोष्यत्वात्। यह "न शोषयति मारुतः" इस पद से बतलाया गया है।

प्रश्न—५ गवां शतसहस्रं च ग्रामाणां च शतं वरम् ।
सर्वाभरणसम्पन्ना मुग्धा कन्यास्तु षोडश ।।

अयम्भावः—१००००० गौदान करे अथवा १०० ग्राम पुण्य करे, इन दोनों से भी श्रेष्ठ है कि सम्पूर्ण आभूषण से युक्त (मुग्ध) अर्थात् जो रजस्वला न हुई हों ऐसी १६ कन्याओं का दान करे (विवाह करा देवे)।

प्रश्न—६ एक राम दशरथ का छोरा, दूजा राम घट-घट विचरा ।
तीजा राम सबसे न्यारा, आप राम किसके सहारा ।।

अयम्भावः—आत्मा, ईश्वर और जीव भेद से दो प्रकार का होता है। उनमें प्रथम अधिदैवत में ईश्वर की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हैं कि विश्व, विश्वात्मा, विश्वातीत इस तरह तीन भागों में बँटा हुआ ईश्वरात्मा है। ऐसी अवस्था में "एक राम दशरथ का छोरा" यह पद उत्पन्न नाशधर्म्मा प्रतिक्षण-विलक्षण विश्व की तरफ इशारा करता है। "दूजा राम घट-घट विचरा" यह पद **"तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्"** अर्थात् सूर्यचन्द्रपृथिव्यादि चराचर रूप जगत् को पैदा करके स्वयं आत्मरूप से सबमें प्रविष्ट हो गया; इस सिद्धान्त के अनुसार सम्पूर्ण विश्व में आत्मरूपेण सर्वानुस्यूत उस विश्वात्मा को बतलाता है। जैसा कि श्रुति कहती है—

"तिलेषु तैलं दधनि सर्पिरापः स्रोतस्वरणीषु चाग्निः" इत्यादि। तीसरा पद दोनों से अतिरिक्त उस विश्वातीत को बतलाता है जो कि न आत्मा है और न विश्व है क्योंकि विश्व के परिच्छिन्न होने की वजह से तत्प्रविष्ट विश्वात्मा भी घटस्थित घटाकाशवत् परिच्छिन्न भाव को प्राप्त होता है; परन्तु इनसे अतिरिक्त—**"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"**-इस

श्रुतिवाक्य के अनुसार अनन्त अर्थात् परमभूमारूप आनन्दघन वह निर्विशेष ब्रह्म जो कि परिमित सीमा से बाहर सर्वत्र व्याप्त रहता है उस अचिन्त्य वाङ्मनसातीत को विश्वातीत कहते हैं जिसके लिए श्रुति कहती है—

"संविदन्ति न यं वेदा विष्णुर्वेद न वा विधिः ।
यतो वाचो निवर्तन्ते ह्यप्राप्य मनसा सह ।"

इत्यादि उस विश्वातीत को लक्ष्य करके' '**तीजा राम सबसे न्यारा**" यह सन्त वचन हैं। और वह विश्वातीत सर्वाधार होता हुआ स्वयं निराधार है । जैसे—जाति में जाति, प्राण में प्राण नहीं रहता तद्वत् सर्वाधार का आधार नहीं होता यह आशय "आप राम किसके सहारा" इस चतुर्थ पद का है । यह हुआ अधिदैवत में ईश्वरात्मा का विवेचन ।।

इसी तरह जीव (अध्यात्म) में भी "**एक राम दशरथ का छोरा**" इस वचन से गीतोक्त त्रिपुरुष पुरुष-विज्ञान बतलाया गया है । तथाहि—"एक राम दशरथ का छोरा" यह पद अस्ति, जायते, वर्द्धते, विपरिणमते, अपक्षीयते, नश्यति अर्थात् विद्यमान है, उत्पन्न होता है, बढ़ता है, बालयुवावृद्धादि भाव से जिसके स्वरूप में बदल होती है, क्षीण होता है, अन्त में नाश हो जाता है इत्यादि । षड्भावविकारों से युक्त कार्यब्रह्मरूप उस क्षर पुरुष पर इशारा करता है ।

"**दूजा राम घट-घट विचरा**" यह इशारा है सर्वान्तर्यामी उस अक्षर पुरुष पर जो कि नियति रूप से अन्तर्यमन करता हुआ अन्तर्यामी बनकर सब में बैठा रहता है । जैसे लिखा है—

" ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति ।
भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ।।" इति ।।

अपि च श्रूयते—

"तस्य वा एतस्याक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्याचन्द्रमसौ विधृतौ तिष्ठेते । द्यावापृथिव्यौ विधृतौ तिष्ठेते ।"

"यः सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन् सर्वेभ्योऽन्तरोयं सर्वाणि भूतानि न विदुर्यस्य सर्वाणि भूतानि शरीरं यः सर्वाणि भूतान्यन्तरोपमयति । एषत आत्मा अन्तर्याम्यमृत" इति ।
"यं प्राणो न वेद यस्य प्राणः शरीरं यः प्राणमन्तरोपमयति ।
यं वाङ् न वेद यस्य वाक् शरीरं यो वाचमन्तरोपमयति ।
यं विज्ञानं न वेद यस्य विज्ञानं शरीरं त आत्मा अन्तर्याम्यमृता ।"

इत्यादि । (वृ. ७ ब्रा)—

इस अन्तर्यामी कारण ब्रह्मस्वरूप परावर पुरुष को बतलाने वाला दूसरा पद है। **"तीजा राम सबसे न्यारा"**, यह कार्य-कारणतीत उस निर्लेप अव्ययात्मा को बतलाता है जो कि प्रतिष्ठारूप होने से सर्वाधार बतलाया गया है। जैसे जाति में जाति, प्राण में प्राण नहीं होता उसी तरह सर्वाधार का आधार नहीं होता। यह—**आप राम किसके सहारा**" इस चौथे पद से बतलाया गया है।

आधुनिक काल में वैदिक विषयों की पठन-पाठन प्रणाली वैदिक परिभाषा ज्ञान के अभाव में शिथिलप्राय नज़र आ रही है। अतएव प्रश्नकर्ता महाशय की यह बात लिखना अनुचित न होगा कि ऐसे अत्यन्त गहन गुरुगम्य विषयों के सम्बन्ध में पत्र द्वारा प्रश्न करना तथा पुनः पत्र द्वारा ही उत्तर देना ये दोनों ही क्रम मेरे ख्याल से अप्रशंसनीय हैं। तथापि **"आज्ञागुरूणां ह्यविचारणीया"** इसके अनुरोध से शक्ति खोलकर सूक्ष्मरूप में उत्तर लिखना पड़ा है। परन्तु इतने लिखने पर भी सम्भव है यह विषय यथावत् समझ में न आवे, अतः इस विषय में यदि और भी संशय रह जावे तो उन संशयों को हटाने के लिए जिज्ञासु भाव से श्रीगुरुचरणों में कम से कम छः मास तक यदि बाकायदा पढ़ने का प्रयास करें तो अवश्य निःसंशय रूप से सबका यथावत् तत्त्वविज्ञान समझ सकते हैं।

न संशयं प्राप्य मनोहतः स्याद् ध्रुवं परीक्ष्ये पथि संशयः स्यात्।
संशय्य निर्णेतुमुपैतु यत्नं प्रयत्नतोऽन्विष्यलभेत रत्नम् ॥ ॥

भवदीय
पण्डित हेरम्ब शास्त्री

पण्डित जी के गम्भीर शास्त्रीय ग्रन्थों के विषय में विवेचन और समीक्षा करने के लिए उतने ही दीर्घकालिक एकान्त अध्ययन की आवश्यकता है। हम इस कार्य के लिए योग्यता और सामर्थ्य का अपने में अभाव अनुभव करते हैं। अतिः पोथीखाना में प्राप्त पत्रावलियों के आधार पर ही पण्डित जी सम्बन्धी वृत्तान्त यहाँ उद्धृत किया गया है। इसलिए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के क्रमशः परिचायक उन्हीं के रचे दो पद्य उद्धृत करके विराम करते हैं—

व्यक्तित्व—

नित्यैकान्तसदो निवासनिरतो शान्तिप्रियः सुस्थिरः
शीघ्रक्रोधमहोदयः कृशतनुर्मित्या त्र्यशीत्यङ्गुलः।
अन्यस्वार्थ-विधानबाधविमुखो निर्द्रोह निष्प्रेमधी-
निर्मानो मधुसूदनोऽभिमनुते सर्वातिगं तन्मतः ॥

—ब्रह्मविज्ञाने

अपने कार्य का लक्षण-परिचय उन्होंने इस प्रकार दिया है—

ग्रन्थास्तु लभ्यन्त इहाद्य वैदिका
ये ये तथा तेषु च यान् लभामहे ।
विज्ञानबिन्दून परितश्चितानिमान्
संगृह्य तान् दर्शयितुं यतामहे ॥

वेदोक्तवादान् प्रतिपद्य तेषां
समन्वयायैष कृतः प्रयत्नः ।
असाधु यत् तत्र स नः प्रमादः
यत् साधु सर्वः स ऋषिप्रसादः ॥

Contributions of Madhusudan Ojha to the Interpretation of Vedic Thought

No other ancient literature in the world has been subjected to so many divergent interpretations as the Vedas, Brahamanas and the Upanisads of the Aryans. While tradition has kept the Aryan culture intact despite its diversities in space and time, our understanding of the essence or purport of this culture has been on the wane ever since Veda Vyasa divided the Vedas into meaningful divisions and gave them to us together with their respective Upanisads and Brahmanas. He also wrote and gave us the Vedanta Sutras, the Puranas, the Mahabharata and above all the Bagavad Gita as guidance material for the correct understanding of the wisdom of our ancients.

During the last two thousand years or so, several distinguished personalities have appeared in this land and have taught us the essentials of this culture in their own way. The authors of Darsana Granthas had their own interpretation of this culture some stressing on the Karma aspect, some stressing on the ज्ञान aspect and yet some others stressing both. At the same time, the authority of the Vedas and their injuctions were questioned by some who were called Nastikas by those who believed in them. Then the three great Acharyas, Sankara, Ramanuja and Madhva came into the scene and propagated their own views of Vedic religion. सायण the well known commentator of the Vedas paid special attention to the utility of the mantras in rituals and his commentary naturally did not bring out the concepts enshrined in them. The Westerners inspite of their earnestness could not get at the real meanings of many passages. Dayanand and Aurobindo had their own method of viewing the Vedic religion. The result of all this has been that today an unbiased student of Vedic literature is baffled by the huge amount of heterogeneous literature on the Vedas, Brahmanas and Upanisads and is unable to get at a coherent and clear picture of the essence of this religion.

The reasons for this state of affairs are not far to seek. They may be briefly stated as follows :

1. There are many contradictory statements in the Vedas, Brahmanas and Upanisads which, if not understood in the correct perspective will lead to divergent conclusions when studied by different scholars.
2. Most of the scholars have not realised the fact that unless the Vedas, Brahmanas and Upanisads are studied together with cross-references a correct picture of the Vedic thought will not emerge.
3. There have been certain basic concepts of the Aryans which have guided them in their compositions whether they belong to the Jnana Kanda or the Karma Kanda. Most of the scholars have hardly tried to unearth these concepts.
4. Many technical words occur in the Vedas, Brahmanas and Upanisads and unless their correct meaning is understood, one is likely to miss the correct purport of many difficult passages occurring in the above literature.
5. The Arthavada portion of the Brahmanas invariably contain crucial information for the proper understanding of Vedic passages. These have been by and large neglected by most of the scholars.

It is in the above context one has to view the contributions of Madhusudan Ojha. Here was a scholar who practically spent his entire life in Vedic research and not only came out with his encyclopaedic knowledge of the entire ancient Sanskrit literature, but also gave us real insight into Vedic wisdom. His writings covering a wide range of subjects can be broadly classified under four heads. viz. 1) ब्रह्म विज्ञान, 2) यज्ञ विज्ञान, 3) इतिहास and 4) reviews (समीक्षा ग्रन्थ) on specialised topics. It is most unfortunate that many of his writings have been lost to us. A few have been printed and published. Very few scholars in the country are aware of his contributions.

Madhusudan Ojha had a few disciples. Of them Motilal Sharma, Giridhar Sharma Chaturvedi and Surjandas Swami are the more prominent. Motilal Sharma was an outstanding scholar who was able to really cope up with the genius of his master. His outstanding contribution has been a commentary on Satapatha Brahmana for the first six kandas. Ojha rightly realised that it is Satapatha Brahmana that holds the key to Vedic interpretation and made maximum use of the Arthavada

portion of this Brahmana to bring out the real meanings of Vedic passages. Giridhar Sharma Chaturvedi wrote commentaries on Brahma Siddhanta of Ojha as well as his Maharsikula-vaibhavam. Surjandas Swami has published Hindi versions of a few works of Ojhaji. He is also involved in the publication of Satapatha Brahmana Bhasya of Motilalji and is helping Shri Karpur Chand Kulish, Founder Editor of Rajasthan Patrika in this task. Kulishji is also bringing out Hindi translations of some of Ojhaji's works with the help of Chaturvediji's sons. It is very gratifying to learn that Surjandas Swamiji is also bringing out Hindi translation of छन्दस् समीक्षा a rare work of Ojhaji on छन्दस्.

A critical evaluation of the contributions of Ojha to the interpretation of Vedic wisdom is not easy. It requires a thorough study of all the writings by a scholar who has a sound knowledge of the entire cross section of ancient Sanskrit literature and also has the brilliance to see through the mind of Ojha. However it is not difficult for us to highlight some of his outstanding achievements.

By far the greatest merit of Ojha is his stunning analytical capacity. As a scientist the author has been very much impressed by his approach to the subject. He puts before us the topic thread bare, so that a really intelligent research worker can read between the lines and build up his thesis on the topic discussed.

Let us first take up his exposition of the Veda tatva. Ojha was the first to analyse the word Veda in detail and show that it has a far deeper meaning than what is normally understood by us. We know only that Veda refers to book of knowledge of the Aryans and for convenience in the performance of rituals it has been divided into three parts (वेदत्रयी) viz. ऋग्वेद, यजुर्वेद and सामवेद. We also have the fourth Veda viz अथर्ववेद whose style is slightly different from other Vedas. We do not understand why they should be called infinite (अनन्ता वै वेदाः) and why they should be called अपौरुषेय (not the product of human mind) when they contain only descriptions of the nature and functions of some Gods of Nature, some historical facts about the society in those days and details about rituals and stotras associated with them.

There are many statements in the literature which go to show that the word Veda is intimately connected with the creative processes in Nature. A few examples are given below :—

1. शब्दःस्पर्शश्च रूपं च रसो गन्धश्च पंचमः ।
   वेदादेव प्रसूयन्ते प्रसूतिगुणकर्मतः ।। मनु. 12/98

2. सर्वेषां तु स नामानि कर्माणि च पृथक् पृथक् ।
वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक् संस्थांश्च निर्ममे ।। मनु. 1/21

3. अग्निवायुरविभ्यस्तु त्रयं ब्रह्म सनातनम् ।
दुदोह यज्ञसिद्ध्यर्थं ऋग्यजुस्सामसंज्ञकम् ।। मनु. 1/23

4. ऋग्भ्यो जातां सर्वशो मूर्तिमाहुस्सर्वा गतिर्याजुषी हैव शश्वत् ।
सर्वं तेजः सामरूप्यं हि शश्वत् सर्वं हेदं ब्रह्मणा हैव सृष्टम् ।। तै.ब्रा. 3.12.9

5. तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे ।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत ।। ऋग्वेद. 10.90.9

6. अथ स सर्वाणि भूतानि पर्यैक्षत् त्रय्यामेव विद्यायां सर्वाणि
भूतान्यपश्यत् ।। श. ब्रा. 10.4.2.21

7. तस्य वा एतस्याग्नेर्वागेवोपनिषत् वाचा हि चीयते ।
ऋचा यजुषा साम्ना ।। श.ब्रा. 10.5.1.1

8. सा वा एषा वाक् त्रेधा विहिता—ऋचो यजूंषि सामानि ।
तेनाग्निस्त्रेधा विहितः ।। श.ब्रा. 10.5.1.2

9. सा या सा वाक्—असौ स आदित्यः । स एष मृत्युः ।
—श.ब्रा. 10.5.1.4

10. यदेतन्मण्डलं तपति तन्महदुक्थं, ता ऋचः स ऋचां लोकः । यदेतदर्चि
र्दीप्यते तन्महाव्रतं, तानि सामानि, स साम्नां लोकः । अथ य एष
एतस्मिन्मण्डले पुरुषः सोऽग्निः तानि यजूंषि स यजुषां लोकः ।
सैषा त्रय्येव विद्या तपति । 10.5.2. 1.2

11. त्रयो ह वै समुद्राः । अग्निर्यजुषां, महाव्रतं साम्नां, महदुक्थं ऋचाम् ।
—श.ब्रा. 9.4.3.12

12. ऋक्-सामे वै इन्द्रस्य हरी । ऐ.ब्रा. 8.6.24

13. स (प्रजापतिः) एतानि त्रीणि ज्योतींष्यभ्यतप्यते । सोऽग्नेरेवर्चोऽसृजत,
वायोर्यजूंषि, आदित्यात्सामानि । कौ. ब्रा. 6/10

14. स (प्रजापतिः) भूरित्येव ऋग्वेदस्य रसमादत्त सोऽयं पृथिव्यभवत् । तस्य
यो रसः प्राणेदत् सोऽग्निरभवद्रसस्य रसः । भुव इत्येव यजुर्वेदस्य रसमादत्त
तदिदमन्तरिक्षमभवत् तस्य यो रसः प्राणेदत् स वायुरभवद्रसस्य रसः । स्वरि-
त्येव सामवेदस्य रसामदत्त सः द्यौरभवत् । तस्य यो रसः प्राणेदत् स
आदित्योऽभवद्रसस्य रसः ।। जै.उ.ब्रा. 1.1. 1-5

15. इयमेव ऋक्, अग्निः साम । अन्तरिक्षमेव ऋक् वायुस्साम । द्यौरेव ऋक्
आदित्यः साम । नक्षत्राण्येव ऋक् चन्द्रमाः साम ।। छा. उप. 1/6

One can go on quoting many such passages to prove that the word Veda and its division into ऋक्, यजुस् and साम have a much deeper meaning than what is normally understood by us. Ojhaji

made maximum use of these statements and brought out many interesting details about the nature and purpose of the Vedas. All these details are said to be contained in his work वेद समीक्षा which is so far not available to us. Motilal Sharma in his exposition of तात्विक वेद in his उपनिषद्विज्ञानभाष्यभूमिका has dealt with many concepts of our Maharsis on Veda.. Ojha's other works also contain to some extent the elaboration of these concepts.

We give below some salient points emerging out of the above exposition.

1. The word Veda is intimately connected to the creative processes in Nature. Since the creative processes in Nature are infinite the Vedas also are infinite (अनन्ताः). Since they occur in Nature they are not the product of the human mind (अपौरुषेय).
2. The words ऋक्, यजुस् and साम have distinct meanings in the creative process. The ऋक्s give rise to physical form of the object. All the movement is attributed to यजुस्. साम is responsible for the Mahima (or Tejas) part of the object. In other words the Veda principle involving ऋक्, यजुस् and साम enters into every object of creation.
3. The sun who may be conceived as the embodiment of Prajapati the creator, is also a typical example of the embodiment of all the three Vedas and therefore the saying goes एषा त्रयी विद्या तपति. The disc of the sun represents the ऋक्s, the halo around the sun represents the साम and the purusa inside represents the यजुस्.
4. Prajapati is the Atman of the cosmos and has three attributes viz. मनस्, प्राण and वाक्. The Veda which can be conceived as his mahima has also the same three attributes viz. मनस्, प्राण and वाक्. The manas part produces विज्ञान, the प्राण part runs the yajna cycle and the वाक् part fills the entire space.
5. To look at in another way, it was believed that prana is the origin of the universe and is manifold in nature. It is called ऋषि (प्राणा वा ऋषयः). The operation of the pranas extend to the entire universe and is responsible for the creation of all that we see in the universe. This operation can rightly be called Veda of the Supreme Lord of creation (स्वयंभू ब्रह्म) or "ब्रह्मनिश्वसित वेद".
6. The ऋक् deals with the material part of the created object. It provides a seat for the manas and प्राण to operate. The

centre about which creation proceeds is called उक्थ. A series of such centres of creation is called महदुक्थ.. It is also called ऋचां समुद्रः. The influence of the created object is felt upto a certain distance. If the object is bright it shows itself as radiance round the object. Since the degree of influence is the same at any distance all round, the radiance round the object is called साम.

7. The movement within the mandala is yajus. In other words the वाक् part of the created object is covered by ऋक्, the प्राण part of it by yajus and the manas part of it by साम. प्राण is subtler than वाक् and manas is subtler than प्राण. The earth which is really conceived as Agni pinda is solid, the air above it subtler and the space above it is rarer that the atmosphere. That is why ऋग्वेद is called Agniveda, the Yajurveda वायव्यवेद Veda and the साम Veda Jyotirveda or आदित्य Veda. It is interesting to note the first ऋक् in ऋग्वेद - deals with Agni of the earth (पुरोहितम्). The Yajurveda starts with the propitiation of वायव्याग्नि (वायवस्थः) and the सामवेद begins with the propitiation of आदित्याग्नि that is far away (अग्न आयाहि). It may be incidentally noted that साम is three times ऋक् (तृचं साम) has its origin in the fact that the circumference is three times the diameter.

8. We have already seen that the moving force in any object of creation is yajus. The motion takes place with respect to a steady back ground. The movement of wind in space constitutes yajus. जुः is आकाश and यत् is movement.

9. The background of establishment of an object of creation is called ब्रह्मा. The movement towards the centre of the object is विष्णु and that away from the centre of the object is Indra. In other words Indra is the force which tends to disintegrate the form of the object and विष्णु is the force which opposes it and maintains the form.

10. Another important aspect of creation is छन्दस्. ऋक् and साम are controlled by chandas while yajus which is established on them does not have a chandas of its own. That is why it is said ऋक् सामे इन्द्रस्य हरी.

11. The Somaveda mainly deals with the primordial waters (आपः) in the region above the sun. Somaveda is also called Brahmaveda or Atharva Veda. All the four Vedas thus take part in creation. In other words Agni and Soma are the two fundamental entities that take part in creation. Agni is the eater of food (अन्नाद) and Soma is food (anna). The whole

universe is created and sustained by this अन्न-अन्नाद principle.

12. आकाश is an important medium for the origin and propagation of the Vedas. Both प्राण and वाक् (matter) fill this आकाश. It is immaterial whether वाक् is the origin of Veda or प्राण is the origin of Veda. Both are indispensable parts of the universal आत्मा which pervades the entire space. आकाश is of three kinds, परमाकाश, पुराणाकाश and भूताकाश. परमाकाश is the infinite ब्रह्माकाश. पुराणाकाश is the region of operation of Indra प्राण, the controlling प्राण of all प्राणs. It is also called इन्द्राकाश. भुताकाश is the region of propagation of sound and the region of origin of all forms of life as are known to us. It is in this region the human mind has the maximum operation.

13. Sound (शब्द) constitutes an important means of communication of knowledge. The creative processes can be conceived as revealing themselves in the form of sound and if these sounds can be interpreted in terms of knowledge about the processes, then this forms the basis of शब्दवेद or शब्द ब्रह्म. To give one example of sound communicating knowledge take thunder-storm. From an intelligent analysis of the sounds produced by thunder, the Vedic seers inferred the details of the on-coming rainfall intensity. It will be interesting to the readers to note that several rainfall forecasting rules exist in post-Vedic literature based merely on the sounds emanating from thunder. Incidentally we understand why so much importance was given to the proper intonation of the letters, while the Vedas were recited. In course of time when communication of knowledge through sounds or oral expression became possible the Vedic seers produced the शब्द Veda or Veda Mantras as we have today in books. In other words शब्द Veda which is पौरुषेय वेद is the expression of the seers to whom the creative processes revealed themselves when they were earnestly trying to discover the laws of Nature. They passed on their direct knowledge orally to others who did not have the mental capacity to acquire it themselves. Since hearing plays an important part in communication, the Vedas are also called श्रुतिः.

14. We may also reason this way. Of the three attributes of वेदात्मा viz. मनस्, प्राण and वाक्, the वाक् part is of two kinds. One is in the form of शब्दब्रह्म and the other is in the form of अर्थ-ब्रह्म. Agni is अर्थ and therefore we have आग्नेयवाक् and शाब्दिकवाक् which give rise to आग्नेय वेद and शाब्दिक वेद. आग्नेय Veda which may also be called विज्ञान Veda is part of ईश्वर himself and is therefore अपौरुषेय. शाब्दिक वेद which may also

be called शास्त्र वेद is पौरुषेय. शब्द वेद represents the शरीर of Veda while विज्ञान वेद represents the आत्मा of Veda.

There are many more interesting details about Veda explained by both Ojha and Motilal Sharma. The reader is referred to the original works of these scholars. Ojhaji analysed the relation between Veda and Dharma also. A short account of this analysis is given by the author in a separate paper.

Ojha's contribution to our understanding of Vedic Cosmogony (ब्रह्मविज्ञान) is unparalleled in the research contributions to this subject. His works ब्रह्मसमन्वय, ब्रह्मविनय, ब्रह्मचतुष्पदी and ब्रह्मसिद्धान्त form a group in which the concept of Brahman has been analysed from various angles based on the statements in the Vedas, Brahmanas, Upanisads and Gita. It is not possible in this short paper to go into all details of his analysis. We would therefore confine ourselves to merely outlining his achievements.

1. In Vedic literature (including Brahmanas and Upanisads) we come across many terms which represent Atma or Brahman. They are, निर्विशेष, परात्पर, अव्यय, अक्षर, क्षर, विश्वात्मा, जीवात्मा, विश्वातीतः, गूढोआत्मा निर्गुणः निष्कलः निर्विकारः षोडशीपुरुषः प्रजापतिः, चिदात्मा क्षेत्रज्ञः, ईश्वरः, परमेश्वरः, पुरुषोत्तमः and so on. There are also many contradictory passages in literature about the nature of Atman or Brahman. Nobody before Ojha, ever tried to analyse the real meanings of these terms and reconcile the various contradictory passages. Ojha took great pains to examine all the passages carefully and gave us a clear picture of the meanings of these terms and their role in the creative process.

2. Ojha analysed ब्रह्म as चतुष्पात् and defined the padas as निर्विशेष, परात्पर पुरुष and पुर. While निर्विशेष is Brahman in the pure Rasa state and is described in the Vedas and Upanisads, as निर्धर्मक, अनिर्वचनीय, अचिन्त्य, अपरिमेय etc., परात्पर is the stage where both Rasa and Bala are present in an unlimited background and renders Him all powerful (सर्वशक्तिमान्) and all knowing (सर्वज्ञः). Both Rasa and Bala are one and are not distinguishable from each other in this stage. Purusa is the stage where bala builds itself in the background of rasa and gives rise to regions of active प्राण. This Pwrusa is of three kinds viz., Avara, Paravara and Para. These are also called क्षर, अक्षर and अव्यय. The Pura stage is the cosmos or शरीर in which the Purusa lives. While निर्विशेष and परात्पर are limitless, पुरुष is subjected to limit and is directly involved in creation.

3. Avyaya is ज्ञानस्वरूप, Aksara is कर्मस्वरूप and Ksara is अर्थस्वरूप.

In other words there are only three entities in the cosmos viz., ज्ञान, क्रिया and अर्थ and these three have their origin in Avyaya, Aksara and ksara respectively. When manas appears in the ocean of rasa and bala, as a result of build up of bala, the Avyaya stage is reached. As a result of further build up both inside and outside manas, four more kalas of Avyaya come into existence. While the build up inside gives rise to विज्ञान and आनन्द, the build up outside gives rise to प्राण and वाक्. Thus अव्यय has five kalas viz., आनन्द, विज्ञान, मनस्, प्राण and वाक—Avyaya is called the prime Atma (मुख्य आत्मा). If the manas tends towards विज्ञान and आनन्द, it leads to मुक्ति of the आत्मा and if it tends towards प्राण and वाक् it leads to bondage. That is why the saying goes :

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः ।

4. अक्षर Purusa resides in the प्राण part of Avyaya Purusa. He is responsible for activity (क्रिया) and has three components ब्रह्मा, विष्णु and इन्द्र, which are otherwise named प्रतिष्ठाशक्ति, आकर्षणशक्ति and विक्षेपणशक्ति. The first is responsible for the maintenance of form of the object, the third one throws out matter from the object and the second one fills up the void by bringing matter from outside. In addition to the above, Agni and Soma are also the kalas of अक्षर Purusa. Thus अक्षर Purusa also has five kalas.

5. क्षर Purusa resides in the वाक् part of Avyaya and is responsible for the material part of the cosmos. In the creative process Avyaya Purusa (also called Purusothama) provides the basic support (आलम्बन), Aksara Purusa constitutes instumental cause (निमित्तकारण) and क्षर purusa constitutes material cause (उपादानकारण). क्षर purusa also has five kalas and they are exhibited at all the three levels viz., आधिभौतिक, आधिदैविक and आध्यात्मिक प्राणः आपः, वाक्, अन्न and अन्नाद are its kalas at the आधिभौतिक level. At the आधिदैविक level they are स्वयंभू, परमेष्ठी, सूर्य, चन्द्र and पृथ्वी. All these constitute the ब्रह्माण्ड which forms a branch of the विश्ववृक्ष. At the आध्यात्मिक level they are, कारण, सूक्ष्म and स्थूल शरीर as well as प्रजा and वित्त. The whole cosmos is filled with kalas of क्षर purusa.

6. The purusa with his fifteen kalas has the support of परात्पर and is called षोडशीप्रजापति. Ojha goes into great detail about the creative processes not found in any other works. No other author has dealt with the role of pranas in creation in the way he has explained. It will take several years of hard work to master his writings.

At the आध्यात्मिक level the concept of Atma has been dealt with by him in great detail. His work entitled आत्मनिवित् is not available to us. However, the same subject has been dealt with by him in his other works also. Motilal Sharma has given an excellent exposition of आत्मस्वरूप and आत्मगति in his works. चिदात्मा, शान्तात्मा, महानात्मा, विज्ञानात्मा, प्रज्ञानात्मा, भूतात्मा have all been explained by him in great detail. Many contradictory statements in the Vedas, Brahmanas and Upanisads regarding the nature and final destiny of the Atman (आत्मगति) have been explained and reconciled. Never in the past such an analysis has been attempted by any other author.

Since yajna is the basic process involved in creation it gets detailed treatment at the hands of Ojha. His work entitled यज्ञसमीक्षा is not available to us. However, this subject is dealt with in other works also. Motilal Sharma also deals with यज्ञ in many of his works.

The concept of Prajapati is nowhere so clearly explained as in the works of Ojha and Motilal Sharma. Ojha's analysis of the ten schools of thought prevalent during the Vedic period regarding the origin of the cosmos gives him the highest place among the scholars of all times. His works on these ten schools (वादs) contain the essence of Vedic Metaphysics.

Ojha's contributions to the interpretation of Vedic terminology enable us to understand the correct meanings of many words occurring in Vedas, Brahmanas and Upanisads. Words like, ऋत, सत्य, रस, बल, माया, वयोनाध, ऋषि, आभु, अभ्व, इन्द्र, स्वाहा, स्वधा, वषट्कार, सावित्री, गायत्री, ज्ञान, विज्ञान छन्दस् etc. receive masterly analysis at his hands. The elaboration of each of these would demand separate paper for each and therefore the author would not attempt it here.

In the light of his analysis of the Brahmanas, Ojha has reconciled many statements in the दर्शन ग्रन्थs. He has shown that while the वैशेषिक दर्शन stops with क्षर आत्मा, and सांख्यदर्शन stops with अक्षरात्मा, the वेदान्तदर्शन and गीता reach upto अव्ययात्मा.

There are many other works of Ojha which are equally important. Mention may be made of इन्द्रविजयः, जगद्गुरुवैभवम्, महर्षिकुलवैभवम्, कादम्बिनी, अत्रिख्याति, यज्ञमधुसूदनः and पथ्यास्वस्तिः. They cannot be dealt with here for want of space. The author's main interest in writing this paper is to create an awareness among scholars and to bring to their attention this neglected but most outstanding scholar of all times.

Ojha's language is simply marvellous. We see the beauty of Sanskrit language in his writings. Poetry flows so easily from his mind and reflects the richness of his many-sided personality.

DR. A. S. RAMANATHAN

भूमिका

मन्दमन्दस्फुरत्तन्त्रीं निहन्त्रीं सकलापदाम् ।
स्फालयन्तीं मतिप्राप्त्यै सारदां शारदां नुमः ।।

पण्डितमधुसूदन ओझा की कृति 'वर्णसमीक्षा' का वर्णमाला के विवरण देने में वैसा ही महत्त्वपूर्ण स्थान है जैसा स्थान लिपिमालाओं के वर्णन करने में पण्डित गौरीशङ्कर हीराचन्द ओझा की कृति 'प्राचीन लिपिमाला' का है ।

> अपनी एक अन्य कृति पथ्यास्वस्ति में ओझा जी ने कहा है कि 'अवयवपरिच्छेद ही मात्रा है तथा वर्ण ध्वनि के परिच्छेद हैं अतः इन वर्णों को 'मात्रा एव मात्रिका' व्युत्पत्ति से स्वार्थ में 'क' प्रत्यय करके मात्रिका नाम से अभिहित किया जाता है । मात्रिका शब्द ही उच्चारण की समानता से 'मातृका' कहलाता है अथवा यह वर्णमाला मातृवत् भिन्न-भिन्न देश भाषाओं की जननी है, इसी साम्य से वर्णमाला को मातृका कहा जाता है ।'[1]

इस मातृका पर पण्डित ओझा ने मुख्यतः दो ग्रन्थों में विचार किया है—पथ्यास्वस्ति तथा प्रस्तुत ग्रन्थ । पथ्यास्वस्ति की भूमिका में उसका वैशिष्टच तो बता ही दिया गया है; अतः इस भूमिका में वर्णसमीक्षा की वर्ण्यवस्तु का किञ्चिद् विवेचन समीचीन होगा ।

पण्डित ओझा ने उन मातृकाओं को आर्यमातृका कहा है जिनमें स्वर और व्यञ्जन पृथक् रहते हैं, जहाँ ऐसा नहीं होता वे अनार्य मातृकायें हैं, आर्यमातृका चार हैं—ब्रह्म, अक्ष, सिद्ध और भूत । अनार्यमातृकाओं में होड़ामातृका को भी आर्यों ने अपना लिया । इन पाँचों प्रकार की मातृकाओं में ये सभी वर्ण हैं जो आज प्रयोग में आते हैं किन्तु उनके क्रम में पर्याप्त भेद है । ब्रह्ममातृका में ये वर्ण विशेष हैं कुं खुं गुं घुं, ≍ क ≍ प । अक्षमातृका में दीर्घ ॡ तथा ळ का भी समावेश है । रुद्रमातृका में प्रत्याहारसूत्र में आने वाले सभी वर्णों का समावेश है किन्तु उनका क्रम किञ्चित् भिन्न है ।

इन मातृकाओं के वर्णन में पं. ओझा ने प्रातिशाख्यों को आधार बनाकर कुछ ऐसी सञ्ज्ञाओं का विवेचन किया है जिनका विवरण प्रायः पाणिनीय व्याकरण पढ़ने वाले

---

1 अवयवपरिच्छेदो मात्रा । ध्वनिपरिच्छेदानां वर्णत्वमिति वर्णात्मिका परिच्छित्तिर्मात्रिका भवति । उच्चारणसामान्यान्मातृका । अपि वा जनन्यां मातृशब्दः प्रसिद्धः । जनयित्री हीयं वर्णमाला तत्तद्देशभाषाणामिति मातृकाख्यायते । पथ्यास्वस्ति, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, १९६९, पृ. २१

नहीं जानते । सिम्, नामि, भावी जित्, मुत्, घि[1] । हमने प्रयत्न किया है कि इन सञ्ज्ञाओं के मूल प्रातिशाख्यों से खोज कर दे दिये जायें । ये पादटिप्पण इस बात के सूचक हैं कि पं. ओझा ने जो भी विवेचन किया है उसका आधार मूलस्रोत ग्रन्थों में है भले ओझाजी उन मूलस्रोतग्रन्थों का सन्दर्भ दें या न दें । जिसे आजकल हम बारहखड़ी नाम से जानते हैं तथा जिस वर्णमाला का प्रयोग हिन्दी की प्राथमिक पुस्तकों में रहता है वह अक्षमातृका है ।

इन मातृकाओं के अन्तर्गत आये हुए स्वर-व्यञ्जनादि सञ्ज्ञाविशेष के सम्बन्ध में प्रातिशाख्यादि ग्रन्थों में विस्तृत विवेचन किया गया है उसका संक्षिप्त सिंहावलोकन अप्रासङ्गिक न होगा ।

स्वर—वर्ण विशेष का अवबोधक 'स्वर' 'शब्द' 'स्वृ' शब्दोपतापयोः धातु से अच् प्रत्ययान्त होकर निष्पन्न होता है । इसके विषय में विचार प्रस्तुत किये जा रहे हैं—

ऋग्वेद प्रातिशाख्य के '**एते स्वराः**'[2] के भाष्य में आचार्य उवट ने स्पष्ट किया है कि '**स्वर्यन्ते शब्द्यन्त् इति स्वराः**' । अर्थात् अन्य वर्ण की सहायता के बिना उच्चारित वर्ण 'स्वर' कहलाते हैं ।

तैत्तिरीय प्रातिशाख्य के १-५—पर 'वैदिकाभरण' ग्रन्थ में प्रतिपादित किया गया है कि '**स्वयं राजन्ते नान्येन व्यज्यन्त इति स्वराः** ।'

पाणिनीय शिक्षा के—

'**स्वरा विंशतिरेकश्च स्पर्शानां पञ्चविंशतिः**[3] श्लोक पर पञ्जिका विवृतिकार ने कहा है कि '**स्वरा इति 'स्वृ' शब्दोपतापयोः, स्वर्यते शब्द्यतेऽनेन व्यञ्जनमिति करणे अच् प्रत्ययः**' अर्थात् व्यञ्जनों के उच्चारण में सहायक होने से ये 'स्वर' कहलाते हैं । इस बात को याज्ञवल्क्यशिक्षा की शिक्षावल्ली नामक विवृति में कहा गया है—'**स्वर्यते शब्द्यते व्यञ्जनमेभिः स्वेन राजन्त इति वा**[4] अर्थात् ये स्वर इसलिये कहे जाते हैं क्योंकि इनके द्वारा व्यञ्जनों का उच्चारण होता है ।

व्यञ्जन—'व्यञ्जन' शब्द 'वि' उपसर्गपूर्वक अञ्ज् धातु से निष्पन्न है । ऋग्वेद प्रातिशाख्य के '**सर्वः शेषो व्यञ्जनान्येव**[5] सूत्रभाष्य में उवट ने 'व्यञ्जन' की व्याख्या

---

1 वर्णसमीक्षा, पृष्ठ ५-६

2 डा. वीरेन्द्र कुमार वर्मा-ऋग्वेद प्रातिशाख्य (एक परिशीलन) वाराणसी, १९७२, पृ. ४-५

3 वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी-पाणिनीयशिक्षा, वाराणसी १९७९, पृ. ६३७

4 याज्ञवल्क्य शिक्षा-(सम्पा. श्री अमरनाथ शास्त्री) वाराणसी, विक्रमाब्द १९९४, पृ. ७६

5 ऋग्वेदप्रातिशाख्य (सम्पा. डा. वीरेन्द्र कुमार वर्मा) वाराणसी, १९७०, १।६

करते हुए लिखा है—"**व्यञ्जयन्ति प्रकटीकुर्वन्त्यर्थानिति व्यञ्जनानि**" अर्थात् अर्थों को प्रकट करने के कारण ये व्यञ्जन कहलाते हैं। तात्पर्य यह है कि व्यञ्जन के परिवर्तित हो जाने पर शब्दों के अर्थ भिन्न हो जाते हैं, भले ही स्वरों में परिवर्तन न हो।

तैत्तिरीय प्रातिशाख्य के १/६ सूत्र पर वैदिकाभरण में कहा गया है—"परेण स्वरेण व्यज्यत इति व्यञ्जनम्" अर्थात् स्वर के द्वारा उच्चारित होने के कारण ये वर्ण 'व्यञ्जन' कहलाते हैं।

ऋग्वेद प्रातिशाख्य में स्वर सञ्ज्ञाविधायक 'एते स्वराः'[1] सूत्र में ये बारह स्वर पढ़े गये हैं—अ आ ऋ ॠ इ ई उ ऊ ए ऐ ओ औ। इन्हें समानाक्षर एवं सन्ध्यक्षर रूप से दो श्रेणियों में विभक्त किया गया है। इनमें प्रथम आठ (अ आ ऋ ॠ इ ई उ ऊ) समानाक्षर तथा इनके वाद वाले चार स्वर (ए ऐ ओ औ) 'सन्ध्यक्षर' रूप से अभिहित होते हैं।

अष्टौ समानाक्षराण्यादितः।[2]
ततश्चत्वारि सन्ध्यक्षराण्युत्तराणि।[3]

समानाक्षर—

यहाँ आदि के आठ स्वरों को समानाक्षर कहने का कारण यह है कि इनके उच्चारण में एकरूपता होती है। उच्चारण में प्रयुक्त जिह्वा आदि अवयव की स्थिति एवं आकृति में अन्तर नहीं आता है अथवा एक दृष्टि यह भी हो सकती है कि इन स्वरों में दो-दो 'स्वर' 'स्थान' और 'प्रयत्न' की दृष्टि से एक दूसरे के समान होते हैं। समानाक्षरसञ्ज्ञक-स्वर मूलस्वर अथवा साधारण स्वर के नाम से भी अभिहित होते हैं।

सन्ध्यक्षर—

'सन्ध्यक्षर' अर्थात् 'दो स्वरों की सन्धि से उत्पन्न अक्षर'। अकार की इकार, उकार, एकार तथा ओकार के साथ सन्धि होने पर क्रमशः एकार, ओकार, ऐकार एवं औकार की निष्पत्ति होती है। इस विषय में आचार्य उवट ने ऋग्वेद प्रातिशाख्य के १/२ सूत्र के भाष्य में स्वाभिमत प्रकट किया है—

"अकारस्य इकारेण उकारेण एकारेण ओकारेण च सह सन्धौ यान्यक्षराणि निष्पद्यन्ते तानि तथोच्यन्ते"[4]।

---

1 ऋग्वेद प्रातिशाख्य १-३
2 वही, १-१
3 वही, १।२
4 वही, १।२ सूत्र का उवटभाष्य

ये सन्ध्यक्षरसञ्ज्ञक स्वर मिश्रस्वर अथवा संयुक्तस्वर भी कहे जाते हैं।

आचार्य कात्यायन ने वाजसनेयि प्रातिशाख्य में स्वरवर्णों के अन्तर्गत आदि के आठ स्वरों की सिम् सञ्ज्ञा की है—'**सिमादितोऽष्टौ स्वराणाम्**'[1]।

वाजसनेयि प्रातिशाख्य इन स्वरों में जहाँ इकारादि सभी स्वरों को '**भावि**' संज्ञा[2] के रूप में स्वीकार करता है वहीं ऋग्वेदप्रातिशाख्य '**ऋकारादयो दश नामिनः स्वराः**[3] सूत्र के द्वारा ऋकारादि दस स्वरों की नामि सञ्ज्ञा का विधान करता है। इसके पश्चात् स्पर्श सञ्ज्ञक वर्गों के प्रथम एवं द्वितीय वर्ण तथा ऊष्मसञ्ज्ञक वर्णों में से तीन श ष स वर्णों की जित्सञ्ज्ञा का विधान है।

द्वौ-द्वौ प्रथमौ जित्[4]।
ऊष्माणश्च हवर्जम्[5]।

उपरि वर्णित (श ष स) तीन ऊष्मासञ्ज्ञक वर्णों की मुत्'[6] सञ्ज्ञा भी की गयी है। जिसका प्रयोजन 'जित्पर मुत् वर्ण बाद में होने पर पूर्व के विसर्जनीय का लोप होना है।[7] वर्णराशि के शेष अर्थात् वर्गों के अन्तिम तीन-तीन वर्ण एवं य, र, ल, व, ह ये बीस वर्ण **धि** सञ्ज्ञक होते हैं।

धिः शेषः[8]।

इस सञ्ज्ञा का प्रयोजन स्वर और धि-सञ्ज्ञक व्यञ्जन नाद में होने पर विसर्जनीय का रेफ हो जाना है।[9]

प्रत्येक वर्ग के द्वितीय (ख छ ठ थ फ) एवं चतुर्थ (घ झ ढ ध भ) वर्ण सोष्म सञ्ज्ञक होते हैं—

द्वितीयचतुर्थाः सोष्माणः[10]।

---

1 वाजसनेयि प्रातिशाख्य (सम्पा डा. वीरेन्द्र कुमार वर्मा) वाराणसी, १९७५, १।४४
2 वही, १।४६
3 ऋग्वेद प्रातिशाख्य १।६५
4 वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।५०
5 वही, १।५१
6 वही, १।५२
7 वही, ३।१३
8 वही, १।५३
9 वही, ४।३७
10 वही, १।५४

मातृका शिक्षा के अन्तर्गत मुख्य रूप से छः विषयों पर चिन्तन किया गया है — वर्णक्रमबन्ध, वर्णसंख्या, वर्णोच्चारण स्वरूप, वर्णलिपिस्वरूप, वर्णनिर्देशोपाय तथा वर्णधर्म। यहाँ वर्णधर्म के भेद से उच्चारणभेद, उच्चारणभेद से लिपिभेद, क्रमभेद तथा इन भेदों से मातृका में भी भेद देखा जाता है जिससे एक ही मातृका में वर्णों की संख्या भिन्न-भिन्न हो जाती है। वर्णनिर्देशोपाय के विषय में आचार्य कात्यायन ने वाजसनेयि प्रातिशाख्य में पूर्ण व्यवस्था प्रतिपादित की है। परन्तु इन व्यवस्थाओं का चरितार्थीकरण अधिकांशतः अनार्य मातृकाओं में ही मिलता है।

'नान्तरेणाचं व्यञ्जनस्योच्चारणमपि भवति' के आधार पर सर्वप्रथम स्वर तदनन्तर व्यञ्जन तथा अन्त में अयोगवाह के सम्बन्ध में विचार किया गया है। पं. ओझा ने यहाँ यह स्पष्ट किया है कि स्वर एवं व्यञ्जन तो मातृका के द्वारा स्वरूपतः जाने जा सकते हैं परन्तु अयोगवाह की स्थिति इनसे भिन्न है। ये मातृका में पठित न होने पर भी प्रायः लोक में व्यवहृत होते हैं। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार तो अनुस्वार, विसर्ग, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय एवं यम ही अयोगवाह के रूप में स्वीकार किये गये हैं, जो कि आश्रयस्थानभागी होते हैं—

अयोगवाहाः विज्ञेया आश्रयस्थानभागिनः[1]

तत्त्वबोधिनीकार के अनुसार—**अविद्यमानो योगः प्रत्याहारेषु सम्बन्धो येषान्ते अयोगाः। अनुपदिष्टत्वात् उपदिष्टैरगृहीतत्वाच्च प्रत्याहारसम्बन्धशून्या इत्यर्थः।**

व्याकरणमहाभाष्यकार ने अयोगवाह के सम्बन्ध में विस्तृत एवं मौलिक चिन्तन को प्रस्तुत करते हुए कहा है कि—**के पुनरयोगवाहाः? विसर्जनीयजिह्वामूलीयोपध्मानीयानुस्वारानुनासिक्ययमाः। कथं पुनरयोगवाहाः? यदयुक्ताः वहन्ति, अनुपदिष्टाश्च श्रूयन्ते**[2] अर्थात् विसर्जनीय-जिह्वामूलीयादि अक्षर-समाम्नाय में समाविष्ट न होने पर भी तत्तत्प्रत्ययमूलक कार्य का निर्वाह करते हैं।

वाजसनेयि प्रातिशाख्य के 'अथायोगवाहाः' सूत्र पर भाष्य करते हुए आचार्य उवट ने कहा है कि—**अकारादिना वर्णसमाम्नायेन सहिताः सन्तः एते वहन्त्यात्मलाभं प्राप्नुवन्तीत्ययोगवाहाः।**

योगवहत्वं चेत्थम्। योगेन अकारादिवर्णसमुदायेन सहिता सन्तः आत्मानञ्च वहन्त इत्ययोगवाहाः[3]।

---

1 वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी-पाणिनीयशिक्षा, श्लोक २२
2 व्याकरणमहाभाष्य (अनुवादक-चारुदेव शास्त्री), वाराणसी, १९६८, १।१।५
3 वाजसनेयि प्रातिशाख्य-८।१८ पर उवट एवं अनन्तभट्टकृत-भाष्य।

इन अयोगवाहों के सम्बन्ध में वास्तविकता तो यह है कि वर्णोपदेश में कहीं भी एक स्थान पर इनका उपदेश सम्भव ही न था अन्यथा सूत्रकार पाणिनि यह न्यूनता न रखते जैसा कि वार्तिकावतरणभाष्य के द्वारा इन अयोगवाहों के एक स्थल पर उपदेश की कठिनाई का समर्थन हो किया गया है—

'अथवाऽविशेषेणोपदेशः कर्तव्यः'[1] अर्थात् इन अयोगवाहों के उपयोगविशेष हेतु निश्चित रूप से एक स्थल पर नहीं तो अक्षरसमाम्नाय में कहीं भी इनका उपदेश होना चाहिये।

वस्तुतः ये अयोगवाह स्वयं में मौलिक वर्ण हैं ही नहीं। ये स्थिति-विशेष में तत्तद्-वर्णध्वनियों के उच्चारणरूपान्तर हैं। अतः ध्वनि-विज्ञान की दृष्टि से प्रयोजन की परि-पूर्ति के लिये इन्हें किसी भी प्रत्याहार में समझा जा सकता है।

पण्डित मधुसूदन ओझा ने प्रातिशाख्यादि विभिन्न प्रामाणिक ग्रन्थों का पूर्ण रूप से चिन्तन करके अयोगवाह के आठ रूपों को स्वीकार किया है जो कि विवृत्ति, स्वरभक्ति, यम, अनुस्वार, रङ्ग, हुँकार, अन्तःस्थ एवं ऊष्मा रूप हैं। प्रसङ्गवश ग्रन्थान्तर में सुलभ इन विषयों से सम्बन्धित स्पष्ट विवेचन निम्न है—

विवृत्ति

विवृत्ति अर्थात् काल के व्यवधान से दो स्वरों का पृथक्करण। लौकिक-संस्कृत में सामान्यतया जहाँ सन्धि होती है वहीं वैदिक-संस्कृत में अनेक स्थलों पर 'स्वर' वर्णों के मध्य में सन्धिविकार न होकर 'विवृत्ति' हो जाती है। पाणिनीयशिक्षा, श्लोक २४ के पञ्जिका-भाष्य में कहा गया है कि **"विवरणं विवृत्तिः स्वरयोः पृथगुच्चारणम्"** अर्थात् दो स्वरों का पृथक्उच्चारण ही विवृत्ति है। याज्ञवल्क्य की शिक्षावल्ली नामक टीका इस बात की स्पष्ट अवबोधिका है। वस्तुतः—

"द्वयोस्तु स्वरयोर्मध्ये सन्धिर्यत्र न दृश्यते।
विवृत्तिस्तत्र विज्ञेया 'य ईशेति' निदर्शनम्"॥

तेन विवेकेन पृथग्भावेन वर्तते इति विवृत्तिरिति निरुक्त्या 'य' इति पदम् 'ईशे' इति पदात् विच्छिद्योच्चार्य मध्ये याऽर्धमात्रिका विरतिः सन्ध्यभावात् भवति सा विवृत्तिः। अतएवार्ध-मात्रोच्चारणञ्ज्ञापकं खण्डाकारचिह्नं (ऽ) दीयते वैदिकैः।[2]

---

1 व्याकरणमहाभाष्य १।१।५

2 याज्ञवल्क्यशिक्षा-वर्ण प्रकरण, सन्ध्यधिकार, श्लोक ९

ऋग्वेद प्रातिशाख्य के '**स्वरान्तरं तु विवृत्तिः**[1]' सूत्र में दो स्वरवर्णों के मध्यावकाश को 'विवृत्ति' कहा गया है। 'विवृत्ति' पद के मध्य में तथा दो पदों के सन्धिस्थल पर की जाती है। ऋग्वेद-प्रातिशाख्य '**पुर एता तितउना प्रउगं नम उक्तिभिः। अन्तः पदं विवृत्तयः**[2]' सूत्र में वर्णित है कि ऋग्वेद में मात्र चार ही स्थल पर एक पद के मध्य में विवृत्ति है। यथा—

१. पुर एता—इन्द्र प्रण पुर एतेव[3]। २. तितउना-सक्तुमिव तितउना[4] ३. प्र उगम्-छन्दः किमासीत्प्रउगम्[5]। ४. नम उक्तिभिः—दाश्नोति नम उक्तिभिः[6]।

ऋग्वेद-प्रातिशाख्य के ही **अतोऽन्याःपदसन्धिषु**[7] सूत्र के अनुसार उपर्युक्त चार विवृत्तियों के अतिरिक्त अन्य सभी विवृत्तियाँ पदान्तों तथा पदादियों के मध्य में स्थित हैं। ऋग्वेदप्रातिशाख्य के अनुसार विवृत्ति दो रूपों वाली है। प्रथम रूप में ह्रस्व एवं दीर्घ भेद से दो तरह की विवृत्ति होती है। इनमें ऋग्वेद-प्रातिशाख्य में मात्र दीर्घ विवृत्ति का ही विधान मिलता है। 'यतो दीर्घस्ततो दीर्घा विवृत्तयः[8]' सूत्र के अनुसार जहाँ कम से कम एक ओर दीर्घ स्वर होता है वहाँ दीर्घविवृत्ति होती है। यथा—

१. गोषा इन्द्रो नृषा असि[9]। २. य आनयत्परावतः[10]। ३. ता आपो देवीरिह माम-वन्तु[11]। इन उदाहरणों में कहीं पूर्ववर्ती एवं कहीं दोनों तरफ दीर्घ स्वर होने के कारण दीर्घ-विवृत्ति का विधान हुआ है। ह्रस्व-विवृत्ति वहाँ होती है जहाँ विवृत्ति के दोनों तरफ ह्रस्व स्वर होते हैं। यथा—१. प्र ऋभुभ्यः[12]। २. प्र अदर्शि[13]।

विवृत्ति के द्वितीय रूप में विवृत्ति की संख्या के आधार पर ऋग्वेद-प्रातिशाख्य में दो तरह की विवृत्ति बतलायी गयी है। १. सामान्य विवृत्ति २. द्विषन्धि विवृत्ति।

---

1 ऋग्वेद-प्रातिशाख्य २।३
2 वही, २।१३
3 ऋग्वेद, ६।४७।७
4 वही, १०।७१।२
5 ऋग्वेद, १०।१३०।३
6 वही, ८।४।६
7 ऋग्वेद-प्रातिशाख्य २।१४
8 ऋग्वेद-प्रातिशाख्य २।७९
9 ऋग्वेद ९।२।१०
10 वही, ६।४५।१
11 वही, ७।४९।१
12 वही, ४।३३।१
13 वही, ७।८१।१

यहाँ 'द्विषन्धयस्तूभयतः स्वराः'[1] सूत्र में प्रतिपादित किया गया है कि जिनमें एक मध्यवर्ती स्वर के दोनों ओर स्वर हों वे द्विषन्धि विवृत्तियाँ कहलाती हैं। यथा-१. अभूदु भा उ अंशवे[2] तस्मा उ अद्य समना सुतं भर[3]। इसके विपरीत सामान्य विवृत्ति वहां होती है जहाँ मात्र एक विवृत्ति होती है। यथा—१. प्र ऋभुभ्यः[4] २. प्रत्यु अदर्शि[5] ३. नू इत्था ते[6]।

विवृत्ति के काल-निर्धारण के विषय में ऋग्वेद प्रातिशाख्य के 'सा वा स्वरभक्तिकाला'[7] सूत्र में प्रतिपादित है कि विवृत्ति विकल्प से स्वरभक्ति के काल वाली होती है। यहाँ आचार्य उवट ने भाष्य के द्वारा यह स्पष्टीकरण दिया है कि दोनों ओर ह्रस्व स्वर होने पर चौथाई मात्रा वाली विवृत्ति एवं दोनों ओर दीर्घ स्वर होने पर तीन चौथाई मात्रा काल वाली विवृत्ति होती है।

स्वरभक्ति

स्वरभक्ति अर्थात् 'स्वर वर्ण के द्वारा विभक्त करना'। रेफ या लकार के बाद में 'व्यञ्जन' के आने पर रेफ या लकार का उच्चारण सरलता से नहीं होता है। इस असुविधा के निराकरण हेतु उन संयुक्त व्यञ्जनों की किन्हीं परिस्थितिविशेष में एक अति ह्रस्व स्वरवर्ण का आगम होता है जिससे संयुक्त व्यञ्जन दो भागों में विभक्त हो जाता है, इसी विभक्तावस्था को स्वरभक्ति की सञ्ज्ञा दी जाती है अथवा स्वरभक्ति का दूसरा अर्थ है स्वरवर्ण का भाग या अंश। ह्रस्व स्वरवर्ण एकमात्रिक होता है किन्तु 'स्वरभक्ति' 'ह्रस्व स्वर' वर्ण का भी कुछ अंश ($\frac{1}{2}$ या $\frac{1}{4}$ मात्रा) होती है। इसीलिए इसे स्वरभक्ति कहते हैं। ऋग्वेद प्रातिशाख्य के '**स्वरभक्तिः पूर्वभागक्षराङ्गम्**'[8] पर आचार्य उवट ने कहा है कि 'स्वरभक्ति' स्वरवर्ण का प्रकार है (स्वरभक्तिः स्वरप्रकार इत्यर्थः)।

तैत्तिरीय प्रातिशाख्य के सूत्रसंख्या २१/१५ पर त्रिभाष्यरत्न में प्रतिपादित किया गया है कि—'स्वरस्य भक्तिः स्वरभक्तिः। योऽस्य रेफस्य समान करणः स्वरः तद्भक्तिः स्यात्। ऋकारश्चास्य जिह्वाग्रकरणत्वेन रश्रुत्या च समान धर्मः। भक्तिः अवयवः एकदेशः।"

---

1 ऋग्वेद प्रातिशाख्य २।८०
2 ऋग्वेद १।४६।१०
3 वही, ८।६६।७
4 ऋग्वेद ४।३३।१
5 वही, ७।८१।१
6 वही, १।१३२।४
7 ऋग्वेद प्रातिशाख्य २।४
8 वही, १।३२

तैत्तिरीय प्रातिशाख्य के २१/१५ सूत्र पर ही वैदिकाभरण में कहा गया है—भक्ति शब्द का अर्थ है धर्म। स्वर के समान धर्मवाला। 'भज्यते इति भक्तिः धर्मः। स्वरस्येव भक्तिर्यस्य स तथोक्तः स्वरधर्मो भवतीति'।

स्वरभक्ति के स्थल के विषय में आचार्य शौनक ने कहा है कि "रेफात्स्वरोपहिताद्व्यञ्जनोदयादृकारवर्णा स्वरभक्तिरुत्तरा"[1] अर्थात् 'स्वर' वर्ण पूर्व में तथा व्यञ्जन वर्ण बाद में हो जिसके ऐसे रेफ से बाद में ऋवर्णात्मक स्वरभक्ति होती है। यहाँ आचार्य शौनक ने रेफ के बाद में ही 'स्वरभक्ति' को बतलाया है। इन्होंने लकार के पश्चात् 'स्वरभक्ति' के आगम को नहीं कहा है, परन्तु भाष्यकार उवट ने 'अक्रान्तोष्मप्रत्ययाभावमेके'[2] सूत्र के भाष्य में स्वरभक्ति के उदाहरण के रूप में जल्हवः[3] को प्रस्तुत किया है तथा 'स्वरभक्तिः पूर्वभागक्षराङ्गम्'[4] के भाष्य में स्पष्ट भी कर दिया है कि 'स्वरभक्ति' रेफ या लकार से सम्बद्ध होती है। रेफ से बाद वाली 'स्वरभक्ति' रेफ के सदृश तथा लकार के बाद वाली 'स्वरभक्ति' लकार के सदृश होती है ('सा स्वरभक्तिः पूर्वं रेफं लकारं वा भजते। रेफादुत्तरा रेफसदृशी भवति लकारादुत्तरा लकारसदृशी भवति।') इस प्रकार शतवल्शः[5] और जल्हवः[6] में स्वरभक्ति लकार के सदृश है अर्थात् उसका उच्चारण ऌ के सदृश है।

वास्तव में रेफ और लकार का घनिष्ठ सम्बन्ध है और एक के विषय में विहित नियम दूसरे पर भी लागू होता है। इसलिए भाष्यकार उवट ने 'लकार' के बाद में जो स्वरभक्ति की सत्ता को माना है वह सर्वथा संगत है।[7]

स्वरभक्ति ह्रस्व एवं दीर्घ रूप से दो तरह की होती है। ऊष्म वर्ण के बाद में होने पर दीर्घ स्वरभक्ति होती है यथा—कर्हि[8]। अदर्शि[9]। जल्हवः[10]। शतवल्शः[11]।

ऊष्म वर्ण के अतिरिक्त अन्य स्पर्श वर्णों के होने पर तथा द्वित्व को प्राप्त ऊष्म वर्ण

---

1 ऋग्वेद प्रातिशाख्य ६।४६
2 ऋग्वेद प्रातिशाख्य ६।५२
3 ऋग्वेद ८।६१।११
4 ऋग्वेद प्रातिशाख्य १।३२
5 ऋग्वेद ३।८।११
6 वही, ८।६१।११
7 ऋग्वेद प्रातिशाख्य (एक परिशीलन) पृ. ६९-७०
8 ऋग्वेद ५।७४।१०
9 वही, १।४६।११
10 वही, ८।६१।११
11 वही, ३।८।११

बाद में होने पर ह्रस्व स्वरभक्ति होती है। यथा—१. अर्चन्त्यर्कमर्किणः[1] २. वष्र्यान्[2] ३. अदश्शर्यायती[3]।

यम

यम अर्थात् युगल अथवा जोड़े में से एक। वस्तुतः अननुनासिक तथा अनुनासिक स्पर्शवर्णों के मध्य में आगम होने से एक अनुनासिकभिन्न स्पर्शसञ्ज्ञक वर्ण के स्थान पर दो वर्ण (युगल) हो जाते हैं। इस युगल में द्वितीय वर्ण 'यम' कहलाता है।

पण्डितमधुसूदन ओझा ने इस सम्बन्ध में 'अन्तः पदेऽपञ्चमः पञ्चमेषु विच्छेदम्, ऊष्मभ्यः परेषु यमापत्तिर्दोषः[4]' सूत्र को उद्धृत किया है जिसकी व्याख्या में वर्णप्रदीपकार ने 'विच्छेद इति यमसंज्ञा' कहा है। आचार्य पराशर ने 'यम' को अशरीरी माना है।

जकारौ द्वौ मकारश्च रेफस्तदुपरि स्थितः।
अशरीरं यमं विद्यात् सम्मार्ज्मीति निदर्शनम्॥[5]

ऋग्वेद प्रातिशाख्य में 'यम' का लक्षण करते हुए कहा गया है कि अनुनासिक स्पर्श वर्ण के बाद में होने पर अननुनासिक स्पर्श वर्ण 'यम' हो जाते हैं।

स्पर्शा यमाननुनासिकाः स्वान्परेषु स्पर्शेष्वनुनासिकेषु।[6]

ऋग्वेद-प्रातिशाख्य इस 'यम' को आगम न मानकर यम-सञ्ज्ञक 'नासिक्य' वर्ण मानता है जबकि तैत्तिरीयप्रातिशाख्य, अथर्ववेदप्रातिशाख्य, नारदीय शिक्षा आदि ग्रन्थ मानते हैं कि अननुनासिकस्पर्शवर्ण के बाद अनुनासिकस्पर्शवर्ण होने पर उन दोनों के मध्य में अनुनासिकस्पर्श से अतिरिक्त एक नासिक्य वर्ण का आगम होता है जिसे 'यम' कहते हैं।

पाणिनीय शिक्षा के चतुर्थ श्लोक पर पञ्जिका भाष्य में यह प्रतिपादित किया गया है कि नारद तथा औदव्रजि प्रभृति आचार्यों ने 'यम' को आगम माना है किन्तु आचार्य शौनक ने 'यम' को वर्णापत्ति माना है—

---

1 ऋग्वेद, १।१०।१

2 वही, ५।८३।३

3 वही, ७।८१।१

4 वाजसनेयि प्रातिशाख्य, ४।१६३,६४

5 अमोघनन्दिनीशिक्षा (यह श्लोक पथ्यास्वस्ति ग्रन्थ के मूल में पृष्ठ ९ पर उद्धृत है।)

6 ऋग्वेद प्रातिशाख्य ६।२९

"नारदौद्व्रज्योर्मतेन यमो वर्णागम इति विधीयते अन्ये तु यमं वर्णापत्तिं मन्यन्ते ।" तथा चाह शौनकः—"स्पर्शा यमाननुनासिकाः स्वान्परेषु स्पर्शेष्वनुनासिकेषु[1] ।।" यमों की संख्या के विषय में ऋग्वेद प्रातिशाख्य में विशेष कुछ नहीं कहा गया है, परन्तु वहाँ इतना प्रतिपादन तो है कि 'यम' अपनी प्रकृति (मूलभूत 'अननुनासिक' स्पर्श) के सदृश होते हैं ।

'यमः प्रकृत्यैव सदृक्'[2] । इससे यह सङ्केत मिलता है कि मूलभूत व्यञ्जनों के बीस होने के कारण 'यम' भी बीस हैं किन्तु भाष्यकार उवट ने 'स्पर्शा यमाननुनासिकाः स्वान् परेषु स्पर्शेष्वनुनासिकेषु' सूत्रभाष्य में स्पष्ट शब्दों में कहा है कि 'यम' बीस नहीं अपितु चार हैं ।

'स्पर्शा यमाननुनासिका इत्युच्यमाने विंशतित्वात्स्थानिनामादेशानामपि यमानां विंशतित्वप्रसङ्गः । स मा भूत् । चतुर्णामेव यमानां प्रथमाः प्रथमं द्वितीया द्वितीयमेवमापञ्चमादापद्येरन्नित्युच्यते ।'[3]

ऋग्वेद-प्रातिशाख्य के ही सूत्र 'अत्र यमोपदेशः' के भाष्य में आचार्य उवट का कहना है कि ऋग्वेदियों के अनुसार यम बीस होते हैं । वस्तुतः ये चार ही हैं—'एवं विंशतिर्यमा बह्वृचानां भवन्ति स्वरूपैश्चत्वार एव ।'[4] ऐसा लगता है कि उन्होंने सभी वर्गों के प्रथम स्पर्शों को एक इकाई मानकर, द्वितीय स्पर्शों को दूसरी, तृतीय को तीसरी एवं चतुर्थ को चौथी इकाई स्वीकार करके ही यमों की संख्या चार बतलाई है, यथा—

१. अघोष अल्पप्राण यम—क्ँ, च्ँ, ट्ँ, त्ँ, प्ँ ।

२. अघोष महाप्राण यम—ख्ँ, छ्ँ, ठ्ँ, थ्ँ, फ्ँ ।

३. सघोष अल्पप्राण यम—ग्ँ, ज्ँ, ड्ँ, द्ँ ब्ँ ।

४. सघोष महाप्राण यम—घ्ँ, झ्ँ, ढ्ँ ध्ँ, भ्ँ ।[5]

अनुस्वार

यह एक वर्ण विशेष है जिसे (ं) चिह्न द्वारा प्रदर्शित किया जाता है । इस विषय में पाणिनीय शिक्षा के ५वें श्लोक पर पञ्जिका भाष्य में कहा गया है—स्वरमनुभवतीत्यनुस्वारः । इसी कारण अनुस्वार को अनुगामी ध्वनि कहा जाता है । वस्तुतः—

---

1 ऋग्वेद प्रातिशाख्य (एक परिशीलन), पृ. ७६

2 ऋग्वेद प्रातिशाख्य, ६।३२

3 ऋग्वेद प्रातिशाख्य ६।२९ सूत्र का उवट भाष्य ।

4 वही, १।५० सूत्र का उवट भाष्य ।

5 ऋग्वेद प्रातिशाख्य (एक परिशीलन) पृ. ७८

अनुस्वारो विसर्गश्च स्वरात्परौ तु तिष्ठतः ।
अनुस्वारः शिरोबिन्दुः पार्श्वे बिन्दू विसर्गकः ।।[1]

पाणिनीयशिक्षा के अनुसार श, ष, स, ह के पश्चाद्वर्ती होने पर तूंबी वीणा के शब्द के समान दन्तमूल भाग से उच्चरित होने वाले स्वर पश्चाद्भावी वर्ण का अनुस्वार के रूप में उच्चारण होता है ।

अलाबुवीणानिर्घोषो दन्तमूलः स्वरानुगः ।
अनुस्वारस्तु कर्त्तव्यो नित्यः ह्रो शषसेषु च ।।[2]

ऋग्वेदप्रातिशाख्यकार ने अनुस्वार के स्वर या व्यञ्जन होने के विषय में कोई निश्चित मत व्यक्त नहीं किया है—'अनुस्वारो व्यञ्जनं वा स्वरो वा'[3] । परन्तु उनके अनेक सूत्र ऐसे हैं जिनमें अनुस्वार को स्वर रूप में ही स्वीकार किया गया है । यह अनुस्वार भी व्यञ्जन वर्णों की ही तरह 'स्वर' की सहायता के बिना उच्चारित नहीं किया जा सकता है, अतः यह व्यञ्जन भी है ।

अनुस्वार को व्यञ्जन रूप मानने पर ऋग्वेदप्रातिशाख्य के 'अनुस्वारो व्यञ्जनं वा स्वरो वा' सूत्रभाष्य में पूर्वपक्षी को कुछ आपत्ति है क्योंकि यदि अनुस्वार भी व्यञ्जन है तो व्यञ्जन पद के द्वारा ही उसका ग्रहण हो जाने पर आचार्य शौनक को कई सूत्र न बनाने पड़ते ।

"व्यञ्जनग्रहणेनानुस्वारग्रहणमस्तु । सूत्रमेतन्नारब्धव्यं स्याद् व्यञ्जनग्रहणेन ग्रहणात्····इत्येवमादिषु सूत्रेष्वनुस्वारग्रहणं न कर्तव्यं स्याद् व्यञ्जनग्रहणेनैव सिद्धत्वात् इत्येवमनुस्वारस्य व्यञ्जनत्वेन सर्वमभिप्रेतं सिद्ध्यति ।"[4] आचार्य शौनक के द्वारा अनुस्वार के स्वरूप का प्रतिपादन कर देने पर यह स्वर व्यञ्जन से अतिरिक्त वर्ण भी स्वीकार किया जा सकता है ।—"सत्यमेतद्यदि नामानुस्वारस्य स्वरूपं न कथितं स्यात् । तस्मात्स्वर-व्यञ्जनातिरिक्तमन्यद्वर्णान्तरमेतदित्येतत् ख्यापनपरमेवैतत्सूत्रितमिति सिद्धान्तितम् ।"[5]

निरुक्तकार 'वा' निपात के विषय में कहते हैं—" 'वा' इतिविचारणार्थे अथापि समुच्चयार्थे भवति ।"

---

1 पं. सुरेश झा-(श्लोक सिद्धान्त कौमुदी, वाराणसी), १९८२, पृ. ७
2 वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी (पाणिनीय शिक्षा) श्लोक २३
3 ऋग्वेद प्रातिशाख्य १।५
4 वही, १।५ सूत्र का उवटभाष्य ।
5 वही ।

अतः सूत्र का अर्थ किया जा सकता है कि 'अनुस्वार' व्यञ्जन भी है और 'स्वर' भी है। आचार्य उवट ने इसे और भी स्पष्ट किया है—"अं वर्णसमाम्नाये पठ्यते। स काँश्चित्स्वरधर्मान् गृह्णाति। काँश्चित् व्यञ्जनधर्मान्। तद्यथा—ह्रस्वत्वं, दीर्घत्वं, प्लुतत्वमुदात्तत्वं, स्वरितत्वमिति स्वरधर्माः। तथा अर्द्धमात्राकालता स्वरवशेनोदात्तानुदात्तस्वरितत्वं संयोगश्चेति व्यञ्जनधर्माः। तत्रोभयधर्मयोगादुभयस्वभावं स्वरव्यञ्जनयोरन्यद्वर्णान्तरं प्रकाशयति 'अनुस्वारो व्यञ्जनं वा इति।"[1]

इस सम्बन्ध में ओझा जी ने विभिन्न आचार्यों के मतों पर पूर्ण रूप से चिन्तन प्रस्तुत किया है।

नाद

ध्वन्यर्थक 'नद्' धातु से निष्पन्न नाद शब्द का अर्थ है—सघोष वर्णों के मूल कारण रूप वायु का स्वर-यन्त्र से ध्वनि करते हुए निकलना। पं. मधुसूदन ओझा जी ने घोष (कम्पन, नाद) तथा अघोष इन दो रूपों में वर्ण का विभाजन किया है—घोष वर्ण बीस एवं अघोष तेरह हैं। घोष वर्णों में वर्ग के पञ्चम वर्ण अनुनासिक कहे जाते हैं। इनमें हकार, वर्ग के तृतीय, चतुर्थ एवं पञ्चम वर्ण नाद कहलाते हैं। हकार जब रेफ से संयुक्त होता है तो वह नादसञ्ज्ञक हो जाता है परन्तु रेफ से भिन्न वर्ण से संयुक्त होने पर वह नाद नहीं होता है।

हकारो रेफसंयुक्तो नादो भवति नित्यशः।
द्वितीयेन यदाक्रान्तो न तु नादः कदाचन॥

बहुत से आचार्य भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में नाद का पृथक् शिक्षण करते हैं, उनके कथन पर यहाँ पूर्ण विचार किया गया है।

अन्तःस्था

'अन्तः' पूर्वक 'स्था' धातु से 'क्विप्' प्रत्यय लगाकर निष्पन्न हुए अन्तःस्थ शब्द के द्वारा य, र, ल, व इन चार वर्णों का ही ग्रहण किये जाने के सम्बन्ध में आचार्यवर्ग अपनी अलग-अलग व्याख्यायें प्रस्तुत करते हैं।

वर्णमाला में स्पर्शसञ्ज्ञक वर्णों एवं ऊष्म वर्णों के अन्तः(मध्य में)स्थित होने से ये अन्तःस्था कहलाते हैं। पण्डितमधुसूदन ओझा जी का भी लगभग यही मन्तव्य है—

'यो हि स्वरव्यञ्जनयोरन्तराले तिष्ठति सोऽन्तःस्थः[2]'। ऋग्वेद प्रातिशाख्य के 'चत-

1 ऋग्वेद प्रातिशाख्य १।५ सूत्र पर उवट भाष्य।
2 वर्णसमीक्षा, पृ. ५७

स्रोऽन्तःस्थास्ततः' सूत्रभाष्य में उवट ने लिखा है —'स्पर्शोष्मणामन्तर्मध्ये तिष्ठन्ती'ति **अन्तःस्थाः**[1] । वस्तुतः आभ्यन्तर प्रयत्न की दृष्टि से ये अन्तःस्था (य, र, ल, व) वर्ण स्वर तथा व्यञ्जन के अन्तः पाती हैं। इनके उच्चारणदशा में दो उच्चारणावयव न तो स्पर्श वर्णों की भाँति एक दूसरे का पूर्णस्पर्श करते हैं और न ही स्वर वर्णों की तरह एक दूसरे से नितान्त पृथक् ही रहते हैं।

य र ल व को अन्तःस्था वर्ण कहने में एक वैशिष्ट्य यह भी है कि इनमें प्रत्येक वर्ण क्रमशः अपने समान स्थान वाले स्वर से सम्बन्धित होता है। स्वर तथा व्यञ्जन दोनों के गुणों से युक्त होने के कारण इन वर्णों को अन्तःस्था या अर्धस्वर कहा जाता है।

तैत्तिरीय प्रातिशाख्य के १/८ सूत्र पर वैदिकाभरण में कहा गया है कि "जिह्वामध्य-प्रभृतीनां करणानामन्तर्जन्यत्वाद्यरलवा अन्तःस्था इत्याख्यायन्ते।"

ओझा जी ने अन्तःस्थसञ्ज्ञक वर्णों को मन्दस्पर्शवाला माना है जो कि ईषत्स्पृष्ट तथा दुःस्पृष्ट भेद से दो तरह के होते हैं। इनमें प्रथम ईषत्स्पृष्ट वर्ण कण्ठस्थानीय है जो कि 'ऽ' विवृत्ति चिह्न से युक्त होकर आधे अकार के रूप में होता है जैसा कि याज्ञवल्क्य का कथन है—

"आकाशस्था यथा विद्युत् स्फुटिता मणिसूत्रवत्।
एष—च्छेदो विवृत्तीनां यथा बालेषु कर्तरी॥[2]"

दुःस्पृष्ट कण्ठस्थानीय वर्ण उरः प्रदेश में उत्पन्न होने के कारण कण्ठ के स्थान विशेष से उत्पन्न समझा जाता है जो कि य, र, ल, व तथा म, न, ण वर्णों के दिखाई देने पर ही स्पष्ट होता है। इस विषय में कात्यायन ने अपने प्रतिज्ञासूत्र में तथा अन्यत्र एकस्थल पर याज्ञवल्क्य ने अपनी व्यवस्था बतलाई है।

रङ्ग

विशुद्ध आकार के पश्चात् नकार के स्थान में उच्चार्यमाण विशेष तरह का व्यञ्जन वर्ण ही रङ्ग कहलाता है। यथा—स देवाँ॒ एह वक्षति। रङ्ग वर्ण नासिका से उत्पन्न होकर कांस्यपात्र के स्वर की तरह मृदु और द्विमात्रिक स्वर वाला होता है। प्रदेश-विशेष में उत्पन्न होने से रङ्ग पाँच तरह का होता है—

पञ्चरङ्गाः प्रवर्तन्ते घातनिर्घातवज्रिणः।
अहीनश्च प्रहीणश्च आ ई ऊ ॠ निदर्शनम्॥[3]

---

1 ऋग्वेदप्रातिशाख्य-१।९ सूत्र पर उवट भाष्य।

2 याज्ञवल्क्य शिक्षा-वर्ण प्रकरण, सन्ध्यधिकार, श्लोक ८

3 वर्णसमीक्षा, पृ. ५० पर उद्धृत।

आचार्य माण्डूक्य ने रङ्ग के विषय में व्यवस्था बतलायी है—

रक्तवर्णं यदा पश्येद् विवृत्त्या सह संस्थितम् ।
व्यञ्जनान्तं विजानीयाद् गोमाँ॒ इति निदर्शनम् ।।

अर्थात् विवृत्ति के साथ रक्तवर्ण के दिखायी पड़ने पर व्यञ्जनान्त मानना चाहिये ।

रङ्ग वर्ण के उत्पन्न होने पर पूर्व अक्षर को ग्रसित नहीं करना चाहिये, दीर्घ स्वर का प्रयोग करके नासिक्य वर्ण जैसा आचरण करना चाहिये ।

रङ्गवर्णं प्रयुञ्जीरन् नो ग्रसेत् पूर्वमक्षरम् ।
दीर्घं स्वरं प्रयुञ्जीयात् पश्चान्नासिक्यमाचरेत् ।।[1]

यह रङ्गवर्ण लोक वेद उभयत्र एक तरह का है । वैदिक प्रयोगों में तो दो स्वरों के मध्य में ङकारवत् पाठ होता है । कहीं विलक्षण नासिका-स्थानीय नकार होता है जो स्वर एवं व्यञ्जन दोनों के धर्मवाला विशेष वर्ण है ।

ऊष्मा

ऊष्मन् अर्थात् गर्म वायु या वाष्प । ऊष्मवर्णों का उच्चारण करते समय मुख से निकलने वाली गर्म वायु के प्राधान्य से इन्हें 'ऊष्मन्' कहते हैं । ऋग्वेद प्रातिशाख्य के '**उत्तरेऽष्टा ऊष्माणः**' सूत्रभाष्य में आचार्य उवट ने यही प्रतिपादित किया है—ऊष्मा वायुस्तत्प्रधानवर्णा ऊष्माणः ।[2]

तैत्तिरीय प्रातिशाख्य के सूत्र १/९ पर वैदिकाभरण में प्रतिपादित किया गया है कि ऊष्मा नामक बाह्य प्रयत्न के योग से उच्चारित होने के कारण ऊष्मन् कहे जाते हैं 'ऊष्माख्य बाह्यप्रयत्नयोगादूष्माण इत्याख्या' । यहाँ ओझाजी ने ह ह श ष स ह ह आदि सात वर्णों की ऊष्मा सञ्ज्ञा स्वीकार की है जिनमें प्रथम हकार औरस्य, द्वितीय जिह्वामूलीय, तृतीय उपध्मानीय तथा चतुर्थ हकार विसर्जनीय रूप है । बहुत से आचार्य विसर्ग का पाठ अयोगवाहों में करते हैं फिर भी एक रूप होने से इनमें किसी तरह का विरोध नहीं प्रतीत होता ।

ऋग्वेद प्रातिशाख्यकार ने ऊष्मा सञ्ज्ञा के अन्तर्गत आठ वर्णों का पाठ किया है—

ह, श, ष, स, अः, ≍ क, ≍ प, अं । जिनमें उल्लेखनीय यह है कि ऋग्वेद प्रातिशाख्य को छोड़कर अन्यत्र कहीं भी अनुस्वार को ऊष्मन् नहीं माना गया ।

---

1 वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी (पाणिनीय शिक्षा), श्लोक २७

2 ऋग्वेदप्रातिशाख्य १।१० सूत्र का उवट भाष्य ।

अन्य आचार्यों के विचार से ऊष्मा दो तरह की होती है। एक तो स्वरादि या व्यञ्जनान्त होती है जिसे विसर्ग कहते हैं, दूसरी आदि में व्यञ्जनयुक्त तथा स्वरान्त होती है। इन दोनों लक्षणों के संयुक्त होने पर वही ऊष्मा आठ तरह के विकारों को प्राप्त करती है, यथा—

ओभावश्च विवृत्तिश्च शषसा रेफ एव च।
जिह्वामूलमुपध्मा च गतिरष्टविधोष्मणः ॥[1]

कुछ अन्य विचारकों के अनुसार ऊष्मा नामक एक अव्यक्त तत्त्व है उसका वर्णविशेष से सान्निध्य होने के कारण पूर्वाङ्ग या पराङ्ग रूप में उच्चारण होने से तथा वर्ण विशेष रूप में परिणमित होने से दो तरह का विकारक्रम कार्य करता है। एक तो अयोगवाहों को आश्रयस्थान का भागी समझना चाहिये। दूसरे क्रम में उनका उच्चारण जब पूर्व में होगा तब ऊष्मा के सभी स्थानों पर निपातपूर्वक उच्चरित होने से उसका परिणाम विसर्जनीय हकार के रूप में ही होगा, नाना वर्णों के रूप में नहीं।

इस प्रकार पण्डितमधुसूदन ओझा ने विवृत्ति, स्वरभक्ति, यम, अनुस्वार, रङ्ग, हुँकार, नाद, अन्तःस्थ एवं ऊष्मासञ्ज्ञक नौ अयोगवाहों का शास्त्रीय एवं वैज्ञानिकरीति से विवेचन किया है।

पण्डितमधुसूदन ओझा ने वैदिक स्वरों के सम्बन्ध में भी समुचित रूप से चिन्तन किया है। वस्तुतः इन स्वरों का ज्ञान वेदमन्त्रों के शुद्ध उच्चारण एवं सम्यक् अर्थावबोध हेतु अत्यावश्यक है। स्वर के अशुद्ध उच्चारण से होने वाले दुष्परिणाम का प्रमाण पाणिनीय शिक्षा है, यथा—"मन्त्रो हीनः स्वरतो ·········· यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात् ॥"[2] स्वर के महत्त्व का प्रतिपादन ऋग्वेदभाष्यकार आचार्य 'वेङ्कटमाधव' ने इन शब्दों में किया है—

अन्धकारे दीपिकाभिर्गच्छन्न स्खलति क्वचित्।
एवं स्वरैः प्रणीतानां भवन्त्यर्था स्फुटा इति ॥[3]

इस स्वर के सन्दर्भ में आचार्य 'खण्डिकोपाध्याय' का नामसङ्कीर्तन अत्यावश्यक है जो कि उदात्त के स्थान पर अनुदात्त का उच्चारण करने वाले शिष्य को दण्डित कर स्वर को शुद्ध करवाते थे—

एवं दृश्यते लोके य उदात्ते कर्तव्ये अनुदात्तं करोति, खण्डिकोपाध्यायस्तस्मै चपेटां ददाति अन्यत्त्वं करोषीति[4]।

---

1 वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी (पाणिनीयशिक्षा), श्लोक १४
2 वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी (पाणिनीयशिक्षा), श्लोक ५२
3 ऋग्वेदप्रातिशाख्य (एक परिशीलन), पृ. २१८
4 व्याकरणमहाभाष्य (नवाह्निक) चारुदेव शास्त्री, दिल्ली १६६८, १।१।१

वैदिक स्वरों के सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न आचार्यों का भिन्न-भिन्न मत है। आचार्य पतञ्जलि ने व्याकरणमहाभाष्य में सात स्वरों का प्रतिपादन किया है—

"सप्त स्वराः भवन्ति—उदात्तः, उदात्ततरः, अनुदात्तः, अनुदात्ततरः, स्वरितः, स्वरिते य उदात्तः सोऽन्येन विशिष्टः, एकश्रुतिः सप्तमः"।[1]

वाजसनेयिप्रातिशाख्यकार ने भी 'सप्त' सूत्र के अन्तर्गत सात स्वरों की गणना की है, जिस पर आचार्य उवट ने भाष्य करते हुए लिखा है—सामसु सप्त स्वरानाहुः षड्जर्षभगान्धारमध्यमपञ्चमधैवतनिषादान्।

अपरे त्वाहुः जात्याभिनिहितक्षैप्तप्रश्लिष्टतैरोव्यञ्जनतैरोविरामपादवृत्ताः सप्त स्वरा अत्रावधार्यन्ते। ताथाभाव्यस्तु वाजसनेयिनां निवार्यते।[2]

नारदीय शिक्षा के अनुसार वैदिक स्वर पाँच ही हैं। यथा—

उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितप्रचिते तथा।
निघातश्चेति विज्ञेयः स्वरभेदस्तु पञ्चधा॥[3]

तैत्तिरीय प्रातिशाख्य तथा पाणिनीय शिक्षा में चार ही उदात्तादि स्वरों की संख्या स्वीकार की गयी है। यथा—

मन्द्रादयो द्वितीयान्ताश्चत्वारस्तैत्तिरीयकाः।[4]
अनुदात्तो हृदि ज्ञेयो मूर्द्ध्न्युदात्त उदाहृतः।
स्वरितः कर्णमूलीयः सर्वास्ये प्रचयः स्मृतः॥[5]

वेद की विभिन्न संहितायें मात्र तीन स्वर की सत्ता स्वीकार करती हैं—उदात्त, अनुदात्त एवं स्वरित।

उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितश्च त्रयः स्वराः।
आयामविश्रम्भाक्षेपैस्त उच्यन्ते॥[6]

---

1 व्याकरणमहाभाष्य, १।२।३३

2 वाजसनेयि प्रातिशाख्य, १।१२७ सूत्र पर उवटभाष्य।

3 नारदीयशिक्षा-७।१६ शिक्षा संग्रह, पृ. ४२२

4 तैत्तिरीयप्रातिशाख्य—राजेन्द्र मित्र द्वारा सम्पादित (त्रिभाष्यरत्न व्याख्या सहित), कलकत्ता १८७२, २३।१५

5 वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी (पाणिनीय शिक्षा), श्लोक ४८

6 ऋग्वेदप्रातिशाख्य ३।१

पण्डितमधुसूदन ओझा ने इस प्रकरण के अन्तर्गत अवान्तर रूप से छोटे-बड़े अनेक प्रकरण उपनिबद्ध किये हैं जिनमें वर्ण, पद, वाक्य, वर्णस्वर, अखण्डैकपदस्वर समस्तैक-पदस्वर, सद्वितीयपदस्वर, अनन्तरविधि, स्वरितविचार तथा स्वरोद्दवणिका (स्वरचिह्न) के सम्बन्ध में मौलिक चिन्तन प्रस्तुत किया गया है।

पण्डितमधुसूदन ओझा ने वाक् तत्व के निरूपण हेतु वेदनिहित वैज्ञानिक पद्धति का अनुसरण करते हुए लिखा है कि मन, प्राण एवं वाक् तत्व में प्राण तत्व की ही वास्तविक सत्ता है ये मन एवं वाक् इसी प्राणतत्व से ही उत्पन्न होकर इसी में प्रतिष्ठित रहते हैं।

शतपथब्राह्मण के अनुसार प्राण ऋषि रूप भी है—

"असद् वा इदमग्र आसीत्, किं तदसदासीत्। ऋषयो वा व तेऽग्रे तदसदासीत्। के ते ऋषयः। प्राणाः वै ऋषयः"।[1]

कुछ अन्य आचार्यों की मान्यता से आत्मा वाङ्मय, प्राणमय तथा मनोमय है—

प्राणमय आत्मा कारणात्मा एवं कार्यात्मा रूप से दो तरह का होता है। कारणात्मा मुख्य प्राण है जो साक्षात् मन तथा वाक् रूप में आता है। कार्यात्मा प्राण मन तथा वाक् को मध्यस्थ रखकर उसी से प्रादुर्भूत होता है। वाक् को वाक्प्राण इसलिए कहते हैं कि वह प्राणरूप होता हुआ वाक्छन्द हो जाता है।

'अग्निर्वाग् भूत्वा मुखं प्राविशत्'[2] अर्थात् अग्नि वाक् बनकर मुख में प्रविष्ट हो गया। ऐतरेयोपनिषद् के इस मन्त्र के आधार पर आग्नेयी वाक् की स्थिति बनती है। प्रश्नोपनिषद् के—

"प्रजाकामो वै प्रजापतिस्तपस्तप्त्वा मिथुनमुत्पादयते—रयिञ्च च प्राणञ्च। एतौ मे बहुधा प्रजाः करिष्यतः"[3] के द्वारा यह सिद्ध होता है कि प्राण ही अग्नि है तथा रयि शब्द सोम का वाचक है। यही दोनों 'अग्नीषोमात्मकं जगत्' में कारणद्रव्य हैं। इसलिए प्राण का अग्नि पद से कथन किये जाने से यह आग्नेयी वाक् प्राण मूलक है।

कौषीतकि श्रुति के 'प्रज्ञा वै इन्द्रः, वायुः प्राणः' श्रुति के द्वारा यह प्रतिपादित किया गया है कि प्रज्ञा तथा वायु के बिना वाक् की उत्पत्ति ही नहीं हो सकती है। वाक् का मूल कारण वायु है तथा प्रज्ञा अर्थ के साथ सम्बन्ध स्थापित करके अक्षरों के विभाग द्वारा पद

---

1 शतपथब्राह्मण, ए. वेवर द्वारा सम्पादित चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी, १९२६, ६।१।१।१

2 ऐतरेय उपनिषद् १।२।३

3 प्रश्नोपनिषद् १।१।३

और वाक्य के रूप में वायु का विशकलन करती है ।

कृष्णयजुर्वेद के अनुसार 'वाग् वै पराच्यव्याकृता अवदत्' अर्थात् पराची वाक् अव्याकृता रूप में व्यवहृत होती थी । इन्द्र के द्वारा वाणी के मध्यभाग का विच्छेद कर दिये जाने से यह विभक्त वाक् कहलाने लगी । इस तरह प्राणात्मक होने पर भी वाक् का ऐन्द्री होना सिद्ध हो जाता है अथवा एक अन्य विवेचन के आधार पर वाक् इन्द्रिय है । इन्द्रिय के बिना इन्द्र का सम्बन्ध ही नहीं बनता । अतः इन्द्रिय से सम्बन्धित होने के कारण वाक् ऐन्द्री कहलाती है । इन्द्र ज्ञान का अधिकरण आत्मा है । इस इन्द्र प्राण से उत्पन्न होने के कारण यह वाक् ऐन्द्री होती हुई प्राणजन्य मानी जाती है । इस प्रकार आत्मा बुद्धि से सम्बन्ध स्थापित करता हुआ अर्थों को एकत्रित करके बोलने की इच्छा से मन को प्रेरित करता है । वह मन काया में स्थित अग्नि को आहत करता है वह कायाग्नि वायु को प्रेरित करता है तब वायु उठकर स्थान विशेष से टकराता हुआ वर्णों की उत्पत्ति का कारण बनता है । इस क्रम में अग्नि के व्यापार से वाक् की उत्पत्ति होती है ।[1]

इस तरह विभिन्न श्रुतियों के प्रमाणवाक्यों से यह सिद्ध होता है कि प्राणतत्व ही रूपान्तर से वाक् रूप हो जाता है ।

अनन्तर ओझा जी ने स्वरसमीक्षा प्रकरण के अन्तर्गत नौ प्रकार के स्वरों की व्यवस्था बतलायी है जो कि श्वास, नाद, विवार, स्थान, व्यक्ति, गेह्य, श्रुति, सवन तथा भागलक्षण के रूप में जाने जाते हैं । इन स्वरों का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत करते हुए स्वरूपतः इनके अवबोधार्थ पशु पक्षियों के स्वरों को भी वर्णित किया गया है । नारदीय वचन के अनुसार—

षड्जं रौति मयूरो हि गावो रम्भन्ति चर्षभम् ।
अजा विरौति गान्धारं क्रौञ्ची नदति मध्यमम् ।।
पुष्पसाधारणे काले कोकिलो रौति पञ्चमम् ।
अश्वस्तु धैवतं रौति निषादं रौति कुञ्जरः ।।

इन स्वरों के समुचित व्यवस्थापन हेतु आचार्य भरत एवं अन्य आचार्यों ने अपने अलग-अलग विचार प्रस्तुत किये हैं । वस्तुतः लोक में व्यवहृत होने वाली भाषाओं का स्वर-व्यञ्जन रूप से दो प्रधान वर्णविभाग किया गया है । प्रातिशाख्यकारादि आचार्य समानाक्षर एवं सन्ध्यक्षर रूप से स्वरों को दो भागों में विभाजित करते हैं । अकारादि ऋकार पर्यन्तस्वर समानाक्षर सञ्ज्ञक (समानमेकमक्षरं येषु) होते हैं । एकारादि औकारान्त सन्ध्यक्षर रूप से जाने जाते हैं । नियमतः समानाक्षरादि सञ्ज्ञक स्वरों को तीन भागों में

1 वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी (पाणिनीयशिक्षा), श्लोक ६-१०

विभाजित करना ही उचित प्रतीत होता है —1. समानाक्षर 2. स्वरव्यञ्जनोभयात्मक तथा सन्ध्यक्षर । ऋ एवं ऌ वर्ण को स्वर-व्यञ्जनोभयात्मक रूप ही जानना चाहिये ।

व्यञ्जन वर्ण भी स्पर्श, अन्तःस्थ तथा ऊष्मा सञ्ज्ञा के रूप में जाने जाते हैं ककारादि मान्त स्पर्शसञ्ज्ञक हैं। यकारादि वान्त अन्तःस्थ तथा शकारादि वर्ण चतुष्टय, विसर्जनीय, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय तथा अनुस्वार आदि मिलकर आठ वर्ण ऊष्मासञ्ज्ञक हैं। ऋग्वेद-प्रातिशाख्य का वचन है—'उत्तरे अष्टा ऊष्माणः ।'[1]

स्पर्श वर्णों की उच्चारण के समय जिह्वा का तत्तद् स्थानों से स्पर्श होने के कारण स्पर्श सञ्ज्ञक वर्णों के मध्य अन्तःस्थ वर्णों का पाठ होने से अन्तःस्थ सञ्ज्ञा तथा शकारादि वर्णों के उच्चारण के समय वायु में उष्णता के आधिक्य होने से ऊष्मा सञ्ज्ञा की जाती है। यह वर्णों का सामान्य विभाजन है ।

पाणिनीय शिक्षा में पाँच रूपों में वर्णविभाग किया गया है—

> वर्णान् जनयते तेषां विभागः पञ्चधा स्मृतः ।
> स्वरतः कालतः स्थानात् प्रयत्नानुप्रदानतः[2] ।
> इति वर्णविदः प्राहुर्निपुणं तन्निबोधत ।।

अर्थात् उदात्तादि स्वरभेद से, मात्रादि कालभेद से, कण्ठादिस्थानभेद से तथा आभ्यन्तर एवं बाह्य प्रयत्नभेद से वर्णविभाग किया गया है ।

यद्यपि पाणिनीय शिक्षा में स्वरों से ही अकारादि वर्णों का विभाग किया गया है तथापि अष्टाध्यायी में उदात्तादि सञ्ज्ञाविधायक सूत्रों से पहले निमेषादिकॉल नियन्त्रित ह्रस्वादि सञ्ज्ञाविधायक सूत्रों का उपदेश करने के कारण सर्वप्रथमकाल से ही वर्णविभाग करना न्यायसङ्गत है ।

> एकमात्रो भवेद्ध्रस्वो द्विमात्रो दीर्घ उच्यते ।
> त्रिमात्रस्तु प्लुतो ज्ञेयो व्यञ्जनं चार्धमात्रिकम् ।।[3]

इस याज्ञवल्क्य शिक्षा के अनुसार अकारादि अक्षरों में काल की स्थिति चार रूपों में देखी जाती है। अर्धमात्राकाल, एकमात्राकाल, द्विमात्राकाल एवं त्रिमात्राकाल । इनमें व्यञ्जन अर्धमात्रिक होता है। स्वर ही एकमात्रिक, द्विमात्रिक एवं त्रिमात्रिक रूप में देखे जाते हैं जो कि क्रमशः ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत रूप में व्यवहृत होते हैं। जैसा कि आचार्य पाणिनि ने

---

1 ऋग्वेद प्रातिशाख्य, १।१०

2 वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी (पाणिनीय शिक्षा), श्लोक १०

3 याज्ञवल्क्य शिक्षा-स्वर प्रकरण, मात्राधिकार, श्लोक १६

'ऊकालोऽज्ह्रस्वदीर्घप्लुतः'[1] सूत्र में ऊकाल शब्द का ही उपदेश किया है न कि उकाल का। याज्ञवल्क्य शिक्षा में एक स्थल पर मात्राकाल को तीन रूपों में विभक्त किया गया है—

निमेषो मात्राकालः स्याद्, विद्युत्कालस्तथा परे।
अक्षरात्तुल्ययोगाच्च मतिः स्यात् सोमशर्मणः[2] ।।

उदात्त, अनुदात्त, स्वरित भेद से स्वर तीन प्रकार के माने गये हैं ये उदात्तादि सञ्ज्ञायें अकारादि स्वरों के ही धर्म हैं जो कि ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत रूप से अकारादि स्वरों का बोध कराते हैं। इसलिए उदात्तादि भेद से अकारादि स्वरों का ही विभाग सम्भव है न कि व्यञ्जनों का। जैसाकि 'उच्चैरुदात्तः, नीचैरनुदात्तः, समाहारः स्वरितः' आदि पाणिनीय सूत्रों में बहुशः उपदिष्ट है। ये उदात्तादि सञ्ज्ञायें ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत भेद से तीन-तीन तरह की होकर नौ रूपों वाली हो जाती हैं पुनः अनुनासिक तथा अननुनासिक भेद से ये अट्ठारह प्रकार की हो जाती हैं। लृकार के दीर्घ न होने से वह बारह प्रकार का ही होता है तथा ए ऐ ओ औ में ह्रस्व का अभाव होने से वे भी बारह-बारह प्रकार के होते हैं। शुक्लयजुर्वेद प्रातिशाख्यों में लृकार को भी दीर्घ रूप में मान्यता प्रदान करने से वह भी अट्ठारह प्रकार का होता है।

वर्णाभिव्यक्तिप्रक्रिया के अन्तर्गत वायु को ही शब्दरूप में मान्यता प्रदान करने वाले शिक्षा तथा प्रातिशाख्यादि ग्रन्थों में यह स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि घट-पटादि शब्दों के उच्चारण की इच्छा से अन्तःकरण में विद्यमान प्राणवायु कण्ठताल्वादि स्थानों पर टकराता हुआ शब्द रूप में परिणत हो जाता है। वाक्यपदीयकार ने भी प्राण-वायु को ही वर्णों का उपादानकारण स्वीकार किया है—

लब्धक्रियः प्रयत्नेन वक्तुरिच्छानुवर्तिना।
स्थानेष्वभिहतो वायुः शब्दत्वं प्रतिपद्यते ।।[3]

अर्थात् वक्ता के बोलने की इच्छा होने पर उसके द्वारा किये गये प्रयत्न से प्राणवायु में क्रिया उत्पन्न होती है और वही वायु कण्ठतालु आदि स्थानों में टकराकर शब्द बन जाता है।

वस्तुतः श्रोत्रेन्द्रियग्राह्य अकारादि वर्ण प्राणवायु के परिणाम नहीं हैं अपितु प्राण तथा बुद्धि में स्थित होकर अर्थावबोध कराने वाली एक ऐसी शक्ति है जो उसमें व्यवस्थित रूप से विद्यमान रहती है, वही कण्ठ, तालु आदि स्थानों से अकारादि रूपों में व्यक्त होती हुई क, ख आदि भिन्न-भिन्न रूपों में परिणत होती है।

---

1 पाणिनीय अष्टाध्यायी, १।२।२७

2 याज्ञवल्क्य शिक्षा-स्वर प्रकरण, मात्राधिकार, श्लोक १०

3 वाक्यपदीय ब्रह्मकाण्ड, सम्पा. डा. रामगोविन्द शुक्ल, वाराणसी, १९८४, कारिका १०८

तस्य प्राणे च या शक्तिर्या च बुद्धौ व्यवस्थिता ।
विवर्तमाना स्थानेषु सैषा भेदं प्रपद्यते ।।[1]

इस प्रकार शब्द की प्राण तथा बुद्धि में रहने वाली शक्ति ही कण्ठ आदि स्थानों से व्यक्त होती हुई क, ख आदि भेदों का कारण बनती है ।

वाग्विज्ञान सम्बन्धी स्वरसमीक्षा प्रकरण के अन्तर्गत पण्डितमधुसूदन ओझा ने नौ तरह के स्वरों की व्यवस्था बतलायी है जो श्वास, नाद, विवार, स्थान, व्यक्ति, गेह्य, श्रुति, सवन तथा भागलक्षण के रूप में अभिहित होते हैं । वैदिक स्वर एवं सङ्गीतशास्त्र में प्रयुक्त होने वाले स्वरों के सामञ्जस्य को भी वैज्ञानिक रीति से व्यवस्थित करने का प्रयास किया गया है । वैदिक स्वर के अन्तर्गत जहां उदात्त, अनुदात्त एवं स्वरित भेद से तीन प्रमुख स्वर बतलाये गये हैं वहाँ सङ्गीत-शास्त्र तथा उससे सम्बन्धित अन्य प्रकरण ग्रन्थों में षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत तथा निषाद—ये सात स्वर प्रतिपादित किये गये हैं ।

षड्जश्च ऋषभश्चैव गान्धारो मध्यमस्तथा ।
पञ्चमो धैवतश्चैव निषादः सप्तमः स्वरः ।।[2]

याज्ञवल्क्यकृत 'यजुः शाखोपयोगिनी शिक्षा' के अनुसार गान्धर्व वेद के ही सप्त षड्जादि स्वर वेद में उदात्तादि स्वरों के नाम से जाने जाते हैं ।

गान्धर्ववेदे ये प्रोक्ताः सप्त षड्जादयः स्वराः ।
त एव वेदे विज्ञेयास्तत्र उच्चादयः स्वराः ।।[3]

इन वैदिक तथा सङ्गीत के स्वरों में समन्वय इस तरह भी है कि ये निषाद, गान्धार आदि स्वर उदात्तादि वैदिक स्वरों से जायमान हैं ।

उच्चौ निषादगान्धारौ नीचावृषभधैवतौ ।
शेषास्तु स्वरिताः ज्ञेयाः षड्जमध्यम पञ्चमाः ।।[4]
उदात्ते निषादगान्धारावनुदात्ते ऋषभधैवतौ ।
स्वरितप्रभवा ह्येते षड्जमध्यमपञ्चमाः ।।[5]

---

1 वाक्यपदीय (ब्रह्मकाण्ड), कारिका ११७
2 शिक्षा संग्रह—सम्पा. युगल किशोर व्यास (बनारस, १८९३), पृ. ३९९
3 याज्ञवल्क्य शिक्षा—स्वर प्रकरण, मात्राधिकार, श्लोक ६
4 याज्ञवल्क्य शिक्षा—स्वर प्रकरण, मात्राधिकार, श्लोक ७
5 वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी (पाणिनीय शिक्षा), श्लोक १२

परन्तु 'पारिशिक्षा' का अवलोकन करने पर इनके स्वरूप में कुछ अन्तर दिखाई पड़ता है । इस शिक्षा के अनुसार गान्धार एवं मध्यम उदात्तज, षड्ज और ऋषभ अनुदात्तज, पञ्चम, धैवत तथा निषाद स्वरितज हैं ।

गान्धारको मध्यम उच्चजातः
षड्जर्षभौ द्वौ निहितोद्भवौ स्तः ।
स पञ्चमो धैवतको निषादः
त्रयः स्वराश्च स्वरितात्तु जाताः ।।[1]

उदात्तादि वैदिक स्वरों की व्यवस्था पारिशिक्षा एवं इससे इतर शिक्षाओं में निम्न रूप में प्रदर्शित की गयी है—[2]

पारिशिक्षेतर शिक्षायें		पारिशिक्षा		
निषाद, गान्धार	उदात्तज	मध्यम, गान्धार	उदात्तज	
ऋषभ, धैवत	अनुदात्तज	(क) ऋषभ (ख) षड्ज	अनुदात्तज	(क) ह्रस्वानुदात्तज (ख) दीर्घानुदात्तज
षड्ज, मध्यम, पञ्चम	स्वरितज	(क) निषाद (ख) धैवत (ग) पञ्चम	स्वरितज	(क) जात्य, अभिनिहित क्षैप्र स्वरितज (ख) तैरोव्यञ्जन, पादवृत्त स्वरितज (ग) प्रश्लिष्ट, प्रातिहत स्वरितज

वाजसनेयि प्रातिशाख्य के भाष्यकार उवट के अनुसार सामवेद में आने वाले षड्-

1 डा. पारस नाथ त्रिपाठी—वैदिक स्वर अवधारणा, सन्दीप प्रकाशन, बस्ती १९७८, पृ. १५२ पर उद्धृत ।
2 वैदिक स्वर अवधारणा, पृ. १५४

जादि स्वरों को ही यहाँ 'सप्त' सूत्र के द्वारा ग्रहण किया जाता है क्योंकि अध्वर्यु को यजुर्वेद में सामगान का विधान है अतः उसे उदात्तादि वैदिक स्वरों के साथ षड्जादि सङ्गीत के स्वरों का भी ज्ञान अपेक्षित है। इस तरह भाष्यकार उवट उदात्तादि स्वरों का सम्बन्ध षड्जादि सङ्गीत के स्वरों के साथ जोड़ते हैं।

"सामसु सप्त स्वरानाहुः षड्जर्षभगान्धार मध्यम धैवत निषादान्। अपरे त्वाहुः जात्याभिनिहितक्षैप्रप्रश्लिष्ट तैरोव्यञ्जनवतैरोविरामपादवृत्ता सप्त स्वरा अत्रावधार्यन्ते। ताथाभाव्यस्तु वाजसनेयिनां मते निवार्यते।[1]

शिक्षा ग्रन्थों के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि सङ्गीत के षड्जादि सप्त स्वर मनुष्य के कण्ठादि विविध स्थानों से उच्चरित होते हैं, जैसा कि नारदीय शिक्षा कहती है—

कण्ठादुत्तिष्ठते षड्जः शिरसस्तु ऋषभः स्मृतः।
गान्धारस्त्वनुनासिक्यः उरसो मध्यमः स्वरः॥

उरसः शिरसः कण्ठादुत्थितः पञ्चमः स्वरः।
ललाटाद्धैवतं विद्यान्निषादं सर्वसन्धिजम्[2]॥

अर्थात् कण्ठ से षड्ज, शिर से ऋषभ, नासिका से गान्धार, उर से मध्यम उर-शिर-कण्ठ से पञ्चम ललाट से धैवत और सभी स्थानों के परस्पर मिलने से निषाद उत्पन्न होता है। षड्जादि के नामकरण के सन्दर्भ में नारदीय शिक्षा का कथन है कि नासिका, कण्ठ, उर, तालु, जिह्वा तथा दन्त इन छ का आश्रय लेकर जो उच्चरित होता है वह षड्ज है। कण्ठ और शिर से आहत होकर नाभि से उत्पन्न हुई वायु जो ऋषभवत् उच्चरित होती है, 'ऋषभ' कहलाती है। कण्ठ और शिर से आहत नाभि से उत्पन्न वायु जो अनेक प्रकार के गन्धों से युक्त होती है 'गान्धार' कहलाती है।

नासा कण्ठमुरस्तालु जिह्वा दन्ताश्च संश्रितः।
षड्भिः सञ्जायते यस्मात्तस्मात्षड्ज इति स्मृतः॥

वायुः समुत्थितो नाभेः कण्ठशीर्ष समाहतः।
नर्दति ऋषभद्यस्मात्तस्मादृषभ उच्यते॥

वायुः समुत्थितो नाभेः कण्ठशीर्षं समाहतः।
नाना गन्धवहः पुण्यो गान्धारस्तेन हेतुना॥[3]

---

1 वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।१२७ सूत्र पर उवट भाष्य।

2 शिक्षा संग्रह—सम्पा. युगल किशोर व्यास (बनारस, १८९३), पृ. ४०८

3 शिक्षा संग्रह, पृ. ४०८

शिक्षा-संग्रह नामक ग्रन्थ में वर्णित "शिक्षा प्रकाश" नामक शिक्षा ने तो षड्जादि स्वरों की उत्पत्ति का स्थान बतलाने वाले के साथ ही साथ उनके उदात्तादि स्वरों के साथ सम्बन्ध का भी पूर्ण विवेचन किया है—

तत्रोदात्ते विनिषदन्ति सर्वेऽस्मिन् स्वरा इति निषादः, नानागन्धवहो वा वायुर्नाभेः शीर्षगो यस्योच्चारणेऽथवा यस्मिन् प्रगीते गावस्तुष्यन्तीति गान्धारस्तौ। अनुदात्ते नाभेः कण्ठशीर्षसमाहत ऋषभवन्नर्दतीति ऋषभः, षडपि स्वरानतिक्रम्य सन्धीयते सैन्धवस्तौ। नासाकण्ठोरस्तालुजिह्वादन्तेभ्यो जातः षड्जो, गणनया पञ्चसंख्यापूरक इति वा पञ्चमः हृदुदरसमाश्रितो नाभिं प्राप्तः स मध्यमः, एते वक्ष्यमाणा हि स्वरितोद्भवाः।[1]

इस तरह यह सुस्पष्ट है कि शिक्षाग्रन्थों ने संगीत एवं वैदिक स्वर के सम्बन्ध को प्रतिपादित करने का पूर्ण स्तुत्य प्रयास किया है। साथ ही इन शिक्षाग्रन्थों ने पशुओं एवं पक्षियों की ध्वनियों में संगीतस्वर की अनुभूति की थी तथा यह भी बतलाने की चेष्टा की थी कि संगीत के षड्जादि स्वरों में कौनसा पशु अथवा पक्षी किस स्वर में बोलता है।

तैत्तिरीय प्रातिशाख्य ने उच्चारण स्थानों का विवेचन करते हुए वाणी के सात उच्चारणस्थान माने हैं—

सप्त वाचः स्थानानि भवन्ति।[2]

उपांशुध्वाननिमदोपब्दिमन्मन्द्रमध्यमताराणि।[3]

इनमें आदि के चार उच्चारण स्थानों का प्रयोग यज्ञों में होता है। मन्द्र का प्रयोग प्रातःकालीन यज्ञ करते समय, मध्यम का प्रयोग माध्यन्दिन यज्ञ के समय तथा सायङ्कालीन यज्ञ के समय तार का उपयोग होता है। मन्द्र का प्रयोग उरस् स्थान में, मध्यम का प्रयोग कण्ठ स्थान में तथा तार का प्रयोग शिरस् स्थान में होता है। जैसा कि तैत्तिरीय प्रातिशाख्य के 'उरसि मन्द्रं कण्ठे मध्यमं शिरसि तारम्' सूत्र पर त्रिरत्नभाष्य व्याख्या में वर्णित है—यत्रोरसि स्थाने प्रयोग उपलभ्यते तन्मन्द्रं नाम पञ्चमं वाचस्थानम्, यत्र कण्ठे स्थाने प्रयोग उपलभ्यते तन्मध्यमं नाम षष्ठं वाचस्थानम्, यत्र शिरसि स्थाने प्रयोग उपलभ्यते तत्तारं नाम सप्तमं वाचस्थानम्। एतेष्वादितश्चतुर्णां यज्ञादिषु प्रयोगः। मन्द्रं प्रातः सवने प्रयुज्यते, मध्यमं माध्यन्दिने, तारं तृतीये[4] इस तरह शिक्षाकारों ने उदात्तादि वैदिक स्वरों

1 शिक्षा संग्रह, पृ. ३८७

2 तैत्तिरीय प्रातिशाख्य—राजेन्द्र मित्र द्वारा सम्पादित (त्रिभाष्यरत्न व्याख्या सहित), कलकत्ता, १८७२ २३।४

3 वही, २३।५

4 वैदिक स्वर अवधारणा, पृ. १६६

के तथा षड्जादि सङ्गीत के स्वरों के सम्बन्ध को बतलाते हुए यह स्पष्ट किया है कि सङ्गीत की उत्पत्ति मात्रा से ही हुई है।

प्रस्तुत ग्रन्थ वेदाङ्ग समीक्षा-विभाग के अन्तर्गत वाक्पदिका ग्रन्थ का प्रकरण रूप है जो पण्डितमधुसूदन ओझा की अनवरत सारस्वत साधना तथा उनके स्वतन्त्र एवं मौलिक चिन्तन का परिणाम है। इस ग्रन्थ में विद्यमान मौलिकताओं से इसकी उपादेयता स्वतः-सिद्ध है न केवल वैयाकरण के लिए अपितु भाषाविज्ञान के अध्येताओं के लिए भी यह ग्रन्थ सङ्ग्राह्य है।

वर्णसमीक्षा के वर्तमान संस्करण का आधार महामहोपाध्याय पण्डितगिरिधरशर्मा चतुर्वेदी एवं कविशिरोमणि श्री मथुरानाथभट्ट के संयुक्त सम्पादन में संस्कृत रत्नाकर (मासिक पत्रिका) के प्राचीनतम अङ्कों में प्रकाशित लेख की वह प्रति है जो मुझे श्री कर्पूर-चन्द जी कुलिश से अधिगत हुई है। इस प्रति में ग्रन्थ का मात्र मूलपाठ १०६ पृष्ठों में उपनिबद्ध है। यह पाठ सामान्यतः शुद्ध है और किसी प्रकार का सन्देह होने पर भी हमने इसके पाठ में कोई मनमाना परिवर्तन नहीं किया है; केवल अशुद्धियों का संशोधन कर दिया है। प्रामाणिक पाठ के निर्धारण की समस्या का समाधान तो तभी सम्भव है जब कदाचित् इस ग्रन्थ की पण्डित ओझा जी द्वारा लिखित मूल प्रति मिल जाये। इस ग्रन्थ का भाषानुवाद, जो पण्डितमधुसूदन ओझा के शिष्य महामहोपाध्याय गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी के पुत्र डॉ. शिवदत्तजी चतुर्वेदी ने किया है तथा जिसे पण्डित मधुसूदन ओझा-शोध-प्रकोष्ठ को श्री कर्पूरचन्द जी कुलिश ने उपलब्ध कराया है, यहाँ प्रथम बार प्रकाशित कराया जा रहा है। इस ग्रन्थ के अनुवाद की हस्तलिखित प्रति की फोटो कापी मेरे सम्मुख रही है। हमने इस अनुवाद भाग में भी अनुवादक की भाषा को ही रखने का प्रयत्न किया है किन्तु जहाँ कहीं भाषा की दृष्टि से अथवा मूल के भाव की अनुकूलता की दृष्टि से अनुवाद भाग में परिवर्तन की आवश्यकता हुई, वहाँ हमने सम्पादकीय धर्म का निर्वाह करते हुए यथेच्छ परि-वर्तन भी कर दिये हैं। यह सम्पादन का कार्य बहुत ही अवधानसापेक्ष था। उदाहरणः पृष्ठ १२९ के अन्त में दिये गये श्लोक को देखें—

वायुः सम्मूर्च्छतो नाभेर्नाड्याश्च हृदयस्य च।
पार्श्वयोर्मस्तकस्यापि षण्णां षड्जः प्रजायते॥

यहाँ यदि श्लोक के तीसरे पाद का अर्थ 'मस्तक के दोनों पार्श्व' ऐसा करें तो षड्ज स्वर की उत्पत्ति छः स्थानों से न होकर पाँच ही स्थानों से होगी—नाभि, नाड़ी, हृदय तथा मस्तक के दोनों पर्व। इसलिए अर्थ के समन्वय की दृष्टि से तीसरे पाद का अर्थ 'दो पार्श्व और मस्तक' लेना होगा, न कि मस्तक के दो पार्श्व। ऐसे अनेक स्थानों पर हमने अनुवाद को मूलगामी बनाने का पूरा प्रयत्न किया है किन्तु फिर भी प्रस्तुत ग्रन्थ के विषय-वस्तु की गम्भीरता और हमारे ज्ञान की सीमाओं को देखते हुए भ्रान्तियों का रह जाना असम्भव नहीं है। आशा है, विद्वान् ऐसी न्यूनताओं की ओर हमारा ध्यान अवश्य आकृष्ट करेंगे।

सम्पादन में हमने मूलग्रन्थ में दिये उद्धरणों का मूल खोजकर तो नीचे पाद-टिप्पण में देने का प्रयत्न किया ही है, उन मूलस्रोतों के सन्दर्भ भी पाद-टिप्पण में खोजकर डाले हैं जो हमारी दृष्टि में ओझा जी के विवेचन के मूल हैं ऐसे पाद-टिप्पण ऋग्वेद, ऋग्वेद प्रातिशाख्य, वाजसनेयि (कात्यायन) प्रातिशाख्य, शतपथ ब्राह्मण, छान्दोग्य उपनिषद्, याज्ञवल्क्य-शिक्षा, पाणिनीयशिक्षा इत्यादि ग्रन्थों से लिये गये हैं। कहीं-कहीं पाद-टिप्पण विषयवस्तु की स्पष्टता की दृष्टि से भी दिये गये हैं उदाहरणत:—पृ. १३३ का यह श्लोक देखें—

चतुर्भ्यो जायते षड्जो मध्यम: पञ्चमस्तथा।
द्वाभ्यां-द्वाभ्यां गनी ज्ञेयौ ऋधौच त्र्यात्मकौ तथा।।

यहाँ 'गनी' और 'ऋधौ' शब्द अध्येताओं के लिए अपरिचित हो सकते हैं, यह मानकर गनी का अर्थ गान्धार, निषाद और ऋधौ का अर्थ ऋषभ, धैवत पाद-टिप्पण में दे दिया गया है। ग्रन्थ के अन्त में यथासम्भव ग्रन्थ में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दावली परिभाषा सहित परिशिष्ट में जोड़ दी गयी है। आशा है यह सब सामग्री पाठकों को ग्रन्थ का मर्म समझने में सहायक होगी। जो पाठक प्रस्तुत विषय में अग्रेतर अध्ययन करना चाहें उन्हें पण्डित मधुसूदन ओझा के दूसरे ग्रन्थ पथ्यास्वस्ति (सम्पा. श्री सुरजनदास स्वामी, राजस्थान प्राच्य-विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, १९६९) का अवश्य अवलोकन करना चाहिये।

मैं प्रथमत: श्री कर्पूरचन्द जी कुलिश का आभारी हूँ जिन्होंने मुझे प्रस्तुत ग्रन्थ का मूल एवं उसके अनुवाद की प्रति उपलब्ध करवायी।

जोधपुर-विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के 'पण्डित-मधुसूदन-ओझा-शोध-प्रकोष्ठ' ने इस गौरवमयी ग्रन्थमाला के प्रथम पुष्प के सम्पादन का भार मुझ पर सौंपकर मुझे गौरवान्वित किया है।

जोधपुर विश्वविद्यालय के संस्कृत-विभाग के आचार्य एवं अध्यक्ष डॉ. दयानन्द भार्गव जो कि इस ग्रन्थमाला के प्रधान सम्पादक भी हैं, ने पद-पद पर मेरा मार्गदर्शन किया और मेरे वरिष्ठ सहकर्मियों विशेषत: सहाचार्य डॉ. श्रीकृष्णशर्म्मा, व्याकरणाचार्य्य, न्यायाचार्य्य ने याचित-अयाचित सब तरह का सहयोग दिया, एतदर्थ मैं उन सबका अन्त:करण से आभारी हूँ।

मेरी प्रार्थना है कि इस ग्रन्थ के माध्यम से की गयी शब्दब्रह्म की उपासना पर-ब्रह्म की उपासना का साधन बने। क्योंकि—

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्

यस्मिन् देवा अधि विश्वे निषेदुः ।

यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति

य इत्तद्विदुस्त इमे समासते[1] ।।

सत्य प्रकाश दुबे
एम. ए., व्याकरणाचार्य्य, विद्यावारिधि
सहायक-आचार्य
संस्कृत-विभाग
जोधपुर-विश्वविद्यालय, जोधपुर

1 ऋग्वेद १।१६४-३९

* श्रीः *

अथ वर्णसमीक्षा ।

धर्मादभ्युदयः सदाऽभ्युदयते, धर्मश्च साहित्यतो
विज्ञाप्योऽप्यविनाकृतं तदपि वा वाक्यैश्च वाक्यं पुनः
संपद्येत पदैः, पदं पुनरिदं वर्णाहितं वर्ण्यते,
तस्माद्वर्णनिरूपणं प्रथमतः कर्तुं समुद्यम्यते ।। १ ।।
अथातो माधुसूदन्या सरस्वत्या प्रसन्नया ।
समीक्षाचक्रवर्तिन्या वर्णतत्वं समीक्ष्यते ।। २ ।।

धर्म से सदा उत्थान होता है, धर्म साहित्य से विज्ञापनीय होता है, वह साहित्य वाक्यों से नित्य सम्बद्ध है । वाक्य की रचना पदों से होती है, पदों की निर्मिति वर्णों से होती है । इसलिए वर्णों के निरूपण का प्रथमतः समुद्यम किया जाता है ।। १ ।।

सुप्रसन्न समीक्षाचक्रवर्ती विद्यावाचस्पति मधुसूदन ओझा की सरस्वती के द्वारा वर्णतत्व की समीक्षा की जा रही है ।। २ ।।

१. भाषोपयुक्ताः सर्वे वर्णाः संहत्य मातृकाशब्देनाख्यायन्ते तद्भाषायास्तत एव समुत्पादात् । पथ्यास्वस्तिरिति तु वैदिकी संज्ञा । सा च मातृका, भाषाभेदाद् बहुधा भिन्नाऽपि संक्षिप्य तावद् द्वेधा प्रतिपद्यते—आर्यमातृका च, अनार्यमातृका च । तत्र विभक्तस्वरव्यञ्जनव्यूहा प्रथमा । सा चतुर्धा—ब्रह्ममातृका, अक्षमातृका, सिद्धमातृका, भूतमातृका चेति । अथ सङ्कीर्णस्वरव्यञ्जनवर्णा अनार्यमातृकाः । तासामनेकत्वेऽपि या तत्रार्यैः परिगृहीता सैका होड़ामातृका ताभिरेवार्यमातृकाभिः सह निरूपयितव्या । तदित्थं पञ्चमातृकाः भिन्नक्रमाः प्रदर्श्यन्ते ।

१. भाषा प्रयोग में व्यवहार में आने वाले जो वर्ण या अक्षर हैं उन्हें 'मातृका' कहा जाता है क्योंकि वर्ण या अक्षर ही भाषा के उत्पादक हैं (अतः वे मातृका स्थानीय होने के कारण 'मातृका' कहे जाते हैं ।) इन्हीं वर्णों या अक्षर-समुदाय की "पथ्यास्वस्ति" यह वैदिकी संज्ञा है । भाषाओं के भिन्न-भिन्न होने के कारण ये मातृकाएं भी अनेक प्रकार की होने पर भी संक्षेप में दो प्रकार की हैं—आर्यमातृका और अनार्यमातृका । इनमें से प्रथम आर्यमातृका वह है जिसमें स्वर और व्यञ्जनों का स्पष्ट विभाग विद्यमान है । वह चार प्रकार की है—ब्रह्ममातृका, अक्षमातृका, सिद्धमातृका तथा भूतमातृका । जिनमें स्वर और व्यञ्जनों

का पृथक्-पृथक् विभाग नहीं है वे अनार्यमातृकाएँ हैं (इनमें स्वर और व्यञ्जन परस्पर संकीर्ण या मिले-जुले रूप में अवस्थित हैं ।) ये अनार्य मातृकाएँ यद्यपि अनेक हैं किन्तु उनमें से आर्यों ने अपने व्यवहार में एकमात्र होड़ामातृका नामक मातृका का ही ग्रहण किया है अतः उसका निरूपण भी आर्यमातृकाओं के साथ ही किया जाता है । इस प्रकार भिन्न-भिन्न क्रमवाली पाँच मातृकाओं का वर्णन किया जाता है ।

तत्रादौ शिक्षाक्रमसिद्धा

ब्रह्ममातृका

अ इ उ ऋ ऌ । आ ई ऊ ॠ । अ ३ इ ३ उ ३ ऋ ३ । ए ए ३ ऐ ऐ ३ । ओ ओ ३ औ औ ३ । ङ ञ ण न म । घ झ ढ ध भ । ग ज ड द ब । ख छ ठ थ फ । क च ट त प । य र ल व श ष स ह । कुं खुं गुं घुं । अं अः ≍ क ≍ प । ळ। इति ब्रह्मराशिः ।

२. अत्रादित एकविंशतिः स्वराः, ततो द्विगुणानि व्यञ्जनानि स्वरेष्वकारादयस्त्रयोदश समानाक्षराणि । एकारादयोऽष्टौ सन्ध्यक्षराणि । आदितः पञ्च ह्रस्वाः, ततश्चत्वारो दीर्घाः, ततश्चत्वारः प्लुताः, ततश्चत्वारि दीर्घप्लुतद्वन्द्वानि । तत्र द्वितीयस्योच्चारणमकारपूर्वकलघुप्रयत्नतरयकारवत् । तृतीयस्य त्वकारपूर्वकार्द्धमात्रेकारवत् । चतुर्थस्य त्वाकारपूर्वकार्द्धमात्रेकारवत् । एवं षष्ठसप्तमाष्टमानामपि यथायथमकारपूर्वाभ्यां वकारोकाराभ्यां सादृश्येन तथोच्चारणं कल्प्यम् ।

प्रथमतः शिक्षाक्रमसिद्ध

ब्रह्ममातृका

अ इ उ ऋ ऌ । आ ई ऊ ॠ । अ ३ इ ३ उ ३ ऋ ३ । ए ए ३ । ऐ ऐ ३ । ओ ओ ३ । औ औ ३ । ङ ञ ण न म । घ झ ढ ध भ । ग ज ड द ब । ख छ ठ थ फ । क च ट त प । य र ल व श ष स ह । कुं खुं गुं घुं । अं अः≍क≍प ळ । यह अक्षरराशि ब्रह्म राशि है ।

२. यहाँ प्रारम्भ के इक्कीस स्वर हैं । उससे दुगुने बयालीस व्यञ्जन हैं । स्वरों में अकार आदि तेरह समान अक्षर हैं । एकार आदि आठ सन्धियुक्त अक्षर हैं । प्रारम्भ के पाँच ह्रस्व हैं, अनन्तर चार दीर्घ हैं, उसके अनन्तर चार प्लुत तथा उसके भी अनन्तर चार दीर्घ और प्लुत के जोड़े हैं । इनमें द्वितीय का उच्चारण अकारपूर्वक लघुप्रयत्नतर यकार के

समान होता है। तीसरे का उच्चारण अकार पूर्वक आधी मात्रा के इकार के समान होता है। चतुर्थ का उच्चारण आकारपूर्वक आधी मात्रावाले इकार के समान होता है। इसी प्रकार षष्ठ सप्तम अष्टम के पूर्ववत् अकार पूर्ववत् वकार और उकार के समान उच्चारण को कल्पित करना चाहिए।

३. अथ व्यञ्जनेष्वादितः पञ्चविंशतिः स्पर्शाः ततश्चत्वारोऽन्तःस्थाः। ततश्चत्वार ऊष्माणः, ततश्चत्वारो यमाः ततश्चत्वारः क्रमेणानुस्वारविसर्गजिह्वामूलीयोपध्मानीयाः, एको दुःस्पृष्टः। स्पर्शेषु ङञणनमा अनुनासिकाः। घझढधभा महाप्राणा नादाः। गजडदबा अल्पप्राणाः नादाः। खछठथफा महाप्राणाः श्वासाः। कचटतपा अल्पप्राणाः श्वासाः।

३. व्यञ्जनों में आदि से पच्चीसवें तक स्पर्श कहे जाते हैं, उसके अनन्तर अन्तःस्थ हैं, उसके अनन्तर चार ऊष्म व्यञ्जन हैं। उसके आगे चार यम संज्ञक व्यञ्जन हैं। उसके अनन्तर क्रम से चार अनुस्वार, विसर्ग, जिह्वामूलीय और उपध्मानीय हैं। एक दुःस्पृष्ट है। स्पर्श नामक व्यञ्जन वर्णों में ङ, ञ, ण, न, म अनुनासिक हैं। घ, झ, ढ, ध, भ ये महाप्राण नाद वर्ण हैं। ग, ज, ड, द, ब ये अल्पप्राण नाद वर्ण हैं। ख, छ, ठ, थ, फ महाप्राण वाले श्वास वर्ण हैं। क, च, ट, त, प ये अल्पप्राण वाले श्वास वर्ण हैं।

४. अथ यमानुस्वारविसर्गजिह्वामूलीयोपध्मानीयानामयोगवाहसंज्ञानां व्यञ्जनत्वंस्वरत्वं चाचक्षते। तेनायोगवाहा ऊष्माणोऽन्तःस्थाः स्पर्शाश्चेत्येतानि व्यञ्जनानि। अयोगवाहाः समानाक्षराणि सन्ध्यक्षराणि चेत्येते स्वराः। तदित्थं त्रिषष्टिर्वर्णा अत्र सिद्धाः। कैश्चित्तु प्लुतं ऌकारमत्र प्रवेश्य चतुःषष्टिर्वर्णा इष्यन्ते। कात्यायनस्तु स्वरेषु दीर्घं ॡकारं। नासिक्यहुङ्कारं चाधिकं निवेशयति, तेन तन्मते पञ्चषष्टिर्वर्णाः लभ्यन्ते।

४. यम, अनुस्वार, विसर्ग, जिह्वामूलीय और उपध्मानीय अयोगवाह कहे जाते हैं, ये व्यञ्जन भी हैं, और स्वर भी माने जाते हैं। इस प्रकार अयोगवाह, ऊष्म, अन्तःस्थ और स्पर्श ये व्यञ्जन हैं। इसी प्रकार अयोगवाह, समानाक्षर तथा सन्ध्यक्षर वाले स्वर कहे जाते हैं। संकलन करने पर ये सब तिरसठ वर्ण यहाँ सिद्ध होते हैं। कुछ आचार्य इन्हीं में प्लुत ऌकार का भी सन्निवेश करके चौसठ वर्ण गिनते हैं। आचार्य कात्यायन दीर्घ ॡकार तथा नासिका स्थानवाले हुंकार वर्ण का भी सन्निवेश करते हैं, अतः उनके मत में वर्णों की गणना पैंसठ हो जाती है।

५. क्वचित्तु यमव्यक्तिगणनानुरोधेन विंशतिसंख्याधिक्यादूनाशीतिवर्णैरियं मातृका संपाद्यते। तदुक्तम्—

एकोनाशीतिवर्णास्तु प्रोक्ताश्चात्र स्वयंभुवा।
स्वराः द्वाविंशतिश्चैव स्पर्शानां पञ्चविंशतिः॥ १॥

यादयः शादयश्चाष्टौ यमा विंशतिरेव च ।
अनुस्वारो विसर्गश्च ≍ क ≍ पौ चापि पराश्रयौ ।। २ ।। इति

तत्रानुनासिकभिन्नस्पर्शसदृशध्वनयो विंशतिवर्णा एव यमत्वेनेष्यन्ते । तेषु कचटतप सदृशानां कुँ संज्ञा । खादिसदृशानां पञ्चानां खुँ संज्ञा । गादिसदृशानां गुँ संज्ञा । एवं घादिसदृशानां घुँ संज्ञा द्रष्टव्या ।

अयोगवाहातिरिक्तानां व्यञ्जनानामुत्तरतः स्वराः संश्लिष्यन्ते, परस्परतस्तु स्वरयोर्व्यञ्जनयोर्वा संयोगः क्वचिद्भवति क्वचिन्नेति प्रयोगवशादुन्नेयम् ।

५. कहीं गणनाक्रम में 'यम' वर्णों की व्यक्तिशः गणना करके बीस वर्णों के आधिक्य से यह मातृका उन्यासी वर्णोंवाली हो जाती है । जैसा कि कहा गया है—

> "स्वयंभू ने इस मातृका के अन्तर्गत उन्यासी वर्णों को प्रकट किया । उनमें बाईस स्वर हैं, पच्चीस स्पर्श वर्ण हैं यकार आदि तथा शकार आदि आठ वर्ण हैं, बीस यम संज्ञक वर्ण हैं तथा अनुस्वार, विसर्ग, जिह्वामूलीय और उपध्मानीय ये पराश्रित वर्ण हैं ।"

इनमें अनुनासिक से भिन्न स्पर्श नामक वर्णों के समान ध्वनि वाले बीस वर्ण 'यम' शब्द से कहे जाते हैं । इनमें क च ट त प को 'कुँ' शब्द से कहा जाता है । खकार आदि के समान पांच वर्णों की 'खुँ' संज्ञा है । 'ग' आदि के समान वर्णों की 'गुँ' संज्ञा है । घ आदि के समान वर्णों को 'घुँ' संज्ञक कहा जाता है ।

ऊपर जिन वर्णों को अयोगवाह नाम से बतलाया गया, उनके अतिरिक्त व्यञ्जनों के आगे स्वरों का संयोग रहता है । एक से अधिक स्वरों तथा एकाधिक व्यञ्जनों का कभी संयोग होता है कभी नहीं होता है, यह प्रयोग के अनुसार समझना चाहिए ।

६. इयमार्याणां वर्णमातृका सर्वतः प्रथमा । सेयं ब्रह्ममातृका देवमातृका चेति कथ्यते, ब्रह्मराशिरक्षरसमाम्नायश्च । अस्याश्च देवभाषायां विनियोगो द्रष्टव्यः, शिक्षातन्त्रे च भूयसैतया व्यवहारः । नैतस्याः मातृकायाः पृथग् लिपिरिदानीमुपलभ्यते, भूयसा कालेन तदपहारात् । तद्विकृतिरूपैव वा संप्रतीयं नागरलिपिः प्रवर्तते, नागरखण्डात्मकस्य भूप्रदेशस्य ब्रह्मावर्तानुबन्धित्वदर्शनात् । वर्णसंनिवेशक्रमोऽप्यस्या न स्पष्टमुपदिष्टः कुत्रापि दृश्यते—अत एवैतस्या अतिप्राचीनत्वमवगच्छाम इति दिक् ।

इति ब्रह्ममातृका । १ ।

६. यह आर्यों की वर्णमातृका सर्वप्रथम है । इसको ब्रह्ममातृका तथा देवमातृका, ब्रह्मराशि तथा अक्षर समाम्नाय भी कहा जाता है । इसका प्रयोग देवभाषा में देखने में आता है । शिक्षाकाल में अधिकतया इससे व्यवहार होता है । इस मातृका की कोई पृथक् लिपि

इस समय उपलब्ध नहीं है, लगता है बहुत बड़े कालक्रम ने उसका लोप कर दिया। उसी लिपि के विकार के रूप में इस समय नागरी लिपि व्यवहार में आ रही है। नागरखण्ड नामक जो भूमिप्रदेश है, जहाँ की यह नागरी लिपि है, वह ब्रह्मावर्त प्रदेश से सम्बन्धित है, जहाँ की लुप्त ब्राह्मी लिपि थी। इसलिए विलुप्त ब्राह्मी लिपि का स्थान नागरी लिपि ने ग्रहण किया, ऐसा प्रतीत होता है। इस लिपि के वर्णों के सन्निवेश का क्रम भी कहीं स्पष्ट रूप से उपदिष्ट नहीं मिलता, इसीलिए हम इसे अत्यन्त प्राचीन लिपि समझ रहे हैं।

इति ब्रह्ममातृका। १।

अथ कुमारक्रमसिद्धा

अक्षमातृका

अ आ। इ ई। उ ऊ। ऋ ॠ। ऌ ॡ। ए ऐ। ओ औ। अं अः। क ख ग घ ङ। च छ ज झ ञ। ट ठ ड ढ ण। त थ द ध न। प फ ब भ म। य र ल व। श ष स ह। ळ क्ष। इति वर्णसमाम्नायः।

७. अत्रैकपञ्चाशद्वर्णाः समाम्नायन्ते, अन्ते त्र ज्ञ—इत्यप्यधिकं वर्णद्वयं क्वचित्पठ्यते क्षेत्रज्ञ शब्दोपलक्षणमेतत्, संयुक्तवर्णमात्रोपलक्षणं च। ळ इति दुःस्पृष्टवर्णोपलक्षणम्, केषाञ्चित्तु सम्प्रदाये नायं दुःस्पृष्टळकारः पठ्यते।

एषु चादौ षोडश स्वराः, तत्राष्टसु युग्मेषु पूर्वः पूर्वो ह्रस्वः, परः परो दीर्घो बोध्यः, अनुस्वारविसर्गौ तु दीर्घाविव। अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ—इति समानाक्षराणि। "**सिमादितोऽष्टौ स्वराणाम्**" इति कात्यायनः[1]। ए ऐ ओ औ—इति सन्ध्यक्षराणि,[2] इकारादयः सर्वे नामिस्वराः[3] भाविनश्च[4]। कादीनि व्यञ्जनानि—ते च पञ्च पञ्च कृत्वा पञ्च[5] वर्गाः। क ख—च छ—ट ठ—त थ—प फ—शषसेति त्रयोदश जितः[6]। शषसेति तिस्रो मुदः।[7] परे व्यञ्जनवर्णा विंशतिर्धि

---

1 वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।४४

2 वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।४५

3 ऋग्वेद प्रातिशाख्य १।६५

4 वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।४६

5 इमे वर्गा अत्र मातृकायां कण्ठाद्योष्ठान्तस्थानानामनुक्रमेणैवोपदिष्टा-इति स्फुटी भविष्यत्युपरिष्टात्।

6 (i) वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।५०
(ii) वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।५१

7 वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।५२

संज्ञा:[1] । कादयो मावसाना: पञ्चविंशति: स्पर्शा: । य र ल वा अन्त:स्था:, श ष स हा ऊष्माण: । यादि—क्षान्ता दशैते व्यापका आगमे प्रसिद्धा: । ख छ ठ थ फ घ झ ढ ध भेति दशैते सोष्माण:[2] । अं इत्यनुस्वार:, अ: इति विसर्ग: । अत्र दु:स्पृष्टान्त:स्था[3] ईषत्स्पृष्टान्त: स्थाश्च[4] तन्त्रेण गृहीता भविष्यन्तीति पृथङ् नोक्ता: । र ल न मादीनां[5] सोष्मकाणां संस्कृतभाषायां प्रयोगानुपलम्भादनादर: । तस्मान्न न्यूनता ।

कुमारक्रमसिद्ध

अक्षमातृका

अ आ । इ ई । उ ऊ । ऋ ॠ । ऌ ॡ । ए ऐ । ओ औ । अं अः । क ख ग घ ङ । च छ ज झ ञ । ट ठ ड ढ ण । त थ द ध न । प फ ब भ म । य र ल व । श ष स ह । ळ क्ष ।

यह अक्षमातृका का वर्णसमाम्नाय है ।

७. इस मातृका में इक्यावन वर्णों का प्रतिपादन किया गया है । कहीं-कहीं अन्त में त्र और ज्ञ ये दो वर्ण अधिक भी पढ़े गए हैं जो कि क्षेत्रज्ञ शब्द एवं समस्त संयुक्त वर्णों के उपलक्षण हैं । ळ यह दु:स्पृष्ट वर्णों का उपलक्षणरूप वर्ण है । किसी-किसी सम्प्रदाय में इस दु:स्पृष्ट लकार को नहीं पढ़ा जाता । वहाँ आठ युग्मों में पूर्व-पूर्व का वर्ण ह्रस्व है तथा आगे का वर्ण दीर्घ समझना चाहिए । अनुस्वार और विसर्ग तो दीर्घ ही हैं । अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ये समान अक्षर हैं । आचार्य कात्यायन के अनुसार स्वरों में आदि के आठ स्वर सिम् संज्ञक हैं । ए ऐ ओ औ ये सन्ध्यक्षर एवं इकार आदि सभी वर्ण 'नामि' स्वर या 'भावी' कहलाते हैं । क आदि व्यञ्जन कहलाते हैं, उनमें पाँच-पाँच का एक-एक वर्ग है । क ख च छ ट ठ त थ प फ श ष स ये तेरह वर्ण 'जित्' संज्ञक हैं । श ष स ये तीन वर्ण 'मुत्' संज्ञक भी हैं । शेष बीस व्यञ्जन वर्णों की 'धि' संज्ञा है । ककार से मकार पर्यन्त पच्चीस वर्ण 'स्पर्श' कहे जाते हैं, य र ल व 'अन्त:स्थ' कहे जाते हैं । श ष स ह 'ऊष्म' कहे जाते हैं, यकार से क्षकार पर्यन्त दस वर्ण आगम में व्यापक नाम से प्रसिद्ध हैं । ख छ ठ थ फ घ झ ढ ध भ ये दश सोष्म वर्ण हैं । अं यह अनुस्वार वर्ण है । अ: यह विसर्ग है यहाँ दु:स्पृष्ट, अन्त:स्थ तथा ईषत्स्पृष्ट अन्तस्थों का एक ही उच्चारण से ग्रहण हो जाएगा, इस अभिप्राय से उनका पृथक् कथन नहीं हुआ है । र ल न म आदि जो सोष्म वर्ण

---

1 वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।५३

2 वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।५८

3-4-5 इमे वर्णा अग्रे स्फुटं व्याख्येया: ।

हैं उनका संस्कृत भाषा में प्रयोग उपलब्ध नहीं होता, अतः उनकी गणना नहीं की गई। अतः न्यूनता की आशंका नहीं होती।

८. ककरादिषु चैतेषु व्यञ्जनेषु अकारादयः षोडश स्वरा अभियोज्य पाठ्याः क का कि की कु कू—इत्यादि। तदित्थमकारादयः क्षकारान्ता एकपञ्चाशद्वर्णा अक्षशब्देनोच्यन्ते मातृकाशब्देन चेति। सेयं वर्णमाला अक्षमातृका, कुमारमातृका, वर्णसमाम्नायः—इत्यादिशब्दैराख्यातव्या। कातन्त्रव्याकरणे आगम (तन्त्र) शास्त्रे शास्त्रान्तरे चैतया भूयसा व्यवहारः। अस्याश्च व्यवहारयोग्यः प्रदेशः संपूर्णोऽयमार्यावर्तः। अत्र हि देशे ब्राह्मणसमयादारभ्येदानीं यावदनवरतमनुवर्तमानैषा मातृका भूरिप्रचारोपलभ्यते। इदानीमस्मिन्नार्यावर्ते तत्तत्प्रदेशेषु लिपिभेदेन कथंचिद् भेदं गतास्वपि नानाविधासु मातृकासु पौर्वापर्यक्रमो नैतस्याः भिद्यते, नोच्चारणं, न संख्या, न वा वर्गादिसंस्थानसंज्ञा च। अतएव तु भारतवर्षव्यापकलोकभाषायास्तदवान्तरदेशविशेषव्यापकभाषाभेदानां चेयमविशेषादेका मातृकाभवतीति विज्ञायते। या चैतस्या लिपिरुपलभ्यते सापि नागरी, देवनागरीत्याद्याख्यया सुप्रसिद्धा नागरखण्डसमुद्भूतापीदानीं सर्वस्मिन्नेवार्यावर्तप्रदेशे भूयसा समादरेण व्यवहारपथमानीयते। तस्मादियमार्याणां मुख्या मातृका भवतीत्यवगन्तव्यम्।

इति अक्षमातृका

८. इन ककार आदि व्यञ्जनों में अकार आदि सोलह स्वरों को मिलाकर पढ़ना चाहिए, जैसे क का कि की कु कू आदि। इस प्रकार अ से क्ष तक इक्यावन वर्ण 'अक्ष' कहे जाते हैं, इन्हें मातृका भी कहा जाता है। यह वर्णमाला अक्षमातृका, कुमारमातृका या वर्ण समाम्नाय इत्यादि शब्दों से सम्बोध्य होती है। कातन्त्र व्याकरण में तथा आगम शास्त्र या तन्त्र शास्त्र में इसका अधिक प्रयोग है। इसके व्यवहार का प्रदेश यह सम्पूर्ण आर्यावर्त है। इस प्रदेश में ब्राह्मण समय से आरम्भ होकर आज तक निरन्तर प्रयोग में लाये जाने वाली यह मातृका बहुप्रचारित है। इस समय इस आर्यावर्त में लिपियों के भेद से अनेक प्रकार की मातृकाओं में कुछ-कुछ भेद हो जाने पर भी इस अक्षमातृका का पूर्वापर रूप क्रम-भिन्न नहीं हुआ है। इसके उच्चारण, वर्णों की संख्या तथा वर्ग आदि के संस्थान क्रम में भी भेद नहीं आया है। इसीलिए भारतवर्ष में फैली हुई लोकभाषा (हिन्दी) और उसकी अवान्तर विशेष स्थानों में व्यवहार में आनेवाली (ब्रज, अवधी, राजस्थानी आदि) विभिन्न भाषाओं के लिए सामान्यतया यही मातृका व्यवहार में आ रही है। इसकी जो लिपि उपलब्ध हो रही है, वह भी नागरी लिपि या देवनागरी लिपि के नाम से सुप्रसिद्ध है, वह नागर खण्ड में समुद्भूत होने पर भी इस काल में समस्त आर्यावर्त में पर्याप्त आदर के साथ व्यवहार में लायी जा रही है। इसीलिए हम जानते हैं कि यही अक्षमातृका आर्यों की मुख्य मातृका है।

अथ सिद्धक्रमसिद्धा

रुद्रमातृका

अ इ उ ऋ । ए ओ ऐ औ । लृ ह य व र ल । ञ म ङ ण न । झ भ घ ढ ध । ज ब ग ड द । ख फ छ ठ थ । च ट त क प । श ष स ह । इत्यक्षरसमाम्नायः ।

९. एतैस्त्रयश्चत्वारिंशद्वर्णैर्माहेश्वरी वर्णमाला समाम्नायते । अस्मिन्नाम्नाये अकारोत्तरं सकारोत्तरं वा—अं अः, ᳵक—ᳶप, इत्येते चत्वारो यमाश्चाधिकमुपसंख्यायन्ते । रलनमादीनान्तु सोष्मकाणां संस्कृतभाषास्वनुपयोगात् परित्यागः । अन्तःस्थयोस्त्वीषत्स्पृष्टदुःस्पृष्टयोरुच्चारणभेदेन भाषासु व्यवतिष्ठमानयोरपि फलतः प्रायेण विशेषानुपलम्भान्न पार्थक्येनोपदेशः, तस्मान्न न्यूनता शङ्कनीया ।

सिद्ध क्रम सिद्ध

रुद्रमातृका

अ इ उ ऋ । ए ओ ऐ औ । लृ ह य व र ल । ञ म ङ ण न । झ भ घ ढ ध । ज ब ग ड द । ख फ छ ठ थ । च ट त क प । श ष स ह ।

९. यह रुद्रमातृका का अक्षरसमूह है ।

इन तैंतालीस वर्णों से माहेश्वरी वर्णमाला व्याख्यात होती है । इस वर्णमाला में अकार के अनन्तर अथवा सकार के अनन्तर अं अः ᳵक ᳶप ये चार वर्ण तथा यमसंज्ञक वर्ण अधिक माने जाते हैं । र ल न म आदि जो सोष्म वर्ण हैं उनका संस्कृत भाषा में उपयोग न होने से यहाँ ग्रहण नहीं किया गया है । जो अन्तःस्थ ईषत्स्पृष्ट तथा दुःस्पृष्ट वर्ण हैं वे उच्चारण के भेद से भाषा में प्रयुक्त होने पर भी फलरूप में प्रायः कोई विशेषता नहीं रखते अतः उनकी पृथक् गणना नहीं की गई । उनकी गणना न होने पर किसी प्रकार की न्यूनता की आशङ्का नहीं करनी चाहिये ।

१०. अथ भाषासु व्यवहृतानां मातृकापाठे त्वपठितानां केषांचिद्वर्णानां पठितवर्णैः, सह सावर्ण्यं च विज्ञायते । यदि भिन्नवर्णत्वमभविष्यत्—तदावश्यं वर्णसमाम्नाये पार्थक्येनोपदिष्टमभविष्यत् । तस्माद्ये तत्र नोपदिश्यन्ते—ते पठितसवर्णा इष्यन्ते । यथा—अ इ उ ऋ—इति चत्वारोऽपि स्वरवर्णाः प्रत्येकमष्टादशधा भिद्यन्ते । उदात्तानुदात्तस्वरितभेदेन प्रत्येकं त्रिविधानां ह्रस्वदीर्घप्लुतानामनुनासिकत्वनिरनुनासिकत्वाभ्यां भेददृष्टावष्टादशविशेषोपलब्धेः । लृकारस्तु दीर्घो नास्तीति दीर्घभेदाः षडपि हीयन्ते । ततोऽयम् लृकारो द्वादशधा ।

अनुनासिकत्वनिरनुनासिकत्वाभ्यां यवला अपि प्रत्येकं द्विविधाः । तत्र स्वरकालस्थानबलानुप्रदानेषु पञ्चस्वपि वर्णगुणेषु स्थानबलैक्यमेव वर्णानां सावर्ण्ये तन्त्रम् । अत एव विवृतबलानां स्वराणां पूर्णस्पृष्टार्धस्पृष्टबलैर्व्यञ्जनैरसावर्ण्यम् । एकारौकारयोर्विवृततरत्वमैकारौकारयोश्च विवृततमत्वमित्यतुल्यबलत्वात् पृथगुपन्यासः । येषान्तु सिद्धं सावर्ण्यं तेषां सर्वेषां पार्थक्येन मातृकापाठे पाठो नावकल्पते, एकेनैव गृहीतेनान्येषामपि सर्वेषां सुग्रहत्वात् । स्थानबलातिरिक्तगुणसाम्ये तु सावर्ण्याभावेऽपि वर्णानां साधर्म्यं न परिहीयते । तत्र केषां कैः साधर्म्यमिति स्पष्टं प्रतिपादयितुमेषां वर्णानां विलक्षणपौर्वापर्येण सन्निवेशमुपकल्पयन्ति । स च सन्निवेशो यथा[1]—

१०. यहाँ कुछ वर्ण ऐसे हैं जो भाषा के व्यवहार में आते हैं, परन्तु मातृका पाठ में नहीं पढ़े गए हैं, ऐसे कुछ वर्णों की पाठ में पढ़े गए वर्णों के साथ सवर्णता बतलाई जाती है । यदि वे वर्ण सर्वथा भिन्न होते तो अवश्य ही मातृकापाठ में उनका पृथक् निर्देश होता । इसलिए जो वहाँ नहीं पढ़े गए हैं वे पठित वर्णों के सवर्ण माने जाते हैं । जैसे— अ इ उ ऋ ये चारों प्रत्येक स्वरवर्ण अट्ठारह प्रकार के अभीष्ट हैं । ये प्रत्येक पहले तो ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत के भेद से तीन-तीन हो गए, फिर (प्रत्येक) तीन उदात्त, अनुदात्त और स्वरित भेद से तीन गुने होकर नौ-नौ हो गए और तदनन्तर अनुनासिक और निरनुनासिक भेद से वे नौ (के दुगुने) होकर अट्ठारह हो गए । जो लृकार वर्ण है, वह दीर्घ नहीं होता अतः दीर्घ के ६ भेद लृकार में कम हो जाते हैं । इसलिए यह लृकार बारह प्रकार का ही है । य व ल वर्ण भी अनुनासिक और निरनुनासिक भेद से प्रत्येक दो-दो प्रकार के हैं । स्वर, काल, स्थान, बल और अनुप्रदान ये पाँच यद्यपि वर्णों के गुण हैं परन्तु स्थान और बल या प्रयत्न की एकता ही वर्णों की सवर्णता का कारण है । इसीलिए विवृत बल (प्रयत्न) वाले स्वरों की पूर्णस्पृष्ट या अर्धस्पृष्ट (प्रयत्न) वाले व्यञ्जन के साथ सवर्णता नहीं होती । एकार तथा ओकार विवृततर बलवाले हैं, तथा ऐकार एव औकार विवृततम बल (प्रयत्न) वाले हैं अतः उनका पृथक् ग्रहण किया गया है । जिनकी सवर्णता सिद्ध है उनका मातृकापाठ में पृथक् पाठ नहीं किया गया है क्योंकि उनमें से एक का ग्रहण हो जाने पर अन्यों का ग्रहण अनायास हो जाता है । स्थान और प्रयत्न के अतिरिक्त गुणों की समानता होने पर यद्यपि सवर्णता का तो अभाव रहता है, परन्तु उसकी सधर्मता बनी रहती है । वहाँ किन वर्णों की किनके साथ सधर्मता है यह स्पष्ट रूप से बतलाने के लिए वर्णों के विलक्षण पौर्वापर्य क्रम को कल्पित किया जाता है । वह सन्निवेश इस चित्र में स्पष्ट किया गया है—

---

1 दशमपृष्ठे प्रकोष्ठके कण्ठादिस्थानानामानुपूर्वीसूचका अङ्का एकद्वयादय उपन्यस्ताः, त एव चाग्रेऽभिव्यक्तीकृताः ।

१	२	५	३	४
अ	इ	उ	ऋ	लृ
ह	य	व	र	ल
२	५	१	३	४
ञ	म	ङ	ण	न
झ	भ	घ	ढ	ध
ज	ब	ग	ड	द
१	५	२	३	४
ख	फ	छ	ठ	थ
२	३	४	१	५
च	ट	त	क	प
श	ष	स	ह	ह

११. अत्र हि—सन्ध्यक्षरभिन्नानां पञ्चानां पञ्चानामेकैको वर्ग इत्यष्टौ वर्गाः, तत्र द्वयोर्वर्गयोः कण्ठताल्वोष्ठमूर्द्धदन्ता इति क्रमः, ततस्त्रयाणां ताल्वोष्ठ-कण्ठमूर्धदन्ता इति क्रमः, तत एकत्र कण्ठोष्ठतालुमूर्द्धदन्ता इति क्रमः, ततः पुनर्द्व-योस्तालुमूर्धदन्तकण्ठोष्ठा इति क्रमः,—इत्थं चतुर्द्धा क्रमविभागः। आद्ये विभागे तालव्यादोष्ठ्यः पुरस्तात्, कण्ठ्यः पश्चात्। द्वितीये तालव्यादोष्ठ्यः पुरस्तात्, कण्ठ्यस्ततः पुरस्तात्। तृतीये तु तद्वैपरीत्येन तालव्यादोष्ठ्यः पश्चात्, कण्ठ्य-स्ततः पश्चात्। चतुर्थे तालव्यान्मूर्धन्यः पुरस्तात्, दन्त्यस्ततः पुरस्तात्, ततः कण्ठ्यस्तत ओष्ठ्यः। सर्वान्ते हकाराविमौ जिह्वामूलीयोपध्मानीयसंज्ञौ स्वरूपा-विशेषादेकतन्त्रेण निर्दिष्टौ।

११. यहाँ सन्धि अक्षरों से भिन्न पाँच-पाँच अक्षरों का एक-एक वर्ग बना है, इस प्रकार आठ वर्ग बने हैं। इनमें प्रथम दो वर्गों में कण्ठ, तालु, ओष्ठ, मूर्धा और दन्त ये स्थानक्रम हैं। इसके अनन्तर तीन वर्गों का तालु, ओष्ठ, कण्ठ, मूर्धा, दन्त यह स्थानक्रम है। तदनन्तर एक वर्ग में कण्ठ, ओष्ठ, तालु, मूर्धा और दन्त स्थानक्रम है। इसके अनन्तर पुनः दो वर्गों में तालु मूर्धा, दन्त, कण्ठ, ओष्ठ यह स्थानक्रम है। इस प्रकार यह चार क्रम विभाग है।

प्रथम विभाग में ओष्ठ स्थानी वर्ण तालव्य वर्ण से पूर्व है तथा कण्ठस्थानी वर्ण बाद में हैं। द्वितीय विभाग में ओष्ठ्य वर्ण तालव्य वर्ण की अपेक्षा पूर्व में है एवं कण्ठ्य वर्ण उससे भी पूर्व है, तृतीय विभाग में इसके विपरीत अर्थात् ओष्ठ्य वर्ण तालव्य वर्ण की अपेक्षा बाद में है एवं कण्ठ्य वर्ण उससे बाद में है। तुरीय विभाग में तालव्य वर्ण से

पहले मूर्धन्य वर्ण है तदनन्तर दन्तस्थानी तदनन्तर कण्ठ्य एवं उसके पश्चात् ओष्ठ्य वर्ण है सबसे अन्त में जिह्वामूलीय एवं उपध्मानीय सञ्ज्ञक हकारद्वय का पाठ है जिनके स्वरूप में वैशिष्ट्य न होने से एक जैसे पढ़े गये हैं।

दूसरे प्रकार से विन्यास करके भी निम्नाङ्कित चित्र द्वारा इसे देखा जा सकता है।

प्रकारान्तरेण न्यासो यथा—

[१]	अ	इ	०	०	उ
	०	०	ऋ	लृ	०
	ह	य	०	०	व
	०	०	र	ल	०
[२]	०	ञ	०	०	म
	ङ	०	ण	न	०
	०	झ	०	०	भ
	घ	०	ढ	ध	०
	०	ज	०	०	ब
	ग	०	ड	द	०
[३]	ख	०	०	०	फ
	०	छ	ठ	थ	०
[४]	०	च	ट	त	०
	क	०	०	०	प
	०	श	ष	स	०
	ᳵह	०	०	०	ᳶह

१२. एवंविधवर्णविन्यासविच्छित्तिविशेषादेव विज्ञायते—येषामियमासीद्वर्णमातृका ते नूनं वर्णविद्यारहस्यविज्ञातारोऽक्षरशिक्षकानां मूर्धन्यतां गता आसन्निति। एतस्याः माहेश्वरवर्णमातृकायाः भूयो भूयोऽनुसन्धानेन भूयांसो वर्णविद्यारहस्यविशेषाः प्रतिभासन्त—इत्यन्यत्र प्रपञ्चितम्।

सा चेयं वर्णमाला सिद्धमातृका, रुद्रमातृका, माहेश्वरी वर्णमाला इत्येतैः पर्यायाभिधायिशब्दैर्व्यवहर्तव्या। अस्याश्च भारतवर्षव्यापकशास्त्रीयभाषायां संस्कृताभिधानायां विनियोगः। पाणिनीयव्याकरणशास्त्रे चैतया भूयसा व्यवहारः। लिपिस्तु नैतस्या उपलभ्यते—व्यापिकया नागरलिप्या निरस्तत्वात्।

इति सिद्धमातृका ॥ ३ ॥

१२. इस प्रकार के वर्णों के विन्यास के सौन्दर्य से ही यह प्रतीत होता है कि जिनकी यह वर्णमातृका थी वे निश्चय ही वर्ण-विद्या के रहस्य के ज्ञाता थे और वे अक्षर-शिक्षकों में मूर्धन्य स्थान पर प्रतिष्ठित थे। इस माहेश्वर मातृका के बार-बार अनुसन्धान करने पर वर्णविद्या के अनेक रहस्य ज्ञात होते हैं, इसका विस्तार हमने अन्यत्र किया है।

उपर्युक्त वर्णमाला सिद्धमातृका, रुद्रमातृका, माहेश्वरी वर्णमाला इत्यादि शब्दों से कही गई है। इसका प्रयोग सम्पूर्ण भारतवर्ष में व्याप्त संस्कृत भाषा में हुआ है। पाणिनीय-व्याकरणशास्त्र में इसी वर्णमातृका का अधिकाधिक व्यवहार हुआ है। इसकी कोई भी पृथक् लिपि इस समय मिलती नहीं है क्योंकि सर्वव्यापक नागरी लिपि से ही इसका व्यवहार चलाया जा रहा है। यह सिद्धमातृका हुई।

अथ कुलक्रमसिद्धा

भूतमात्रिका

अ इ उ ऋ लृ—ए ऐ ओ औ। ह य र व ल—
ङ क ख घ ग-ञ च छ झ ज—ण ट ठ ढ ड
न त थ ध द—म प फ भ ब—श ष स।
इति भूतलिपिः।

१३. द्विचत्वारिंशदक्षरा हीयं भूतलिपिर्भूतमातृका कुलमातृका च कथ्यते, अतिप्राचीना चेयं विज्ञायते। प्राचां भूतभाषायामस्याः विनियोग आसीत् आगमशास्त्रे कुलमार्गे चैतया व्यवहारो दृश्यते। न त्वन्यत्रेदानीं कुत्रापि लोके वा वेदे वा अमुष्या व्यवहारः प्रवर्तते। लिपिरपि च नैतस्याः पृथग्भूतोपलभ्यते क्वापि, कालेनापहारात्।

इति भूतमातृका ॥ ४ ॥

कुलक्रमसिद्ध
भूतमातृका

अ इ उ ऋ लृ ए ऐ ओ औ, ह य व र ल, ङ क ख घ ग, ञ च छ झ ज ण ट ठ ढ ड, न त थ ध, द, म प फ भ ब, श ष स। यह भूतलिपि है।

१३. बयालीस अक्षरों वाली यह भूतलिपि भूतमातृका या कुलमातृका कही जाती है और यह बहुत प्राचीन है यह भी ज्ञात होता है। प्राचीन काल में भूतभाषा में इसका उपयोग था। आगमशास्त्र में तथा कुलमार्ग में इससे व्यवहार दिखाई देता है। अन्यत्र लोक या वेद कहीं भी इसका कोई व्यवहार दिखाई नहीं देता है। काल के द्वारा विलुप्त कर दिये जाने के कारण इस मातृका की कोई पृथक् लिपि भी इस समय उपलब्ध नहीं है।

यह भूत मातृका हुई।

अथ हीनक्रमः

अ व क ह ड—म ट प र त
न य भ ज ख—ग स द च ल
घ ङ छ—ष ण ठ
ध फ ढ—थ झ ञ
इति होडाचक्रम्

१४. अत्र चतुर्षु पञ्चकेषु एकैकम्-अ इ उ ए ओ-इतिपञ्चभिर्मात्राभिरवयुत्य पाठ्यम्। प्रतिपञ्चकमध्यमस्य यन्मात्रापञ्चकं तन्मध्यमेन सह एकैकस्य त्रिकस्य सन्निवेशः। तथा च द्वादशं शतं वर्णानां सिद्धिर्भवति। तस्येदं शतपदचक्रम्—

हीनक्रम

अ व क ह ड—म ट प र त
न य भ ज ख—ग स द च ल
घ ङ छ—ष ण ठ
ध फ ढ—थ झ ञ
यह होडाचक्र है।

१४. यहाँ चार पञ्चकों में एक-एक की अ इ उ ए ओ इन मात्राओं से जोड़कर पढ़ना चाहिए। प्रत्येक पञ्चक के मध्यम वर्ण के साथ जो पांच मात्राएं हैं इनमें मध्यम वर्ण के साथ एक-एक त्रिक का सन्निवेश किया जाता है। इस प्रकार एक सौ बारह वर्ण सिद्ध होते हैं। इसको प्रदर्शित करने वाला यह शतपदचक्र हैं।

अ	व	क	ह	ड	म	ट	प	र	त	न	य	भ	ज	ख	ग	स	द	च	ल
इ	वि	कि	हि	डि	मि	टि	पि	रि	ति	नि	यि	भि	जि	खि	गि	सि	दि	चि	लि
उ	वु	कु घXङ छ	हु	डु	मु	टु	पु षXण ठ	रु	तु	नु	यु	भु धXफ ढ	जु	खु	गु	सु	दु थXझ ञ	चु	लु
ए	वे	के	हे	डे	मे	टे	पे	रे	ते	ने	ये	भे	जे	खे	गे	से	दे	चे	ले
ओ	वो	को	हो	डो	मो	टो	पो	रो	तो	नो	यो	भो	जो	खो	गो	सो	दो	चो	लो

। शतपदचक्रम् ।

१६. अत्र ह्रस्वदीर्घयोर्बवयोः शसयोश्चैक्यमभिप्रेयते । ऋ लृ वर्णयोस्त्वकारे वा रेफलकारयोर्वान्तर्भावमिच्छन्ति, तस्मान्न न्यूनता ।

पाणिनिकात्यायनादिसमकाले यवनानीशब्देन कस्याश्चिद् यवनलिपेरत्र-देशेऽपि प्रसिद्धिरासीत् । सेयमेव तस्मिन् युगे यवनप्रान्तभुक्ता भवेदित्यनुमीयते । अथवा स्यादवाद्यारब्धा लान्ता[1] विंशतिर्वर्णाश्चत्वारस्त्वन्ये वर्णा इत्येवं चतुर्विंशत्यक्षरा काचित्तदानीं यवनदेशीया मातृका ज्योतिर्विद्यासमासक्तानां विदुषां समाजभुक्तेति विज्ञायते । ज्योतिःशास्त्रप्रसिद्धेन चतुर्विंशतिसंख्याबोधकेन होराशब्देनैतस्याः व्यवहरणात् । इमे घ ङ छादयश्चत्वारस्त्रिकास्तेषामेव चतुर्णां शेषवर्णानां स्थाने ब्राह्मणैः पश्चात् प्रकल्पिताः स्युः, ङणादीनामनार्यैः प्रतिपत्तुमशक्यत्वात् । होरेतिवक्तव्ये होडेत्युच्यते । अथवा होलेति बालिकासंज्ञा, बालिकया शिक्षणीया मातृकापि होला, होलेति वक्तव्ये होडेत्युच्यते । सा चानार्याणां यवनानां मातृकैवेयमार्यैर्भारतवर्षे सपरिकरं रक्षिता दृश्यते ।

"म्लेच्छा हि यवनास्तेषु सम्यक्शास्त्रमिदं स्थितम् ।
ऋषिवत्तेऽपि पूज्यन्ते किं पुनर्दैवविद् द्विजः ॥"

इत्येवमाचक्षाणैर्गर्गादिभिर्ज्योतिःशास्त्रे यवनदक्षतायाः प्रशंसनात् । ज्योतिःशास्त्र एव व्यवहारसौकर्यानुरोधेन कृत्तिकाद्यष्टाविंशतिनक्षत्रचरणानां संज्ञानाय होडामातृकाया उपयोगदर्शनात् । तथा हि चक्रम्—

१६. यहाँ ह्रस्व, दीर्घ, ब व तथा श स की एकता अभिप्रेत है । ऋ और लृ वर्णों का अकार में अथवा रेफ और लकार में अन्तर्भाव मानने से न्यूनता नहीं होती ।

पाणिनि-कात्यायन के काल में यवनानी शब्द से किसी यवन लिपि की इस देश में भी प्रसिद्धि थी । अनुमान होता है कि यह उस समय यवन प्रान्तों में व्यवहार में लाई जाती थी । अथवा अ, व से आरम्भ करके 'ल' पर्यन्त बीस तथा चार अन्य वर्ण इस प्रकार चौबीस अक्षरों वाली कोई यवन देशीय मातृका उस समय थी जो ज्योतिष-विद्या के विद्वानों के समाज में व्यवहार में थी । ज्योतिष विद्या में प्रसिद्ध चौबीस संख्या के बोधक होरा शब्द से इसका व्यवहार होता था । ये घ ङ छ आदि चार त्रिक वर्ण उन्हीं चार शेष वर्णों के स्थान पर विद्वानों ने प्रकल्पित किये होंगे, क्योंकि ङ ण आदि वर्णों की अनार्यों के द्वारा परिकल्पना नहीं हो सकती । होरा कहने के लिए होडा कहा गया है । अथवा होला यह बालिकाओं की संज्ञा है । बालिकाओं के द्वारा पढ़ी जाने वाली मातृका भी होला होला ऐसी कही जाने पर होडा कही जाने लगी । वह अनार्य यवनों की मातृका ही भारत में पूर्णतया सुरक्षित दिखाई देती है ।

---

1 चक्रस्य प्रथमे प्रकोष्ठे निवेशिताः ।

"म्लेच्छ यवन हैं, उनमें यह शास्त्र पूर्णरूप से संस्थित है, वे भी ऋषियों के समान ही पूजनीय हैं, जो दैववेत्ता ब्राह्मण है, उसकी तो बात ही क्या।"

इत्यादि उक्तियों के द्वारा गर्ग आदि ने ज्योतिष शास्त्र में यवनों की विद्वत्ता का कथन किया है। इस होड़ा मातृका का विशेष उपयोग भी ज्योतिष शास्त्र में व्यवहार की सुगमता के लिए कृत्तिका आदि अट्ठाईस नक्षत्रों के सञ्चरण के संज्ञान के लिए होता है। इसको प्रदर्शित करने वाला चक्र इस प्रकार है—



१८. अस्याः मातृकायाः यवनशिष्येण केनचिदार्यदैवज्ञेन यवनदेशादिह संस्रावितत्वमनुमीयते। न त्वत्र देशे लोकभाषासु कदाऽप्येषा प्रचलितानुलक्ष्यते। अत एवैतस्याः लिपिर्यवनानीशब्देन पूर्वप्रसिद्धाऽपि व्यवहारक्रमलोपात् सर्वथा विलुप्ताऽभूदिति नेदानीमुपलभ्यते। इदं तु बोध्यम्। ज्योतिःशास्त्रे मेषादिराशिगणनापेक्षया नक्षत्रगणनाक्रमो भूयसा प्राचीनः। तत्राप्यश्विन्यादिगणनाक्रमापेक्षया कृत्तिकादिगणनाक्रमः प्रभूतं प्राचीनः। तैत्तिरीयादिमूलश्रुतौ तथैव

तदुपलम्भात् । यवनानां तु ज्योतिःशास्त्रे प्रज्ञाततराणामपि तैत्तिरीयकादिश्रुतिष्वेकदेशतोऽपि नास्ति चर्चा । तस्मान्निश्चीयते-भरतखण्डे कृत्तिकादिगणनाक्रमेण ज्योतिःशास्त्रस्य विशेषान्दोलनादुत्तरमश्विन्यादिगणनाक्रमसिद्धेश्च प्रागेव कस्मिंश्चित्समये यवनसमाजे इयं होडामातृका प्रवर्त्तमानाऽऽसीदित्यूह्यं भावुकैः ।

इति यवनमातृका ।। (५) ।।

१८. ऐसा अनुमान होता है कि यह होड़ा मातृका किसी यवन-शिष्य आर्यज्योतिर्विद् विद्वान् के द्वारा यहां लाई गई । यहां की लोकभाषाओं में कभी भी यह मातृका प्रचलित नहीं थी । इसीलिए इस मातृका की यवनानी नाम की लिपि पहले प्रसिद्ध थी परन्तु व्यवहारक्रम में वह लुप्त हो गई । इस समय वह उपलब्ध नहीं है । यह ध्यान है कि ज्योतिषशास्त्र में मेष आदि राशि की गणना के क्रम की अपेक्षा नक्षत्रों से गणना का क्रम अतिप्राचीन है । उसमें भी अश्विनी, भरणी इत्यादि रूप से गणनाक्रमापेक्षया कृत्तिका आदि के द्वारा गणना किया जाना अत्यधिक प्राचीन है । क्योंकि तैत्तिरीयसंहिता आदि मूल श्रुति भाग में उसकी उसी प्रकार उपलब्धि है किन्तु उस समय ज्योतिषशास्त्र में यवनों के निष्णात होने पर भी तैत्तिरीयादि श्रुति में उल्लिखित कृत्तिका आदि के गणनाक्रम की अणुमात्र भी चर्चा नहीं है । इसीलिए यह निश्चित होता है कि भरतखण्ड में कृत्तिका आदि के गणनाक्रम के ज्योतिषशास्त्र में विशेष प्रचार हो जाने के अनन्तर तथा अश्विनी आदि की गणना के प्रचार के पूर्व किसी समय में यवन-समाज में इस होड़ा मातृका का प्रवर्तन हुआ, ऐसा जिज्ञासुओं को समझना चाहिये । यह यवन मातृका का प्रकरण पूर्ण हुआ ।

मातृकाविचारः

१९. इत्थं शाखाद्वयीविभक्ता आर्यव्यवहृताः पञ्चधा मातृकाः स्वरूपतः प्रदर्शिताः । अथ जिज्ञासन्ते-तत्र तत्र भाषायां भेदेन किमर्थमेतं मातृकाक्रमबन्धं कल्पयन्ति । किमस्यां भाषायामेतावन्त एव वर्णाः प्रयुज्यन्ते-इति नियमाभिज्ञानार्थम् ? अथवा मातृकानिर्दिष्टवर्णप्रयोगे शुभातिशयोत्पत्तिर्भवतीत्यादेशार्थम् ? अथवा सन्ति वर्णा इति बुबोधयिषतः केवलमुदाहरणमात्रमेतदिति ? न तावदाद्यः-सर्वास्वेव तासु तास्वार्यानार्यभाषासु प्रायेण स्वस्वमातृकापरिगणितवर्णातिरिक्तवर्णानां भूयो व्यवहारस्य जागरूकत्वात् । दृश्यते हीदानीन्तनीष्वप्यार्यावर्तभाषासु गुड़मूढ़ादिशब्दघटकानां मूर्धन्यानां सोष्मकाणां च णनमरकलानां भूयो भूयः प्रचारः, सन्ध्यक्षराणां च ह्रस्वानामपि न कनीयान् प्रदेशो भवतीति, न तथापि ते वर्णास्तद्भाषासंबन्धिन्यामक्षमातृकायामुपलभ्यन्ते । न वोदात्तानुदात्तादिभेदभिन्नाश्चिह्नभेदेन सर्वे स्वराः प्रदृश्यन्ते । तस्माद् यथैवानिर्दिष्टवर्णानामुच्चारणे प्रतिपत्तिः साध्यते, एवमेवैषां निर्दिष्टानामपि सिद्धा स्यादित्यनर्थिका

सा मातृका । न द्वितीयः पक्षः-एषा हि बुद्धिदुर्बलानां श्रद्धाजडानां स्वपरात्मप्रतारणाशैली भवेत्-यद् दृष्टफलाननुभवे सर्वत्रादृष्टं शुभमेवोत्पत्स्यत इति मिथ्याविश्वासमात्रेण दुरभिनिवेशः । कश्च मातृकावर्णाभ्यासमात्रेणामुष्मिकशुभातिशयसंबन्धः ? असम्बन्धेऽप्येवमेतद् भवतीति मिथ्याविश्वासः प्रज्ञापराधो भवति । सोऽयमेकान्ततोऽनर्थाय प्रकल्पते, तस्माद् दृष्टं फलमन्वेष्टव्यम् । अथ न त्वेवैतदुदाहरणमात्रं वा मातृका भवति, एकया मातृकया गतार्थत्वादन्यासामानर्थक्यस्य तदवस्थत्वात् उदाहरणे क्रमशिक्षाया निष्फलत्वाच्च । तस्मान्नार्थो मातृकाक्रमकल्पनस्येति चेदत्रोच्यते भाषया हि खलु पुरुषः स्वाभिलषितमर्थं परस्मै प्रत्याययति, न च भाषानभिज्ञता सर्वमर्थं याथातथ्येनाभिगमयितुमुपयुक्ता भवति । भाषाभिज्ञानं च वर्णाभिज्ञानसापेक्षम्, अतस्तद्भाषामधिजिगांसुनाऽवश्यं तद्भाषायां व्यवह्रियमाणाः वर्णाः सर्वतः प्रथमं सम्यगधिगम्यन्ते । तदुपायभूता चेयं मातृका नोपेक्षितुं शक्या, तद्भाषाव्यवह्रियमाण वर्णानां केनचिद् विन्यासेन विशिष्टतया तामनपेक्ष्य वर्णविज्ञानस्य दुर्घटत्वात् । न च कार्त्स्न्यं, ब्राह्मण्येत्यादिष्विदानीमपि मातृकाविद्यायामपटवः साधारणविभागेन वर्णानाकलयितुं शक्नुवन्ति, तेषां व्यामोहभङ्गाय च वर्णविद्यां शिक्षायितुं सौकर्यार्थं नितान्तमुपयुक्तः खलु मातृकाक्रमबन्धः । न चैनमृते शिक्षासौकर्यं भवति, तस्मादावश्यको मातृकापाठः । यत्तु मातृकायां न वर्णाः पर्याप्नुवन्तीत्याक्षिप्यते—तदविचारात् । यावद्भिर्वर्णैर्मातृका गुम्फिता, तावता विज्ञानेनैव सर्ववर्णाभिज्ञानमनुगृहीतं भवति । अतः खलु मातृकायामपश्यतोऽपि तद्विदुषस्ते वर्णाः प्रतिभासन्ते, तदभिज्ञानयोग्यतासिद्धेः । तत्र यद्यपि न्यूनोपदेशेनापि कृतं स्यादथापि नासूया कर्तव्या यत्रानुगमः क्रियतेऽनुग्रहबुद्ध्या भगवद्भिः कृपासारैः । बहवश्च वर्णाः पार्थक्येन मातृकायां पठित्वाध्येतुं न शक्यन्ते—यथा यमस्वरभक्तिविवृतिरङ्गादयः । तस्मान्न न्यूनतामात्रेण मातृकाक्रमबन्धस्यानर्थक्यं शक्यमभ्युपगन्तुम्—इत्यतः फलवत्याः मातृकायाः सम्यगधिगमायेदं प्रवर्तते मातृकाविज्ञानप्रकरणभूतं शिक्षाशास्त्रम् ।

मातृका का विवेचन

१९. इस प्रकार दो शाखाओं में विभक्त आर्यों के व्यवहार में आने वाली पांच प्रकार की वर्णमातृकाओं का स्वरूप से परिचय कराया गया । यहाँ यह जिज्ञासा होती है कि विभिन्न भाषाओं के भेद से क्या यह विभिन्न मातृकाओं का क्रम निर्धारित हुआ है ? क्या अमुक-अमुक भाषा में इतने-इतने ही वर्ण प्रयोग में लाए जाते हैं, ऐसे नियम को जानने के लिए इन मातृका वर्णों का विवरण दिया गया है ? अथवा इस मातृका विवरण का यह अभिप्राय है कि मातृका में निर्दिष्ट वर्णों के प्रयोग से किसी शुभ या पुण्यातिशय की उत्पत्ति होती है ? अथवा इनका यह उद्देश्य है कि सभी मातृकाओं में कुल कितने वर्ण या

अक्षर हैं ऐसा जानने की इच्छा रखने वालों की जिज्ञासा को शान्त किया जा सके ? इनमें से प्रथम (यह) पक्ष कि मातृकाओं के परिचय का प्रयोजन उन-उन भाषाओं में इतने वर्ण-समुदाय का ही प्रयोग होता है, यह बतलाने के लिए है, परन्तु यह ठीक नहीं है, क्योंकि प्रायः सभी भाषाओं की मातृकाओं में बतलाए गए वर्णों के अतिरिक्त भी अनेक वर्णों का व्यवहार होता है। हम वर्तमान व्यवहार में आने वाली आर्यावर्त की भाषाओं में भी देखते हैं कि गुड़, मूढ़ आदि शब्दों के अवयव के रूप में मूर्धन्य वर्णों का व्यवहार होता है तथा ऊष्मावाले ण न म र क ल आदि वर्णों का भी प्रचार है, ह्रस्व सन्ध्यक्षरों का भी कम प्रचार नहीं है, तो भी ये वर्ण उस भाषा से सम्बन्धित वर्णमाला में नहीं बतलाए जाते। और न वे सारे स्वर जिनमें उदात्त अनुदात्त आदि भेदों के कारण भिन्नता रहती है, चिह्न द्वारा भेदयुक्त किये गये देखने में आते हैं। तब वर्णमाला या वर्णमातृका का स्वरूप समझाना व्यर्थ ही है। वर्णों के ज्ञानपूर्वक प्रयोग करने में पुण्य या शुभ रूपी अतिशय होता है, यह मातृका के समर्थन का दूसरा पक्ष भी ठीक नहीं है, यह तो बुद्धि से दुर्बल, श्रद्धाजड़ लोगों की अपने को प्रवञ्चना देने और दूसरों को प्रवञ्चित करने की शैली हो सकती है कि प्रत्यक्ष फल के अनुभव न होने पर सर्वत्र अदृष्ट रूप से शुभ ही उत्पन्न होता है ऐसा मिथ्या विश्वास करके वे लोग दुराग्रह कर लेते हैं। भला मातृकावर्णों के अभ्यास मात्र से अदृष्ट पुण्य फल का सम्बन्ध ही क्या हो सकता है ? बिना सम्बन्ध के भी यह ऐसा ही होता है, ऐसा मिथ्या विश्वास करना प्रज्ञा के प्रति अपराध करना (स्वयं को ही धोखा देना) ही है। ऐसा प्रज्ञापराध निश्चित रूप से अनर्थ का ही जनक होता है, अतः इसका दृष्टफल ही अनुसन्धेय है। अन्तिम पक्ष में जो यह बतलाया गया कि मातृका पाठ में वर्णों का कथन उदाहरण मात्र के लिए होता है यह पक्ष भी उचित नहीं, क्योंकि उस स्थिति में तो एक ही वर्णमातृका से वर्णों का बोध हो जायगा, अन्य मातृकाओं के कथन की व्यर्थता तो बनी ही रहेगी। और जब उदाहरण मात्र देना है तो वर्णों का क्रम कहने की क्या आवश्यकता, क्रमपूर्वक वर्णों का कथन उस स्थिति में व्यर्थ होगा। इसलिए उक्त पक्षों पर विचार करने पर मातृका में अक्षरों के क्रम की कल्पना का कोई औचित्य समझ में नहीं आता। इस विचार की विश्रान्ति पर कहना यह है कि भाषा के द्वारा कोई व्यक्ति अपने अभीष्ट अर्थ को दूसरे तक पहुँचाता है। ऐसी भाषा जिसका हमें ठीक से ज्ञान नहीं है, वह कभी हमारे सारे अर्थ को दूसरे तक ले जाने में समर्थ नहीं हो सकती। और यह भाषा का ज्ञान वर्णों या अक्षरों के ज्ञान की अपेक्षा रखता है। इसलिए किसी भी भाषा के अध्ययन के लिए सर्वप्रथम उस भाषा में प्रयुक्त होने वाले वर्णों के ज्ञान की आवश्यकता होती है। उसी वर्णज्ञान की उपायभूता है यह वर्णमातृका, अतः इसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती क्योंकि उस भाषा में जिन अक्षरों का व्यवहार है, उनका क्रम भी विशिष्ट रूप से निर्दिष्ट होता है, उस क्रम के बिना वर्णों का ज्ञान कठिन होता है। जो साधारण भाषा का ज्ञान रखने वाले हैं उन्हें कई सन्धियों वाले शब्दों के वर्णों का ठीक परिचय नहीं होता, जैसे कात्स्न्र्य शब्द है, अथवा ब्राह्मण्य शब्द है, उनके व्यामोह को दूर करने के लिए उन्हें वर्ण-विद्या की शिक्षा दिया जाना आवश्यक है, उनके सरलता से ज्ञान के लिए वर्णमातृका का क्रमबन्ध आवश्यक है। इसके बिना वर्णशिक्षा में

सरलता नहीं आ सकती। इसलिए वर्णमातृका का पढ़ा जाना आवश्यक है। यह जो आक्षेप किया जाता है कि मातृका में पठित वर्णों में भाषा में व्यवहृत समस्त वर्णों का उपदेश नहीं होता तो यह कथन विचारपूर्ण नहीं है। जितने वर्णों से मातृका का गुम्फन हुआ है, उतना ज्ञान होने पर सभी वर्णों का ज्ञान स्वतः हो जाता है। इसीलिए जिन लोगों को वर्णमातृका का ज्ञान है उन्हें उन वर्णों का भी प्रतिभास हो जाता है, जिनका वर्णमातृका में कथन नहीं हुआ है क्योंकि मातृकापाठ से उन्हें उन अपठित वर्णों के ज्ञान की योग्यता प्राप्त हो जाती है। जो अक्षर मातृका में आए हैं, उनमें भी कुछ अक्षरों को कम कर देने पर भी भाषा में निर्वाह हो सकता है, परन्तु कृपापूर्वक मातृकापाठ प्रवर्तक आचार्य ने स्पष्ट ज्ञान के लिए अनुग्रह बुद्धि से यदि वर्णों का पूर्ण कथन कर दिया तो उस पर दोषारोपण करना उचित नहीं है। बहुत से वर्ण ऐसे हैं जिनका मातृका में पाठ करके अध्ययन नहीं किया जा सकता जैसे यम, स्वरभक्ति, विवृति, रङ्ग आदि। इनकी न्यूनता होने के कारण मातृका में वर्णों के क्रमबन्ध को व्यर्थ नहीं किया जा सकता। इसीलिए मातृका के दृष्टफल को ठीक से समझाने के उद्देश्य से इस मातृका विज्ञान के प्रकरण रूप शिक्षाशास्त्र की प्रवर्तना हुई है।

२०. यद्यपि च शब्दमातृकाविचारस्य चत्वारि प्रकरणानि प्रत्येकं स्वतन्त्राण्युपलभ्यन्ते—वैयाकरणं दार्शनिकं ज्यौतिषं मान्त्रिकं चेति। तत्र मान्त्रिके मातृकामयत्वात् प्रत्येकवर्णानां परा-पश्यन्ती-मध्यमा-वैखरीत्येवं जातिचतुष्टय-सन्निविष्टानां सम्यक् प्रयुज्यमानानामर्थसापेक्षं तन्निरपेक्षं वा कियदस्ति कीदृशम-लौकिकं सामर्थ्यमिति वस्तुशक्तिसापेक्षः प्रस्तावो भवति। ज्यौतिषे प्रश्नकालानु-गतवर्णानां पृच्छकोक्तानामन्येषां वा शाकुनिकानां केन केन दैवेन कीदृशः संबन्धः, सम्बन्धवशाद्वा कीदृशेन वर्णप्रयोगेण कीदृशःशुभाशुभफलप्रयोजको भवितव्यदैव-संयोग इति वर्णानुबन्धेन दैवविज्ञानसापेक्षः प्रस्तावो भवति। दार्शनिके तु प्रकरणे वर्णानां द्रव्यत्वगुणत्वादिविचारः १, नित्यत्वानित्यत्वविचारः २, तारमन्दत्वादि-हेतुविचारः ३, उत्पत्तिश्रुतिविचारः ४, उत्पत्तिप्रदेशे वा श्रोत्रप्रदेशे वा ग्रहणं भवतीति विचारः ५, आदेशो वा विकारो वेति विचारः ६, वर्णैकदेशा भवन्ति न वेति विचारः ७, ध्वनित्ववर्णत्वाभ्यां भेदविचारः ८, स्फोटविचारश्चेत्येता-वन्तोऽर्था विषयीभवन्ति। तानि चैतानि परस्परमसम्बद्धानि त्रीणि प्रकरणानि नेदानीमिहानुरोधयितव्यानि। वैयाकरणप्रकरणस्यैव सर्वप्रथमस्य सर्वोपकार-कस्येदानीं प्रतिपिपादयिषितत्वात्तत्र च तेषां प्रकरणानामनावश्यकतया साहचर्या-योगात्। तस्मादिहेदानीं वैयाकरणप्रकरणं वर्णोच्चारणशिक्षासंज्ञकमेवोपक्रम्यत इत्यवधेयम्।

२०. शब्दमातृका का विचार करने वाले चार प्रकरण हैं, ये सभी स्वतन्त्र रूप से प्राप्त हैं, ये हैं वैयाकरण, दार्शनिक, ज्यौतिष तथा मन्त्र-शास्त्र। इनमें मन्त्रशास्त्र में प्रत्येक वर्ण परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी इन चार जातियों में निर्दिष्ट हैं, इनका सम्यक् प्रयोग अर्थ की कितनी अपेक्षा या अनपेक्षा रखता है, उनका अलौकिक सामर्थ्य कितना है, इत्यादि

विवरण ध्यातव्य वस्तु की अपेक्षा रखता है। ज्यौतिष में प्रश्नकाल में प्रश्नकर्ता के द्वारा जिन वर्णों का प्रयोग हुआ है, अथवा अन्य शकुन सम्बन्धी वर्णों का किस-किस देवता से कैसा सम्बन्ध है, इस सम्बन्ध के कारण कैसे वर्णों के प्रयोग से कैसे शुभ-अशुभ फल का पता लगता है, उससे भवितव्य दैव का कैसा संयोग होता है, इस प्रकार वर्णों से दैवविज्ञान के सम्बन्ध का विवरण दिया जाता है। दार्शनिक प्रकरण में वर्णों का द्रव्यत्व-गुणत्व आदि का विचार, नित्यत्व-अनित्यत्व का विचार, तार-मन्दत्व आदि के कारण का विचार, उत्पत्ति और श्रवण का विचार, शब्द का ग्रहण शब्द के उत्पत्ति स्थान में होता है अथवा उसका ग्रहण श्रवणेन्द्रिय तक पहुँचने पर होता है इसका विचार, शब्द आदेश होता है कि विकार होता है इसका विचार, वर्ण के अंश होते हैं या नहीं इसका विचार, ध्वनि और वर्ण में भेद का विचार, स्फोट विचार ये विवेचित होते हैं। ये मन्त्र, ज्योतिष और दर्शन के तीन प्रकरण परस्पर सम्बद्ध नहीं हैं अतः इनका यहाँ विवेचन अप्रासङ्गिक है। सर्वप्रथम जो वैयाकरण प्रकरण है तथा जो सर्वोपकारक है, उसी का प्रतिपादन करना अभीष्ट है और इस सन्दर्भ में उक्त अन्य प्रकरणों के अनावश्यक होने के कारण उनका यहाँ साथ विवरण सामञ्जस्य नहीं रखता। इसलिए वर्णोच्चारण की शिक्षा प्रदान करने वाले वैयाकरण प्रकरण का ही उपक्रम किया जाता है।

२१. अस्यां हि मातृकाशिक्षायां मातृकासम्बन्धेन षडङ्गानि दर्शयितव्यानि। 'वर्णक्रमबन्धः' १, 'वर्णसंख्या' २, 'वर्णोच्चारणस्वरूपम्' ३, 'वर्णलिपिस्वरूपम्' ४, 'वर्णनिर्देशोपायः' ५, 'वर्णधर्माश्च' ६ इति। तत्र धर्मभेदादुच्चारणस्वरूपभेदः उच्चारणभेदाच्च लिपिभेदः प्रवर्तते यथा—इययअचशानामस्पृष्टेषत्स्पृष्टदुःस्पृष्टस्पृष्टदृढस्पृष्टार्धस्पृष्टानां गुणभेदेनोत्तरोत्तरमुच्चारणे गुरुत्वतारतम्यदर्शनाद्वर्णभेदव्यवस्था। वर्णभेदाच्च लिपिभेदः प्रवर्तते। लिपिभेदः क्रमबन्धभेदः संख्याभेदश्चेत्येते मातृकाभेदे निमित्तानि। एतेषां त्रयाणां द्वयोरेकस्यापि वा भेदे मातृका भिद्यते। तत्रापि क्रमबन्धभेदो मुख्यो हेतुः। लिपिभेदस्ततो गौणः। ततोऽपि गौणः संख्याभेदः। तत्र वर्णस्वरूपतया यथेच्छप्रकल्पितचिह्नानां दक्षिणमार्गेण वाममार्गेण च पत्रादौ सन्निवेशे लिपिभेदः, अध्ययनकाले पौर्वापर्यनियमविशेषेण सन्निवेशस्तु क्रमबन्धभेदः। संख्याभेदशब्देन त्वत्र संख्यातवर्णातिरेको ग्राह्यः। तथा च तन्मातृकाघटकातिरिक्तवर्णसन्निवेशेन यदि मातृकासंख्या पूर्यते तदा मातृकाभेदं कल्पयन्ति। न च संख्याभेदमात्रेण मातृकाभेदः क्लृप्तः। एकस्यामेवाक्षमातृकायां पञ्चाशद्वर्णानामेकपञ्चाशद्वर्णानां च व्यवस्थादर्शदनात्। एकस्यामेव च ब्रह्ममातृकायां त्रिषष्टिवर्णतया चतुःषष्टिवर्णतयोनाशीतिवर्णतया च व्यवस्थासत्त्वेऽपि मातृकाभेदाकल्पनात्। तस्मात् सत्येव क्रमबन्धभेदे लिपिभेदे वा संख्याभेदोऽपि कथञ्चिदुपोद्वलकतया नेयः। तत्रेदानीं विशिष्य लिपिभेदानुपलम्भेपि क्रमबन्धभेदमात्रेणार्याणां चतस्रो मातृकाः समाख्याताः। तासु चैकस्या एवाक्षमातृकायाः लिपिभेदेनेदानीमवान्तरमातृका बह्वय एवैतस्मिन् भारतवर्षे समुत्पन्ना दृश्यन्ते। ताः सर्वाः लिपिभेदाद्भिन्ना अपि नाक्षमातृकातो भिद्यन्ते—इत्यतः क्रम-

बन्धभेदस्यैव मातृकाभेदे मुख्यतया प्रयोजकत्वं द्रष्टव्यम् । आर्याणां च क्रमभेद-भिन्नासु मातृकासु चतसृष्वपि नैकस्यान्योद्भवत्वं प्रतीयते तादृशकल्पनासाधकयुक्त्यलाभात् । अनार्यमातृकासु तु सर्वासां क्रमभेदभिन्नानामपि लिपिभेदभिन्नानामिव कस्याश्चिदेकस्याः मूलमातृकायाः समुद्भूतिः प्रतीयते । तासु प्रायेण क्रमभेदलिपिभेदसंख्याभेदानां त्रयाणां सत्त्वेऽपि सामान्यबुद्धिप्रयोजकविलक्षणसौसादृश्यदर्शनात् । तदिदमनार्यमातृकातत्त्वमन्यत्र भूयो विमृशद्भिरवधेयम् । इह त्वार्यमातृकासु तावत् क्रमबन्धः संख्यानियमश्च प्रदर्शितौ । वर्णधर्मो गुणप्रकरणे उच्चारणस्वरूपं चायोगवाहप्रयुक्तिप्रकरणयोर्लिपिरपि च सर्वशेषे प्रदर्शयिष्यते । वर्णनिर्दशोपायस्तु कात्यायनेन दर्शित :—

निर्देश इतिना कारेण च । अव्यवहितेन व्यञ्जनस्य । र एफेन च । स्वरैरपि, नानुस्वार-यमविसर्जनीय-जिह्वामूलीयोपध्मानीयाः इति ।[1] अथोदाहरणानि-एति । विति । सिति । डिति । अकारः । वकारः । सकारः । डकारः । रकारः । रेफः । अवसड । इत्यादि ।

२१. इस वर्णमातृका की शिक्षा में मातृका के सम्बन्ध से छः अङ्ग दिखाए जाने योग्य हैं । वे हैं, वर्णों के क्रम का विन्यास, वर्णों की संख्या, वर्णों के उच्चारण का स्वरूप, वर्ण के निर्देश या कथन का उपाय तथा वर्णों के धर्म । यहाँ धर्म के भेद से उच्चारण के स्वरूप में भेद आता है तथा उच्चारण के भेद से लिपि में भेद हो जाता है । जैसे इ य य ञ च श वर्ण का अस्पृष्ट, ईषत्स्पृष्ट, दुःस्पृष्ट, स्पृष्ट, दृढ़ स्पृष्ट तथा अर्धस्पृष्ट है, इनके गुणभेद के कारण उत्तरोत्तर उच्चारण में गुरुत्व का तारतम्य दिखाई देने के कारण वर्ण भेद की व्यवस्था होती है । वर्णभेद से लिपिभेद होता है । लिपिभेद, क्रमविन्यास भेद तथा संख्या में भेद मातृका में भेद के कारण है । इन तीनों के, दो के या एक के भिन्न हो जाने पर वर्णमातृका में भेद हो जाता है । इनमें भी वर्णों के क्रम में भेद होना मातृका भेद का मुख्य हेतु है । लिपि का भिन्न होना उससे गौण हेतु है, और उससे भी गौण है संख्या में भेद होना । वर्ण के स्वरूप के लिए इच्छापूर्वक चिह्नों की कल्पना करके उन्हें कागज आदि पर दायें से बायीं ओर या बायें से दायीं ओर लिखना ही लिपिभेद है । अध्ययन काल में एक के अनन्तर दूसरे के क्रम से पढ़ने का जो विशेष नियम होता है वह क्रम के बन्धन का भेद कहलाता है । यहाँ संख्याभेद शब्द से वर्णमातृका के वर्णों की जितनी संख्या है, उससे भेद का ग्रहण होता है । इसका अर्थ है कि एक मातृका में आए हुए वर्णों की गणना से इतर वर्णों से यदि कहीं संख्या की पूर्ति की जाती है तो वह दूसरी वर्णमातृका हो जाती है । केवल संख्या के भेद से मातृका का भेद कल्पित कर लिया जाता हो ऐसा भी नहीं है, जैसे एक वर्णमातृका में पचास तथा इक्यावन वर्णों की व्यवस्था देखी जाती है । इसी प्रकार एक ही ब्रह्ममातृका में त्रेसठ वर्णों, चौसठ वर्णों, की तथा उन्यासी वर्णों की व्यवस्था का भेद दिखाई देता है, फिर भी उस मातृका में भेद की कल्पना नहीं की जाती ।

---

1 वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।३६-४१ ।

इसलिए लिपिभेद और क्रम विन्यास भेद के होने पर संख्याभेद भी मातृकाभेद को दृढ़ करने वाला एक कारण बन जाता है। यहाँ हमने आर्यों की चार मातृकाएं बतलाई हैं, उनमें लिपिभेद तो अब उपलब्ध नहीं है, जो भेद का कारण है वह वर्णों के क्रम से बन्ध या विन्यास का ही भेद है। उनमें से एक ही अक्षमातृका के लिपिभेद से इस समय भारतवर्ष में अनेक अवान्तर मातृकाएँ चल रही हैं। ये सभी लिपिभेद के कारण भिन्न होने पर भी अक्षमातृका से अधिक भिन्न नहीं हैं। अतः वर्णों के विन्यास-क्रम में भेद को ही मातृका भेद का मुख्य हेतु मानना चाहिए। आर्यों की चारों भिन्न क्रमवाली मातृकायें एक दूसरी से उत्पन्न हुई हैं, ऐसा नहीं प्रतीत होता, क्योंकि इसके पक्ष में कोई युक्ति नहीं दिखाई देती। जो अनार्य मातृकाएँ हैं वे सभी यद्यपि क्रमभेद से भिन्न-भिन्न हैं तथापि जैसे लिपिभेद से भेद हो जाने पर भी एक ही मातृका रहती है वैसे ही ये मातृकाएँ भी एक ही मूल से उत्पन्न प्रतीत होती है। उनमें क्रमभेद, लिपिभेद और वर्णविन्यास का भेद ये तीनों भेद दिखाई देने पर भी, सामान्य बुद्धि से गृहीत होने वाली सदृशता के कारण वे मातृकाएँ एक से ही उद्भूत प्रतीत होती हैं। अनार्य मातृकाओं का विचार फिर कभी प्रस्तुत किया जाएगा। यहाँ हमने आर्यमातृकाओं के क्रमभेद तथा संख्या के नियम को दिखाया। वर्णधर्म का निरूपण हम गुण प्रकरण में, उच्चारण का स्वरूप, अयोगवाह प्रयुक्ति प्रकरणों में और लिपि का निरूपण भी सबसे अन्त में करेंगे। वर्णों के निर्देश का उपाय कात्यायन ने बतलाया है।

"इति शब्द के प्रयोग से तथा 'कार' प्रत्यय लगाकर वर्णों का निर्देश होता है। व्यञ्जन का निर्देश बिना व्यवधान के प्रयोग से होता है। र का निर्देश एफ जोड़कर होता है। स्वरों से भी निर्देश होता है परन्तु अनुस्वार, यम, विसर्जनीय, जिह्वामूलीय का नहीं। उदाहरण है—एति। विति। सिति। डिति। अकार। वकार। सकार। उकार। रकार। रेफ। अ व स ड। इत्यादि"

२२. अत्रेतिशब्देन वर्णनिर्देशः सम्भवमात्रेणोक्तो न प्रायेणेदानीमार्यैस्तथोपचर्यते। अनार्यमातृकास्वेव तु भूयसा दृश्यते तदिति शब्दैकदेशसन्निधानात्तथोपचारः। अथ यथानार्यैर्वर्णाभिज्ञानाय काश्चन वर्णसंज्ञाः प्राकल्प्यन्त तथैवेहाप्यार्यदेशे क्वचित्क्वचिन्मत्स्यदेशादौ शिक्षकसमाजे केवलादि शब्दैः ककारादिसंज्ञाः प्रकल्पिताः दृश्यन्ते। ताश्च संज्ञाः प्राथमकल्पिके बालकशिक्षायामेव केवलमुपयुज्यन्ते न परस्तात्। न वान्यप्रदेशे, नापि वा महर्षिभिः पुरा काले वर्णसंज्ञाप्रकारो निर्देशोपायतया समादृतः। केवलमेकोऽयमवद्यार्थको रेफशब्दस्तु स्वघटकाद्यक्षरस्वरूपस्मारकविधया प्रत्ययजननाय पुरार्यैः प्रकल्पित इति दृश्यते। तेन वर्णस्वरूपपरिचयार्थबुद्धेः प्रथमपदार्पणं तेषां रेफशब्दे एवाभूत्। पश्चात्तु स्थानादिगुणप्रभावेण वर्णाभिज्ञाने महोन्नतिः संपादितेत्यत एव माङ्गलिकत्वात्, रकाराभिज्ञानार्थं रेफशब्द एवाद्यापि तैर्न्ययुज्यतेति गम्यते। तदेतत्तत्वं सुधीभिरूह्यमिति दिक्।

इति मातृकाभेदप्रकरणम्।

२२. यहाँ 'इति' शब्द के द्वारा जो वर्ण का निर्देश है वह ऐसा होना संभव है, इसी को ध्यान में रखकर किया गया है, परन्तु विद्वानों के द्वारा वर्तमान व्यवहार प्रयोग में ऐसा देखा नहीं जाता । 'इति' शब्द से वर्णों के निर्देश का व्यवहार अनार्य मातृकाओं में ही अधिक देखा जाता है । यहाँ शब्द के एक अंश के सामीप्य के कारण वैसा व्यवहार दिखाया गया है । जैसे अनार्य मातृका वर्ग ने वर्णों के ज्ञान के लिए कुछ संज्ञाओं की परिकल्पना की है वैसे ही यहाँ आर्यों में भी विशेषकर मत्स्य आदि प्रदेशों में शिक्षक समाज में 'केवल' आदि शब्दों के प्रयोग के द्वारा ककार आदि की संज्ञा की परिकल्पना की गई है । इन संज्ञाओं का उपयोग प्रारम्भिक बालशिक्षाओं में ही होता है आगे नहीं । अन्य प्रदेशों में वर्ण निर्देशक इन संज्ञाओं का प्रयोग नहीं होता, प्राचीन काल में भी ऋषियों द्वारा वर्ण का निर्देश करने वाली ऐसी संज्ञाओं का प्रयोग नहीं किया जाता था । एकमात्र 'रेफ' शब्द ऐसा है जो 'र' कार के निर्देश के लिए प्राचीन काल से प्रयुक्त है । इससे यह ज्ञात होता है कि उनका वर्णों के स्वरूप परिचय की बुद्धि का प्रथम पदार्पण 'रेफ' शब्द से ही हुआ । आगे चलकर तो स्थान आदि गुणों के प्रभाव से वर्णों के परिज्ञान में बड़ी उन्नति हुई इसलिए माङ्गलिक मानकर रकार के अभिज्ञापन के लिए रेफ शब्द का ही प्रयोग उनके द्वारा आज भी किया जाता है । विद्वानों को यह बात ध्यान में लेनी चाहिए ।

२३. उक्ताः सर्वे वर्णाः । ते पुनस्त्रेधा परिच्छिद्य दृश्यन्ते—स्वराः, व्यञ्जनानि, अयोगवाहाश्च । तत्र व्यञ्जनाद्याश्रयभूतत्वात्प्राधान्यादिमे स्वराः वर्णेषु प्रथमा उच्यन्ते । व्यञ्जनानि तु स्वोच्चारणे परतः पूर्वतो वा सन्तं स्वरमाश्रित्यैव प्रवर्तन्ते किन्तु व्यञ्जनान्तरमयोगवाहं वा नापेक्षन्ते तस्मात्तानि द्वितीयानि । अथ तृतीयेऽयोगवाहाः । इह हि केचिदनुस्वारविसर्गादयः पूर्वतः स्वरसत्तामवश्यमपेक्षन्ते परतस्तु स्वरसत्तां विद्विषन्ति । केचित्पुनर्जिह्वामूलीयोपध्मानीयादयः परतो व्यञ्जनविशेषसत्तां नियमेनापेक्षन्ते तदित्थं त्रैविध्यम् ।

तत्र स्वराः व्यञ्जनानि च मातृकापाठादेव स्वरूपतो विज्ञातुं शक्यन्ते । अयोगवाहास्तु मातृकायां प्रायेणापठिता अपि भाषायां प्रायेण व्यवह्रियन्ते, स्वरत्वेन व्यञ्जनत्वेन च द्वेधापि धर्मसाङ्कर्यादभ्युपगम्यन्ते । तस्मान्निरूपणमर्हन्तीत्यतः परमयोगवाहा उच्यन्ते । सत्यपि व्यञ्जनत्वे व्यञ्जनवत्परतः स्वरयोगं ये न वहन्ते तेऽयोगवाहा इति येऽभिप्रयन्ति तेषां मतेऽनुस्वारविसर्गजिह्वामूलीयोपध्मानीययमा एवायोगवाहाः । अथ माहेश्वरे वर्णसमाम्नायक्रमे पाठयोगाभावेऽपि पठितवर्णवद् भाषाप्रयोगं निर्वाहयन्ति तेऽयोगवाहा इत्येवं विवृण्वानानां तु समये विवृतिः, रङ्गः, हुंकारः, स्वरभक्तिश्चायोगवाहाः सम्भवन्ति, उच्चारणादौ तेषामप्यधिकारदर्शनात् । अन्तःस्थास्तु द्विविधाः—ईषत्स्पृष्टाः दुस्पृष्टाश्च । तत्रैके वर्णसमाम्नाये पठ्यन्ते, उच्चारणकर्मणि तूभये विनियुज्यन्ते । तेषु येऽत्रापठितास्तेऽयोगवाहाः सम्भवन्ति तथा चाष्टावेतेऽयोगवाहाः निष्कृष्य सिद्धाः—विवृतिः, स्वरभक्तिः,

यमः, अनुस्वारः, रङ्गः, हुंकारः, अन्तस्थाः, ऊष्माणश्चेति । ते क्रमेण विविच्यन्ते ।

२३. सभी वर्ण प्रतिपादित किये गये उन्हें पुनः तीन प्रकार से विभक्त करके समझाया जाता है स्वर, व्यञ्जन और अयोगवाह। इनमें व्यञ्जनादि के आश्रय एवं प्रधान होने से ये स्वर वर्णों से प्रथम स्थान रखते हैं। व्यञ्जन तो अपने उच्चारण में पूर्ण या पश्चात् विद्यमान स्वर का ही आश्रय लेकर प्रयुक्त होते हैं किन्तु वे किसी दूसरे व्यञ्जन या अयोगवाह वर्ण की अपेक्षा नहीं रखते। अतः व्यञ्जन वर्ण द्वितीय स्थान पर आते हैं। तीसरे वर्ण हैं अयोगवाह। कुछ वर्ण अनुस्वार, विसर्ग आदि हैं जो अपने पूर्व सत्ता की अपेक्षा अवश्य रखते हैं परन्तु अपने आगे स्वर की सत्ता का सहन नहीं करते। कुछ जिह्वामूलीय और उपध्मानीय आदि अपने से आगे व्यञ्जन विशेष की सत्ता की अपेक्षा अवश्य रखते हैं। इस प्रकार वर्ण तीन प्रकार के हुए।

इनमें स्वरों तथा व्यञ्जनों के स्वरूप का परिचय तो मातृका पाठ से ही हो जाता है। अयोगवाह तो मातृकापाठ में प्रायः पठित नहीं होने पर भी भाषा-प्रयोग में प्रायः व्यवहृत होते हैं। इनमें स्वर और व्यञ्जन दोनों के धर्म होते हैं, इसलिए इनका निरूपण किया जाना उचित है। अतः यहाँ से आगे अयोगवाहों का निरूपण किया जाता है। अयोगवाह शब्द की परिभाषा जो लोग यह करते हैं कि व्यञ्जन होने पर भी व्यञ्जन के समान जो अपने आगे स्वर का योग वहन नहीं करते वे अयोगवाह कहलाते हैं, उनके मत में जिह्वामूलीय उपध्मानीय तथा यम वर्ण ही अयोगवाह कहलाते हैं। जो लोग अयोगवाह शब्द का व्युत्पादन इस प्रकार करते हैं कि माहेश्वर वर्णमातृका क्रम में न पढ़े जाने पर भी वहाँ पठित वर्णों के समान जो भाषा के प्रयोग का निर्वाह करते हैं वे अयोगवाह हैं, उनके मत में तो विवृत्ति, रङ्ग, हुंकार, स्वरभक्ति भी अयोगवाह होते हैं क्योंकि उच्चारण आदि में इनका भी अधिकार देखा जाता है। अन्तःस्थ वर्ण दो प्रकार के हैं—ईषत्स्पृष्ट तथा दुःस्पृष्ट। इनमें से एक प्रकार के वर्ण अक्षर तो समाम्नाय में पढ़े जाते हैं परन्तु उच्चारण कर्म में दोनों का प्रयोग होता है। उनमें जो वर्ण समाम्नाय में नहीं पढ़े जाते वे अयोगवाह होते हैं। इस प्रकार निष्कर्ष के रूप में ये अयोगवाह आठ प्रकार के सिद्ध होते हैं— विवृति, स्वरभक्ति, यम, अनुस्वार, रङ्ग, हुँकार, अन्तःस्थ तथा ऊष्मवर्ण। इनका क्रम से विवेचन किया जाता है।

तत्रादौ विवृतिः ।

२४. अस्ति कश्चिदकारसदृशावभासो वर्णो विवृतिसंज्ञः । स च यवादिवदन्तस्थोऽभ्युपगम्यते, कण्ठ्यश्च । अत एवार्धव्यञ्जनत्वात्स्वरद्वयसन्धि प्रतिबध्नाति । यथा—हरऽइह इत्यादावकारेकारयोर्मध्ये विच्छेदजननः कश्चिदस्फुटाव-

भासो । वर्णोऽनुभूयते स च यकारस्थानो वकारस्थानो वा प्रायेण, क्वचिद्रेफस्थानश्च । यत्तु शाकल्यमते यवयोर्लोपात् स्वरद्वयविच्छेद एव विवृतिर्न तु वर्णविशेष इति मन्यन्ते, तदज्ञानात् । यवयोरदर्शनादेव तत्र लोपशब्दस्य प्रयुक्तत्वात् । निरूपयिष्यते चेदमन्यत्र विस्तरतः । 'हरी इह' 'विष्णू इह' इत्यादौ तु न विवृतिः, प्रगृह्यत्वादेव तत्र विकारानुत्पत्तेः । अकारप्रायावभासस्य विवृतितया तत्र तदनङ्गीकारात् । नियताश्च प्रदेशाः विवृतिस्वरभक्तियमानामिष्यन्ते । अस्पृष्टद्वयमध्ये विवृतिः, किञ्चित्स्पृष्टद्वयमध्ये स्वरभक्तिः, पूर्णस्पृष्टद्वयमध्ये यमः, इति । एक एवायं वर्णः स्थानभेदात्त्रैविध्येन व्यवतिष्ठत इत्यन्यत्र विस्तरः । **इति विवृतिः ।।**

विवृति

२४. कोई अकार के समान प्रतीत होने वाला वर्ण विवृति कहा जाता है । वह विवृति अकार य, व आदि के समान तथा कण्टस्थानीय माना जाती है । इसीलिए आधा व्यञ्जन होने से वह दो स्वरों की सन्धि का प्रतिबन्ध करता है । जैसे, हरऽइह, इत्यादि में अकार तथा एकार के मध्य में विच्छेद उत्पन्न करने वाला अस्फुट रूप से अवभासित होने वाला वर्ण अनुभव में आता है । वह प्रायः यकार के स्थान में या वकार के स्थान में आता है । कहीं-कहीं वह रेफ के स्थान में भी आता है । शाकल्य का जो यह मत है कि यकार और वकार के लोप होने से दो स्वरों का विच्छेद होना ही विवृति है, वह कोई वर्ण विशेष नहीं होता, यह मत ठीक नहीं है क्योंकि यकार और वकार के अदर्शन से ही वहाँ लोप शब्द का प्रयोग होता है । इस विषय का अन्यत्र विस्तार से निरूपण किया जाएगा । 'हरी इह' 'विष्णू इह' इत्यादि प्रयोगों में तो विवृति मानना ही ठीक नहीं । यहाँ तो प्रगृह्य होने के कारण ही स्वरों में विकार की उत्पत्ति नहीं होती । विवृति तो अकार के सदृश अवभासित होने वाला वर्ण है, अतः उक्त उदाहरणों में उसे स्वीकार नहीं किया जाता । विवृति, स्वरभक्ति तथा यम वर्णों के प्रदेश नियत माने जाते हैं । दो अस्पृष्टों के बीच विवृति होती है, कुछ-कुछ स्पृष्ट वर्णों के बीच का वर्ण स्वरभक्ति कहलाता है तथा दो पूर्ण स्पृष्ट वर्णों के मध्य सुना जाने वाला वर्ण यम कहा जाता है । यह एक ही वर्ण है, जो स्थान भेद से त्रिविध हो जाता है, इसका अन्यत्र विस्तार से विवरण दिया गया है ।

स्वरभक्तिः ।

२५. अर्धमात्रिकास्ततोऽप्यल्पमात्रिका वा 'अ इ उ ऋ लृ ए' इत्येतेषां षण्णां समानाभासाः स्वरव्यञ्जनोभयसधर्माणो व्यञ्जनसाहित्यनियता ध्वनिविशेषाः स्वरभक्तय उच्यन्ते यद्यपि चास्याः स्वरभक्तेरकारात्मकतया सर्वत्रैक्यं शक्यते वक्तुम्, तथापि तालव्यस्वरादिसन्निधानाद्व्यञ्जनादिकारात्मकता, एवमौष्ठ्यस्वरादिसन्निधानादुकारात्मकता क्वचिदेकारात्मकता चास्या न त्वेव नाभ्युपगम्यते । पृथ्वी (पृथवी) पृथिवीति संस्कृतभाषायाम्, वरेण्यं—वरेणियं, स्वः सुव-

रिति वैदिकभाषायाम्, स्त्री—इस्त्री, स्थू–उस्थू–इति लोकभाषायाम्, कृृ–कीर्णः, पृृ—पूर्ण इत्यादिप्रक्रियायां च तत्र–तत्र तथादभासस्य जागरूकत्वात् । ताश्च रलयोः शषसहानां यवयोश्चाग्रतः पश्चाद्वा प्रायेणोपलभ्यन्ते । तद्व्यतिरेके तु कनीयानेवास्याः विषयः ।

तत्र ऋकारऌकारयोर्मध्ये रेफलकारावुभयतः स्वरभक्तिर्नित्यमुपतिष्ठते । किन्त्वत्रैकवर्ण्यवद्धारणात्स्वरभक्तेः रेफलकाराभ्यामपृथगवभासः ।

'ऋऌवर्णे रेफलकारौ संश्लिष्टावश्रुतिधरावेकवर्णौ' ।४। १४८ । **'मात्रार्द्ध-मात्राणुमात्रा वर्णापत्तीनाम्'** । ४।१४६ ।[1] इति कात्यायनप्रातिशाख्यसूत्रेणाणु-मात्राया अपि वर्णापत्तेः क्वचिदर्धमात्रैकमात्राभ्यामुच्चारणस्यानुज्ञायमानत्वात् । अत एव ऋऌवर्णयोः रेफलकाराभ्यां पुरतः पृष्ठतश्चाणुमात्रया वर्तमानायाः स्वर-भक्तेः रेफात्प्राक्सञ्चारे तस्याः स्वरभक्तेः क्वचिदकारात्मना प्रवृत्तिः कृ—कर इति यथा । क्वचिदिकारात्मना कृृ किरणमिति यथा । क्वचिदुकारात्मना—पृृ-पुर इति यथा । क्वचित्तु स्वरभक्तेः परस्वरप्रवेशे रेफमात्रम्, पित्रागमः, पित्रिच्छा पित्रुदय, इति यथा । एवं ऌकारेऽपि ।

अथोष्मपरो रेफस्तूत्तरतः स्वरभक्त्या न वियुज्यते । बर्हाबर्हिरित्यादिषु रहयोः । अर्शो दर्श—इत्यादिषु रसयोः, हर्षो वर्ष इत्यादिषु रषयोश्च स्वरानन्त-रितयोरपि उच्चारणे ह्रस्वाकारान्तरितोच्चारणेनाविशेषात् । दन्त्यसकारस्तु रेफादुत्तरो नास्ति ।

स्वरभक्ति

२५. आधीमात्रा वाले अथवा उससे भी कम मात्रा वाले 'अ इ, उ ऋ, ऌ, ए, इन ६ वर्णों की समानता का आभास देने वाले स्वर तथा व्यञ्जन दोनों के समान धर्म वाले व्यञ्जनों के सहभाव में नियत रहने वाले ध्वनि विशेषों को 'स्वरभक्ति' कहा जाता है । यद्यपि अकारात्मक होने के कारण इस स्वरभक्ति को सर्वत्र एक ही माना जा सकता है, तथापि तालव्य आदि स्वरादि के समीप होने पर उनसे अनुरक्त होने के कारण स्वरभक्ति की इकारात्मकता हो जाती है, इसी प्रकार ओष्ठ्य स्वरादि के समीप होने पर स्वरभक्ति उकारात्मकतातथा एकारात्मकता भी अस्वीकार नहीं की जाती । पृथ्वी को (पृथ्वी) पृथिवी, ऐसा संस्कृत भाषा में बोला जाता है, 'वरेण्यं' के वरेणियं', 'स्वः' को 'सुवः' वैदिक भाषा में कहा जाता है, 'स्त्री को 'इस्त्री' 'स्थू' को 'उस्थू' ऐसा लोक भाषा में कहा जाता है',

---

1 वाजसनेयि प्रातिशाख्य (कात्यायन प्रातिशाख्य) ज्ञानप्रकाश प्रतिष्ठान, वाराणसी, १९७५

'कृ' से 'कीर्णः' "पृ" से 'पूर्णः' इत्यादि शब्दों की प्रक्रिया में तत्तत्स्थानों पर इस प्रकार का आभास मिलता है। स्वरभक्ति की उपलब्धि र ल श ष स ह य व वर्णों के पहले या आगे प्रायः होती है। इसके अतिरिक्त तो स्वरभक्ति की उपलब्धि अल्प ही है। वहाँ ऋ तथा लृ के मध्य रेफ और लकार के दोनों ओर स्वरभक्ति नित्य विद्यमान है, किन्तु यहाँ एक वर्ण की तरह श्रुति होने से स्वरभक्ति का रेफ और लकार से पृथक् आभास नहीं होता।

" ऋ और लृ वर्ण में रेफ और लकार संश्लिष्ट हैं, वे सुनाई नहीं देते, वे एक वर्ण हो जाते हैं" ४/१४८।

"वर्णापत्तियों की एक मात्रा, आधीमात्रा, या अणुमात्रा होती है, ४/१४९।

इस कात्यायन-प्रातिशाख्य सूत्र से अणुमात्र वर्णापत्ति की भी कहीं आधी मात्रा तथा कहीं एक मात्रा से उच्चारण की अनुमति है। इसीलिए ऋ लृ वर्णों, रेफ और लकार के आगे और पीछे अणुमात्र वर्तमान स्वरभक्ति के रेफ से पूर्व सञ्चरण करने पर उस स्वरभक्ति की कहीं अकार के रूप में प्रवृत्ति होती है, जैसे 'कृ' का 'करः' हो जाता है, कहीं यह प्रवृत्ति इकार के रूप में होती है, जैसे 'कृ' का 'किरणम्' हो जाता है, कहीं स्वरभक्ति की प्रवृत्ति उकार के रूप में होती है, जैसे—'पृ' का 'पुरः' हो जाता है। कहीं स्वरभक्ति के दूसरे स्वर में प्रविष्ट हो जाने पर रेफ मात्र रह जाता है—जैसे "पित्रागमः" "पित्रिच्छा" "पित्रुदय" आदि। इसी प्रकार लृकार में भी समझना होगा। ऊष्म वर्णों (श, ष, ह) के आगे होने पर रेफ स्वरभक्ति के द्वारा पृथक् नहीं किया जाता। "बर्हा" "बर्हि' "अर्श', 'दर्श' 'हर्ष' वर्ष" इन उदाहरणों में स्वर से अन्तरित या व्यवहित न होने पर भी ह्रस्व अकार के अनन्तर उच्चारण में समानता है। रेफ के आगे दन्त्य सकार तो नहीं आता।

२६. कात्यायनस्तु लकारस्याप्याह—**रलावृलृवर्णाभ्यामूष्मणि स्वरोदये सर्वत्रेति**[1]। तत्र लकारहकारयोर्लकारशकारयोश्च संयोगोपलम्भेऽपि लकारषकार-योर्लकारसकारयोश्च संयोगो नोपलभ्यते। अतएव रलयोरूष्मसंयोगादुपलभ्यमा-नायास्तस्याः स्वरभक्ते पाञ्चविध्यं याज्ञवल्क्य आह—

करिणी कुर्विणी चैव हरिणी हारिणीति च।
तथा हंसपदा नाम पञ्चैताः स्वरभक्तयः ॥ १ ॥
करिणी रहयोर्योगे कुर्विणी लहकारयोः।
हरिणी रशयोर्योगे हारिणी लशकारयोः ॥ २ ॥
या तु हंसपदा नाम सा तु रेफषकारयोः[2]। इति।
देवं बर्हिरिति करिणी रहयोगात् १

---

1 वाजसनेयि प्रातिशाख्य ५।१७

2 याज्ञवल्क्य शिक्षा-वर्णप्रकरण सन्ध्यधिकार, श्लोक-१३-१४।

उपवल्हेति कुर्विणी लहयोगात् २
अर्शस इति हरिणी रशयोगात् ३
शतवल्शेति हारिणी लशयोगात् ४
वर्षोवर्षीयसीति हंसपदा रषयोगात्[1] ५

नारदस्तु स्वरभक्तौ केचन विशेषमप्याह—

शषसहरादौ रेफात्स्वरभक्तिर्जायते द्विपदसंधौ ।
इउवर्णाभ्यां हीना क्वचिदेकपदा क्रमवियुक्ता ।। १ ।।

शषहेषु यो रेफादिः स्यात्तस्मिन् शीर्षर्हादावित्यर्थः ।

द्विविधा स्वरभक्तिः स्यादृकारे रेफ एव च ।
स्वरोदा व्यञ्जनोदा च विहिताक्षरचिन्तकैः ।। १ ।।
शषसेषु स्वरोदां तु हकारे व्यञ्जनोदयाम् ।
शषसेष्वेव विवृतां हकारे संवृतां विदुः ।। २ ।। इति

माण्डूकोऽप्याह—

ऋकारप्रत्यये रेफः संयुक्तः शषसैः सह ।
आद्यस्तत्र क्रमो ज्ञेया न परो बोधितो बुधैः ।। १ ।।
रेफोष्मणां संयोगे स्वरभक्तिरक्रमश्चैव ।
तत्रोदाहरणानि—प्रदर्शनं वर्षो बर्हिश्च ।। २ ।।
रेफं स्वरोदये विद्यादृकारं व्यञ्जनोदये ।
स्वरव्यञ्जनयोर्मध्ये रेफमेव विनिर्दिशेत् ।। ३ ।।

यत्र तु पदादे रहसंयोगस्य पदानुत्तरत्वं स्यात्तत्र रेफात्प्राक् पश्चाच्च स्वरभक्तिः पार्थक्येन स्फुटमवभासत इति द्रष्टव्यम् ।

२६. कात्यायन ने तो यह स्थिति रेफ के साथ लकार की भी मानी है ।

"र तथा ल ऋ लृ वर्णों के साथ स्वरोदय में सर्वत्र है ।"

वहाँ लकार तथा हकार एवं लकार तथा शकार के संयोग की उपलब्धि होने पर भी लकार तथा मूर्धन्य एवं दन्त्य सकार की उपलब्धि नहीं होती, ऊष्म वर्णों के संयोग से उपलब्ध होने वाली स्वरभक्ति को याज्ञवल्क्य ने पाँच भेदों वाली बतलाया है ।

"स्वरभक्तियाँ पाँच प्रकार की हैं—करिणी, कुर्विणी, हरिणी, हारिणी, तथा हंसपदा ये उनकी संज्ञाएं हैं । र तथा ह का योग होने पर करिणी, लकार हकार के योग में कुर्विणी, र और शकार के योग में हरिणी, ल और श के योग में हरिणी रेफ और

1 याज्ञवल्क्य शिक्षा-वर्णप्रकरण सन्ध्यधिकार, श्लोक १५-१६ ।

ष के योग हंसपदा होतीहै । १-२ "बर्हि शब्द में रेफ और हकार का योग है, यह करिणी स्वरभक्ति है, "उपबल्ह" शब्द में लकार हकार के योग में कुर्विणी, है" "अर्शस्" शब्द में रेफ और शकार के योग में हरिणी स्वरभक्ति है । लकार तथा शकार के योग में हरिणी एवं "वर्षो वर्षीयसी" में रेफ षकार के योग में हंसपदा स्वरभक्ति होती है । १-५ ।

नारद स्वरभक्ति के विषय में कुछ विशेष कथन करते हैं कि—

"दो पदों की सन्धि में श ष स ह र आदि वर्णों के साथ रेफ के संयोग होने पर कहीं-कहीं एक पद में "इ" "उ" वर्णों से विहीन और श्रुति में स्वर मात्र से रहित भी स्वरभक्ति अक्षर विचारकों ने मानी है । (र्श र्ष र्ह' इत्यादि में श ष ह में रेफादि से यहाँ तात्पर्य है ।

"ऋकार में तथा रेफ में दो प्रकार की स्वर भक्ति होती है एवं स्वरोदा दूसरी व्यञ्जनोदा, श ष ह में जो संयोग के कारण स्वरभक्ति होती है वह स्वरोदा स्वर-भक्ति है, तथा हकार में व्यञ्जनोदया स्वरभक्ति होती है, श ष स में विवृत प्रयत्न वाली स्वरभक्ति है ।" १-२

आचार्य माण्डूक्य ने भी कहा है कि—

"ऋकार प्रत्यय में श, ष और स वर्णों के साथ जहाँ रेफ संयुक्त होता है, वहाँ पहला क्रम अर्थात् स्वरोदयास्वरभक्ति ही होती है, द्वितीय अर्थात् व्यञ्जनोदया स्वरभक्ति वहाँ नहीं होती ।। १ ।।

"रेफ और ऊष्म वर्णों के संयोग में स्वरभक्ति होती है और क्रम भी नहीं होता, इसके उदाहरण 'वर्ष' और बर्हि, आदि शब्द हैं ।। २ ।।

"स्वरोदय में रेफ को समझना चाहिए तथा व्यञ्जनोदय में ऋकार ही समझना चाहिए । स्वर और व्यञ्जन के मध्य में रेफ का ही निर्देश है ।। ३ ।।"

जहाँ पद के आदि में 'र' 'ह' का संयोग हो और आगे अन्य पद न हो, वहाँ रेफ के पहले और उसके आगे स्वरभक्ति पृथक् रूप से स्पष्ट अवभासित होती है यह समझना चाहिए ।

२७. पदादनुत्तरस्य पदस्यादौ रशषहारब्धसंयोगस्योच्चारणे तु प्राक् स्वर-भक्तेर्नियमतः स्फोटो भवति, स्वरभक्तिमनुच्चार्य पदादौ तादृशसंयोगस्याशक्यो-च्चारणत्वात् । सा च स्वरभक्तिः संयोगानन्तरस्वरानुरूप्यं भजमाना विवृत्या-त्मना इकारोकारात्मना च प्रायेणोपतिष्ठते । तत्रैतेऽकारेकारोकाराः संवृता अर्धमात्राः, अत एवैषां स्वरव्यञ्जनसाधर्म्यादन्तःस्थत्वमुपेक्षितव्यम् । तेषामेव पुनः संवृतार्धमात्रतयोच्चारणयोग्यानामनभिज्ञोच्चारणे प्रयत्नदोषाद्विवृतत्वप्रसक्तौ

कदाचिदेकमात्रत्वमप्यतिसज्जते । स्थानशब्दस्योच्चारणे 'अस्थानेति' स्त्रीशब्दस्य 'इस्त्रीति' 'स्थूलशब्दस्य' उस्थूलेत्येवमाद्याकारेणैव प्रायेणोच्चारणात् । क्वचित्तु तस्याः संयोगमध्ये प्रवेशः प्रसज्जते—स्पष्टशब्दोच्चारणे 'अस्पष्ट' 'उस्पष्ट' इत्येवमाद्युच्चारणप्रसक्तिवत् 'सपष्ट', 'सुपष्ट' इत्येवमादिविधयाप्युच्चारणदर्शनात् । अत्र स्वरभक्तेरुकारत्वं पकारानुरागात् । स्थिरशब्दोच्चारणे—इस्थिरत्वसिथिरत्वयोः स्वरभक्तिबलसंप्रसक्तिप्रयुक्तत्वसाम्येऽपि आद्यस्य संस्कृतभाषायामप्रवेशादशुद्धत्वम् । सिथिरशब्दस्य तु प्रयत्नदोषात्सस्य शत्वे रस्य लत्वविकल्पे च शिथिरत्वशिथिलत्वाभ्यामभिनीतस्य संस्कृतादौ प्रवेशो दृश्यते, अस्मिंश्च वैषम्ये व्यवहारातिरेक एव निदानम् । एवमन्यत्रापि—'श्च ष्ट स्त ह्र'—इत्येवमादिषु सर्वत्रैव पदादिसंयोगेषु शषसहेभ्यः प्रागकारेकारसदृशध्वन्योरुच्चारणं प्राप्नोति, रशषसहेभ्यः प्राक्पश्चाद्वास्वरसंप्रयोगे तु नास्ति स्वरवत्स्वरभक्तेरवभासः । एतत्स्वरभक्तिबलेनैव रशषसहाः प्रायेण विपर्यासिनो भवन्तीत्यपि तत्र तत्रानुसंधातव्यम् ॥

२७. जो पद किसी पद के आगे नहीं है उसके आदि में 'र' 'ष' 'स' वर्णों से जिस संयुक्त वर्ण का उच्चारण होता है वहाँ तो उससे पहले स्वरभक्ति की स्पष्टता नियत रहती है क्योंकि ऐसे स्थल पर पद के आदि में स्वरभक्ति का उच्चारण किये बिना उस प्रकार के संयोग के अनन्तर आने वाले स्वर की अनुरूपता का ग्रहण करते हुए प्रायः विवृत्ति के रूप में तथा इकार और उकार के रूप में उच्चरित होती है । यहाँ जो ये अकार, इकार, तथा उकार हैं वे आधी मात्रा वाले संवृत हैं, इसलिए स्वर और व्यञ्जन की समानधर्मता के कारण इनकी अन्तःस्थता की उपेक्षा की जाती है । इन्हीं के संवृत के आधी मातृका होने से उच्चारण योग्य वर्णों का अनभिज्ञों के द्वारा उच्चारण होने पर इनमें प्रयत्न दोष के कारण विकृत भाव आ जाने से कहीं-कहीं एकमात्रिकता का भान हो जाता है । जैसे—"स्थान" शब्द के उच्चारण में "अस्थान" शब्द निकल पड़ता है, "स्त्री" शब्द के उच्चारण के स्थान पर "इस्त्री" बोल दिया जाता है "स्थूल" बोलने पर "उस्थूल" उच्चारण हो जाता है, प्रायः इसी तरह के उच्चारण हो जाते हैं । कहीं-कहीं तो इस प्रकार की स्वरभक्ति का संयोग के मध्य में प्रवेश हो जाता है—'स्पष्ट' शब्द के उच्चारण में "अस्पष्ट" या 'उस्पष्ट' जैसे बोल दिया जाता है वैसे ही 'सपष्ट' या 'सुपष्ट' आदि भी उच्चरित होते हुए अनुभव में आते हैं । स्पष्ट है कि उक्त उदाहरण में स्वरभक्ति का उकार में परिणत होना 'पकार' के साथ होने के कारण होता है । 'स्थिर' शब्द के उच्चारण में 'इस्थिर' और 'सिथिर' ये दोनों प्रकार के उच्चारण यद्यपि स्वरभक्ति के कारण होते हैं, परन्तु इनमें 'इस्थिर' उच्चारण का संस्कृत भाषा में प्रवेश न होने के कारण—अशुद्ध है । द्वितीय उच्चारण जो 'सिथिर' है वहाँ प्रयत्न के दोष से 'स' को 'श' होने से तथा र को विकल्प से 'ल' होने के कारण 'शिथिर' या शिथिल के रूप में वह मान लिया जा सकता है अतः उसका संस्कृत आदि में प्रवेश देखा जाता है । इस प्रकार की विषमता का कारण व्यवहार के अतिरेक को ही समझना होगा । इसी प्रकार अन्यत्र 'श्च' 'ष्ट' 'स्त' 'ह्र' इत्यादि पद के आदि के संयोगों में

भी सर्वत्र श, ष, स, ह, वर्णों के पूर्व अकार तथा इकार के सदृश ध्वनियों का उच्चारण प्राप्त होता है। र श, ष, ह, वर्णों के पहले या पश्चात् स्वरों का प्रयोग होने पर तो स्वर के समान स्वरभक्ति का अवभास नहीं होता। इस स्वरभक्ति के बलपर ही श, ष, स, ह वर्ण प्रायः विपर्यस्त होकर उच्चारण में आया करते हैं, यह भी तत्तत् स्थलों के पर्यालोचन से समझना चाहिए।

२८. परेतु सर्वत्रैव पदादौ संयोगस्य स्वरभक्त्यारब्धत्वं मन्यन्ते, स्वरानालिङ्गितव्यञ्जनतः पदारम्भानभ्युपगमात्। सा च स्वरभक्तिः सर्वत्रैव सर्वमुखस्थानीया—आश्रयस्थानभाग्वा अणुमात्रा स्यात्। रशषसहसंयोगे तु अर्धमात्रैव। तत्रार्धमात्राणुमात्रत्वादेव तस्याश्छन्दःस्वरूपव्याघातकत्वं नोपपद्यते, एकमात्राया द्विमात्राया एव च तत्र विशेषाधायकत्वादित्याहुः।

अथान्ये न पदादावेवेति नियमः, किन्तु संयोगादौ प्रायेण सर्वत्रैव स्वरभक्तिरुज्जृम्भते; पूर्वस्वरेण तदभिभवात्तत्तदनुपलब्धिरित्याहुः।

अथेत्थं स्वरभक्त्या व्यवधनेऽपि न संयोगविघातः कल्प्य इत्याह शौनकः—**"न संयोग स्वरभक्तिर्विहन्तीति"**।[1]

अथ यवयोरपि लघुप्रयत्नतमयोः प्रागियं स्वरभक्तिः प्रायेणोपतिष्ठते त्र्यम्बकं—त्रियम्बकम् भाव्यं—भावियम्, वरेण्यंवरेणियम्, पृथ्वी—(पृथवी) पृथिवी, स्वः—सुव; —इत्याद्युच्चारणभेदानां स्वरभक्तिबलेनैव प्रवर्तमानत्वात्। यद्यपि संस्कृतभाषायां यकारवकारयोरादौ प्रतिपद्यमानापि स्वरभक्तिर्नानुरुध्यते, अथापि वैदिकभाषायां प्रतीयमानाणुमात्रापि सा स्वरभक्तिश्छन्दःपूर्त्यनुरोधपारवश्यात् स्फुटमुच्चार्यमाणा क्वचिदेकमात्रतामाश्रयत्येव। तथा च **'तत्सवितुर्वरेणियं (ण्यं) भर्गो देवस्य धीमहि' 'स भूमिं सर्वतः स्पृत्वा तिग्न (त्य) तिष्ठद्दशांगुलम्'**। **'अत्रयस्तमन्वविन्दन्न हिय (ह्य) ग्ये अशक्नुवन्'**। **'उद्वयन्तमसस्परि सुवः (स्वः) पश्यन्त उत्तरम्'** इत्येवमाद्युच्चारणाभिमानाच्छन्दःपूर्तिमिच्छन्तो दृश्यन्ते। सूत्रयति चोक्तमर्थं छन्दः सूत्रकारो भगवान् पिङ्गलोऽपि—**'इयादिपूरण'[2] इति**॥

२८. कुछ अन्य विद्वान् तो सर्वत्र ही पद के आदि में होने वाले संयोग का स्वरभक्ति से ही आरम्भ होना मानते हैं, क्योंकि स्वर से शून्य व्यञ्जन से पद के आरम्भ को नहीं माना जाता। इस प्रकार की स्वरभक्ति सर्वत्र सबसे प्रथम स्थान पर अथवा आश्रयरूपिणी होती हुई अणुमात्र होगी। र, श, ष, स, ह वर्णों के संयोग होने पर तो वह आधी मात्रा की ही होगी। वहाँ आधी मात्रा या अणुमात्रा वाली होने के कारण ही उस स्वरभक्ति

1 ऋग्वेद प्रातिशाख्य ६।३५।

2 पिङ्गलच्छन्दःसूत्रम् ३।१-२।

के द्वारा छन्द के स्वरूप का हनन नहीं होता। जब स्वरभक्ति एक मात्रा की अथवा दो मात्रा की होगी तभी छन्द आदि में वैशिष्ट्य का आधान होगा।

कुछ अन्य विद्वानों के मत से पद के आदि में ही स्वरभक्ति का नियम नहीं है अपितु जहाँ भी संयुक्त वर्णों का प्रयोग होगा वहाँ सर्वत्र उच्चारण में स्वरभक्ति का प्रादुर्भाव हो जायगा। सर्वत्र स्वर के उच्चरित न हो पाने का कारण पूर्व के स्वर से उस स्वरभक्ति का दबा दिया जाना है। आचार्य शौनक का स्पष्ट मत है कि इस प्रकार की स्वरभक्ति से संयुक्त वर्णों में कोई बाधा नहीं होती, उनका वचन है कि—

"स्वरभक्ति संयोग का हनन नहीं करती।"

यकार तथा वकार ये वर्ण अत्यन्त लघु प्रयत्न वाले हैं, इनके साथ अन्य वर्ण के संयुक्त होने पर प्रायः स्वरभक्ति उपस्थित रहती है, 'त्र्यम्बकम्' का उच्चारण 'त्रियम्बकम्' 'भाव्यम्' का भावियम् 'वरेण्यं' का 'वरेणियम्' पृथ्वी (पृथवी) का 'पृथिवी,' 'स्वः' का 'सुवः' होता है। ये उच्चारण स्वरभक्ति के बलपर ही प्रयुक्त देखे जाते हैं। यद्यपि संस्कृत भाषा (लौकिक) में यकार तथा वकार के आदि में स्वीकृत की हुई स्वरभक्ति का अनुरोध नहीं होता, तथापि वैदिक भाषा में प्रतीत होने वाली वह अणुमात्र स्वरभक्ति भी छन्द की पूर्ति के अनुरोध की परवशता से स्पष्ट उच्चरित होती हुई कहीं-कहीं एकमात्रिक हो जाती है जैसे कि—

"तत्सवितुर्वरेणियं (ण्यं) भर्गो देवस्य धीमहि"
"स भूमिं सर्वतः स्पृत्वा तिय(त्य) तिष्ठद्दशांगुलम्"
"अत्रयस्तमन्वविन्दन्न हिय (ह्य) न्ये अशक्नुवन्"
"उद्वयन्तमसस्परि सुवः (स्वः) पश्यन्त उत्तरम्"

इत्यादि मन्त्रों में उच्चारणों के स्वीकार होने से छन्द की पूर्ति को मानने वाले आचार्य देखे जाते हैं। सूत्रकार पिङ्गल ने इसीलिए

"इयादि उच्चारण छन्दःपूर्ति के लिए है" यह सूत्र निर्मित किया है।

२६. याज्ञवल्क्यसम्प्रदाये तूच्चारणे ऋलृभ्यां रलाभ्यां चान्यत्र स्वरभक्तिः प्रायेण नाभ्युपगम्यते। तत्रापि सामान्यास्तावदनयोर्ऋकारलृकारयोरिकारान्तरेफलकार-साम्येन, केचित्तु—उकारान्तरेफलकारसाम्येनोच्चारणं कुर्वन्ति। ऋषिरिति वक्तव्ये रुषिरित्येवमुच्चारणस्य गुर्जरदाक्षिणात्यानां रिषिरित्येवमुच्चारणस्यान्येषां सम्प्र-दायभुक्तत्वात्। एवमूष्मण्यपि रलाभ्यामकारं वा इकारमुकारं वा स्वरभक्तिग्रासेन वोच्चारणं कुर्वन्तो दृश्यन्ते। वर्षा इति वक्तव्ये वरषा इत्यकारस्य, वरिषा, विरषा —इतीकारस्य, मुमूर्षुरित्यत्र मुमूरुषुरित्युकारस्य च प्रतिभासात्। स्वरभक्ति-ग्रासस्तु द्वित्ररेफसम्मिश्रितोच्चारणम्—यथा हर्ष इत्यत्र हर्र्ष इत्यादि। तदे-

तत्सर्वं याज्ञवल्क्येन नाभ्युपगम्यते। तत्सम्प्रदाये हि ऋकारलृकारयोः सर्वत्रैव किञ्चिदेकारान्ततयोच्चारणं विधीयते। रलाभ्यामूष्मणि च तथैकारात्मिका स्वरभक्तिरन्ततः क्रियते—रेले इति। कात्यायनप्रातिशाख्ये तु—"**रलावृलृवर्णाभ्यामूष्मणि स्वरोदये सर्वत्र**"[1] इत्येवं रलवर्णौ ऊष्मवर्णाश्चान्तरा स्वरभक्तिस्वरूपतया ऋकारलृकारयोर्ग्रन्थविधायकत्वाख्यानादणुमात्रयाऽर्द्धमात्रया वा परिच्छिन्नयोर्ऋकारलृकारयोः स्वरभक्तित्वमास्थीयते। 'हर्ष' इति वक्तव्ये 'हर्‌ऋष' इत्युच्चारणस्य सम्प्रदायभेदेनाभ्युपेयत्वात्। इकारोकारसम्बन्धेन स्वरभक्तिग्रासेन चोच्चारणं तु तन्मते स्पष्टं प्रतिषिध्यते। तदुक्तम्—

ऋकारः खलु सर्वत्र रेकारसदृशो भवेत्।
हृदे मृगस्तृतीया च ऋचं वाचमथापरम्[2] ॥ १ ॥
रेफो वाथ लकारो वा यत्रोष्मणि स्वरोदये।
स्वरभक्तिर्भवेत्तत्र रेफो रेवर्णतां व्रजेत् ॥ २ ॥
स्वरभक्तिं प्रयुञ्जानस्त्रीन् दोषान् परिवर्जयेत्।
इकारं चाप्युकारं च ग्रस्तदोषं तथैव च[3] ॥ ३ ॥ इति

ऋकार इति लृकारस्याप्युपलक्षणम्। रेफो लकारस्यापि। एकारश्च न स्पष्टमभिनेयः चतुर्णामप्यकारादीनां स्वरभक्तिवर्णानामत्यल्पमात्रतया पूर्णमात्रत्वाभावात्। तेनाणुमात्रयातिमधुरास्वादं नेय इति न विस्मर्तव्यम्। इत्थं सम्प्रदायभेदेन ऋकारस्य चतुर्द्धोच्चारणं सिद्धम् ॥

उक्ता स्वरभक्तिः।

२९. याज्ञवल्क्य के सम्प्रदाय में तो 'ऋ' 'लृ' तथा 'र' 'ल' से अतिरिक्त स्वरभक्ति प्रायः स्वीकार नहीं की जाती, वहाँ भी सामान्यतया 'ऋ' तथा 'लृ' का इकारान्त रेफ और लकार के समान तथा कुछ लोग उकारान्त रेफ और लकार के समान उच्चारण करते हैं। 'ऋषि' शब्द के उच्चारण में गुर्जर दाक्षिणात्य 'रुषि' ऐसा बोलते हैं तथा अन्य लोगों के सम्प्रदाय में 'रिषि' ऐसा उच्चारण आता है। इसी प्रकार ऊष्म वर्ण के प्रयोग में भी र तथा ल वर्णों में या तो अकार या इकार अथवा उकार का स्वरभक्ति के रूप में उच्चारण करते हैं। 'वर्षा' यह बोलने के लिए 'वरषा' ऐसा अकार का 'वरिषा' ऐसा इकार का 'विरषा' इस प्रकार इकार का उच्चारण देखा जाता है 'मुमूर्षु' शब्द के उच्चारण में 'मुमूरुषु' ऐसा उकार का उच्चारण में प्रतिभास आता है। स्वरभक्ति के ग्रास का अर्थ है दो तीन रेफों से सम्मिश्रित उच्चारण जैसे—'हर्ष' के उच्चारण में 'ह र्र र

1 वाजसनेयि प्रातिशाख्य ४।१७
2 लघु माध्यन्दिनीय शिक्षा २८
3 याज्ञवल्क्य शिक्षा, वर्णप्रकरण, सन्ध्यधिकार, श्लोक ९६

ष' ऐसा कहना। याज्ञवल्क्य इन सबको स्वीकार नहीं करते। उनकी प्रक्रिया में ऋकार और लृकार का उच्चारण कुछ एकार का स्पर्श लिए हुए होता है। 'र' तथा 'ल' एव ऊष्म वर्णों के साथ अन्त में एकार की स्वरभक्ति का आश्रय लिया जाता है, 'रे' 'ले' ऐसा बोला जाता है। कात्यायन के प्रातिशाख्य में तो—

"र तथा ल ऋ लृ तथा ऊष्म वर्णों के साथ सर्वत्र स्वरोदय से उच्चरित होते हैं"

इस प्रकार 'र' व 'ल' वर्ण तथा ऊष्मवर्णों के अन्तराल में स्वरभक्ति स्वरूपतया विद्यमान होती है, वहाँ ऋकार और लृकार के व्यवधान माने जाने से अणुमात्र या अर्धमात्रा से सम्बद्ध ऋकार और लृकार की स्वरभक्ति मानी जाती है। 'हर्ष' शब्द का उच्चारण करने के लिए 'ह ऋॅ ष' इस प्रकार के उच्चारण को सम्प्रदायभेद से स्वीकार किया जाता है। इकार और उकार का सम्बन्ध जोड़कर अथवा स्वरभक्ति का ग्रास या खण्ड बनाकर उच्चारण करना तो उनके मत में स्पष्ट निषिद्ध है। कहा गया है—

"ऋकार उच्चारण में सर्वत्र रेकार के सदृश हो, उदाहरणार्थ—हृद, मृग, तृतीय ऋचा आदि।" । १ ।

जहाँ ऊष्मा स्वरोदय में रेफ या लकार होते हैं, वहाँ स्वरभक्ति होने पर रेफ 'र' वर्ण में परिणत हो जाता है। २ ।

"स्वरभक्ति का प्रयोग करने वाले को इकार, उकार तथा ग्रस्तदोष इन तीनों दोषों से बचना चाहिए।" । ३ ।

यहाँ जैसे ऋकार लृकार का उपलक्षण है वैसे ही रेफ सकार का उपलक्षण है। एकार का स्पष्ट अभिनयन ही होना चाहिए क्योंकि स्वरभक्ति के ये चारों अकारादि वर्ण अत्यल्प मात्रावाले होने से इनमें पूर्णमात्रा का अभाव है। इसलिए प्रयोग काल में अणुमात्रा से अतिमधुर श्रुति का आस्वाद होना विस्मरणीय नहीं है। इस प्रकार सम्प्रदाय के भेद से ऋकार का चार प्रकार से उच्चारण सिद्ध होता है **यह स्वरभक्ति कही गई।**

यमो व्याख्यातव्यः।

३०. यमो यतिर्विरामो विच्छेदोऽवष्टम्भ इत्यनर्थान्तराणि। तत्राह कात्यायनः—**'अन्तः पदेऽपञ्चमः पञ्चमेषु विच्छेदम्।[1] ऊष्मभ्यः पञ्चमेषु यमापत्तिर्दोषः'[2]** इति। अयमर्थः—यत्र पूर्णः स्पर्शः पूर्णतमस्पर्शो वा नासिक्येतरः पूर्वो वर्णः स्यात्, परतश्च नासिक्यो वर्णः स्यात्तत्रावश्यं प्रयत्नस्वाभाव्यात्तयो-

1 कात्यायन प्रातिशाख्य ४।१६३

2 कात्यायन प्रातिशाख्य ४।१६४

मध्ये विच्छिद्योच्चारणं प्राप्नोति । यथा—रुक्-म । अग्-निः । रत्-नम् । सद्-मा-स्वप्-नः इत्यादिषु विच्छेदमनिच्छतोऽप्युच्चारणे मकारान्नकाराद्वा प्राग् विच्छेदः प्रतीयते, स यमः । अत एवास्य यमस्याशरीरत्वमाह पराशरः ।

जकारौ द्वौ मकारश्च रेफस्तदुपरि स्थितः ।
अशरीरं यमं विद्यात्सम्माज्जर्नीति निदर्शनम्[1] ।। १ ।।

यद्यप्यग्निरित्यादौ विच्छेदाभावोऽपि सम्भवति किन्तु स दोषजः । पूर्णस्पर्शस्य गकारस्य मन्दस्पर्शेनोच्चारणे क्रियमाणे एव विच्छेदबाधात्तथोच्चारणस्य चार्द्धक-रोमशादिदोषदुष्टत्वात् । एवं यत्र कश्मलप्रश्नादिशब्देषु पञ्चमात्पूर्वमयमूष्मवर्णो दृश्यते तत्रोच्चारणे विच्छेद एव दोषजः । अर्धस्पृष्टानामूष्मणां पूर्णस्पर्शेनोच्चारणमन्तरेण विच्छेदस्य कर्तुमशक्यत्वात्; तथाकरणस्य च ध्मातसंदष्टादिदोषरूपत्वात् । ऊष्मभ्य इत्युपलक्षणमन्तःस्थवर्णानाम् । तदित्थं विच्छेद एव यम इत्येकः पक्षः ।

परस्त्वाह—यत्रैवं रुक्म स्वप्नादौ विच्छिद्योच्चारणं प्राप्नोति तत्र रुकः ककारादुत्तरं केवलस्य वा ककारश्लिष्टस्य वा मकारस्योच्चारणं भवतीति विशिष्य निर्द्धारयितुमशक्यम् । अत एव तादृगस्फुटोच्चारणे ककारमकारयोरन्तराले विच्छेदजन्यः कश्चित् ककारसदृशोऽपि ककारभिन्नः सूक्ष्मो ध्वनिविशेषः प्रतिपद्यते-सोऽयमपूर्वो वर्ण एव यमः । स चोक्तरीत्या नासिक्येतरस्पर्शवर्णादुत्तरं नासिक्यस्पर्शसमवधाने एव भवतीत्यूष्मान्तःस्थादिवर्णात्परतो नासिक्यस्पर्शसत्वे कश्मलप्रश्नादिशब्दे स प्रतिषिध्यते । तथा च भगवान्नारदः—

अनन्त्यश्च भवेत्पूर्वो ह्यन्त्यश्च परतो यदि ।
तत्र मध्ये यमस्तिष्ठेत्सवर्णः पूर्ववर्णयोः[2] ।। १ ।।
वर्गान्त्यान् शषसैः सार्धमन्तःस्थैर्वापि संयुतान् ।
दृष्ट्वा यमा निवर्तन्ते आदेशिकनिवाध्वगाः ।। २ ।।

यम का व्याख्यान

३०. यम, यति, विराम, विच्छेद । ये समानार्थक शब्द हैं । आचार्य कात्यायन ने कहा है—

"अन्तः पदेऽपञ्चमः पञ्चमेषु विच्छेदम् ऊष्मभ्यः पञ्चमेषु यमापत्तिर्दोषः"

---

1 अमोघनन्दिनी शिक्षा । (यह श्लोक पथ्यास्वस्ति ग्रन्थ के मूल में पृष्ठ ९ पर उद्धृत है ।)
2 नारदीय शिक्षा २।२।८

इसका आशय यह है कि जहाँ पूर्ण स्पर्श प्रयत्नवाला अथवा पूर्णतम स्पर्श प्रयत्न वाला नासिकास्थानीय से भिन्न पहले आया हुआ वर्ण हो तथा उसके आगे नासिकास्थानीय वर्ण हो वहाँ प्रयत्न के स्वभाव के कारण उन दोनों के मध्य में उच्चारण में अवश्य व्यवधान या रुकावट आती है। जैसे—रुक्-म्, अग्-निः, रत्-नम्, सद्-मा, स्वप्-नः, इत्यादि शब्दों के उच्चारण में इच्छा के बिना भी उच्चारण काल में मकार या नकार से पहले विच्छेद या व्यवधान की प्रतीति होती है। उसी व्यवधान की संज्ञा यहाँ 'यम' है। पराशर ने इस यम को शरीर या आकार वाला नहीं कहकर अशरीरी कहा है।

" 'सम्माज्ज्र्मीति' पद में दो जकार, मकार और उसके ऊपर रेफ स्थित है, यहाँ यम अशरीर है।"

यद्यपि अग्नि आदि पदों में उच्चारण काल में विच्छेद का अभाव होना भी संभव है परन्तु वह विच्छेद का अभाव दोष से उत्पन्न होता है। पूर्ण स्पर्श प्रयत्न वाले गकार का विच्छेद के अभाव के लिए मन्द स्पर्श से उच्चारण करना होता है और वह उच्चारण अर्धक रोमश नामक दोष से युक्त माना जाता है। इसी प्रकार 'कश्मल', 'प्रश्न' आदि शब्दों में वर्ण के पञ्चम वर्ण से पहले यह ऊष्म वर्ण दिखाई देता है, वहाँ उच्चारण में विच्छेद करना ही दोषयुक्त है, क्योंकि वहाँ जो अर्धस्पर्श वाले ऊष्म वर्ण हैं उनका पूर्णस्पर्श वाले वर्ण के साथ बिना उच्चारण हुए विच्छेद नहीं किया जा सकता, वैसा करने पर 'ध्मात', 'संदष्ट' नामक उच्चारण दोष माने गए हैं। यहां ऊष्म वर्णों का कथन अन्तःस्थ वर्णों को भी संगृहीत करता है। इस प्रकार उच्चारण में विच्छेद होना ही यम कहलाता है, यह एक पक्ष है।

दूसरा मत है कि 'रुक्म, स्वप्न' आदि शब्दों में जहाँ विच्छेद करके उच्चारण प्राप्त होता है, वहाँ ककार के अनन्तर केवल ककार का अथवा ककार से संश्लिष्ट मकार का उच्चारण होता है यह निश्चित करना सम्भव नहीं है। इसलिए उस अस्फुट उच्चारण में ककार और मकार के मध्य में (रुक्म) में विच्छेद से समुत्पन्न कोई ककार के सदृश होने पर भी ककार से भिन्न सूक्ष्म प्रकार का ध्वनिविशेष स्वीकार किया जाता है। यह अपूर्व वर्ण ही यम कहलाता है और यह अपूर्व वर्ण पूर्वोक्त रीति से नासिकास्थानीय से भिन्न स्पर्श प्रयत्न वाले वर्णों के आगे नासिकास्थानीय तथा स्पर्श प्रयत्न युक्त वर्णों के साथ होने पर ही होता है, इसलिए ऊष्मा, अन्तःस्थ आदि वर्णों के आगे नासिक्य स्पर्श वर्ण जब आते हैं तो कश्मल, प्रश्न आदि शब्दों में इस अपूर्व वर्ण की उत्पत्ति का निषेध किया जाता है। नारद ने कहा है—

"अन्तिम से भिन्न यदि पूर्व में हो और अन्तिम यदि आगे हो तब उनके मध्य में यम श्रुति होती है जो कि पूर्व के वर्णों के समान होती है।" ॥ १ ॥

"वर्ग के अन्तिम वर्णों को श ष स तथा अन्तःस्थ वर्णों के साथ देखकर यम उसी

प्रकार वापस हो जाते हैं, जैसे रोकने वाले को देखकर राहगीर वापस लौट पड़ते हैं" ॥ २ ॥

६१ भगवान् याज्ञवल्क्योऽप्याह—

अपञ्चमैश्चैकपदे संयुक्तं पञ्चमाक्षरम् ॥
उत्पद्यते यमस्तत्र सोऽङ्गं पूर्वाक्षरस्य हि ॥ १ ॥
पञ्चमाः शषसैर्युक्ताः अन्तःस्थैर्वापि संयुताः ॥
यमास्तत्र निवर्तन्ते श्मशानादिव बान्धवाः[1] ॥ २ ॥ इति

यद्यपि रुक्मेत्यादौ ककारद्विरुक्तौ कृतायां द्वितीयककारात् प्राक् पश्चाद्वा विच्छेदो भवतीति तस्यैव यमसंज्ञा प्राप्ता, तथापि तत्रान्यः कश्चित्ककारसदृशध्वनिविशेष एव यम इत्युच्यते, आचारात् । रुक्-म इत्येवं वा रुक्क्-म इत्येवं वोच्चारणे तादृशककारस्यैव पञ्चमपूर्वस्य यमप्रयोजकत्वात् । यत्र पञ्चमे परे स्पर्शो द्विरुच्यते तत्र द्वितीयस्य यमत्वं मा विज्ञायीत्येतदभिप्रायेणैव नारदवचने **'सवर्णः पूर्ववर्णयोः'** । इति द्विवचनमुक्तं संगच्छते ।

यत्र तु रुक्क्-मेति ककारमकारयोर्विच्छिद्य पाठे मध्ये स्वरभक्त्या आक्रमणं प्रसज्ज्यते, तत्र यमप्रतिषेधः । द्विरुक्तस्यापि कस्य पूर्वाङ्गत्वेन नासिक्यत्वासंभवात् । यमानां तु—

'अयोगवाहाः विज्ञेया आश्रयस्थानभागिनः ।[2]

इति पाणिन्युक्तेः ।

३१. भगवान् याज्ञवल्क्य ने भी कहा है—

"पञ्चमाक्षरों से भिन्न वर्णों से एक ही पद में जब पञ्चमाक्षर संयुक्त होता है तब वहाँ 'यम' उत्पन्न होता है और वह पूर्व के अक्षर का अंग होता है ।" ॥ १ ॥

"पञ्चम अक्षर श ष स से युक्त होते हैं अथवा अन्तःस्थ वर्णों से मिलते हैं उस अवस्था में यम निवृत्त हो जाते हैं, जैसे—श्मशान भूमि से बन्धु-बान्धव निवृत्त हो जाते हैं ।" ॥ २ ॥

यद्यपि रुक्म् इत्यादि में ककार की दो बार उक्ति में द्वितीय ककार से पहले या पश्चात् विच्छेद होता है इसलिए 'यम' संज्ञा उसी को प्राप्त होती है तो भी यहाँ अन्य ही कोई ककार के सदृश विशेष ध्वनिवाला यम कहलाता है, क्योंकि 'यम का

1 याज्ञवल्क्य शिक्षा, वर्णप्रकरण, प्रकीर्णकाधिकार, श्लोक ९३-९५
2 पाणिनीय शिक्षा २२

पहिचान का यही व्यवहार है। चाहे 'रुक्म' उच्चारण हो अथवा रुक्‌म ऐसा ही उच्चारण करें, पञ्चमाक्षर मकार के पूर्व उस ककार को यम का प्रयोजक माना गया है। जहाँ पंचम वर्ण के आगे होने पर स्पर्श वर्ण की दो बार उक्ति होती है वहाँ द्वितीय को यम न समझा जाय इस अभिप्राय से ही नारद के वाक्य में "सवर्णः पूर्ववर्णयोः" ऐसा द्विवचन कहना संगत होता है। जहाँ रुक्‌म ऐसा ककार और मकार को पृथक करके बोला जाता है वहाँ मध्य में स्वरभक्ति का प्रवेश हो जाता है अतः वहाँ यम का प्रतिषेध हो जाता है क्योंकि द्विरुक्त होने पर भी ककार का पूर्वाङ्ग नासिकास्थानीय होना संभव नहीं है। यमों के लिए तो "जो अयोगवाह हैं वे आश्रय के स्थान के ही भागी होते हैं" ऐसा पाणिनि का कथन है।

३२ 'यमानुस्वारनासिक्यानां नासिका स्थानम्' इत्यन्योक्तेश्च नासिक्य-परवर्णानुरक्तत्वेनोच्चारणान्नासिक्यत्वमुपगम्यते। यत्तु 'संयोगादिः पूर्वस्य, यमश्च, क्रमजं च'इति कात्यायनसूत्रेषु वत्सादितकारवत् कर्मादिमकारवच्च यमस्यापि पूर्वाङ्गत्वमाख्यायते तदिह तत्सादृश्यानुरोधात्। यदि पूर्वाङ्गत्वं न स्यात् सर्वत्रैकरूप एव यमः स्यान्न तु कोत्तरं कसदृशः खोत्तरं खसदृश इति विशेषः स्यात्। 'अनन्त्यान्त्यसंयोगे मध्ये यमः पूर्वगुणः'। इत्येवमौद्व्रजिना स्पष्टं च पूर्वगुणत्वमाख्यायते। तस्मादेकस्य द्विरुक्तस्य वा कस्य पूर्वाङ्गत्वेनोच्चारणे कृतेऽपि तदनुशयात् ककारवद्भासमानो मकारश्लिष्ट इव कश्चिदंशः सूक्ष्मं श्रूयते। स विच्छिद्य पाठमाहात्म्यादुपलब्धत्वाद्यमसंज्ञां भजते इति सिद्धान्तः। शक्-नोत्यादौ पूर्वस्वराङ्गस्य ककारस्योच्चारणाय कण्ठस्थाने स्पृष्टं करणं किञ्चिद्विरम्योत्तरनासिक्योच्चारणाय लब्धप्रयत्नं सत् पूर्वस्पृष्टस्थानविच्छेदकालेऽप्यनुशयरूपेण विच्छेदजं कञ्चित्ककारसदृशध्वनिं जनयति। यथाग्रतो दूरं समुत्पतनेच्छुः सिंहव्याघ्रादिः क्षणं पृष्ठतोऽपसृत्य बलं गृह्णाति तथेह नासिकारूपे दूरस्थे स्थानान्तरे समुत्पतनेच्छु करणं पुनरेव पूर्वस्पृष्टस्थानेऽपसृत्य पूर्वसंयोगानुरूपध्वनिं जनयति स यमो भवतीति सूक्ष्मेक्षिकयावधार्यम्। अथ यत्रापि नासिक्यपरत्वं नास्ति तत्रापि क्वचिदेवं संभवति विच्छिद्योच्चारणं तथापि तत्र स्थानान्तरजन्यत्वादर्शनाद्वर्णान्तरत्वाभावः। यमानां तु नासिक्योदयानामनासिक्यस्पर्शसदृशानामपि नासिक्यतानुभवाद्वर्णान्तरत्वाभ्युपपत्तिरिति बोध्यम्। तदुक्तम्—

अन्त्यानन्त्यसुसंयोगे मध्ये पूर्वस्यभाग् भवेत्।
अन्तःस्थोष्मवियोगे वै यमो विंशतिभेदवान्॥ १॥ इति

३२. दूसरे आचार्य की भी उक्ति है कि "यम अनुस्वार तथा नासिक्य वर्णों का

---

1 वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।७४

2 वाजसनेयि प्रातिशाख्य १।१०२-१०३-१०४

स्थान नासिका है।" पर अर्थात् आगे नासिक्य वर्ण से अनुरक्त होकर उच्चारण होने से इसे नासिक्य माना जाता है। जो यह सिद्धान्त दिखाई देता है कि "संयोग का आदि वर्ण यम तथा क्रमजन्य वर्ण पूर्व के अङ्ग होते हैं" यह कात्यायन के सूत्रों में 'वत्स' शब्द में मकार के समान यम को भी जो पूर्व का ही अङ्ग माना गया है उसका कारण पूर्व की सदृशता का अनुरोध है। यदि यम पूर्वाङ्ग नहीं होगा तब तो यम श्रुति सर्वत्र एक समान ही होगा, ऐसा नहीं होगा कि क के अनन्तर क के सदृश यम हो, ख के अनन्तर ख के सदृश यम हो ऐसी विशेषता नहीं आ सकेगी। "अन्तिम भिन्न का अन्तिम के साथ संयोग होने पर मध्य में पूर्वाक्षर के गुणवाला यम होता है" इस प्रकार आचार्य औद्व्रजि ने यम को स्पष्टतया पूर्व का गुण कहा है। इसलिए एक या दो बार बोले गए ककार के पूर्व के अङ्ग के रूप में उच्चरित होने पर भी उसके संसर्ग से ककार के समान भासित होनेवाला कोई अंश मकार से संश्लिष्ट होता हुआ सा सूक्ष्म रूप से सुनाई देता है। वही पृथक् होकर पढ़ा जाने के कारण तथा उच्चारण में उपलब्ध होने के कारण यम संज्ञा को प्राप्त होता है यह सिद्धान्त है। "शक्-नोति' आदि शब्दों में पूर्व स्वर के अङ्ग ककार के उच्चारण के लिए—कण्ठ स्थान में स्पर्श रूप करण कुछ विराम के अनन्तर आगे के नासिक्य वर्ण के उच्चारण के लिए प्रयत्न होने पर पूर्व स्पर्श स्थान के विच्छेद काल में भी अनुशय के रूप में विच्छेद से उत्पन्न कुछ ककार के सदृश ध्वनि को उत्पन्न करता है। जैसे आगे और दूर तक उछलने की इच्छा से सिंह, व्याघ्र आदि क्षर के लिए पीछे की ओर सिमट कर बल ग्रहण करते हैं। इसी प्रकार यहाँ नासिका रूप दूरस्थ स्थान पर पहुँचने के लिए ये वर्ण पहले पूर्व वर्ण के अनुरूप ध्वनि उत्पन्न करते हैं, उसे ही यम कहा जाता है, यह सूक्ष्म रूप से समझना चाहिए। जहाँ पर या आगे नासिक्य वर्ण नहीं है वहाँ भी कहीं यह विच्छेदपूर्वक उच्चारण होना संभव है तथापि वहाँ अन्य स्थान से उत्पत्ति न होने से वर्णान्तर का अभाव होता है। यम तो नासिक्य वर्णों के सहभाव से उत्पन्न होते हैं, उनके अनासिक्य स्पर्श वर्ण से सादृश्य रहने पर भी नासिक्यता का अनुभव होने के कारण अन्य वर्ण के समान प्रतीति होती है। कहा गया है—

> "अन्तिम वर्ण और उनसे भिन्न वर्ण के सुसंयोग होने पर मध्य में आने पर यम वर्ण पूर्व वर्ण का भागी होता है। अन्तःस्थ और ऊष्म के वियोग में जो स्थिति होती है उसके अनुसार यम के बीस भेद हो जाते हैं।"

३३. तदित्थं पञ्चमातिरिक्ता ये विंशतिस्पर्शास्तादृशध्वनिविशेषाः पञ्चमपराः यमशब्देनाख्यायन्ते। तेषां कुं खुं गुं घुं इति चतस्र एवैताः संज्ञाः। वर्गाणां प्रथमाः कुं शब्देन, द्वितीयाः खुं शब्देन, तृतीयाः गुं शब्देन, चतुर्थाः घुं शब्देन, व्यवह्रियमाणाः द्रष्टव्याः। अतएव यमानां विंशतिसंख्याकत्वेऽपि चत्वारो यमा इत्युपचारः। तथा चाह भगवान् याज्ञवल्क्यः—

चत्वारो यमाः कुं खुं गुं घुं इति[1]—

रुक्-क्मेति प्रथमो ज्ञेयः सक्थ्-थ्ना इत्यपरो भवेत् ।
विद्-ध्माते तु तृतीयश्च जम्भे दध्-ध्मश्चतुर्थकः[2] ।। १ ।। इति

रुक्मशब्दे ककारयममकाराः संयोगः । य(ज)ज्ञशब्दे जकारयमो ञकारश्च संयोगः । संज्ञाशब्दे ञकारो जकारयमौ ञकारश्च संयोगः । सक्थ्नाशब्दे ककार-थकारौ यमो नकारश्च संयोगः । दध्नाशब्दे दकारधकारौ यमो नकारश्च संयोगः । याप्यम् शब्दे पकारयमौ मकारश्च संयोगः इत्येवमन्यत्रापि द्रष्टव्यम् । इत्थं च नारदौद्व्रज्यादिमतेन यमो वर्णागम इति लभ्यते । तत्र यथा अ इ उ ए इत्येषां चतुर्णामत्यल्पमात्राकत्वेन क्वचिदवभासमानानां स्वरभक्तित्वम् । एवममीषां विंशतिवर्णानामत्यल्पमात्राकत्वेन क्वचिदवभासमानानां यमत्वम् । इति द्वितीयः पक्षः ।। २ ।।

अन्ये तु यमं वर्णापत्तिं मन्यन्ते । तथा च शौनकः—**'स्पर्शा यमाननुनासिकान् स्वरपरेषु स्पर्शेष्वनुनासिकेषु[3]** इत्याह । सोऽयं तृतीयः पक्षो द्रष्टव्यः ।। ४ ।।

३३. इस प्रकार पञ्चम वर्ण के अतिरिक्त जो बीस स्पर्श संज्ञक वर्ण हैं उनके सदृश ध्वनि वाले पञ्चम वर्ण के आगे होने पर यम कहलाते हैं । उनकी कुं खुं गुं घुं ये चार ही संज्ञायें हैं । वर्गों के प्रथम अक्षर 'कुं' शब्द से, द्वितीय अक्षर खुं शब्द से, तृतीय अक्षर गुं शब्द से तथा चतुर्थ शब्द घुं शब्द व्यवहार में आते हैं । इसीलिए यमों के सख्या में बीस होने पर भी चार यम होते हैं यह व्यवहार होता है । भगवान याज्ञवल्क्य ने कहा है—

> "यम कुं खुं गुं घुं ये चार हैं, रुक्क्म यह प्रथम है, सक्थ्-थ्ना यह दूसरा है, विद्-ध्माते में तृतीय है, दध्ध्म में चौथा है ।"

'रुक्म' शब्द में ककार यम और मकार का संयोग है । य (ज) ज्ञ शब्द में जकार यम ञकार का संयोग है । 'सज्ञा' शब्द में ञकार, जकार यम और ञकार का सयोग है । 'सक्थ्ना' शब्द में ककार, थकार, यम और नकार का सयोग है । 'दध्ना' शब्द में दकार-धकार, यम और नकार का संयोग है । 'याप्यम्' शब्द में पकार यम और मकार का सयोग है । इसी प्रकार अन्यत्र भी देखना चाहिए । इस रीति से नारद औद्व्रज्यादि के मत से 'यम' एक प्रकार का वर्णागम होता है । यहाँ जैसे अ, इ, उ, ए, इन चारों को अत्यल्प मात्रा वाले होने के कारण कहीं-कहीं भासित होने पर स्वरभक्ति में अन्तर्भूत किया जाता है इसी

---

1 याज्ञवल्क्य शिक्षा-वर्ण प्रकरण, प्रकीर्णकाधिकार, पृष्ठ १५४

2 याज्ञवल्क्य शिक्षा-वर्ण प्रकरण, प्रकीर्णकाधिकार, श्लोक ९३

3 ऋग्वेद प्रातिशाख्य ६।२९

प्रकार इन बीस वर्णों के अत्यल्प मात्रा युक्त होने से कहीं-कहीं भासित होने पर इनकी यम संज्ञा है। यह द्वितीय पक्ष हुआ।

अन्य विचारक यम को वर्णापत्ति रूप मानते हैं। शौनक ने कहा है—

"स्पर्शा यमाननुनासिकान् स्वरपरेषु स्पर्शेष्वनुनासिकेषु"

यमों को वर्णापत्ति मानना यह तृतीय पक्ष है।

३४. परे तु पुनरित्थं यमस्वरूपे चतुर्धा प्रतिपत्तिमुपसंहरन्ति। तथा हि—निरनुनासिकानुनासिकसंयोगे निरनुनासिकोत्तरमनुनासिकप्रयत्नविरोधस्वाभाव्यात् पूर्वविरुद्धप्रयत्नग्रहणार्थं कश्चन मध्ये विच्छेदः स्वत एव प्रवर्तते। स एव यमशब्देनाख्यायते। **'अन्तः पदेऽपञ्चमाः पञ्चमेषु विच्छेदमिति'**[1] कात्यायनीये विच्छेदशब्देनैव तदभिधानात्। तस्य चाशरीरत्वेऽप्यनुनासिकत्वं रङ्गवत्। तस्य पूर्वाङ्गत्वं पराङ्गत्वं वेति नैकं किञ्चिदास्थीयते उभयथापि संभवात्। इत्येका प्रतिपत्तिः॥

स्वरात् संयोगादेः सर्वत्र द्वित्वमापद्यते, तत्रायमागन्तुकः पूर्ववर्ती क्रमजशब्देनाख्यायते। द्वितीयस्तु निसर्गजः। स एव यद्यनुनासिकपरो भवति तदा यम इत्युच्यते विच्छेदसापेक्षत्वात्। अस्ति ह्येतस्योत्तरानुरागादनुनासिकत्वं संवृतकरणत्वं चेत्यतो निरनुनासिकात्स्पृष्टकरणाच्च पूर्वस्माद्वर्णादस्मिन् प्रयत्नवैषम्यं प्रसज्जते। तदेतदेवात्र विच्छेदे मूलम्। 'यमानुस्वारनासिक्यानां नासिके[2] इति कात्यायनोक्त्यादिभिरनुनासिकत्वस्य—

'वर्णानां तु प्रयोगेषु करणं स्याच्चतुर्विधम्।
संवृतं विवृतं चैव स्पृष्टमस्पृष्टमेव च।
स्पर्शानां करणं स्पृष्टमन्तःस्थानामतोऽन्यथा।
यमानां संवृतं प्राहुर्विवृतं च स्वरोष्मणाम्॥

इति माण्डूकोक्त्यादिभिः संवृतकरणत्वस्य च तेषु यमेषु सुप्रसिद्धत्वात्। तथा च नायमशरीरो विच्छेदमात्रस्वरुप एव यमः, किन्तु विच्छेदसापेक्षः सशरीरः पूर्वसदृशो वर्णविशेषः।

'स्वरात्संयोगपूर्वस्य द्वित्वाज्जातो द्वितीयकः।
तस्यैव यमसंज्ञा स्यात्पञ्चमैरन्वितो यदि'।

---

1 वाजसनेयिप्रातिशाख्य ४।१६३

2 वाजसनेयिप्रातिशाख्य १।७४

इति वर्णरत्नेऽमरेशेन तथैवाभिधानात् । स च विंशतिसंख्योऽपि चतुर्धा-शुद्धजिदेकः सोष्मजिद्द्वितीयः, शुद्धधिस्तृतीयः सोष्मधिश्चतुर्थः, इति भेदात् ।।

३४. अन्य आचार्यगण यम के स्वरूप में आनेवाली विचारधाराओं का चार प्रकार से संग्रह करते हैं। उनका कथन है कि—

> "अनुनासिक भिन्न और अनुनासिक के संयोग होने पर अनुनासिक भिन्न वर्णों के उपरान्त अनुनासिक के उच्चारण के प्रयत्न में विरोध उत्पन्न होने के स्वभाव के कारण पहले से विरुद्ध प्रयत्न का ग्रहण करने के लिए बीच में कोई एक विच्छेद स्वभावतः ही प्रवृत्त हो जाता है ।"

यम शब्द से उसी विच्छेद का कथन किया जाता है । कात्यायन ने अपने सूत्र में उस विच्छेद की ही यम संज्ञा बतलाई है । यह 'यम' वर्ण के शरीर में न होने पर रङ्गरूप अशरीरी वर्णों के समान अनुनासिक होता है । वह पूर्व वर्ण का अङ्ग होता है या पर वर्ण का अङ्ग बनता है, इनमें से किसी एक पक्ष पर आस्था नहीं दिखाई गई है क्योंकि यहाँ उक्त दोनों की सम्भावना रहती है ।

संयोगादि में स्वर से सर्वत्र द्वित्व हो जाता है । द्वित्व होने पर यह जो आगन्तुक पूर्ववर्ती वर्ण है उसको क्रमज कहा जाता है । दूसरा वर्ण तो निसर्गज कहलाता है । उसके आगे यदि अनुस्वार होता है तो वह विच्छेद की अपेक्षा होने से यम कहा जाता है । अग्रिम वर्ण के अनुस्वार से अनुरक्त होने के कारण इसमें अनुनासिकत्व आ जाता है अतः निरनुनासिक तथा स्पृष्ट प्रयत्न वाले पूर्व वर्ण से उस यम वर्ण में प्रयत्न की विषमता आ जाती है, यम के उच्चारण में विच्छेद का यही मूल कारण है ।

> "यम, अनुस्वार तथा नासिक्य वर्णों का स्थान नासिका है ।"

> इन कात्यायनादि के वचनों में अनुनासिकत्व का

> "वर्णों के प्रयोग में करण चार प्रकार का होगा संवृत, विवृत, स्पृष्ट तथा अस्पृष्ट । स्पर्श वर्णों का करण स्पृष्ट होता है, अन्तःस्थ वर्णों का करण इससे भिन्न है, यमों का करण सवृत है, स्वर तथा ऊष्म वर्णों का करण या प्रयत्न विवृत है ।"

इन माण्डूक्य आदि के वचनों से विभिन्न यम ध्वनियों के उच्चारण में संवृत प्रयत्न सुप्रसिद्ध है । इस प्रकार यह यम विना वर्ण के आकार का केवल विच्छेद के स्वरूपवाला ही नहीं है, किन्तु यह विच्छेद की अपेक्षा रखनेवाला पूर्व वर्ण के सदृश वर्ण विशेष है—

> "स्वर के पूर्व में संयोग होने पर द्वित्व के कारण द्वितीय वर्ण के रूप में उच्चारित होनेवाले की यम संज्ञा है साथ ही वह तभी यम कहलाता है जब वह पञ्चम वर्णों से सम्बद्ध हो ।"

ऐसा कथन वर्णरत्न में अमरेश ने भी उसी प्रकार किया है। वह संख्या में बीस होने पर भी चार भागों में विभक्त है—पहला शुद्धजित्, दूसरा सोष्मजित्, तीसरा शुद्धधी तथा चौथा सोष्मधी है। ये उसके भेद हैं।

३५. ननु द्विरुक्तिरेव कस्माद्भवतीति चेत् स्वरद्वयाङ्गविप्रतिषेधादिति गृहाण। तथा हि नाभिदेशीयात्स्वरात्पूर्वतः परतश्च कतिपयव्यञ्जनेषु आकर्षण-मन्वावर्तते। तत्र परस्मिन्नाकर्षणात् पूर्वस्मिन्नाकर्षणं बलवदिति धनशब्दे नस्य पराङ्गत्वमेव। धन्यशब्दे तु नकारे पूर्वपराकर्षणबलसाम्यादुभयाङ्गत्वप्राप्तिः। ततो नकारपर्यन्ते पूर्वेण गृहीते पुनर्नकारमारभ्यैवोत्तराक्षरव्यापारः। पूर्वोत्तर-योर्व्यञ्जनयोः संग्रहणे स्पर्शादिः स्पर्शान्तो विवारमध्यश्चाक्षरव्यापारो भवति। तथा चायं नकारस्पर्शः पूर्वाक्षरव्यापारभुक्तः पराक्षरव्यापारभुक्तश्चेति स्पर्श-द्वैविध्याद्वर्णद्वैविध्यमापद्यते। धान्यशब्दे पुनर्दीर्घोच्चारणे कृतकृत्यं बलमुत्तरत्र नकारे शिथिलं भवतीति नकारस्योत्तराङ्गत्वमेव। पूर्वाङ्गत्वविवक्षायां तु भवेदेव तत्रापि द्विरुक्तिः। किञ्चिद्विच्छिद्योच्चारणे तु पूर्वव्यापारबलह्रासाद्धन्यशब्देऽपि नास्ति नस्य द्विरुक्तिः। तदित्थं विवक्षाविशेषाद्वर्णद्वित्वं व्यवस्थितविभाषं भवति। एवमेवायं यमोऽपि व्यवस्थितविभाषो द्रष्टव्यः। अस्मिन् पक्षे चास्य यमस्योत्त-राङ्गत्वं लभ्यते।

'अनुस्वारः पदान्तश्च क्रमजः प्रत्यये स्वके।
स्वरभक्तिस्तथा रेफः सर्वं पूर्वाङ्गमुच्यते॥ १॥

इति नारदाद्युक्तेः क्रमजस्यैव पूर्वाङ्गत्वेन तदुत्तरस्योत्तराङ्गत्वलाभात्। इति द्वितीया प्रतिपत्तिः॥ २॥

अन्ये तु प्रतिपद्यन्ते। न द्विरुक्तस्य यमसंज्ञा—

अनन्त्यश्च भवेत्पूर्वो ह्यन्त्यश्च परतो यदि।
तत्र मध्ये यमस्तिष्ठेत्सवर्णः पूर्ववर्णयोः॥ १॥

इति वदता नारदेन द्विरुक्तवर्णद्वयातिरेकेण यमस्वरूपाभ्युपगमात्।

३५. प्रश्न उठाया जाता है कि दो बार उच्चारण या द्विरुक्ति क्यों होती है ? इसका उत्तर है कि दो स्वरों के अङ्ग का निषेध होने के कारण द्विरुक्ति करनी पड़ती है। नाभि देश के स्वर से पूर्व के और पर के कतिपय व्यञ्जनों में आकर्षण अनुगत होता है। वहाँ पर के आकर्षण से पूर्व वर्ण में आकर्षण बलवान् होता है, उदाहरणार्थ धन शब्द 'न' वर्ण पर का ही अङ्ग है। "धन्य" शब्द में जो नकार है उसमें पूर्व और पर के बल के आकर्षण की समानता है अतः वह दोनों का अंग है। इससे नकार पर्यन्त का पूर्व वर्ण के द्वारा ग्रहण कर लिए जाने पर नकार से प्रारम्भ करके ही आगे के अक्षर का व्यापार

या प्रयत्न प्रारम्भ होता है। पूर्व और उत्तर के व्यञ्जनों का ग्रहण करने पर स्पर्शादि तथा स्पर्शान्त एवं मध्य में विवार प्रयत्नवाला अक्षर व्यापार होता है। इस प्रकार "धन्य" शब्द में नकार का यह स्पर्श पूर्वाक्षर के व्यापार के उपयोग में आता है वैसे ही पर अक्षर के व्यापार का भी इसमें उपयोग होता है, इस प्रकार दो प्रकार के स्पर्श प्रयत्न हो जाने से दो वर्ण हो जाते हैं। 'धान्य' शब्द के दीर्घ उच्चारण में बल की कृतकृत्यता के कारण वह नकार उत्तराङ्ग ही बन जाता है। यदि वहाँ भी नकार की पूर्व के अङ्ग के रूप में विवक्षा होगी तो दो बार उच्चारण होगा। कुछ विच्छेदपूर्वक उच्चारण किये जाने पर तो पूर्व वर्ण के व्यापार के बल के क्षीण हो जाने पर 'धन्य' शब्द में भी 'न' का दो बार उच्चारण नहीं होगा। इस प्रकार विशेष विवक्षा के वश से वर्णों का उच्चारण गत द्वित्व व्यवस्थित विकल्प वाला समझना चाहिए। इस पक्ष में यम उतर वर्ण का अङ्ग माना गया है। क्योंकि

> "अनुस्वार तथा पदान्त अपने प्रत्यय में क्रमज, स्वरभक्ति तथा रेफ ये पूर्वाङ्ग होते हैं।"

इस नारद की उक्ति में क्रमज को पूर्वाङ्ग कहने से उसके आगे के वर्ण का उत्तराङ्ग होना सिद्ध होता है। यह दूसरी प्रतिपत्ति है। अन्य लोगों का कथन है कि द्विरुक्त या दो बार उच्चरित होनेवाले की यम संज्ञा नहीं है।

> "अन्तिम से भिन्न वर्ण यदि पूर्व में हों और आगे यदि अन्तिम वर्ण हों तो उनके मध्य में यम उच्चारण रहता है जो कि पूर्व वर्णों का सवर्ण होता है।"

ऐसा कहते हुए नारद ने दो बार उच्चारित होने वाले दो वर्णों के अतिरिक्त यम का स्वरूप स्वीकार किया है।

३६. कस्तर्हि यम इति चेद् विवृतिविशेष इति गृहाण। यथा हि रेफाद्धकारो नियमेन स्वरभक्तिपूर्वो व्याह्रियते। एवमेवैते पञ्चमा अपि स्वरभक्तिपूर्वा एवोच्चार्यन्ते। स्वरभक्तिरेव च विवृतिरित्युच्यते। यद्यासामकारेकारोकारात्मना स्वरभक्तीनां स्फुटमुच्चारणं न स्यात्, देव—इह, हरी—इह, मनू—इहेत्येतेषु सतामपि तेषां स्वरूपेण स्फुटमनुपलब्धिधरित्यतस्तेषु विवृतिशब्दव्यवहारः तथा चेहापि शक्नोतीत्यादौ ककारनकारयोर्मध्ये कण्ठ्या विवृतिरनुभूयते। यत्र चैवं व्यञ्जनयोर्मध्ये विवृत्यात्मना स्वरभक्तिः प्रवर्तते तत्रावसानवत् पूर्वस्पर्शो द्विरुच्यते। एकः स्थानकरणसंयोगजः द्वितीयस्तयोर्विभागजः। मत्तइति यथा। दृश्यते हि कर्हीत्यादौ रेफस्य द्विरुक्त्याप्युच्चारणम्। एवं शक्नोतीत्यादावपि कस्य द्विरुक्तिरर्थसिद्धा भवति। तदुत्तरतश्चेयं विवृतिः कण्ठस्थानीया स्वीयं स्थानमपरित्यजन्त्यपि पूर्ववर्णानुरागात्तदीयान्येवेषच्छ्वासमहाश्वासेषन्नादमहानादा—ख्यान्यनुप्रदानानि गृहीत्वा तद्वर्णाभासतामागता समुच्चार्यते स यमः। यथा स्वरयोरन्त-

रतः स्वरभक्तौ विवृतिशब्दः । एवं व्यञ्जनयोरन्तरतः स्वरभक्तौ यमशब्दः । स च यमः पूर्ववर्णसमानानुप्रदानः कण्ठस्थानीयस्पर्शाभास एव, न त्वन्यस्थानीयः । तथा च स्वप्नः पत्नीत्यादौ नकारात्प्राक् ककारश्रवणम् राज्ञो यज्ञ इत्यादौ ञकारात् प्राग् गकारश्रवणम् । एवमन्यत्रापि सर्वत्र कखगघाभासश्रवणं भवति । तेषां च क्रमेण 'कुं खुं गुं घुं' इति चतस्रः संज्ञा क्रियन्ते । शुद्धजिद्वर्णानां पूर्वत्वे कसदृशध्वनेः कुं संज्ञा । सोष्मजितां पूर्वत्वे खसदृशध्वनेः खुं संज्ञा । शुद्धधीनां पूर्वत्वे गसदृशध्वनेर्गुं संज्ञा । सोष्मधीनां पूर्वत्वे घसदृशध्वनेर्घुं संज्ञा । एते चत्वारोऽप्यनुनासिका अभ्युपगम्यन्ते औचित्यात् । न त्वनुनासिकत्वं स्पष्टमनुभूयते । अस्मिन् पक्षे न विंशतिर्यमाः किं तु चत्वार एवेति संसिद्धम् । इति तृतीया प्रतिपत्तिः ।

३६. तब यह यम है क्या, तो इसके उत्तर में विवृत्ति नाम विशेष प्रयत्न को ही यम समझिए । जैसे—रेफ से हकार नियम से स्वरभक्ति पूर्वक ही उच्चरित होता है, उसी प्रकार ये पञ्चम वर्ण भी स्वरभक्तिपूर्वक उच्चरित होते हैं । स्वरभक्ति ही विवृति है । यदि इन स्वरभक्तियों का अकार, इकार उकार के रूप में स्पष्ट उच्चारण न हो, जैसे, देव-इह, हरी-इह, मनूइह, इन स्थलों पर स्वरभक्ति के रहने पर भी स्वरूप से उसकी स्पष्ट उपलब्धि नहीं होती अतः यहाँ उसका विवृति शब्द से व्यवहार होता है । इसी प्रकार 'शक्नोति' आदि शब्दों में ककार और नकार के मध्य में कण्ठ देश में उत्पन्न एक प्रकार की विवृति का अनुभव होता है । जहाँ इस प्रकार दो व्यञ्जनों के बीच में विवृति के रूप में स्वरभक्ति की प्रवृत्ति होती है वहाँ विराम या अवसान से युक्त पूर्व स्पर्श वर्ण दो बार उच्चरित होता है । एक स्थान और करण के संयोग से उत्पन्न होता है दूसरा उनके विभाग से समुत्पन्न है, इसका उदाहरण है 'मत्त' शब्द । 'कर्हि' इत्यादि शब्दों में रेफ का द्विरुक्ति से भी उच्चारण देखा जाता है । इसी प्रकार शक्नोति आदि में भी ककार की दो बार उक्ति सिद्ध हो जाती है । उसके अनन्तर यह निवृत्ति कण्टस्थानीय होती हुई अपने स्थान को छोड़ती हुई भी पूर्ववर्ण के अनुराग के कारण उसी के ईषत्श्वास, महाश्वास, ईषद्नाद, महानाद नाम के अनुप्रदानों का ग्रहण करके उस वर्ण की आभासता को प्राप्त करती हुई उच्चरित होती है, वही यम कहलाता है । जैसे दो स्वरों के अन्तराल में स्वरभक्ति के आने पर विवृति शब्द का प्रयोग होता है इसी प्रकार दो व्यञ्जनों के मध्य में स्वरभक्ति होने पर यम शब्द का प्रयोग होता है । वह यम पूर्ववर्ण के समान ही उच्चरित होता है वह कण्ठस्थानीय स्पर्शाभास ही है, वह अन्य स्थान वाला नहीं होता । इस प्रकार "स्वप्नः" "पत्नी" इत्यादि शब्दों में नकार से पहले ककार का श्रवण "राज्ञः, यज्ञः" इत्यादि में ञकार से पहले मकार का श्रवण होता है । इसी प्रकार अन्यत्र भी सर्वत्र क ख ग घ वर्णों के आभासों का श्रवण होता है । उनके क्रम से कुं खुं गुं घुं ये संज्ञाएँ की जाती हैं । शुद्धजित् वर्णों के पूर्व में रहने पर क के सदृश ध्वनि की कुं संज्ञा है । सोष्मजित् वर्णों के पूर्व में रहने पर ख के सदृश ध्वनि की खुं संज्ञा शुद्धधी वर्णों के पूर्व में आने पर ग के सदृश ध्वनि की गुं संज्ञा है । सोष्मप्रधी वर्णों के पूर्व में होने पर घ के सदृश वर्णों की घुं संज्ञा

है। औचित्य के कारण ये चारों अनुनासिक माने जाते हैं। इनका अनुनासिकत्व स्पष्टतया अनुभव में नहीं आता। इस पक्ष में बीस यम न होकर चार ही यम हैं यह सिद्ध होता है। यह तीसरा पक्ष है।

३७. अथान्ये वदन्ति। संयोगादिस्पर्शे पराङ्गत्वात्परगृहीते कदाचित्पूर्वाक्षरान्तनियताया विवृतेर्विपर्य्यस्य संयोगादिव्यञ्जनोत्तरं प्रक्षेपात्पूर्वाक्षराङ्गत्वमापद्यते। सऽक्रतुरिति वाच्ये सक्ऽरतुरित्येवमुच्चारणात्। तत्रेयं विवृतिः पूर्वस्पर्शानुरञ्जनात् पूर्वस्पर्शस्थाने एव किञ्चित्स्पर्शवतीवोच्चार्यते। कण्ठात्मकं तु विवृतिस्थानपारवश्यात् प्रायः परिहीयते। ततश्च सऽक्रतुरित्येवमुच्चारयितव्ये प्रयत्नदोषात् 'सक्ऽक्रतुः' इत्येवोच्चार्यते। किन्त्वनुनासिकपरत्वे बलवतानुनासिक्यगुणेनोत्तरेण प्रतिबाधान्न तस्यः विवृतेः पूर्वस्पर्शस्थाने स्पर्शत्वापत्तिः। किन्तु विवृतिरूपेणैवोच्चारणं कर्तव्यमित्यनुज्ञायते। तस्याश्च विवृतेरनुनासिकत्वम्।

३७. अन्य विचारक कहते हैं कि संयोगादि का स्पर्श होने पर उसके पर का अङ्ग होने से पर के द्वारा गृहीत होने पर कभी-कभी पूर्वाक्षर के अन्त में नियत विवृति का विपर्यास होकर संयोगादि व्यञ्जन के उपरान्त उसका प्रक्षेप होने से वह पूर्वाक्षर का अङ्ग बन जाती है। 'सऽक्रतुः' ऐसा कहने के लिए 'सक्ऽरतु' ऐसा उच्चारण होता है। वहाँ यह विवृति पूर्व के स्पर्श वर्ण से अनुरञ्जित होने से पूर्व के स्पर्श वर्ण के स्थान में ही कुछ स्पर्श प्रयत्नवाली सी उच्चरित होती है। विवृति स्थान के परवशता के कारण वर्ण की कण्ठस्थानीयता जाती रहती है इसलिए 'सऽक्रतुः' ऐसा उच्चारण करने के लिए प्रयत्न दोष के कारण "सक्ऽरतुः" ऐसा उच्चारण होता है। किन्तु अनुनासिक के आगे स्थित होने पर उसके आगे के आनुनासिक्य गुण के बलवान् होने के कारण उससे प्रतिबाध हो जाने से वह विवृति पूर्व स्पर्श वर्ण के स्थान के कारण स्पर्श नहीं होती, अपितु विवृति रूप से ही उसका उच्चारण होना चाहिये। वह विवृति अनुनासिक होती है।

३८. यथा हि पूर्वम्, 'अ इ उ ऋ लृ ए' इत्येतेषां षण्णामत्यल्पमात्राकत्वेन क्वचिदाभासमानानां स्वरभक्तित्वमाख्यातम्। यथा वा विंशतिस्पर्शानामत्यल्पमात्राकत्वेन क्वचिदाभासमानानां यमसंज्ञानां स्पर्शभक्तित्वमाख्यातम्। एवमेवैतेषां त्रयाणां ङनमानामत्यल्पमात्राकत्वेन क्वचिदाभासमानानां नासिक्यभक्तित्वं व्यवसेयम्। स्वरभक्तीनां स्पर्शभक्तीनामिव चैतासां नासिक्यभक्तीनामपि वर्णविशेषसाहाय्यमन्तरेणोच्चारयितुमशक्यतया भक्त्यक्षरत्वाविशेषात्। तत्र यथैतस्य तवर्गपञ्चमानुरूपध्वनेरनुस्वारसंज्ञा क्रियते, एवं पवर्गपञ्चमानुरूपध्वनेर्मकारसंज्ञा। कवर्गपञ्चमानुरूपध्वनेस्तु गुंकारसंज्ञा विधीयते। तस्य च गुंकारस्य ह्रस्वात्परत्वे गुरुत्वाद् गघटितङकारवत्प्रत्याभासः-वङ्गशः, हृङ्गसः, सिङ्गहः इति। दीर्घात्परत्वे तु लघुत्वाद्विशुद्धङकारवत्प्रत्याभासः—ताङ् शमीम्,

ताङ् सतीम्, ताङ् हस्ते-इति । यत्तु पाठमात्रपरायणा अनर्थज्ञाः शुष्कवैदिका गुंशब्दमेवेदानीमुच्चारयन्ति । तेषां वग्गुं सः, हग्गुं सः, सिग्गुं हः, ताग्गुं शमीम्, ताग्गुं सतीम्, ताग्गुं हस्ते—इत्येवमादयः पाठाः शिक्षानभिज्ञकर्मठसम्प्रदाये अन्धपरम्पराप्रवृत्ता नितान्तमसदर्था द्रष्टव्याः । अनुस्वारविसर्गजिह्वामूलीयोपध्मानीयवदस्यापि गुंकारशब्दस्य स्वरूपपरत्वमपवर्ज्यार्थविशेषपरत्वावधारणात् । अन्यथा यमविधावपि यत्राग्निरित्यादौ गुंकारो विधीयते तत्रापि तेषाम् 'अग्गुं नि' रित्येवमुच्चारणं प्रसज्ज्येत, । तस्मान्नासिक्यभक्तिविशेषाणामेवेत्थमनुस्वार—मकार—गुंकारशब्दभेदात् त्रेधा प्रतिपत्तिरिति सिद्धम् । एतेषु च त्रिषु नासिक्योच्चारणभेदेष्वेकैकमुपचरन्ति याज्ञिकाः, स्वस्वाम्नायेषु उच्चारणविशेषाणां तत्तदाचार्यसम्प्रदायभुक्तत्वात् । लौकिकास्तु पुनः संस्कृते प्राकृते चाविशेषेण जिह्वामूलीयत्वेन दन्तमूलीयत्वेनौष्ठमूलीयत्वेन विकल्प्य सर्वथा व्याहारयन्तीति दिक् । इत्युक्तोऽनुस्वारः ।। ४ ।।

अनुस्वार

३८. जैसे पहले अ इ उ ऋ लृ ए इन छः वर्णों के अत्यल्प मात्रा में कहीं-कहीं आभासित होने पर इन्हें स्वरभक्ति कहा गया, इसी प्रकार जैसे बीस स्पर्श वर्णों के अति अल्प मात्रा में कहीं आभासित होने पर यम संज्ञक स्पर्शभक्ति बतलाया गया, इसी प्रकार 'ङ न म' इन तीन वर्णों के अत्यल्प मात्रा में कहीं आभासित होने पर ये नासिक्य भक्तिरूप समझे जाते हैं । जैसे - स्वरभक्ति तथा स्पर्शभक्ति वर्ग विशेष की सहायता के बिना उच्चरित नहीं होते वैसे ही ये नासिक्य भक्ति वर्ण भी उच्चारण में सहायता के लिए वर्ण विशेष की अपेक्षा रखते हैं । यही इनका भाक्ति या भागरूप होना है । वहाँ तवर्ग के पञ्चम अक्षर नकार की जैसे अनुस्वार संज्ञा होती है वैसे ही पवर्ग के पञ्चम अक्षर की सी ध्वनि वाले की मकार संज्ञा है । कवर्ग पञ्चम अक्षर ङ की सी ध्वनि वाले वर्ण की संज्ञा "गुंकार" है । वह गुंकार जब ह्रस्व से परे होता है तब गुरु होता है और उच्चारण में वह ग से युक्तङकार के समान आभासित होता है । "वङ्गशः, हङ्गशः, सिङ्गहः" ये उदाहरण हैं । जब वह दीर्घ से पर होता है तो लघु होता है तब उसका आभास विशुद्ध ङकार के समान होता है जैसे—ताङ्-शमीम्, ताङ्-सतीम्, ताङ्-हस्ते आदि । कुछ पाठमात्र में निरत अर्थ न जानने वाले शुष्क वैदिक गुं शब्द ही आजकल बोला करते हैं, जैसे—वग्गुं-सः हग्गुं-सः सिग्गुं-हः ताग्गुं शमीम्, ताग्गुं हस्ते इत्यादि उनके उच्चारण होते हैं, ये पाठ शिक्षाशास्त्र से अनभिज्ञ कर्मकाण्डियों के सम्प्रदाय में अन्ध परम्परा से प्रवृत्त हैं, ये नितान्त असदर्थक समझे जाने योग्य हैं, क्योंकि अनुस्वार, विसर्ग, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय के समान यहाँ गुंकार भी स्वरूप मात्र न होकर अर्थ विशेष का द्योतक माना गया है । अन्यथा यम वर्ण के उच्चारणविधि में भी अग्नि आदि के उच्चारण में जहाँ गुंकार का विधान है वहाँ भी "अग्गुं-नि" ऐसा उच्चारण प्रसक्त होगा । इसलिए सिद्ध यह हुआ कि जिन विशेष वर्णों की नासिक्य भक्ति है वे ही अनुस्वार,

मकार, गुंकार शब्दों के भेद से तीन प्रकार से स्वीकृत होते हैं। नासिक्य उच्चारण के इन तीन भेदों में अपने-अपने आम्नाय उच्चारण की विशेषता के कारण याज्ञिकगण अपने-अपने आचार्य सम्प्रदाय के प्रचलन के अनुसार एक-एक का ग्रहण करते हैं। लौकिक व्यवहार में तो संस्कृत प्राकृत में समानतया जिह्वामूलीय रूप से, दन्तमूलीय रूप से ओष्ठ-मूलीय रूप से विकल्पित करके व्यवहार होता है। यह दिशानिर्देश मात्र है।

यह अनुस्वार विवरण हुआ ॥ 4 ॥

अथ रङ्ग (५)

३८. यथा कांस्यपात्रे अङ्गुल्यादिनाऽऽहन्यमाने चिरकालं गुञ्जितमिव भवति। एवं यत्र वर्णोच्चारणे दीर्घस्वरादुत्तरं प्रसज्यते तत्र स रङ्ग इत्युच्यते। स च ङकारानुगामी नकारयोनिको ध्वनिविशेषः। स द्विविधः, स्वरपरो व्यञ्जनपरश्च। तत्र स्वरपरो यथा '**स देवा ँ॒ एह वक्षति**'—इत्यत्र। देवानेह इति प्राप्ते नकारस्थो रङ्ग उत्पन्नः। स च रङ्गो व्यञ्जनविशेषस्तस्मादाकारादुत्तरतो नकारस्थाने व्याहर्तव्यः। उक्तं च माण्डूक्येन—

"रक्तवर्णं यदा पश्येद् विवृत्या सह संस्थितम्।
व्यञ्जनान्तं विजानीयाद् गोमा ँ॒ इति निदर्शनम्" ॥ १ ॥ इति

३९. जैसे किसी कांस्यपात्र पर अङ्गुलि आदि से आघात पहुँचाने पर चिरकाल तक गूँज सी होती है उसी प्रकार जहाँ वर्ण के उच्चारण करने पर दीर्घ स्वर के उपरान्त गूँज सी प्रतीत होती है वह रङ्ग कहलाता है। वह ध्वनि विशेष ङकार का अनुगामी एवं नकार से उत्पन्न होने वाला होता है। वह स्वर के आगे होने पर तथा व्यञ्जन के आगे होने पर उत्पन्न होने के कारण दो प्रकार का है। स्वर के आगे होने का उदाहरण है—स देवा ँ॒ एह वक्षति। यहाँ 'देवानेह' ऐसा उच्चारण प्राप्त है या उस स्थिति में रङ्ग की उत्पत्ति हुई। वह रङ्ग विशेष प्रकार का व्यञ्जन है, इसलिए आकार के आगे नकार के स्थान में वह उच्चारणीय या व्यवहरणीय होता है। माण्डूक्य ने कहा है कि—

"विवृति के साथ रक्त वर्ण को जब देखें तब उसे व्यञ्जनान्त समझना चाहिए गोमा ँ॒ यह उसका उदाहरण है।"

४०. अत एव तत्र नायमाकारोऽनुनासिकः किन्तु शुद्धे आकारे उच्चारिते पश्चान्नासिकया रङ्गावतारः। अत्रोच्चारणकौशल्येनाकारनासिक्ययोः पार्थक्येनाभिनयो रङ्गोत्पत्तौ निमित्तं द्रष्टव्यम्। अन्यथा पूर्वाक्षरग्रासापत्तिः। सा च निषिद्धा।

'रङ्गे चैव समुत्पन्ने नो ग्रसेत्पूर्वमक्षरम् ।
स्वरं दीर्घं प्रयुञ्जीत पश्चान्नासिक्यमाचरेत् ।। १ ।।
यथा सौराष्ट्रिका नारी अरा ँ इत्यभिभाषते ।
एवं रङ्गः प्रयोक्तव्यो ङकारपरिवर्जितः ।। २ ।।
द्विमात्रिको मात्रिको वा नासामूलं समाश्रितः ।
अन्ते प्रयुज्यते रङ्गः पञ्चमैः सानुनासिकः ।। ३ ।।[1]
अनन्तरमकारस्य यो रङ्गस्तत्र जायते ।
सर्वानुनासिकं विद्यादेषां मध्योपधानिका ।। ४ ।।
यरलवाः शषसहाः रज्यन्ते चोपधानिकाः ।
वर्गान्ते रङ्गते यस्तु सर्वः सर्वानुनासिकः ।। ५ ।।
नासादुत्पद्यते रङ्गः कांस्येन समनिःस्वनः ।
मृदुश्चैव द्विमात्रः स्याद् वृष्टिमा ँ इव दर्शनम्[1] ।। ६ ।।

अयञ्च रङ्गः प्रदेशविशेषात्पञ्चधा समाख्यायते । तथा हि—

पञ्च रङ्गाः प्रवर्तन्ते घातनिर्घातवज्रिणः ।
अहीनश्च प्रहीणश्च आ ई ऊ ऋ निदर्शनम् ।। १ ।।

देवा ँ आसादयेति घातः । देवा ँ इदेशीति निर्घातः । देवा ँ उपागा इति वज्री । देवा ँ ऋतुभिरिति अहीनः । अमित्रा ँ ओषतादिति प्रहीणः । अथ यत्र व्यञ्जनपरो रङ्गस्तत्रायं पूर्वाकारस्योत्तरोऽर्धभागोऽणुमात्रया रज्यते । तदुक्तं नारदेन—

नकारान्ते पदे पूर्वं स्वरे च परतः स्थिते ।
आकारं रक्तमित्याहुर्नकारेण तु रज्यते ।। १ ।।
नकारान्ते पदे पूर्वे व्यञ्जने परतः स्थिते ।
अर्धमात्रा तु पूर्वस्य रज्यते त्वणुमात्रया ।। २ ।। इति

४०. इसलिए यह आकार अनुनासिक नहीं है, किन्तु शुद्ध आकार के उच्चरित होने पर नासिका से रङ्गावतार होता है । यहाँ उच्चारण की कुशलता से आकार और नासिक्य का पृथक् रूप से अभिनय रङ्ग की उत्पत्ति का कारण होता है । ऐसा न होने पर पूर्व के अक्षर से ग्रसित होने की आपत्ति होगी तथा ऐसा करना निषिद्ध है ।

"रङ्ग के उत्पन्न होने पर पूर्व अक्षर को ग्रसित नहीं करना चाहिए, स्वर का

1 वाजसनेयि प्रातिशाख्य ४।१७

दीर्घ प्रयोग करना चाहिए उसके अनन्तर नासिक्य का आचरण करना चाहिए। जैसे सौराष्ट्र की नारी अरा ँ यह शब्द बोलती है, रङ्ग का उच्चारण इसी प्रकार करना चाहिए जिसमें ङकार का उच्चारण न हो।

नासिका के मूल का आश्रय लेने वाले दो मात्रा या एक मात्रा से युक्त पञ्चम वर्ग के प्रयोग से सानुनासिक रङ्ग का प्रयोग अन्त में किया जाता है।

"अकार के अनन्तर जो रङ्ग उत्पन्न होता है उसे सर्वानुनासिक समझना चाहिए, उसके मध्य में उपधानिका होती है।"

य र ल व, श ष स ह, ये उपधानिक हैं, ये सज्जित होते हैं, वर्ग के अन्त में सबके द्वारा रक्त होकर यह सर्वानुनासिक होता है।

रङ्ग नासिका से उत्पन्न होता है उसका स्वर काँस्य के समान होता है यह मृदु और द्विमात्रिक होता है—इसका उदाहरण है "वृष्टिमाँ"

यह रङ्ग विशेष प्रदेशों में उत्पन्न होने पर पाँच प्रकार का कहा जाता है। "घात, निर्घात, वज्री, अहीन और प्रहीण, आ ई ऊ ॠ इनके निदर्शन हैं।"

"देवा ँ आसादय यहाँ घात नाम का रङ्ग है, "देवा ँ इदेशी" यहाँ निर्घात है, देवा ँ उपागाः "यह वज्री है," देवा ँ ऋतुभिः" यह अहीन है, "अमित्रा ँ ओष तात्" यह प्रहीण है। जहाँ रङ्ग के आगे व्यञ्जन होता है वहाँ पूर्व के आकार का उत्तरार्ध का भाग अणुमात्र से रञ्जित होता है। नारद ने कहा है—

"पूर्व में जब नकारान्त पद हो तथा आगे स्वर हो तब आकार रञ्जित होता है, वह नकार से रञ्जित होता है। यदि पूर्व में नकारान्त पद हो और आगे व्यञ्जन स्थित हों तब पूर्व की आधी मात्रा अणुमात्र रञ्जित होती है।"

४१. 'महानागतो महान् देव' इत्युभयत्रायं हकारोत्तराकारे रङ्गोऽनुभूयते किन्तु स्वरपरत्वे रङ्गस्याधिकमात्रत्वात् संपूर्ण एवाकारो रक्तो भवति। यथा जपापुष्पसन्निधानादरक्तोऽपि स्फटिको रक्तः प्रतीयते न तु वस्तुतो रक्त एव भवति पुष्पतिरोधाने शुद्धरूपाविर्भावदर्शनात्। एवमेव नकारसन्निधानादननुनासिकोऽप्याकारोऽनुनासिकः प्रतीयते न तु वस्तुतोऽनुनासिक एव भवति। नकारतिरोधाने शुद्धरूपाविर्भावदर्शनात्। अथ व्यञ्जनपरत्वे तु रङ्गस्याल्पमात्रत्वादन्त्यभाग एवाकारस्य विशुद्धोपक्रमस्य कथञ्चिदनुनासिक इव लक्ष्यते न चाकारद्वैविध्यम्। एक एवाकारो भागशो निरनुनासिकश्चानुनासिकश्च यथा हि—क्षीरोदके सम्पृक्ते व्यामिश्रीभूतत्वान्न ज्ञायते कियत् क्षीरे कियदुदकं, कस्मिन्नवकाशे क्षीरं कस्मिन् वोदकमिति। एवमिहाप्यामिश्रीभूतत्वान्न ज्ञायते कियन्निर-

नुनासिकं कियदनुनासिकं, कस्मिन्नवकाशे निरनुनासिकं कस्मिन्ननुनासिकमिति। तत्राचार्यः सुहृद्भूत्वेदमन्वाचष्टे—

अर्धमात्रा तु पूर्वस्य रज्यते त्वणुमात्रया। इति।

अनुनासिकसान्निध्यादन्तिम एव भागो रक्त इत्यभिधीयते। अत्र नकारान्ते पदे पूर्व इत्युपलक्षणमेतदध्यवस्यामः। ऐकपद्ये णकारादिभिरपि क्वचिद् रङ्गावतारात्। दृश्यते हि वनधनादिशब्देषु गुणहूणसामरामादिशब्देष्वपि चानुनासिकव्यञ्जनसान्निध्यात् पूर्वस्वरस्य निरनुनासिकस्याप्यंशतोऽनुनासिकवदाभासः। तेनावश्यं तत्र स्वरो णकारेण मकारेण वा रज्यते, इति शक्यतेऽध्यवसितुम्। अयं तु रङ्गो लोकवेदोभयसाधारणः। वैदिकस्तु स्वरद्वयमध्यवर्ती ङकारवत्प्रतिपन्नः। क्वचिद्विलक्षण एव नासिक्यो नकारस्थानः स्वरव्यञ्जनोभयधर्मा वर्णविशेषः, इत्यवगन्तव्यमिति दिक्। इत्युक्तो रङ्गः॥ ५॥

४१. "महान् आगतः, महान् देवः" यहाँ दोनों स्थानों पर हकार के आगे के आकार में रङ्ग का अनुभव होता है। किन्तु स्वर आगे होने पर रङ्ग के अधिकमात्रा में होने से सम्पूर्ण आकार रञ्जित होता है। जैसे जपापुष्प (रक्तपुष्प) के समीप रखने से लाल न होते हुए भी स्फटिक लाल रङ्ग का प्रतीत होता है वह वास्तव में लाल नहीं हो जाता, क्योंकि जपापुष्प के हटा लेने पर उसके शुद्ध रूप का आविर्भाव होता है, इसी प्रकार नकार के सन्निधान से अनुनासिक आकार भी अनुनासिक प्रतीत होता है, वह वास्तव में अनुनासिक नहीं होता। नकार के तिरोहित होने पर उसके शुद्ध रूप का आविर्भाव दिखाई देता है। जब आगे व्यञ्जन वर्ण होता है तो रङ्ग की अल्पमात्रा के कारण विशुद्ध आकार का अन्तिम भाग ही किसी प्रकार अनुनासिक के समान सुनाई देता है, वहाँ आकार दो प्रकार का नहीं होता। एक ही आकार-वर्ण विभक्त होकर अनुनासिक और निरनुनासिक सुनाई देता है। जैसे दूध और जल के मिलने पर एक हो जाने से यह ज्ञात नहीं होता कि कितना दूध है और कितना पानी है, किस अंश में दूध है किस अंश में पानी है। इसी प्रकार यहाँ भी मिश्रित हो जाने के कारण यह ज्ञात नहीं हो पाता कि कितना आकार निरनुनासिक है और कितना सानुनासिक है, कितने अंश में निरनुनासिक है और कितने अंश में अनुनासिक है उस स्थिति में आचार्य मित्रभाव में आकर कहते हैं—

"पूर्व की आधी मात्रा अणुमात्र अनुरक्त होती है"—

अनुनासिक के सन्निधान से अन्तिम भाग ही अनुरक्त हुआ है, ऐसा कहा जाता है। यहाँ नकारान्त पद में पूर्व शब्द को उपलक्षण समझा जाता है। एक पद में कहीं-कहीं णकारादि होने पर भी रङ्गावतार होता है। वन, धन आदि शब्दों तथा गुण, हूण, साम, राम आदि शब्दों में अनुनासिक व्यञ्जन के सन्निधान से निरनुनासिक पूर्वस्वर का भी अंशतः अनुनासिक के समान आभास होता है। इसलिए अवश्य ही वहाँ स्वर णकार या मकार से

रञ्जित होता है ऐसा माना जा सकता है । यह रङ्ग लोक-वेद दोनों जगह समान है । वैदिक प्रयोगों में दो स्वरों के मध्य में ङकार के समान प्रतीत होता है । कहीं विलक्षण नासिका स्थानीय नकार होता है, जो स्वर और व्यञ्जन दोनों के धर्मवाला विशेष वर्ण है यह जानना चाहिए । **यह रङ्ग प्रकरण सम्पन्न हुआ ।**

अथ नादः—(६)

४२. अथ नादो व्याख्यातव्यः । द्विविधाः खलु वर्णाः भवन्ति—घोषाश्चाघोषाश्च । तत्र विंशतिर्घोषाः—गजडदबा—घझढधभा—ङञणनमा—हयरलवाश्चेति । अथ शेषास्त्रयोदशाघोषाः-कचटतपाः खछठथफाः शषसाश्चेति । घोषेषु पुनः पञ्चैते पञ्चमसंज्ञा अनुनासिका उच्यन्ते ङञणनमाश्चेति । तत्र हकारः पञ्चमास्तृतीयाश्चतुर्थाश्चैते प्रकरणविशेषे नादाः सञ्ज्ञायन्ते ।

तथा हि हकारः—

हकारो रेफसंयुक्तो नादो भवति नित्यशः ।
द्वितीयेन यदाक्रान्तो न तु नादः कदाचन ।। १ ।।

नकारमकारौ—

नमौ गुरू नादसञ्ज्ञौ लघू चैवानुनासिकौ ।
संयोगौ च विसर्गौ च नादावेतौ प्रकीर्तितौ ।। २ ।।

पञ्चमा यत्र दृश्यन्ते पञ्चमे परतः स्थिते ।
नासिक्यं तत्र कुर्वीत मात्रैकत्वे न संशयः ।। १ ।।

संयुक्ताग्रे विरामस्तु विवृतिस्तु विशेषतः ।
संयुक्ताग्रे ह्यघोषस्तु नासिक्यं तु विधीयते ।। २ ।।

प्रत्यये तु स्थिता ये च अघोषाः पञ्चमाः स्वराः ।
पदान्ते संयुता ह्रस्वाः पञ्चैवैतेऽनुनासिकाः ।। ३ ।।

विवृतौ चावसाने च ऋगर्धे च तथा परे ।
पदे च पादसंस्थाने नासिक्यं तु विधीयते ।। ४ ।।

नकारस्य मकारस्य अनुस्वारो यदा भवेत् ।
तदानुनासिके विद्यादुभयोर्ह्रस्वदीर्घयोः ।। ५ ।।

नकारस्य मकारस्य अन्तःस्थाश्च समीपगाः ।
नासिक्यो नावगन्तव्यस्तत्र नादः प्रकीर्तितः ।। ६ ।।

नकारात्परतो यत्र मकारात्परतस्तथा ।
हकारो यत्र दृश्येत तत्र नादो भवेद्ध्रुवम् ।। ७ ।।

पूर्वतः परतो वापि हकारो यत्र दृश्यते ।
तत्र नादो भवत्येव न विकल्पः कदाचन ॥ ८ ॥

नमौ गुरू प्रदृश्येते अघोषाः परतः स्थिताः ।
नादं कुर्वीत यत्नेन तत्र घोषबलं न हि ॥ ९ ॥

तवर्गान्ते पवर्गान्ते व्यञ्जनान्ते पदे परे ।
तत्र नादं प्रकुर्वीत नान्तिमं क्षिप्रकीर्तितम् ॥ १० ॥

एकाक्षरं नकारस्य चोभयोः स्वरयोर्द्वयोः ।
अर्धचन्द्रं तदुपरि अघोषाः पुरतः स्थिताः ॥ ११ ॥

पञ्चमं चार्धचन्द्रं च ऊष्मान्तस्वरयोर्द्वयोः ।
नासिकं तु भवत्येव नँ॒॒ः पाहीति निदर्शनम् ॥ १२ ॥

नादसञ्ज्ञा भवन्तीमे ङञणनमाश्चानुनासिकाः ।
भवन्ति प्रत्यये येषामन्तःस्थासंयुताः स्वराः ॥ १३ ॥

हकारं चैव वर्गाणां तृतीयं च चतुर्थकम् ।
अथ दीर्घाः विसर्गान्ता अष्टौ ते नादसञ्ज्ञकाः ॥ १४ ॥

आद्यन्तयोर्मकारौ द्वौ हकारो यत्र मध्यतः ।
तत्र नादं प्रकुर्वीत 'अग्ने व्रतपते' निदर्शनम् ॥ १५ ॥

'अग्ने व्रतपते'—इति यजुर्वेदीयमन्त्रप्रतीकेन तच्छेषमन्त्रो लक्ष्यते ।, स यथा—"इदमहममृतात्सत्यमुपैमि ।"—इति ॥ (यजुः सं. माध्यं. मं. ५) ।

मकारान्ते पदे पूर्वे अकारे परतः स्थिते ।
तत्र नादं प्रकुर्वीत मक्षिकेति निदर्शनम् ।
ङकारान्ते पदे पूर्वे ऋवर्णे परतः स्थिते ।
नासिकं तु विजानीयात्तमुत्वेति निदर्शनम् ।

तमुत्वा दध्यङ् ऋषिः, अ. अ. व. ४ । ५ । २३ ।

इत्थं हि नादमप्यतिरिक्तत्वेन केचन शिक्षयन्ति तदनुरोधेन तदुक्तविशेषदिदर्शयिषयाऽयमप्रतिज्ञातोऽपि नाद इह साधर्म्यादुपन्यस्तः, इति नादविचारः ॥ ७ ॥

नाद

४२. अब नाद का विचार करने योग्य है । वर्ण दो प्रकार के होते हैं—घोष तथा अघोष । बीस वर्ण घोष हैं । वे हैं, ग, ज, ड, द, ब, घ, झ, ढ, ध, भ, ङ, ञ, ण, न, म, ह य व र ल व शेष तेरह अघोष वर्ण हैं—क च ट त प, ख छ ठ थ फ, श ष स । घोष वर्णों में वर्ग के जो पञ्चम अक्षर ङ ञ ण न म हैं, ये अनुनासिक कहे जाते हैं । इनमें हकार वर्ण

पञ्चमाक्षर तथा वर्ग के तृतीय चतुर्थ अक्षर नाद कहलाते हैं । हकार के लिए कहा गया है—

"हकार जब रेफ से संयुक्त होता है तब सर्वदा नाद कहलाता है, रेफ से भिन्नवर्ण से संयुक्त होने पर वह नाद नहीं होता ।" ।। १ ।।

नकार तथा मकार के विषय में कहा गया है ।

"नकार और मकार जब गुरु होते हैं तब नाद कहलाते हैं, जब लघु होते हैं तब अनुनासिक कहे जाते हैं । संयोग और विसर्ग होने पर नाद कहलाते हैं ।" ।। २ ।।

"पञ्चम वर्ण के आगे जब पञ्चम वर्ण आते हैं तब एक मात्रा होने पर नासिका स्थान से उच्चारण उचित होता हैं ।" ।। १ ।।

"संयुक्त के आगे विराम होता है वहाँ विशेषतया विवृति होती है, संयुक्त के आगे जब अघोष वर्ण होता है तब नासिका स्थानीय होता है ।" ।। २ ।।

"प्रत्यय में जो अघोष, पञ्चमाक्षर तथा स्वर होते हैं, अथ च पदान्त में संयुक्त जो ह्रस्व हैं ये पाँचों अनुनासिक होते हैं ।" ।। ३ ।।

"विवृति, अवसान, ऋचा के अर्ध भाग, तथा पर भाग पद तथा पाद संस्थान में नासिका स्वर का विधान है । ।। ४ ।।

जब नकार अथवा मकार अनुस्वार रूप में हो जाते हैं तब ह्रस्व एवं दीर्घ वर्ण को अनुनासिक समझना चाहिए । ।। ५ ।।

"नकार तथा मकार के समीप जब अन्तःस्थ वर्ण होते हैं तब नासिक्य न होकर नाद प्रवृत्त होता है ।" ।। ६ ।।

"जहाँ नकार अथवा मकार के पर भाग में हकार होता है वहाँ निश्चित रूप से नाद होता है ।" ।। ७ ।।

"पूर्व या पर में जहाँ हकार दिखाई देता है वहाँ नाद ही होता है अन्य कोई विकल्प नहीं होता ।" ।। ८ ।।

"जहाँ नकार या मकार गुरु होते हैं और आगे अघोष वर्ण स्थित होते हैं वहाँ यत्न-पूर्वक नाद का प्रयोग करना चाहिए, वहाँ घोष का बल नहीं होता ।" ।। ९ ।।

"तवर्गान्त अथवा व्यञ्जनान्त पद के पर भाग में अवस्थित होने पर नाद का प्रयोग होता है वहाँ अन्तिम वर्ण शीघ्र उच्चरित नहीं होता । ।। १० ।।

"दो स्वरों के मध्य में जब नकार होता है, तब उस पर अर्धचन्द्र का प्रयोग होता है यदि आगे अघोष वर्ण हों तो।" ॥ ११ ॥

"और यदि पञ्चम वर्ण अर्धचन्द्र या ऊष्मान्त दो स्वरों के मध्य हों तो वहाँ नासिक्य उच्चारण होता है। इसका निदर्शन है "नॄँः पाहि" ॥ १२ ॥

"ङ ञ ण न म, तथा अनुनासिक नाद संज्ञक होते हैं यदि इनके समीप अन्तःस्थ स्वर संयुत हों तो। ॥ १३ ॥

"हकार, वर्गों के तृतीय चतुर्थ वर्ण, दीर्घ तथा विसर्गान्त ये आठ नादसंज्ञक हैं।" ॥ १४ ॥

आदि और अन्त में दो मकार होने पर नाद उच्चारण होना चाहिए—"अग्नेव्रतपते" इसका उदाहरण है। ॥ १५ ॥

"अग्नेव्रतपते," इस यजुर्वेदीय मन्त्र के प्रतीक से उसका शेष मन्त्र लक्षित होता है, वह इस प्रकार है—**"इदमहममृतात्सत्यमुपैमि"** ।

(यजु. सं. माध्यं. मं. ५)

पूर्व में जब मकारान्त पद हो तथा पर भाग में अकार स्थित हो तो वहाँ नाद का उच्चारण होता है, उसका निदर्शन है "मक्षिका"। ॥ १ ॥

पूर्व में जब ङकारात पद हो तथा पर भाग में ऋवर्ण की स्थिति हो तब वहाँ नासिक्य उच्चारण होता है "तमुत्वा" यह उदाहरण है। ॥ २ ॥

'तमुत्वा' यह प्रारम्भिक प्रतीक है, "तमुत्वादध्यङ् ऋषिः" (अ.अ.व. 4।5।23) यह उदाहरणीय भाग है।

इस प्रकार कुछ आचार्य नाद का भी पृथक् शिक्षण करते हैं। उनके अनुरोध से उनकी उक्ति की विशेषता को दिखाने के लिए बाद के विवरण को अधिकृत न कहकर भी साधर्म्य के कारण यहाँ बाद का विवरण दिया गया है। **यह नाद का विचार सम्पन्न हुआ।**

अथ हुंकारः—(७)

४३. अथ हुंकार वक्तव्यः। स च वर्णविशेषः, हुँ इत्येवमाकारः ऋक्शाखायां प्रसिद्धः। यथा गानार्थमुपक्रममाणः श्रुतिसिद्धयर्थमादौ हुमित्येतत्समानध्वनि, किञ्चिदुच्चारयति। तस्य हकारोकारानुस्वारसमष्टयतिरिक्तस्य ध्वनेर्हुमित्येषा संज्ञा क्रियते। 'गुरुं तुं कृत्य हुं कृत्येत्येवमादिष्वप्ययमेवार्थः,। इति हुंकार उक्तः ॥ ७ ॥

हुंकार

४३. अब हुंकार का विवेचन करना है। वह वर्ण विशेष है, वह हुंकार इस आकार से ऋग्वेद की शाखा में प्रसिद्ध है। गायन का उपक्रम करने वाला श्रुति की सिद्धि के लिए प्रारम्भ में 'हुम्' इसकी सी कुछ ध्वनि का उच्चारण करता है, उस हकार, उकार, अनुस्वार की समष्टि से अतिरिक्त ध्वनि की 'हुँ' यह संज्ञा की जाती है।

"गुरु करके, 'हुं' करके आदि में यही अर्थ है।" यह हुंकार का कथन हुआ।

अथ अन्तःस्था—⁹(८)

४४. अथान्तःस्थ विवेकः। यो हि स्वरव्यञ्जनयोरन्तराले तिष्ठति सोऽन्तःस्थः। स्वराः खलु सन्त्यस्पर्शाः अ इ ऋ लृ उ—इति। व्यञ्जनानि तु पूर्णस्पर्शानि गजडदब—इति। यस्तु पुनरन्तःस्थाः, स नास्पर्शो न वा पूर्णस्पर्शः, किन्तु मन्दस्पर्शो भवतीत्यन्तःस्थः, इत्युच्यते। तेऽन्तःस्था द्वेधा—एके ईषत्स्पृष्टतराः स्वरधर्माणः पञ्च वर्णा य र ल व—इति। अपरे दुःस्पृष्टा व्यञ्जनधर्माणो ह् य् ड़् ळ् व्—इति। तत्रेषत्स्पृष्टानामाद्योऽयं कण्ठ्यः 'ऽ' इत्येवं निर्दिष्टो विवृत्तिरित्युच्यते। स चार्धाकारात्मा। तत्रेदमाह याज्ञवल्क्यः—

आकाशस्था यथा विद्युत्स्फुटिता मणिसूत्रवत्।
एष—च्छेदो विवृत्तीनां यथा बालेषु कर्तरी॥ १॥

द्वयोस्तु स्वरयोर्मध्ये सन्धिर्यत्र न दृश्यते।
विवृत्तिस्तत्र विज्ञेया यईशेति निदर्शनम्॥ २॥

पिपीलिका पाकवती तथा वत्मानुसारिणी।
वत्सानुसृजिता चेति चतस्रस्ता विवृत्तयः॥ ३॥

पिपीलिकाऽऽद्यन्तदीर्घा नाभ्या आसीन्निदर्शनम्।
पाकवत्युभयोर्ह्रस्वा विन इन्द्र निदर्शनम्।
तृतीया चादितो—दीर्घा ता अस्येति निदर्शनम्।
अन्ते—दीर्घा चतुर्थी स्यात्ता न आवोढमश्विना[1] ॥ ५॥ इति।

अन्तःस्थ

४४. अब अन्तःस्थ वर्णों का विचार किया जाता है। जो स्वर और व्यञ्जन के अन्तराल में स्थिति रखता है, वह अन्तःस्थ है। स्वर अस्पर्श होते हैं—अ इ ऋ लृ उ।

---

1 याज्ञवल्क्य शिक्षा-वर्णप्रकरण, सन्ध्यधिकार, श्लोक ८-१२

व्यञ्जन पूर्ण स्पर्श वाले होते हैं, जैसे ग ज ड द ब । अन्तःस्थ वर्ण न तो स्पर्श संज्ञक होते हैं और न ही पूर्ण स्पर्श वाले किन्तु वे मन्दस्पर्श वाले होते हैं इसी कारण उन्हें अन्तःस्थ कहा गया है । वे अन्तःस्थ दो प्रकार के हैं—एक है ईषत्स्पृष्टतर स्वरों के धर्मवाले वर्ण ऽ य र ल व । दूसरे दुःस्पृष्ट व्यञ्जनों के धर्मवाले ह् य् ड़ ल् व् । वहाँ ईषत्स्पृष्टों में प्रथम कण्ठ स्थानीय हैं जिसे 'ऽ' चिह्न से बतलाया गया है, वह विवृति कहलाता है । वह अर्ध अकार स्वरूपवाला है । वहाँ याज्ञवल्क्य ने यह कहा है कि—

"आकाश में जैसे विद्युत् मणिसूत्र के समान प्रकाशित होती है, विवृत्ति का भी वही आकार होता है जैसे केशों में कैंची चलती है ।।" १ ।।

"दो स्वरों के बीच में जहाँ सन्धि दिखाई नहीं देती वहाँ विवृति समझनी चाहिए, 'यईशा' यह उदाहरण है ।।" २ ।।

"विवृति चार प्रकार की हैं, उनके नाम हैं—पिपीलिका, पाकवती, वत्मानुसारिणी, तथा वत्सानुसृजिता ।।" ३ ।।

पिपीलिका नाम की विवृत्ति आदि और अन्त में दीर्घ होती है । यथा—"नाभ्या आसीत्' पाकवती दोनों स्थानों पर ह्रस्व होती है । 'यथा—'विन इन्द्र ।' तीसरी वत्मा-नुसारिणी विवृत्ति आदि में दीर्घ होती है यथा 'ता अस्य' तथा चौथी वत्सानुसृजिता अन्त में दीर्घ होती है यथा 'ता न आवोढमश्विना' ।। ४-५ ।।

४५. दुःस्पृष्टस्तु कण्ठ्य औरस्यत्वात्कण्ठविशेषस्थानजन्यो द्रष्टव्यः । तस्य च यरलवोदयत्वे मनणोदयत्वे च व्याकरणम् । अस्यौरस्यहकारस्योष्मत्वमाचक्षते । विवृत्तेस्तु अन्तःस्थत्वं वा, ऊष्मत्वं वा, स्वरभक्तित्वं वा, संवृताकारत्वं वेत्यनेकधा प्रतिपत्तिसम्भवः । कण्ठ्यातिरिक्तानां तु चतुर्णामन्तःस्थत्वमेवावधीयते तत्र तालव्यौष्ठ्ययोरन्या गतिरन्या च मूर्धन्यदन्त्ययोः । अयं तावद् दुःस्पृष्टस्तालव्यान्तःस्थोभयाभ्यामोष्ठ्यान्तःस्थस्तु बवाभ्यां संसृष्टध्वनिः । तौ चेमौ पदादौ रहसंयोगे ऋयवपरकत्वेऽनुस्वारपूर्वकत्वे च व्यञ्जनधर्माणौ । यथा—यवः, यमः, यदुः, व्यृद्धिः, पाय्यं, निकाय्यं, धाय्या, वाय्वोः स्नाय्वोः; संयमः, सूर्यः, कार्यः, आचार्यः, वाह्यं; सह्यं; विद्वान्, विश्वः, विद्या; काव्यं, हव्यं, नव्यं, विव्वोकः, संवादः, सर्वः, खर्वः, गर्वः, आह्वानं, विह्वलः, प्रह्व, इत्याद्युदाहरणानि । अथ ततोऽन्यत्र स्वरधर्माणौ भवतः । अर्धेकारसाम्येन तालव्यान्तःस्थस्य, अर्धोकारसाम्येनौष्ठ्यान्तःस्थस्य चोच्चारणात् । दया, माया, स्वयम्, द्यौः, स्वल्पः, शिवः, देवः, नवः, द्वौ, त्वं, क्व, इत्युदाहरणानि । शाकटायनस्य मते तु सर्वत्रैवानयोर्लघुप्रयत्नतर एवेति द्रष्टव्यम् । अथायं मूर्धन्यान्तःस्थो दुस्पृष्टस्तु पदादौ र-संयोगे ऋयवमपरकत्वेऽनुस्वारपूर्वकत्वे च नोच्चार्य्यते । तथात्वे पूर्णस्पर्शधर्म्मलाभाट्टवर्गतृतीयरूपेण परिणमनात् ।

डमरुः, डम्बरः, मार्डम्, षड्रत्नानि, षड्षयः, कुड्यं, पीड्यं, नड्वलः, अन-ड्वान्, कुड्मलः, मृकण्डः, काण्डं, खण्डम् इत्यादि। तदन्यत्र पुनर्व्यञ्जनधर्मा अन्तःस्थो डराभ्यां संसृष्टध्वनिः। पीडा, ताडना, नीडः, खड्गः। मकारयोगे तूभयथेति केचित्, कुड्मलः। अयमेवान्तःस्थो दुस्पृष्टः स्वरद्वयमध्यवर्ती कदाचिद्-दुस्पृष्टळकारेण परिणमते। ईषत्स्पृष्टाभ्यां रलाभ्यां वा। यथा—व्याड़ः, व्याळः, व्यालः। जड़ः, जळः, जरा, जलम्। इडा, इला, इळा, इरा। नीड़ं, नीळं, नीलं, नीरम्। ईड़े, ईळे, ईले। पुरोडाशः, पुरोळाशः—इत्यादि।

४५. दुःस्पृष्ट जो कण्टस्थानीय है वह उरस् से उद्भूत होने के कारण कण्ठ के विशेष स्थान से उत्पन्न समझा जाता है। उसकी स्पष्टता या व्याकरण य र ल व तथा म न ण के उदय होने पर होती है। इस उरस् से उत्पन्न हकार को ऊष्म कहा गया है। विवृत्ति का अनुभव तो अन्तःस्थ रूप में, ऊष्मत्व रूप में, स्वरभक्ति के रूप में, संवृत आकार के रूप में इत्यादि अनेक प्रकार से होता है। कण्टस्थानीय के अतिरिक्त जो चार य र ल व वर्ण हैं उन्हें तो अन्तःस्थ ही माना जाता है। उनमें तालव्य और ओष्ठ स्थानियों की गति अन्य है तथा मूर्धन्य और दन्त्य वर्णों की गति अन्य प्रकार की है। यह जो दुःस्पृष्ट तालव्य अन्तःस्थ वर्ण है उनकी ध्वनि ज य से मिलती हुई तथा ओष्ठ्य अन्तःस्थ की ब व से संसृष्ट ध्वनि होती है। ये दोनों यकार तथा वकार पद के आदि में र और ह के संयोग में तथा ऋ य व के पर भाग में स्थित होने पर तथा अनुस्वार पूर्व में होने पर व्यञ्जन के धर्मवाले होते हैं। जैसे—यवः, यमः, यदुः, व्यद्धिः, पार्य्यं, निकार्य्यं, धार्य्या, वार्य्यो, स्नार्य्वोः, सयमः, सूर्यः, कार्यः, आचार्यः, वाह्यं, सह्यं, विद्वान्, विश्वः, विद्या, काव्यं, हव्यं, नव्यं, विव्वोकः, संवादः, सर्वः, खर्वः, गर्वः, आह्वानं, विह्वलः, प्रह्वः, आदि उदाहरणों में देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त स्थलों पर ये स्वर के धर्मवाले होते हैं। तालव्य अन्तःस्थ (य) का उच्चारण आधे इकार के साम्य से तथा ओष्ट्य अन्तःस्थ (व) का उच्चारण आधे उकार के साम्य से होता है। दया, माया, स्वयम्, द्यौः स्वल्पः, शिवः, देवः, नवः, द्वौ, त्वं, क्व, इत्यादि इसके उदाहरण हैं। शाकटायन आचार्य के मत में तो इन दोनों यकार वकार का सर्वत्र ही लघु-तर प्रयत्न है। जो मूर्धन्यान्त दुःस्पृष्ट वर्ण (ड) है वह पद के आदि में र के संयोग में ऋ य व म के आगे होने पर तथा पूर्व में अनुस्वार होने पर उच्चरित नहीं होता क्योंकि उस दशा में पूर्ण स्पर्श का धर्म वहाँ आ जाने से वह टवर्ग के तृतीय वर्ण (डकार) के रूप में परिणत हो जाएगा। उदाहरणार्थ—डमरुः, डम्बरः, मार्डम्, षड्रत्नानि, षड्षयः, कुड्यं, पीड्यं, नड्-वलः, अनड्वान, कुड्मलः, मृकण्डः, काण्डं, खण्डं, इत्यादि इससे भिन्न स्थल पर यह व्यञ्जन धर्मा अन्तःस्थ रहता है जिसकी ध्वनि ड-र से संश्लिष्ट होती है। जैसे, पीडा, ताडना, नीड खड्ग आदि। कुछ लोगों का मानना है कि मकार के योग में यह दोनों प्रकार का होता है, जैसे-कुड्मलः। यही अन्तःस्थ दुःस्पृष्ट वर्ण दो स्वरों के बीच में आने पर कभी-कभी दुःस्पृष्ट ळकार में परिणत हो जाता है। जैसे-व्याड़ः व्याळः, व्यालः। जड़ः, जळ, जरा, जलम्। इड़ा, इला, इळा, इरा। नीडं, नीळं नीलं, नीरम्। ईड़े, इळे, इले, पुरोडाशः पुरोळाशः इत्यादि।

४६. कात्यायनश्चैषामित्थं व्यवस्थामाह प्रतिज्ञासूत्रे—"अथान्तःस्थानामाद्यस्य[1] पदादिस्थस्यान्यहलसंयुक्तस्य, संयुक्तस्यापि रेफोष्मान्त्याभ्यामृकारेण चाविशेषेणादिमध्यावसानेषूच्चारणे जकारोच्चारणम्। द्विर्भावेऽप्येवम्। अथापरान्तःस्थस्य[2] अयुक्तान्यहलः, संयुक्तस्योष्मऋकारैरेकारसहितोच्चारणम्। एवं तृतीयान्तःस्थस्य[3] क्वचिद्। ऋकारस्य तु संयुक्तासंयुक्तस्याविशेषेण सर्वत्रैवम्। अथान्त्यस्यान्तःस्थानां[4] पदादिमध्यान्तःस्थस्य त्रिविधं गुरुमध्यमलघुवृत्तिभिरुच्चारणम्" इति। याज्ञवल्क्योऽप्याह—

पादादौ च पदादौ च संयोगावग्रहेषु च।
जःशब्द इति विज्ञेयो योऽन्यः स य इति स्मृतः[5] ॥ १ ॥

उपसर्गपरो यस्तु पदादिरपि दृश्यते।
ईषत्स्पृष्टं तथा विद्युत् पदच्छेदात्परं भवेत्[6] ॥ २ ॥

यदेव लक्षणं यस्य वकारस्यापि तद्भवेत्।
यवर्णस्त्रिविधः प्रोक्तो गुरुर्लघुर्लघूत्तरः ॥ ३ ॥

वकारस्त्रिविधः प्रोक्तो गुरुर्लघुघूत्तरः।
आदौ गुरुर्लघुर्मध्ये पदान्ते तु लघूत्तरः[7] ॥ ४ ॥

तदित्थं कण्ठ्यातिरिक्तानां संवृताल्पप्राणानां व्यञ्जनवर्णानां त्रेधा प्रतिपत्तिः सिद्धा। ईषत्स्पृष्टः, दुःस्पृष्टः, सुस्पृष्टश्चेति। तत्र सुस्पृष्टास्तावज्जडदबाः स्पर्शानां वर्गेषु तृतीयतया पठिताः, ते नान्तःस्थाः। ईषत्स्पृष्टास्त्वन्तःस्था अपि वर्णसमाम्नाये मातृकापाठे स्पर्शोष्मणोर्मध्ये पठ्यन्ते य र ल व—इति। अत्र यवादिकारोकारपूर्वाविवोच्चारणीयौ। एते च नायोगवाहाः। ये पुनरन्तःस्थाः दुःस्पृष्टास्तयोः सुस्पृष्टेषत्स्पृष्टयोरन्तरालध्वनयो दृश्यन्ते य़ ड़ ळ व़—इति। त इहायोगवाहत्वेन विवक्षिता द्रष्टव्याः। अथ कण्ठ्यस्य चतुर्धा प्रतिपत्तिः। ईषत्स्पृष्टः, दुःस्पृष्टः, अर्धस्पृष्टःसुस्पृष्टश्च। इमे च यथाक्रमं विवृत्यौरस्यविसर्गगकारा भवन्ति। तत्र गकारः स्पर्शे प्राग्वत्। विसर्गौरस्यौ तूष्मणि गृह्येते।

---

1 यकारस्य।

2 रेफस्य।

3 लकारस्य।

4 वकारस्य।

5 याज्ञवल्क्य शिक्षा-वर्ण प्रकरण, सन्ध्यधिकार, श्लोक ५२

6 याज्ञवल्क्य शिक्षा-वर्ण प्रकरण, सन्ध्यधिकार, पृ. ११५ पर उद्धृत।

7 याज्ञवल्क्य शिक्षा-वर्ण प्रकरण, सन्ध्यधिकार, श्लोक ५३

विसर्गेण जिह्वामूलीयोपध्मानीयौ व्याख्यातौ । त इमे विसर्गौरस्यजिह्वामूलीयोपध्मानीयौ व्याख्यातौ, अयोगवाहा अप्यूष्मत्वे च संग्राह्याः । अवशिष्यते विवृत्तिः, सेहान्तः स्थासु गृह्यते इति बोध्यम् । इत्यन्तःस्थाः ।। ८ ।।

४६. कात्यायन ने तो अपने प्रतिज्ञासूत्र में इस प्रकार व्यवस्था बतलाई है—अन्तः वर्णों में आदि वर्ण यकार का पद के साथ आदि में होने पर अन्य हल से संयुक्त होने पर, रेफ, ऊष्मवर्ण तथा अन्तिम वर्णों से संयुक्त होने पर अथवा ऋकार से संयुक्त होने पर समानरूप से आदि, मध्य और अन्त में जकार का उच्चारण होता है । द्वित्व होने पर भी यही स्थिति होती है । दूसरा अन्तःरेफ अयुक्त होने पर हल् रूप में उच्चरित नहीं होता । र के ऊष्म तथा ऋकार वर्णों से संयुक्त होने पर उसका उच्चारण एकार सहित होता है । इसी प्रकार कहीं-कहीं तृतीय अन्तःस्थ वर्ण लकार के विषय में भी समझना चाहिए । संयुक्त या असंयुक्त अवस्था में ऋकार का उच्चारण समान होता है । सर्वत्र यही स्थिति है ।

अन्तःस्थों में अन्तिम वर्ण वकार का पद के आदि मध्य या अन्त में गुरु, मध्य, लघुवृत्तियों से त्रिविध उच्चारण होता है । याज्ञवल्क्य ने भी कहा है—

> "(य का) पाद के तथा पद के आदि में संयोग तथा अवग्रह में 'ज' उच्चारण होता है, जो अन्य स्थल हैं, वहाँ य उच्चारण होता है ।।" १ ।।
>
> "जिसके आगे उपसर्ग है और जो पद के आदि में भी देखा जाता है, वह पदच्छेद के अनन्तर ईषत्स्पृष्ट हो जाता है यथा—"विद्युत् ।।" २ ।।
>
> "जो लक्षण यकार का है वही वकार का भी है, यवर्ण गुरु, लघु-लघुतर बतलाया गया है ।।" ३ ।।
>
> "वकार भी तीन प्रकार का है, गुरु, लघु एवं लघूत्तर, आदि में होने पर वह गुरु होता है मध्य लघु और पदान्त में लघूत्तर होता है ।।" ४ ।।

इस प्रकार कण्ठस्थानीय के अतिरिक्त संवृत अल्पप्राण वाले व्यञ्जन-वर्णों की स्वीकृति तीन रूपों में होती है, ईषत्स्पृष्ट, तथा सुस्पृष्ट । इनमें सुस्पृष्ट ज ड द ब हैं जो स्पर्श वर्णों के वर्गों में तीसरे स्थान पर पठित हैं, वे अन्तःस्थ नहीं हैं । ईषत्स्पृष्ट अन्तःस्थ होने पर भी वर्ण समाम्नाय के मातृका पाठ में स्पर्श और ऊष्मा वर्णों के बीच पठित हैं—य र ल व । यहाँ य और व का उच्चारण इकार और उकार पूर्वक जैसा करना चाहिए । ये अयोगवाह नहीं है । जो अन्तःस्थ दुःस्पृष्ट हैं उनकी सुस्पृष्ट ईषत्स्पृष्ट के मध्य की ध्वनि होती है । य् ड़ ल् व् । ये ही यहाँ अयोगवाह के रूप में विवक्षित हैं । जो कण्ठस्थानीय (ह) है वह चार प्रकार से स्वीकृत है, ईषत्स्पृष्ट, दुःस्पृष्ट, अर्धस्पृष्ट, सुस्पृष्ट । हकार की ये चार स्थितियाँ क्रमशः, विवृत, उरः स्थानीय, विसर्ग और गकार हो जाती हैं । वहाँ स्पर्श प्रयत्न में तो

गकार ही उच्चरित होता है, ऊष्मा में विसर्ग तथा औरस्य गृहीत होते हैं। विसर्ग के द्वारा जिह्वामूलीय तथा उपध्मानीय भी व्याख्यात होते हैं ऊष्मत्व में अयोगवाह भी संग्रहणीय हैं। अवशिष्ट रह जाती है विवृति, वह यहाँ अन्तःस्थों में गृहीत होती है। यह अन्तःस्थ प्रकरण सम्पन्न हुआ ॥ ८ ॥

अथ ऊष्मा—(९)

४७. ह ह् श ष स ह् ह्—इत्येते सप्तोष्माणः । तत्राद्यो हकार औरस्यो, द्वितीयो हकारो जिह्वामूलीयात्मा, तृतीय उपध्मानीयात्मा, तुरीयस्तु विसर्जनीयात्मा द्रष्टव्यः । यद्यपि चान्ये विसर्गमेवैकमयोगवाहत्वेनेच्छन्ति तथापि समानसन्तानत्वादेषां विसर्गेण तत्त्वं न विरुध्यते ।

परे त्वाहुः—ऊष्मा द्वेधा—एकस्तावन्नियमतः स्वरपूर्वो व्यञ्जनावसानान्यतरपरो भवति स विसर्ग इत्युच्यते । परस्तु नियमतो व्यञ्जनपूर्वः स्वरपरश्च भवति स महाप्राणवर्णानामन्तिमो भागः । एतदुभयलक्षणव्यभिचारे स एवोष्मा विकारमष्टधा लभते ते च विकारा वक्ष्यन्ते ।

ऊष्मा (९)

४७. ह ह श ष स ह ह ये सात ऊष्म वर्ण हैं। इनमें पहला हकार औरस्य है, दूसरा हकार जिह्वामूलीय स्वरूप है, तीसरा उपध्मानीय स्वरूप है, चौथा विसर्जनीय स्वरूप वाला है। यद्यपि अन्य विद्वान् केवल विसर्गस्वरूप हकार को ही अयोगवाह के रूप में मानना चाहते हैं, तथापि समानक्रम होने के कारण इनका विसर्ग से स्वरूप विरोध नहीं होता।

अन्य मत के अनुसार ऊष्मा दो प्रकार की है। एक नियम से स्वरपूर्वक और आगे या तो व्यञ्जन अवसान वाली होती है उसे विसर्ग कहते हैं। दूसरी नियमतः व्यञ्जनपूर्वक तथा पर में स्वर वाली होती है, वह महाप्राण प्रयत्न वाले वर्णों का अन्तिम भाग है। इन दोनों लक्षणों के संयोग होने पर वही ऊष्मा आठ प्रकार के विकारों को प्राप्त करती है, उन विकारों का कथन किया जाएगा।

४८. अथान्ये व्याचक्षते—भवति कश्चिदव्यक्त एवोष्मा नाम। तस्य—विशेषसन्निधानमाहात्म्यात् पूर्वाङ्गत्वपराङ्गत्वाभ्यामुच्चारणे वर्णविशेषरूपेण च परिणामाद्द्वेधा विकारक्रमः प्रवर्त्तते । तत्र "अयोगवाहा विज्ञेया आश्रयस्थानभागिनः" इति नियमात्पराङ्गत्वेनोच्चारणे, परस्य—कखत्वे जिह्वामूलीयो हकारः । चछत्वे तालव्यःशकारः । टठत्वे मूर्धन्यः षकारः । तथत्वे दन्त्यः सकारः । पफत्वे उपध्मानीयो हकारः । इत्येको विकारक्रमः । १ । य ≍ करोति यश्चरति यष्टीकते यस्तनुते य ≍ पठतीत्युदाहरणानि । यरलवां णनमां च परत्वे

तु तात्वादिस्थानायोग्यत्वादौरस्यो हकारः। ह्यो ह्रदे ह्रादो ह्वलयति पूर्वाह्णे ह्वते ह्नते ह्वलयतीत्युदाहरणानि । अथ पूर्वाङ्गत्वेनोच्चारणे तु सर्वेष्वेव स्थानेषु निपात्योच्चारितस्याप्यूष्मणो विसर्जनीयहकाररूपेणैव परिणामो न तु नानावर्णतो नापि वा तत्र तत्र स्वरूपातिरेक इत्यपरो विकारक्रमः ।। २ ।। मनः, मुनि, मनुः, मातृः—इत्येवमाद्युदाहरणानि ।

४८. अन्य विचारकों का कथन है कि ऊष्मा नाम का कोई एक अव्यक्त तत्व है। उस ऊष्मा का विशेष वर्णों के साथ के महत्व के कारण पूर्वाङ्ग रूप में उच्चारण होने से तथा विशेष वर्ण के रूप में परिणाम होने से उसमें विकार का क्रम दो प्रकार से काम करता है। वहाँ "अयोगवाहों को आश्रय स्थान का भागी समझना चाहिए"। इस नियम के कारण पराङ्ग के रूप में उच्चारण करने पर परभाग में क ख के रहने पर जिह्वामूलीय हकार का उच्चारण होता है। पर भाग में च छ रहने पर तालव्य शकार का उच्चारण होता है, ट ठ के परभाग में रहने पर मूर्धन्य षकार का उच्चारण होता है, त थ के परभाग में रहने पर दन्त्य सकार का उच्चारण होता है, प फ के आगे रहने पर उपध्मानीय हकार का उच्चारण होता है। यह एक प्रकार का विकार क्रम है। १। 'य ँ करोति, यश्चरति, यष्टीकते, यस्तनुते, य ँ पठति, आदि उसके उदाहरण हैं। य् र् ळ् व् तथा ण न म वर्णों के आगे होने पर तो तालु आदि स्थानों की योग्यता न होने से हकार औरस्य होता है। उसके उदाहरण हैं—हयो, ह्रदे, ह्रादो, ह्वलयति पूर्वाह्णे, ह्वते, ह्नते, ह्वलयति। जब उच्चारण पूर्वाङ्ग अर्थात् पहले उच्चरित वर्ण के अङ्ग के रूप में होगा तब ऊष्मा के सभी स्थानों पर निपातपूर्वक उच्चरित होने से उसका परिणाम विसर्जनीय हकार के रूप में ही होगा, वह नाना वर्णों के रूप में नहीं होगा, और न ही वहाँ स्वरूप में कोई विशेषता होगी। यह दूसरे प्रकार के विकार का क्रम है। २। इसके उदाहरण—मनः, मुनिः, मातृः आदि हैं।

४९. वाजसनेयिनां तु विसर्गोयं विवृत्तिवत्प्रत्येतव्यो न तु हकारवत्। किन्तु पूर्वस्वरसान्निध्यावशाद्भिन्नभिन्नस्थानीयत्वमित्यतस्तदुच्चारणेऽपि कश्चिद्विशेषो जायते। तथा चाह माध्यन्दिनीये—

यथा स्फटिकदण्डादिरुपाधिवशतो भवेत् ।
तद्वदूष्मा प्रयोक्तव्यो हिहुहेहो निदर्शनम् ।। १ ।।

देवः देवाः इत्यत्र कण्ठ्यत्वात् कण्ठ्यस्वरान्तहकारवत्। हरिः देवैः इत्यादौ हिवत्। मनुः ग्लौः इत्यादौ हुवत्। हरेः इत्यादौ हेवत्। भानोः इत्यादौ होवत् अत्र हकारोच्चारणमाभासमात्रेण न त्वसौ स्पष्टमभिनेयः।

४९. वाजसनेयि शाखा में तो इस विसर्ग को विवृत्ति के रूप में जाना जाता है हकार के रूप में नहीं किन्तु पहले उच्चरित होने वाले स्वर वर्ण के सन्निधान या सामीप्य के

कारण उस विवृति स्वरूप विसर्ग को भिन्न-भिन्न स्थान का होना पड़ता है अतः उच्चारण में भी कुछ विशेषता होती है । इसी बात को माध्यन्दिनीय, (शिक्षा) में कहा गया है—

> "जैसे उपाधि के कारण स्फटिक में रंगों का अवभास हो जाता है, उसमें स्वयं का कोई वर्ण नहीं होता, उसी प्रकार ऊष्मा का प्रयोग होना चाहिए । वह हि हु हे हो के उच्चारणों के रूप में होता है ।।" १ ।।

देवः देवाः, आदि शब्दों में विसर्ग का उच्चारण कण्ठस्थानीय स्वरान्त हकार के समान होता है । 'हरिः, देवैः', आदि शब्दों में विसर्ग का उच्चारण हि के समान सुनाई देता है; 'मनुः, ग्लौः' इत्यादि में यह विसर्ग हु के समान श्रूयमाण है । 'हरेः', आदि में हे के समान यह विसर्ग सुनाई देता है 'भानोः' आदि शब्दों में 'हो' के समान ध्वनि विसर्ग की होती है । यहाँ सर्वत्र हकार के उच्चारण का आभास मात्र है उसका स्पष्ट अभिनय नहीं है ।

५०. अस्मिन्नुच्चारिते नियमेन प्रयत्नविसर्जनादस्य विसर्जनीयसंज्ञा विसर्गसंज्ञा च । पूर्ववर्णोच्चारणप्रयत्नो ह्युत्तरवर्णेष्वपि केषुचिदनुवर्तते रामेणेत्यादौ रेफप्रयत्नाक्रमणान्नकारस्यणत्वदर्शनात् । विसर्गसन्निधाने तु क्वचिदेवाव्यवहितोत्तरवर्णे सर्पिःषु धनुःष्वित्यादौ विसर्गस्य हिहुवदुच्चारणवशात् प्रयत्नाक्रमणं दृश्यते । अन्यत्र तु भूयसा प्रयत्नाक्रमणमुत्तरस्मिन् विसृज्यते । तस्मादयं विसर्जनीयो नोत्तरेण संसर्गमर्हति । अत एव चानुक्रान्तप्रयत्नानां कथञ्चित्समापनादमुष्मिन् विसर्गेऽभिनिष्ठानशब्दोऽपि प्रवर्तते । अत एव परतो वर्णसत्वेऽपि स्वारसिकार्धमात्राकालाधिककालव्यवायेन पुनरुपक्रम्योच्चारणक्रमोऽनुभूयते । तत्र पूर्वाङ्गत्वपराङ्गत्वे परतो वर्णविशेषसान्निध्येन विशिष्य नियम्येते । तथा हि—घटतां परत्वे पराङ्गत्वमेव । क श ष स यां परत्वे पराङ्गत्वं च पूर्वाङ्गत्वं च विकल्पेन । कः करोति, कः षष्ठः, कः सर्वः, कः परः, इति पूर्वाङ्गत्वस्य । क ≍ करोति, कश्शेते कष्षष्ठः, कस्सर्वः क ≍ परः—इति च पराङ्गत्वस्योदाहरणानि ।

श्चष्टस्थानां परत्वे पराङ्गत्वं पूर्वाङ्गत्वमुभयं वा ।

तत्र पराङ्गत्वे शषसभावः, पूर्वाङ्गत्वे विसर्गः, अनुभयत्वे तु तदनुच्चारणमेव । यतः श्च्तस्थानेत्युदाहरणम् । अथ शषसपरकस्पर्शानां ख्—श, क्ष, त्सादीनां परत्वे तु पूर्वाङ्गत्वमेव । कः ख्शाता, कः क्षत्रियः, कः त्सरुरित्युदाहरणम् अतोऽन्यत्र तु ह्रस्वाकारादुत्तरस्योष्मणो ह्रस्वाकारपरत्वे घोषव्यञ्जनपरत्वे च संवृत्तपरत्वादुभावेन परिवर्तः । देवोऽयं देवो गत इति यथा । तदितरविवृतस्वरपरत्वे तु विवृतिरूपता, देव आगत इहेति यथा । अथ दीर्घाकारादुत्तरस्य तु सर्वविधस्वरपरत्वे घोषव्यञ्जनपरत्वे च विवृतिरूपतैव । देवा अत्र देवा गता इति यथा ।

५०. इसके उच्चारण में नियम से प्रयत्न का विसर्जन होता है, अतः इसकी संज्ञा विसर्जनीय या विसर्ग है। पूर्व के वर्ण के उच्चारणप्रयत्न होने पर वह प्रयत्न कहीं-कहीं आगे के वर्णों में भी अनुवर्तन करता है, उदाहरणार्थ, रामेण में रेफ के उच्चारण के लिए प्रयत्न करने पर आगे के नकार को णकार होते देखा जाता है। जब विसर्ग का सामीप्य होता है तब 'सर्पिःषु', 'धनुःषु' आदि शब्दों में कहीं-कहीं ही आगे के वर्ण के उच्चारण के पूर्व 'हि हु' के समान उच्चारण होने से पूर्व का प्रयत्न मूर्धन्य के रूप में देखने में आता है। सामान्यतया तो यह प्रयत्न आगे के वर्णों में विसर्जित हो जाता है। इसलिए यह विसर्जनीय उत्तर वर्ण के साथ संसर्ग नहीं प्राप्त करता। इसलिए प्रारम्भ किये गए प्रयत्न का किसी प्रकार समापन करने से इस विसर्ग के लिए अभिनिष्टा शब्द का प्रयोग भी होता है। इसलिए आगे वर्ण की सत्ता रहने पर भी स्वाभाविक आधीमात्रा के काल से अधिक काल का व्यवधान करके पुनः उपक्रम करके उच्चारण के क्रम का अनुभव किया जाता है। वहाँ पूर्वाङ्ग या पराङ्ग होने का नियमन आगे के विशेष वर्णों के सन्निधान के आधार पर होता है। उसका दिग्दर्शन इस प्रकार होता है कि च, ट, त के आगे होने पर विसर्ग पराङ्ग ही होता है। क, श, ष, स, य, वर्णों के परभाग में होने पर विकल्प से पूर्वाङ्ग या पराङ्गत्व होता है। कः करोति, कःषष्ठः, कःसर्वः, कःपरः ये पूर्वाङ्ग के उदाहरण हैं। क≍करोति, कश्शेते, कष्षष्ठः, कस्सर्वः, क॒परः ये पराङ्ग के उदाहरण हैं।

श्च, ष्ट, स्थ, इन वर्णों के आगे होने पर पूर्वाङ्गत्व एवं पराङ्गत्व दोनों होते हैं। वहाँ पराङ्ग होने पर विसर्ग को श ष स इनमें से किसी एक वर्ण रूप की प्राप्ति होती है, जब विसर्ग पूर्वाङ्ग रहता है तो उसका स्वरूप विसर्ग का ही होता है। जब पूर्वाङ्ग या पराङ्ग दोनों भाव नहीं होता तो विसर्ग का उच्चारण ही नहीं होता। यतःश्चुत स्थाने यह उदाहरण है। जब श ष स परक स्पर्श वर्ण ख्—श, क्ष, त्स आदि पर भाग में होते हैं तब विसर्ग पूर्व का ही अङ्ग होता है। कः ख्शाता, कःक्ष-त्रियः कःत्सरुः इत्यादि उदाहरण हैं। इसके अतिरिक्त स्थल पर तो ह्रस्व अकार के आगे ऊष्मा का, उसके आगे ह्रस्व अकार होने पर अथवा घोष प्रयत्न वाले व्यञ्जन के पर भाव में रहने पर संवृत्त पर होने से उ रूप में परिवर्तन हो जाता है। उदाहरण है—देवोऽयम्, देवो गतः आदि। इससे भिन्न विवृत स्वर जब पर भाव में होगा तब विसर्ग की विवृतिरूपता हो जायगी—जैसे—देव आगत इह आदि में। जब दीर्घ आकार से आगे विसर्ग होगा तब तो सभी प्रकार के स्वरों के आगे होने पर तथा घोष प्रयत्न वाले व्यञ्जनों के परभाग में होने पर विवृति रूपता ही होगी—जैसे— देवा अत्र, देवा गता आदि।

५१. अथान्यस्वरादुत्तरस्य तस्योष्मणः सर्वविधस्वरपरत्वे घोषव्यञ्जनपरत्वे च रेफात्मना परिवर्तः। मुनिरयं मुनिर्गत इति यथा। तदित्थं वर्णपरिणामपक्षेऽष्टौ विकारा ऊष्मणः सिद्धाः। तदुक्तं भगवता पाणिनिना—

उभावश्च विवृतिश्च शषसा रेफ एव च ।
जिह्वामूलमुपध्मा च गतिरष्टविधोष्मणः[1] ।। १।।
यद्योभावप्रसन्धानमुत्तरादिपरं पदम् ।
स्वरान्तं तादृशं विद्याद्यदन्यद्व्यक्तमूष्मणः[2] । इति ।। २ ।।

सूर्योदय इत्यत्र हि नोष्मजोऽयमोकारः । परपदस्योकारादित्वेन तत्रौकारस्य तत्संयोगनिबन्धनत्वात् । एवंविधस्थानादन्यत्र सर्वदैव पदान्ते दृश्यमान श्रोकारो नित्यमूष्मजो निर्द्धारयितव्यः । उकारविवृतिरेफाणामूष्मपरिणामजत्वेऽप्यनूष्मत्वं वैधर्म्यादिति दिक् ।

५१. जब वह ऊष्मा अन्य स्वर से आगे होगा तब सभी प्रकार के स्वरों के आगे आने पर रेफ रूप में उसका परिणाम होगा, मुनिरयं, मुनिर्गतः आदि उदाहरण हैं । इस प्रकार वर्ण के रूप में परिणत होने के पक्ष में ऊष्मा के आठ विकार सिद्ध हुए । भगवान् पाणिनि ने भी इस विषय को कहा है—

"ऊष्मा की गति आठ प्रकार की है, ऊभाव, विवृति, श, ष, स, रेफ, जिह्वामूल तथा उपध्मानीय । उत्तरपद में यदि ओ भाव का सन्धान हो तो उसे स्वरान्त समझना चाहिए, वह भी ऊष्मा की एक अभिव्यक्ति है ।। १-२ ।।

सूर्योदय शब्द में ओकार ऊष्मा से उत्पन्न नहीं है क्योंकि पर पद उकारादि है अतः यहाँ ओकार उसके संयोग के कारण है । इस प्रकार के उदाहरण के अतिरिक्त स्थल पर सर्वत्र ही पदान्त में दिखाई देने वाला ओकार ऊष्मा से उत्पन्न है यह समझना चाहिए । उकार, विवृति तथा रेफ के ऊष्मा के परिणाम के रूप में होने पर भी वे ऊष्म नहीं होते, ऐसा वैधर्म्य के कारण होता है ।

५२. अस्याश्चोष्मायाः प्रदेशविशेषात् संज्ञाविशेषानाह याज्ञवल्क्यः—

ओभावमागता योष्मा तां तु केलिं विनिर्दिशेत् ।
विवृतिप्रत्ययादूष्मा विज्ञेया विकटानना ।। १ ।।
पादादौ च पदादौ च संयोगावग्रहेषु च ।
लीढातिलीढा विद्युच्च शषसेषु प्रकीर्तिता ।। २ ।।
जिह्वामूले च रेफे च विज्ञेया विकटा शठा ।
उपध्मानीयसहितां पुष्पिणीं तां विदुर्बुधाः ।। ३ ।।

---

1 पाणिनीय शिक्षा, श्लोक १४
2 याज्ञवल्क्य शिक्षा-वर्ण प्रकरण सन्ध्यधिकार, श्लोक ४७

अन्यत्र या भवेदूष्मा सुलभां तां विनिर्दिशेत् ।
ऊष्मप्राधान्यमेतस्या तस्मात्तां यत्नतोऽभ्यसेत्[1] ।। ४ ।। इति

परे त्वन्तःस्थाप्रकरणे कण्ठ्यस्य विवृत्यौरस्यविसर्गगकारभेदाच्चतुर्धा प्रतिपत्तिं सप्तधोष्मप्रतिपत्तिं चासहमाना आचक्षते । तालव्यादिवत्कण्ठ्यस्यापि विवृत्यौरस्यगकारभेदात्त्रैविध्यप्रतिपत्तिर्युक्ता । ऊष्मविकाराश्च जिह्वामूलीयश-षसोपध्मानीया एव युक्ताः । इतरसाधारण्येन तथैव प्राप्तेः । अथ संवृताकारो ना-सिक्यविसर्गौ चेत्येते त्रयो वर्णा ओ-शब्दादुपलभ्याः सर्ववर्णबीजभूताः पृथ-गेवान्ते वर्णसृष्टयुपनिषत्प्रकरणे व्याचिख्यासिताः सन्तीति सन्तोष्टव्यम् । तेषाञ्च संवृताकारस्य स्वरे, नासिक्यस्यानुस्वारे, विसर्गस्योष्मणि प्रवेशः शक्यतेऽभ्युपगन्तु-मित्यन्यदेतत् ।

तदित्थमेते व्याख्याता नवायोगवाहाः । विवृतिः, स्वरभक्तिः, यमः, अनु-स्वारः, रङ्गः, हुंकारः, नादः, अन्तःस्थाः, ऊष्मा, चेति ।

इति अयोगवाहप्रकरणं द्वितीयम् ।

५२. प्रदेश विशेष में इस ऊष्मा की विशेष संज्ञाओं का वर्णन याज्ञवल्क्य शिक्षा में बतलाया गया है ।

> "जो ऊष्मा ओ भाव को प्राप्त हो गई है, उसे केलि कहा जाता है जो ऊष्मा विवृति के रूप में पहुँची हुई है उसे विकटानना कहा गया है ।।" १ ।।
>
> "श ष स वर्णों के रूप में पाद के तथा पद के आदि में तथा संयोग और अवग्रहों में जो ऊष्मा है उसे लीढा, अतिलीढा तथा विद्युत् कहा गया है ।।" २ ।।
>
> "जिह्वामूल में तथा रेफ में ऊष्मा को विकटा तथा शठा कहा गया है, वह यदि उपध्मानीय सहित होती है तो विद्वानों में उसकी पुष्पिणी नाम से प्रसिद्धि है ।।"३।।
>
> "इससे अन्यत्र जो ऊष्मा है उसे सुलभा कहा गया है इसमें ऊष्मा की प्रधानता होने के कारण इसका यत्न पूर्वक अभ्यास करना चाहिए ।।" ४ ।।

अन्य लोग अन्तःस्थ के प्रकरण में कण्ठस्थानीय की विवृति, औरस्य, विसर्ग तथा गकार भेद से चार प्रकार की स्वीकृति नहीं सहते और वे ऊष्मा की सात प्रकार की परिणतियों को भी नहीं मानते । उनका कथन है कि तालव्य, दन्त्य और मूर्धन्य के समान कण्ठस्थानीय की भी विवृति, औरस्य तथा गकार इन भेदों से तीन प्रकार की परिणतियाँ

1 याज्ञवल्क्य शिक्षा, वर्ण प्रकरण संन्ध्यधिकार, श्लोक ४५-५०, ५२

हैं। ऊष्मा के विकारों को जिह्वामूलीय, श ष स तथा उपध्मानीय तक ही रखना चाहिए, इस प्रकार की ही नीति अन्य वर्णों की समानता से प्राप्त होती है। संवृत अकार, नासिक्य तथा विसर्ग ये तीन वर्ण 'ओ' इस शब्द से प्राप्तव्य हैं ये सभी वर्णों के बीजभूत हैं, इसीलिए वर्ण सृष्टि के प्रकरण के अन्त में पृथक् ही किये गये इनके विस्तार से कथन पर संतोष करना चाहिए। इनमें संवृत अकार का स्वर में, नासिक्य का अनुस्वार में तथा विसर्ग का ऊष्मा में प्रवेश स्वीकार किया जा सकता है, यह पृथक् विषय है।

इस प्रकार नौ अयोगवाहों का व्याख्यान हुआ। विवृति, स्वरभक्ति, यम, अनुस्वार, रङ्ग, हुंकार, नाद, अन्तःस्थ तथा ऊष्मा ये इनकी संज्ञाएँ हैं। यह अयोगवाह नामक द्वितीय प्रकरण पूर्ण हुआ।

५३. वर्णोऽक्षरं पदं वाक्यमिति चतुःसंस्थो वाक्प्रयोगः ॥ एतेषूत्तरोत्तरं पूर्वपूर्वकृतशरीरं भवति। वर्णघटितमक्षरमक्षरघटितं पदं, पदघटितं च वाक्यं, महावाक्यादिकं च। यद्यपि च विशुद्धैकवर्णमप्यक्षरं भवति। अ-इ-उ-इत्यादीनां स्वरवर्णानां वर्णत्वेनाक्षरत्वेन च प्रतिपन्नत्वात्। विशुद्धैकाक्षरमपि पदं भवति। च वा ह हि नेत्यादीनां पदानामक्षरत्वेन पदत्वेन च व्यवहारात्। एवं विशुद्धैकपदमपि वाक्यं भवति। किं कथमेव कोऽहमित्यादीनामेकैकपदानामपि प्रकरणविशेषे प्रयुक्तानां पदत्वेन वाक्यत्वेन च गृहीतत्वात्। तथापि प्रस्थानान्तराण्येतानि द्रष्टव्यानि। तथाहि वर्णस्तावद्द्वेधा विभज्यते—स्वरश्चव्यञ्जनञ्चेति। तत्र स्वरस्यैवाक्षरत्वमिष्यते न व्यञ्जनस्यापि। स्वरस्यापि व्यञ्जनसन्निकर्षे तद्विशिष्टस्यैवाक्षरत्वं, तदभावे तु विशुद्धस्येति विशेषः। यदि वर्णोऽक्षरमित्यनर्थान्तरमभविष्यत् तदा विशुद्धं व्यञ्जनमप्यक्षरतया व्यपदिष्टमभविष्यत्। व्यञ्जनविशिष्टस्तु स्वरो न तथाऽभविष्यत्। तस्मादर्थान्तरमेतत्। वागित्येकमक्षरमक्षरमिति त्र्यक्षरम्—इत्येषा श्रुतिरप्यञ्जसा वर्णाक्षरयोर्भेदं विनिगमयति।

५३. वाणी का प्रयोग वर्ण, अक्षर, पद तथा वाक्य इन चार संस्थाओं में होता है। इनमें आगे-आगे वाले में पूर्व-पूर्व की संस्था सम्मिलित है वर्णों से अक्षर घटित होते हैं, अक्षरों से पद घटित होते हैं, पदों से वाक्यों की घटना होती है, उसी से महावाक्य आदि बनते हैं। यद्यपि विशुद्ध एक वर्ण भी अक्षर कहलाता है। अ इ उ इत्यादि स्वर वर्णों को वर्ण और अक्षर भी कहा जाता है। विशुद्ध एक अक्षर भी पद होता है। च वा ह हि न इत्यादि का पद तथा अक्षर के रूप में व्यवहार होता है। इसी प्रकार विशुद्ध एक पद भी वाक्य होता है, किम्, कथम्, एवम्, कोऽहम्, इत्यादि एक-एक पदों का भी प्रकरण विशेष में प्रयोग होने पर इनकी पद संज्ञा तथा वाक्य संज्ञा होती है तथापि इन्हें पृथक् प्रस्थान ही समझना चाहिए। वर्ण का विभाजन स्वर तथा व्यञ्जन इन दो भेदों में होता है। इनमें स्वर की ही अक्षर संज्ञा अभीष्ट है, व्यञ्जन की नहीं। स्वर के भी व्यञ्जन के साथ होने पर उससे विशिष्ट की ही अक्षर संज्ञा होती है, उसके अभाव में तो विशुद्ध स्वर अक्षर कहलाता है। यदि वर्ण और अक्षर का पृथक्-पृथक् अर्थ न होता तब विशुद्ध व्यञ्जन भी अक्षर के रूप में स्वीकार

किया जाता व्यञ्जन विशिष्ट स्वर तत्र अक्षर नहीं माना जाता । अतः वर्ण और अक्षर के अर्थ में भेद है । "वागित्येकमक्षरम्" (वाक् यह एक अक्षर है) "अक्षरमिति त्र्यक्षरम" (अक्षर शब्द में तीन अक्षर हैं) इस श्रुति के अनुसार भी वर्ण तथा अक्षर के अर्थों में भेद है ।

५४. अक्षरमपि द्वेधा विभज्यते—गुरु च लघु चेति । उत्तरतो व्यापृतस्य गुरुत्वम् । उत्तरतः शान्तस्य लघुत्वम् ।। यः स्वरः परतोऽङ्गेनाङ्गी भवति स परतो व्यापारलाभाद् गुरुत्वं भजते । यथा किं तद्वत्स इत्यत्र नकारदकारतकारोष्मणां व्यञ्जनानां पूर्वस्वरेण गृहीतत्वात् तद्ग्रहणाय पूर्वस्वरो लब्धव्यापारो गुरुर्भवति । शोभा इत्यत्र तूभयत्रापि पूर्वस्वरोऽकारः परस्वरयोरुकाराकारयोर्ग्रहणाय व्यापारं लभते—इत्यतो गुरुर्भवति । पूर्वतस्तु व्यापृतो वा स्यादव्यापृतो वा, नोभयथापि कश्चिद्विशेषो लभ्यते । अत 'इयंभिदा क्रियास्त्रिय' इत्यत्र चतुर्णामिकाराणामव्यापृतैकव्यापृतद्विव्यापृतत्रिव्यापृतानां निर्विशेषं लघुत्वमेवास्थीयते । अक्षरमाश्रित्यैव छन्दोव्यवस्था प्रवर्तते न तु वर्णमाश्रित्य । वर्णच्छन्द इत्यादिव्यवहारा अप्यक्षराभिप्रायेण भक्त्या वर्णशब्दप्रयोगादुपपाद्याः । अत एव 'स उ स्त्री वत्स आयातु'—इत्यत्र वर्णानां विंशतित्वेऽप्यष्टाक्षरं वर्णच्छन्द आख्यायते । वत्स इत्यत्र वदित्येकमक्षरं भवति, वकारस्योत्तराङ्गत्वात्, तकारस्य पूर्वाङ्गत्वाच्च । कस्य पूर्वाङ्गत्वं कस्य पराङ्गत्वमित्यङ्गाङ्गि-निरूपणप्रकरणे सुविशदं निरूपयिष्यामः । इह तु उ—इत्येकवर्णात्मकमेवाक्षरं पदं भवति । स, स्त्री, आ—इत्येतान्येकाक्षराणि पदानि । वत्सः, यातु—इति द्वे द्व्यक्षरे पदे । इत्थं भिन्नप्रस्थानत्वादर्थान्तरमेतदुभयम् अक्षरं पदञ्चेति सिद्धम् । पदमपि द्वेधा विभज्यते–अखण्डं, सखण्डं चेति । अखण्डपदघटितं पदं सखण्डम् । यथा स्त्रीवत्स–इत्येकं सखण्डपदमखण्डाभ्यां स्त्रीपदवत्सपदाभ्यां सम्पन्नम् ।

५४. अक्षर के भी दो भेद हैं—गुरु तथा लघु । जो आगे संलग्न हो जाय वह गुरु है, जो आगे शान्त रह जाय वह लघु है । जो स्वर आगे के अङ्ग से अङ्गी बनता है, उसे आगे से अपने व्यापार का लाभ होता है अतः वह गुरु हो जाता है । जैसे "किं तद्वत्स" यहाँ नकार, दकार, तकार तथा ऊष्मा व्यञ्जनों का ग्रहण पूर्व स्वर से हो जाने के कारण उनके ग्रहण के लिए पूर्वस्वर व्यापार का ग्रहण करता है, अतः वह गुरु हो जाता है । "शोभा" शब्द में पूर्वस्वर अकार, पर स्वर उकार तथा आकार के ग्रहण के लिए व्यापारित होने के कारण गुरु होता है । पूर्व से व्यापारित हो अथवा न हो, उससे कोई विशेषता नहीं आती । इसलिए "इयं भिदा क्रियास्त्रियः" यहाँ चार इकारों के अव्यापृत (अव्यापारित) एक व्यापारित, द्विव्यापारित तथा तीन व्यापारित होने पर भी बिना विशेषता के लघुत्व ही स्वीकृत होता है छन्द की व्यवस्था अक्षर का आश्रय लेकर ही प्रवृत्त होती है, वर्ण का आश्रय लेकर नहीं । 'वर्णछन्द' आदि शब्दों का जो व्यवहार होता है वह भी वर्ण शब्द से अक्षर का अभिप्राय लेकर वर्ण शब्द का लक्षणावृत्ति से अक्षर में प्रयोग मानकर समझा

जाना चाहिए। इसीलिए "स उ स्त्री वत्स आयातु" यहाँ वर्णों के बीस होने पर भी आठ अक्षरोंवाला वर्ण छन्द निरूपित हुआ है। यहाँ 'वत्स' में 'वत्' यह एक अक्षर है, क्योंकि वकार उत्तर का अङ्ग है तथा तकार पूर्व का अङ्ग है। कौन पूर्व का अङ्ग है कौन उत्तर का अङ्ग होता है इस विशद निरूपण अङ्गाङ्गिभाव के निरूपण प्रकरण में किया जाएगा। उक्त उद्धरण में तो 'उ' यह एक वर्णात्मक अक्षर रूप पद ही है। 'स' 'स्त्री' 'आ' ये भी एक अक्षर वाले पद ही हैं, 'वत्स' 'यातु' ये दो दो अक्षरों वाले पद हैं। इस प्रकार प्रस्थानभेद के कारण अक्षर और पद का अर्थ भिन्न-भिन्न है यह सिद्ध होता है। पद के भी दो विभाग हैं अखण्ड, तथा सखण्ड। अखण्ड पद से सङ्घटित पद सखण्ड कहलाता है, जैसे 'स्त्री वत्स' यह एक सखण्ड पद 'स्त्री' तथा 'वत्स' इन दो अखण्ड पदों से सम्पन्न हुआ है।

५५. अथ वाक्यमपि द्वेधा विभज्यते—क्षुद्रवाक्यं महावाक्यञ्चेति। पदसमुच्चयो वाक्यम्। अथवा—एकाख्यातलक्षितोऽन्विनाभिधायी पदप्रयोगो वाक्यम्। अथवा शाब्दबोधौपयिकपदप्रयोगो वाक्यम्। परस्परसापेक्षाण्यनेकवाक्यानि महावाक्यम्। 'स उ स्त्री वत्स आयाति' इत्येतदेकं वाक्यम् भवति। तत्र पदानि चत्वारि वा पञ्च वा षड्वा। अक्षराणि त्वष्टौ। अथ वर्णास्तत्र सप्तदश वा विंशतिरेव वा। इत्थं भिन्नप्रस्थानत्वाद् भिद्यन्ते—वर्णोऽक्षरं पदं वाक्यं चेति। तत्र वाक्यमेव लोके प्रयोक्तुमिष्यते शाब्दबोधार्थम्। तन्नान्तरीयकतया तु पदानि, अक्षराणि, वर्णाश्च प्रयुज्यन्ते। तेषु वर्णविशेषनित्या एवैते स्वरधर्मा अक्षरविशेषे पदविशेषे वाक्यविशेषे चान्यथान्यथा भवन्तीत्यतः प्रकरणमारभ्यते।

५५. वाक्य भी दो भागों में विभक्त होता है—क्षुद्रवाक्य तथा महावाक्य पदों के समूह की वाक्य संज्ञा है। वाक्य को दूसरे शब्दों में इस प्रकार भी कहा जाता है कि जो एक क्रियापद से लक्षित होता हुआ अन्वित अर्थ को प्रकट करे ऐसा पद प्रयोग वाक्य कहलाता है। अथवा तीसरा वाक्य का लक्षण यह भी है कि जिस पद प्रयोग से शाब्दबोध होता हो वह वाक्य होता है। परस्पर अपेक्षा रखने वाले अनेक वाक्य मिलकर महावाक्य कहे जाते हैं। "स, उ, स्त्री, वत्स, आयाति", यह एक वाक्य है। इसमें पदों की संज्ञा चार, पाँच या छः है, अक्षरों की सख्या आठ है, इस वाक्य में वर्णों की सख्या सत्रह या बीस है। इस प्रकार प्रस्थान के भिन्न होने से वर्ण, अक्षर, पद और वाक्य में भेद होता जाता है। इनमें लोक में शाब्दबोध के लिए वाक्य का ही प्रयोग होता है वाक्य में पद, अक्षर तथा वर्ण नित्य सम्बद्ध है, अतः वाक्य के प्रयोग में इनका प्रयोग स्वतः होता है। इनमें स्वर के धर्म वर्णविशेषों में ही नियत हैं, वे विशेष अक्षरों, पदों तथा वाक्यों में परिवर्तित हो जाया करते हैं अतः उनके निरूपण के लिए इस प्रकरण का प्रारम्भ किया जाता है।

५६. तत्रादौ वर्णस्वरनियमा उच्यन्ते। वर्णा द्वेधा-स्वराश्च व्यञ्जनानि चेत्युक्तं प्राक्। तत्र—अ, इ, उ, ऋ—इति चत्वारो वर्णा ह्रस्व-दीर्घप्लुतभेदाद् द्वादशधा सम्पद्यन्ते लृकारो ह्रस्वप्लुतभेदाद् द्वेधा। एओ ऐऔ—इति चत्वारो दीर्घ-

प्लुतभेदादष्टधा भवन्ति । तदित्थं द्वाविंशतिः । एतेऽनुनासिकनिरनुनासिकभेदाद् द्वेधा । तदित्थं चतुश्चत्वारिंशत् सम्पद्यन्ते । एतावन्तो वर्णाः स्वर विशेषसम्बन्धात् त्रिविधाः सम्भवन्ति—अप्यनुदात्ताः, अपिस्वरिताः, अप्युदात्ताश्चेति । नियमेनैते स्वरधर्मिणो भवन्तीत्यत एवैते वर्णाः स्वरशब्देनैवाख्यायन्ते । अथ पञ्चविंशतिः स्पर्शाः अष्टौ यादयः । चत्वारो यमाः चत्वारोऽनुस्वारविसर्गजिह्वामूलीयोपध्मानीयाः । दुःस्पृष्टवर्णश्चेत्येते व्यञ्जनवर्णा न स्वरधर्मिणः सम्भवन्ति । अनुस्वारादिषु क्वचित्स्वरविशेषव्यवहारस्य स्वरवर्णानुरागादुपपन्नत्वेऽपि निसर्गतस्तदभावात् । अत एवैते वर्णाः व्यञ्जनशब्दं लभन्ते । यद्यप्येषां स्रंसनधर्मसादृश्यादनुदात्तत्वं केचिदिच्छन्ति तथापि व्यञ्जनवर्णस्थाने विकारादुत्पन्नानां स्वरवर्णानामनुदात्तत्वनियमं दर्शयितुं तथाभिमानो न तु याथातथ्येनानुदात्तत्वं तत्रोपपद्यते । तस्मात् सिद्धं—व्यञ्जनवर्णेषु स्वरधर्मा न सन्तीति । स्वरवर्णास्तु यथेच्छं त्रिविधाः शक्यन्ते ऽभिनेतुमुदात्ताश्चानुदात्ताः स्वरिताश्चेति । किन्त्वेते स्वरवर्णाः पदविशेषस्थाः पदप्रयोगे नियतस्वरा एव भवन्ति—क्वचिदनुदात्ता एव क्वचित् स्वरिता एव, क्वचित्पुनरुदात्ता एव चेति । न यथेच्छं सर्वत्र सर्वेऽभिनीयन्ते । स चायं पदे स्वरनियमः पदनिरूपणप्रसङ्गे निरूपयिष्यते । इति वर्णस्वरप्रस्तावः ।

५६. पहले वर्णस्वर के नियम बतलाए जाते हैं । पहले कहा गया है कि वर्ण दो प्रकार के हैं स्वर तथा व्यञ्जन । वहाँ अ इ, उ ऋ ये चार वर्ण ह्रस्व दीर्घ और प्लुत के भेद से बारह प्रकार के हो जाते हैं । लृकार ह्रस्व और प्लुत के भेद से दो प्रकार का है । ए ओ ऐ औ ये चार वर्ण दीर्घ और प्लुत के भेद से आठ प्रकार के हो जाते हैं । ये मिलाकर बाईस होते हैं ये सब प्रत्येक अनुनासिक और निरनुनासिक इन दो भेदों में विभक्त होकर चौवालीस हो जाते हैं । ये इतने वर्णविशेष स्वरों के सम्बन्ध से पुनः तीन-तीन प्रकार के हो जाते हैं, उदात्त अनुदात्त तथा स्वरित । नियमपूर्वक ये सब स्वरधर्मी होते हैं । इसीलिए इन वर्णों को स्वर शब्द से ही कहा जाता है । अब पच्चीस स्पर्श वर्ण हैं, यकार आदि आठ हैं, चार यम वर्ण हैं, चार अनुस्वार, विसर्ग, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय तथा दुःस्पृष्ट वर्ण हैं, ये व्यञ्जन वर्ण कहे जाते हैं ये स्वरधर्मी नहीं होते । अनुस्वार आदि में कहीं स्वरविशेष का व्यवहार स्वर वर्णों के अनुरञ्जन के कारण सङ्गत हो जाने पर भी स्वाभाविक रूप से उनकी स्वरधर्मिता नहीं होती । इसीलिए ये वर्ण व्यञ्जन संज्ञा को प्राप्त करते हैं । यद्यपि इन वर्णों में स्रंसन धर्म की सदृशता के कारण कुछ लोग इन्हें अनुदात्त मानना चाहते हैं तथापि व्यञ्जन वर्णों के स्थान पर विकारों से उत्पन्न स्वर वर्ण नियमपूर्वक अनुदात्त होते हैं, यह दिखलाने के लिए ही उन्हें अनुदात्त कहा गया है, वास्तव में वहाँ अनुदात्तत्व सिद्ध नहीं होता । इसलिए यह सिद्ध होता है कि व्यञ्जन वर्णों में स्वरों के धर्म नहीं हैं । स्वरवर्ण तो यथेच्छ तीनों उदात्त, अनुदात्त तथा स्वरित रूप में बोले जा सकते हैं किन्तु ये स्वर वर्ण विशेष पदों में संस्थित होने पर पदों के प्रयोग में नियत स्वरवाले ही होते हैं । कहीं वे अनुदात्त ही होंगे, कहीं स्वरित ही होंगे, कहीं उदात्त ही होंगे सर्वत्र सभी स्वरों में सभी

का अभिनय नहीं किया जा सकता । पद में स्वरों के नियम का निरूपण पदनिरूपण प्रसङ्ग में किया जाएगा । यह वर्ण प्रस्ताव सम्पन्न हुआ ।

५७. अथाक्षरे स्वरनियमाः । स्वरवर्णा एव प्रस्थानविशेषेऽक्षर-शब्दे-नाख्यायन्ते इत्युक्तं प्राक् । अत एव तान्येतान्यक्षराणि त्रिविधानि सम्भवन्ति—अप्यनुदात्तानि, अपि स्वरितानि, अप्युदात्तानि चेति । किन्त्वेतान्यक्षराणि यदि सन्धिनियमेनोपक्लृप्तरूपाणि स्युस्तदा वाक्यप्रयोगे स्वरधर्मा नियम्यन्ते—क्वचिद-नुदात्ता एव, क्वचित् स्वरिता एव, क्वचित्पुनरुदात्ता एव चेति न यथेच्छं शक्यन्ते-ऽभिनेतुं सर्वत्र सर्वेऽपि । स चायमनेकपदप्रयोगे सांहितिकः स्वरनियमोऽनुपदमेवो-परिष्टात् सान्तरानन्तरविधिभ्यां प्रदर्शयिष्यते । इत्यक्षरस्वरप्रस्तावः ।।

५७. अब अक्षरों में स्वर नियम बतलाए जाते हैं । पहले कहा गया है कि विशेष प्रस्थानों पर स्वर वर्णों को ही अक्षर कहा गया है । इसीलिए ये अक्षर तीन प्रकार के होने सम्भव हैं, अनुदात्त भी, स्वरित भी तथा उदात्त भी । किन्तु ये अक्षर यदि सन्धि के नियमों से रूप ग्रहण करते हैं, तब वाक्य के प्रयोग में स्वर के धर्मों का नियमन होता है कि कहीं अनुदात्तता ही होगी, कहीं स्वरितत्व ही होगा और कहीं उदात्तता ही रहेगी, अतः सर्वत्र सभी स्वर किसी भी स्वर से अभिनीत नहीं हो सकेंगे । अनेक पदों के प्रयोग में संहिता के कारण होने वाले इस स्वर सम्बन्धी नियम का विवरण सान्तर और अनन्तर विधियों का प्रदर्शन करते हुए आगे प्रस्तुत किया जायेगा । यह अक्षर प्रस्ताव सम्पन्न हुआ ।

५८. अथ खलु स्वरयुक्तैरेवाक्षरैः कृतशरीराणि पदान्यर्थविशेषे सङ्केत्यन्ते । तत्र तावद् अस्ति ह्ययं नियमो यदेकस्मिन्नखण्डे पदे एकमेव किञ्चिदक्षरमुदात्तं भवति स्वरितं वा, तदन्यानि तु सन्ति सम्भवेऽनुदात्तान्येव प्रायेण । यथा संवत्सर-शब्दे चत्वारिंशच्छब्दे वा र–इति, क्ष-इति चान्त्याक्षरमुदात्तं, तदन्यान्यनुदात्तानि । मल्लिका—हरिणी—तरक्षूणामाद्यक्षरमुदात्तमित्यन्यान्यनुदात्तानि । ललाटमकरा-दीनां मध्याक्षरमुदात्तमित्याद्यमन्त्यं चानुदात्तम् । स एषोऽक्षरतो नित्यविधिः ।।१।।

एवम्–'ईशानमस्य जगतः'—इत्यादिष्वीशानादित्रयोदशपदेभ्यउत्तरत्वे तथा—'अस्य हविषस्तमना यज'—इत्यादिषु हविष इत्याद्येकादश–पदेभ्यः पूर्वत्वे चान्तोदात्तमस्येति पदं भवति । ततोऽन्यत्र सर्वानुदात्तं तत् । यथा "षडस्य विष्ठाः शतमिति" । स एष पदतो नित्यविधिः ।। २ ।।

एवं सिमशब्दोऽयमाथर्वणे ऋग्वेदे चान्तोदात्तः प्रयुज्यते, यजुर्वेदादौ तु सर्वानुदात्तः । स एष वेदतो नित्यविधिः ।। ३ ।।

एवं साधुवचनस्य दक्षिणस्य 'ण' इत्युदात्तः, परावनुदात्तौ । दिग्वचनस्य तु 'द' इत्युदात्तः, परावनुदात्तौ । एवमर्जुनस्तृणवचनोऽन्तोदात्तः । पार्थवचन-स्त्वाद्युदात्तः । स एषोऽर्थतोनित्यविधिः ।। ४ ।।

अथान्यत्र विवक्षानित्यविधिः । यथा शकटीत्यत्र 'श' उदात्तश्चेत् कटीत्यनुदात्तौ । 'क' उदात्तश्चेत् शटी त्यनुदात्तौ । अथटीत्युदात्तस्तदा शकावनुदात्तौ ।। ५ ।।

५८. जिन पदों का विशेष अर्थों में संकेत ग्रहीत होता है वे पद स्वरयुक्त अक्षरों से ही निर्मित होते हैं । वहाँ यह नियम होता है कि एक अखण्ड पद में कोई एक ही अक्षर उदात्त या स्वरित होता है उसके अतिरिक्त अन्य अक्षर अधिकांशतः अनुदात्त ही होते हैं । जैसे 'संवत्सर' शब्द अथवा 'चत्वारिंशत्' शब्द में 'र' तथा 'श' ये अन्तिम अक्षर उदात्त हैं, उसके अतिरिक्त सभी अनुदात्त स्वर हैं । मल्लिका-हरिणी-तरक्षु-शब्दों में आदि के अक्षर उदात्त हैं उसके अतिरिक्त अनुदात्त हैं । 'ललाट' 'मकर' आदि में मध्य का अक्षर उदात्त है इसलिए आदि और अन्त के अक्षर अनुदात्त हैं । यह अक्षरों की नित्यविधि है ।। १ ।।

इसी प्रकार 'ईशानमस्य जगतः' इत्यादि वाक्य में ईशान आदि तेरह पदों के आगे तथा 'अस्य हविषस्त्मना यज' इत्यादि वाक्यों में 'हविष्' इन एकादश पदों के पूर्व में 'अस्य' पद अन्तोदात्त होता है, इसके अतिरिक्त वह समस्त वाक्य सर्वानुदात्त है । जैसे 'षडस्य विष्ठाः शतम्' यह पद के आधार पर नित्य विधि है ।। २ ।।

इसी प्रकार 'सिम' शब्द अथर्ववेद तथा ऋग्वेद में अन्तोदात्त स्वर में प्रयुक्त होता है वही सिम शब्द यजुर्वेद में सर्वानुदात्त स्वर वाला है । यह वेद के नित्यविधि के आधार पर नित्यविधि का उदाहरण है ।। ३ ।।

इसी प्रकार साधुवाचक जो 'दक्षिण' शब्द है उसमें णकार का अकार उदात्त है शेष दोनों स्वर अनुदात्त हैं । दिशा का वाचक जो दक्षिण शब्द है उसमें दकार में अकार उदात्त है शेष दोनों अनुदात्त हैं । तृण का वाचक जो 'अर्जुन' शब्द है वह अन्तोदात्त स्वर वाला है, उसी 'अर्जुन' शब्द का अर्थ जब पार्थ होता है तब वह आदि में उदात्त स्वरयुक्त होता है । ये अर्थ के आधार पर नित्यविधि के उदाहरण हैं ।। ४ ।।

अब विवक्षा के आधार पर अन्यत्र नित्यविधि होती है । जैसे—'शकटी' शब्द में यदि 'श' उदात्त होगा तो 'कटी' अनुदात्त होंगे, 'क' के उदात्त होने पर 'श' और 'टी' अनुदात्त होंगे, 'टी' यदि उदात्त बोला जाएगा तब 'श' तथा 'क' अनुदात्त होंगे ।। ५ ।।

५९. क्वचित्तु कस्मिंश्चिदेकस्मिन्नक्षरे नियमोऽन्यत्र यथेच्छं विवक्षितविकल्पः क्रियते । यथा पारावतशब्दे वकारो नित्यानुदात्तः । अन्यत्र त्रिषु वर्णेषु विकल्पः । पा इत्युदात्तं चेद् रातयोरनुदात्तत्वम् । रेत्युदात्तं चेत्—पातयोरनुदात्तत्वम् । तकारश्चेदुदात्तस्तदा पारा—इत्येतयोरनुदात्तता । स एष नियतविवक्षितो विधिः ।। ६ ।।

तदित्थं तवै—प्रत्ययान्तादीनि कानिचित् पदानि वर्जयित्वाऽन्यत्र न त्वेवैकस्मिन्नखण्डे पदे द्वे अक्षरे युगपदुदात्ते क्रियेते । अत एव कोलाहलशब्देऽपि यदि 'को'—उदात्तं तदा 'लाहला' अनुदात्ता: । अथ लेत्युदात्तं, कोहला अनुदात्ता: । यत्तु 'कोला' इत्युभौ युगपदुदात्ताविच्छन्ति तदैकदेशिकम् । सखण्डे तु पदे द्व्युदात्तत्वं त्र्युदात्तत्वं चेष्यते । तथाच तत्तदेकैकस्मिन् पदे यावन्त: स्वरास्तेषां विशेषानुरोधेन पदानां नवधात्वमाख्यायते । तथाहि—

एकाक्षरपदं तावत्त्रिविधम्—सर्वोदात्तं सर्वानुदात्तं सर्वस्वरितञ्च । अनेकाक्षरपदं पञ्चधा—आद्युदात्तं मध्योदात्तमन्तोदात्तं द्व्युदात्तं निरुदात्तञ्च । अथ पदघटितपदं द्वेधा—द्व्युदात्तं त्र्युदात्तञ्चेति । तदित्थं नव भेदा: सिद्धा: । तथाचाह पाणिनीये—

अन्तोदात्तमाद्युदात्तमुदात्तमनुदात्तं, नीचस्वरितम् ।
मध्योदात्तं स्वरितं द्व्युदात्तं त्र्युदात्तमिति नव पदशय्या: । १ ।

अग्नि: । सोम: । प्र । व: । वीर्यम् । हविषाम् । स्व: । बृहस्पति: । इन्द्राबृहस्पती—इत्युदाहरणानि ॥

१ अग्नि:—इत्यन्तोदात्तम्
२ सोम:—इत्याद्युदात्तम्
३ प्र—इत्युदात्तम्
४ व:—इत्यनुदात्तम्
५ वीर्यम्—इति निरुदात्तम्
६ हविषाम्—इति मध्योदात्तम्
७ स्व:—इति स्वरितम्
८ बृहस्पति:—इति द्व्युदात्तम्
९ इन्द्राबृहस्पती—इति त्र्युदात्तम्[1]

५९. कहीं-कहीं तो किसी एक अक्षर में नियमन होता है तथा उस पद के अन्य अक्षरों में विवक्षा के अनुसार यथेच्छ विकल्प हो जाता है । जैसे—'पारावत' शब्द में 'वकार' नित्य अनुदात्त है, उसके अतिरिक्त तीन वर्णों में विकल्प होता है । 'पा' यदि उदात्त होगा तो 'रा' तथा 'त' अनुदात्त होंगे, 'रा' यदि उदात्त होगा तो 'पा' तथा 'त' अनुदात्त होंगे । 'तकार' यदि उदात्त होगा तब 'पारा' ये दोनों अनुदात्त होंगे । यह नियत विवक्षित विधि के उदाहरण हैं ॥ ६ ॥

इस प्रकार "तवै" प्रत्ययान्त आदि कुछ पदों को छोड़कर अन्य किसी अखण्ड एक

1 पाणिनीय शिक्षा, श्लोक, ४५-४७

पद में दो अक्षर एक साथ उदात्त नहीं बोले जाते। इसीलिए 'कोलाहल' शब्द में भी यदि 'को' अक्षर उदात्त है तो, 'लाहल' अनुदात्त रहेंगे, यदि 'ला' उदात्त है 'को' 'ह', 'ला' अनुदात्त होंगे। जो यह कहते हैं कि 'कोलाहल' 'कोला' ये दोनों साथ-साथ उदात्त हैं वह उनका एकदेशीय मत है। सखण्ड पद में तो दो उदात्त तथा तीन उदात्त अभीष्ट हैं। इस प्रकार निश्चित पदों में जितने स्वर हैं उनमें विशेषता के अनुरोध से पद को नौ प्रकार से समझा जाता है।

जैसे कि—एक अक्षर वाले पद तीन प्रकार के होते हैं—सर्वोदात्त, सर्वानुदात्त, तथा सर्वस्वरित। अनेक अक्षरों वाले पद पाँच प्रकार के होते हैं—आद्युदात्त, मध्योदात्त, अन्तोदात्त, दो उदात्त वाले तथा बिना उदात्त स्वरवाले। अब पद से युक्त पद दो प्रकार के हैं, दो उदात्त स्वर वाले तथा तीन उदात्त स्वर वाले। इस प्रकार ये नौ भेद सिद्ध होते हैं। पाणिनीय शिक्षा में कहा गया है कि—

"अन्तोदात्त, आद्युदात्त, उदात्त, अनुदात्त, नीचस्वरित, मध्योदात्त, स्वरित, दो उदात्त वाले तीन उदात्तवाले, यह नौ प्रकार की पदों की शय्या है"—इनके उदाहरण क्रमशः हैं, 'अग्निः' सोमः, 'प्र' 'व' 'वीर्यम्' 'हविषाम्', 'स्वः' 'बृहस्पतिः' इन्द्राबृहस्पती।

१. 'अग्निः' यह अन्तोदात्त पद है। २. 'सोमः', यह आद्युदात्त है।
३. 'प्र' यह उदात्त है। ४. 'वः' यह अनुदात्त है।
५. 'वीर्यम्'—यह निरुदात्त है। ६. 'हविषाम्'—यह मध्योदात्त है।
७. 'स्वः' यह स्वरित है। ८. 'बृहस्पतिः' यह दो उदात्त वाला है।
९. 'इन्द्राबृहस्पती' यह तीन उदात्तवाला है।

६०. परे त्वेकादश पदभक्तीर्व्याचक्षते—आदिस्वरितं, मध्यस्वरितं, अन्त्यस्वरितं, सर्वस्वरितं चेति चत्वारो भेदाः। आद्युदात्तम्, मध्योदात्तम्, अन्तोदात्तम् सर्वोदात्तं चेति चत्वारो भेदाः द्व्युदात्तं, त्र्युदात्तं सर्वानुदात्तं चेति त्रयो भेदाः। तदित्थमेकादश। यथा

१ व्युप्तकेशाय—इत्यादिस्वरितम्।
२ मनुष्याणां, स्वर्ग्याय—इतिमध्यस्वरितम्।
३ वैष्णव्यौ, धान्यम्—इत्यन्तस्वरितम्।
४ स्वः—इति सर्वस्वरितम्।
५ अश्वः; स्वाहाः—इत्याद्युदात्तम्।
६ त्रिताय, द्विताय—इति मध्योदात्तम्।

७ इषे, ऊर्जे --इत्यन्तोदात्तम् ।

८ प्र, तद्—इति सर्वोदात्तमेकाक्षरम् ।

८ लाजी३न्, शाची३न् —इति सर्वोदात्तमेकाक्षरम् ।

९ तनूनप्त्रे, एतवै—इतिद्व्युदात्तम् ।

१० इन्द्राबृहस्पती—इति त्र्युदात्तम् ।

११ विवेशा ३—इति सर्वानुदात्ताम् ।

अत्रादिस्वरितमध्यस्वरितान्त्यस्वरितानां नीचस्वरितेऽन्तर्भाव इति न पाणिनितो विरोधः ।। अथ कस्य पदस्याद्युदात्तत्वं मध्योदात्तत्वमन्तोदात्तत्वं वेत्यादिकं तूपरिष्टात् पदनिघण्टुनिरूपणे विस्तरतः प्रदर्शयिष्यामः ।

इति पदनैसर्गिकस्वरप्रस्तावः ।।

६०. अन्य लोग तो ग्यारह पदभक्तियां बतलाते हैं । उनके अनुसार—

"आदिस्वरित, मध्यस्वरित, अन्त्यस्वरित, सर्वस्वरित ये चार भेद हैं, आद्युदात्त, मध्योदात्त, अन्तोदात्त, तथा सर्वोदात्त ये उदात्त के चार भेद हैं, दो उदात्तवाला, तीन उदात्तवाला, तथा सर्वोदात्त ये तीन भेद हैं । ये मिलाकर ग्यारह भेद हैं ।" क्रमशः उदाहरण हैं ।

१. व्युप्त 'केशाय'—यह आदि में स्वरित है ।

२. 'मनुष्याणां', स्वर्ग्याय'— यह मध्य स्वरित है ।

३. 'वैष्णव्यौ', 'धान्यम्'—यह अन्त्य स्वरित है ।

४. 'स्व'—यह सर्वस्वरित है ।

५. 'अश्वः' 'स्वाहा'—यह आद्युदात्त है ।

६. 'त्रिताय' 'द्विताय'—यह मध्योदात्त है ।

७. 'इषे' 'ऊर्जे'—यह अन्तोदात्त है ।

८. 'प्र' तद्—यह एकाक्षर सर्वोदात्त है ।

८. 'लाजी ३न्' 'शाची ३ न्'—यह सर्वोदात्त एकाक्षर है ।

९. 'तन्' 'नप्त्रे' एतवै'—यह दो उदात्तवाला है ।

१०. 'इन्द्रा बृहस्पती'—यह तीन उदात्तवाला है ।

११. 'विवेशा ३'—यह सर्वानुदात्त है ।

यहाँ आदिस्वरित, मध्यस्वरित तथा अन्त्यस्वरित का नीचस्वरित में अन्तर्भाव

होने से पाणिनि से विरोध नहीं होता। किस पद का आदि, मध्य तथा अन्त में उदात्त स्वर होता है इसका निरूपण पदनिघण्टुनिरूपण में विस्तार से करेंगे। यह, पद के नैसर्गिक स्वर का प्रस्ताव हुआ।

६१. अथ वाक्यपदानां प्रयोगधर्माः स्वरनियमाः प्रदर्श्यन्ते। स्वरसतस्तावत् सर्वमेव पदजातमनुदात्ताक्षरकं प्राप्तम्। उदात्तस्वरितयोः प्रयत्नविशेषसाहाय्येन स्वरूपलाभात् तदभावे वर्णोच्चारणप्रयत्नमात्रेण सिद्धस्वरूपस्य सहजस्वरस्यैवानुदात्तत्वात्॥ तस्य प्रयोगकाले तावदेकमेव किञ्चिदक्षरमक्षरतो वा पदतो वा वेदतो वा अर्थतो वा समासादिनियमतो वा विवक्षातो वा प्रयत्नविशेषलाभादुदात्तीकृत्य वा स्वरितीकृत्य वा प्रयुज्यते विरलमेव तु तादृशं पदमुपलभ्यते यत्राक्षरद्वयं युगपदुदात्तं कृत्वा प्रयुज्यते। यथा एतवै, कर्तवै, हर्तवै—इत्यादि। एवंविधेष्वाद्यन्तावुदात्तौ। विरलान्येव तु कानिचित् पदानि तादृशान्यपि सन्ति यत्रैकमप्यक्षरं नोदात्तं क्रियते न वा स्वरितम्। यथा त्वा मा चासीत्यादीनि। तद्भिन्नानां तु सर्वेषां पदानामाद्यक्षरं वा मध्यमं वान्त्याक्षरं वा किञ्चिदेकं नियमेनास्त्युदात्तं स्यात्, अस्ति वा स्वरितं स्यात्। तत्र सत्युदात्ते स्वरिते वा तदनुरोधेन तत्सन्निहितेष्वप्यक्षरेषु स्वरसतोऽनुदात्तेषु स्वरतः केचिद्विकारा जायन्ते यथा हि वर्णेषु—रामाणां माषाणां प्रयोगेण विषमेणेत्यादिषु रेफषकारसन्निकर्षनिबन्धनं नस्य णत्वमादिश्यते तथैव निर्विशेष स्वरेष्वप्यनुदात्तस्योदात्ताव्यवहितपूर्वकत्वनिबन्धनं स्वरितत्वं, स्वरितपूर्वकत्वनिबन्धनं तु प्रचितत्वं विधीयते। अव्यवहितोदात्तस्वरितान्यतरपरकत्वनिबन्धनं तु सन्नतरत्वं भवति। यत्र तु क्वचिदक्षरे पूर्वस्वरितादुत्तरत्वात् प्रचितत्वं प्राप्तम्—अथोदात्ताद्वा स्वरिताद्वाऽनन्तरपूर्वत्वात् तस्यैव सन्नतरत्वं प्राप्तम्। तत्र सन्नतरत्वमेव जायते न प्रचितत्वम्। अथोदात्तादुत्तरत्वात् स्वरितत्वे, उदात्तस्वरितपरकत्वाद्वा सन्नतरत्वे च प्राप्ते न स्वरितत्वं न वा सन्नतरत्वं जायते किन्तु स्वारसिकं तत्रानुदात्तत्वमेवावतिष्ठते। गार्ग्यकाश्यपगालवानां तूच्चारणसम्प्रदाये तत्रापि स्वरितमेव व्याह्रियते नानुदात्तम्। सर्वं चैतदुक्तम् भगवता पाणिनिना।

१ अनुदात्तं पदमेकवर्जम्। ६। १। १५८

२ उदात्तादनुदात्तस्य स्वरितः। ८। ४। ३६

३ नोदात्तस्वरितोदयमगार्ग्यकाश्यपगालवानाम्। ८। ४। ६७

४ स्वरितात्संहितायामनुदात्तानामेकश्रुतिः। १। २। ३९।

५ उदात्तस्वरितपरस्य सन्नतरः। १। २। ४०

६ अनुदात्तं सर्वमपादादौ ८। १। १८

७ अन्तश्च तवै युगपत्। ६। १। २००

६१. अब वाक्य और पदों के प्रयोगधर्म तथा स्वर के नियम कहे जाते हैं। प्राकृतिक रूप से तो सारे ही पदों के अक्षर अनुदात्त के रूप में प्राप्त होते हैं। उदात्त और स्वरित का रूप तो विशेष प्रयत्न की सहायता से ही बनता है, उसके अभाव में तो केवल वर्ण के उच्चारण के प्रयत्न मात्र से निष्पन्न स्वरूपवाला जो सहज स्वर है वह अनुदात्त कहलाता है। उसके प्रयोग के समय कोई एक अक्षर किसी अक्षर के कारण, पद के कारण, वेद के कारण, अर्थ के कारण, समासादि नियम के कारण, या विवक्षा के कारण विशेष प्रयत्न का लाभ प्राप्त कर उदात्त या स्वरित बनाकर प्रयुक्त होता है। ऐसे पद तो विरल ही हैं जहाँ दो अक्षर एक साथ उदात्त स्वर से प्रयुक्त होते हैं, ऐसे पद हैं—'एतवै' 'कर्तवै' हर्तवै, आदि। इन पदों के आदि तथा अन्त में उदात्त होता है, ऐसे पद भी विरल ही मिलते हैं, जहाँ एक अक्षर भी न उदात्त बोला जाता है न स्वरित जैसे—त्वा, मा, चासी इत्यादि। इससे भिन्न सभी पदों के आदि, मध्य या अन्त के अक्षरों में से कोई एक नियम से उदात्त या स्वरित होते हैं। इस प्रकार उदात्त या स्वरित होने पर उसके अनुरोध से उसके समीपस्थ अक्षरों में भी जो प्रकृति से अनुदात्त या स्वरित होते हैं, स्वर के कारण कुछ विकार आ जाते हैं। जैसे कि वर्णों में 'रामाणाम्' 'माषाणाम्' 'प्रयोगेण' 'विषमेण' इत्यादि शब्दों में रेफ तथा षकार की समीपस्थता के कारण नकार को णकार आदेश होता है, वैसे ही समान रूप से स्वरों में भी अनुदात्त के उदात्त से अव्यवहित पूर्व होने के कारण स्वरित हो जाना, तथा स्वरित पूर्व में होने के कारण प्रचितत्व या प्रचय स्वर हो जाता है। सन्नतर स्वर वह है जहाँ उदात्त और स्वरित में से कोई स्वरित बिना व्यवधान के आये। जहाँ किसी अक्षर में पूर्वस्वरित के उत्तर में होने के कारण प्रचित स्वर की प्राप्ति होती है तथा उदात्त या स्वरित के अनन्तर पूर्व में होने के कारण यदि उसी को सन्नतर स्वर प्राप्त हो तो वहाँ सन्नतर स्वर ही होता है प्रचित नहीं।

जब उदात्त स्वर से आगे होने के कारण स्वरित स्वर हो गया हो अथवा उदात्त और स्वरितपरक होने से सन्नतर स्वर की प्राप्ति होती है, तब वहाँ न तो स्वरित ही होता है और न सन्नतर स्वर ही होता है किन्तु वहाँ प्रकृतिसिद्ध अनुदात्तत्व ही रहता है। गार्ग्य, काश्यप, गालव आदि आचार्यों के उच्चारणसम्प्रदाय में तो वहाँ भी स्वरित का ही उच्चारण होता है अनुदात्त का नहीं। यह सारा विषय भगवान् पाणिनि ने निम्न सूत्रों में व्यक्त कर दिया है।

१. पद में एक को छोड़कर शेष अनुदात्त होते हैं।—६/१/१५८

२. उदात्त के अनन्तर अनुदात्त को स्वरित होता है।—८/४/३६

३. गार्ग्य, काश्यप, गालव से भिन्न मत में उदात्त और स्वरित का उदय नहीं होता। ८/४/६७

४. स्वरित से सन्धि होने पर अनुदात्त का एक-सा श्रवण होता है।—१/२/३९

५. उदात्त और स्वरित से परे सन्नतर स्वर होता है । १/२/४०

६. पदादि से भिन्न में सभी अनुदात्त होते हैं । ८/१/१८

७. अन्त में 'तवै' तथा युगपद आदि उदात्त होते हैं । ६/१/२००

६२. तथा चैते पञ्च नियमा निष्कृष्यात्र द्रष्टव्याः—

१. उदात्तात् पुरतोऽनन्तरमक्षरं स्वरिताय कल्पते तच्चेदक्षरमुदात्तं न स्याद्—इति प्रथमः पुरतो नियमः ।। १ ।।

२. तदेव त्वक्षरं यद्यन्योदात्तात् स्वरिताद्वा पृष्ठतोऽनन्तरं स्यात् तदानुदात्तमेवावतिष्ठते न स्वरिताय कल्पते । इति द्वितीयः पृष्ठतो नियमः ।। २ ।।

३. स्वरितात् पुरतोऽनन्तरमन्तरितं चाक्षरमविशेषेण प्रचिताय कल्पते, तच्चेदक्षरमुदातं स्वरितं वा न स्यात्—इति तृतीयः पुरतो नियमः ।। ३ ।।

४. तदेव त्वक्षरं यद्युदात्तात् स्वरिताद्वा पृष्ठतोऽनन्तरं स्यात् तदा सन्नतरं भवति न प्रचिताय कल्पते—इति चतुर्थः पृष्ठतो नियमः ।। ४ ।।

५. उदात्तात् स्वरिताद्वा पुरतोऽक्षराभावे पुरतो नियमाप्रवृत्तिः पृष्ठतोऽक्षराभावे च पृष्ठतो नियमाप्रवृत्तिः ।। पदाक्षरे चोदात्ताभावे उदात्तनियमाप्रवृतिः, स्वरिताभावे स्वरितनियमाप्रवृतिः ।। इति पञ्चमोऽप्रवृत्तिनियमः ।। ५ ।।

६२. निष्कर्ष के रूप में यहाँ ये पाँच नियम देखे जा सकते हैं ।

१. उदात्त के आगे अनन्तर आने वाला अक्षर स्वरित हो जाता है यह अक्षर उदात्त न हो तो—यह प्रथम नियम है ।

२. वही अक्षर यदि अन्य उदात्त या स्वरित से पीछे अनन्तर हो तब वह अनुदात्त ही रह जाता है, तब वह स्वरित नहीं होता—यह द्वितीय नियम है ।

३. स्वरित के आगे या अन्तरित होकर आनेवाला अक्षर प्रचित हो जाता है, यह अक्षर उदात्त या स्वरित नहीं होगा—यह तृतीय नियम है ।

४. वही अक्षर यदि उदात्त या स्वरित के पीछे निरन्तर भाव से आये तब वह सन्नतर होता है वह प्रचित नहीं होता—यह चौथा नियम है ।

५. उदात्त या स्वरित के आगे अक्षर के अभाव होने पर जो पुरतः नियम है उनकी प्रवृत्ति नहीं होगी, तथा पीछे अक्षर के अभाव होने पर पृष्ठतः नियम की प्रवृत्ति नहीं होगी । पद के अक्षर में यदि उदात्त का अभाव होगा तो उदात्त के नियम की प्रवृत्ति

नहीं होगी, स्वरित के अभाव में स्वरित के नियम की प्रवृत्ति नहीं होगी—यह पाँचवाँ नियम है ।

६३. प्रचितं, प्रचयः, उदात्तमयः, एकश्रुतिरित्येकार्थाः । सन्नतरमनुदात्ततरं निहतं निघातो न्यक्कृतमतिनीचमतिनीचैःकृतमित्येकार्थाः । अनुदात्तं न्यग्भूतं सन्नमिति चैकार्थाः ।।

वर्णोपरि किञ्चिद्वक्रोन्नतरेखोदात्तचिह्नम् । सरलोन्नतरेखा स्वरितम् । विन्दुना लक्षितस्य वर्णस्योपरिष्टात् पतिता रेखा प्रचितम्, तस्याधस्तात् पतिता रेखाऽनुदात्तम् । तद्वैगुण्ये सन्नतरः । इदानीन्तनानां याज्ञिकवैदिकानां लेखसम्प्रदाये तूदात्तचिह्नं प्रचितचिह्नं च न क्रियते । स्वरितचिह्नमात्रेण तदुभयज्ञानसिद्धेः । तथाहि स्वरितात्पुरःस्थं चिह्नशून्यमक्षरं प्रचितं, पृष्ठस्थं तु चिह्नशून्यमक्षरमुदात्तमिति सङ्केतादर्थसिद्धिः । सन्नतरानुदात्तयोश्च विशेषो न क्रियते केवलस्यानुदात्तस्य प्रायेण प्रयोगानुपलम्भात् यथा—

'राजादनफलं सुगन्धितेजनम्'

इति पदद्वये सहप्रयुक्ते दकारजकारयोरुपरितनी दण्डाकारा रेखा तयोः स्वरितत्वं विज्ञापयति । तेन तत्पुरःस्थानि 'न फलं सुगं नम्' इत्येतानि षडक्षराणि चिह्नशून्यानि प्रचितानि । तत्पृष्ठस्थं तु चिह्नशून्यं 'जा–ते' इत्यक्षरद्वयमुदात्तम् । अधोरेखालक्षितञ्च 'रा धि' इत्यक्षरद्वयं निहतमित्येवं विज्ञायते । इह तु सर्वाण्येवाक्षराणि रेखाचिह्नितान्येव कृत्वा स्वराः प्रदर्श्यन्ते इति विशेषः ।।

६३. प्रचित, प्रचय, उदात्तमय, एकश्रुति इन शब्दों का एक ही अर्थ है, इसी प्रकार सन्नतर, अनुदात्ततर, निहत, निधान, न्यक्कृत, अतिनीच, अतिनीचैःकृत इन शब्दों का एक ही अर्थ है । पुनश्च अनुदात्त, न्यग्भूत, सन्नतर इन शब्दों का भी एक ही अर्थ है ।

वर्णों के ऊपर लिखी हुई कुछ टेढ़ी, ऊँची रेखा उदात्त स्वर का चिह्न है, सीधी ऊँची रेखा स्वरित का चिह्न है । बिन्दु से लक्षित वर्ण के ऊपर गिरी हुई रेखा प्रचित का चिह्न है । उसके नीचे गिरी हुई रेखा अनुदात्त का चिह्न है । उसी के द्विगुणित कर दिए जाने पर वह सन्नतर का चिह्न होता है । इस काल के याज्ञिक वैदिकों के लेखनसम्प्रदाय में तो उदात्त और प्रचित के चिह्न नहीं बनाये जाते, केवल स्वरित का चिह्न बनाकर उदात्त और प्रचित का ज्ञान प्राप्त कर लिया जाता है । वह इस प्रकार होता है कि स्वरित के आगे शून्य अक्षर प्रचित होता है, स्वरित के पीछे का चिन्ह शून्य अक्षर उदात्त होता है इस सकेत के स्वरों की पहिचान की अभीष्ट सिद्धि हो जाती है । सन्नतर और अनुदात्त के चिह्नों में विशेषता नहीं लाई जाती क्योंकि केवल अनुदात्त का प्रायः प्रयोग नहीं मिलता, जैसे—

"राजादन फलं सुगन्धितेजनम्"

इन दो पदों के साथ-साथ प्रयुक्त होने पर दकार और जकार के ऊपर वाली दण्ड के आकार की रेखा उसके स्वरित होने की सूचना देती है। इससे उसके आगे "न फलं सुगं नम्" ये छः अक्षरचिह्नशून्य हैं अतः प्रचित हैं। उसके पृष्ठ में स्थित चिह्न से शून्य 'जा' तथा 'ते' ये दोनों अक्षर उदात्त हैं। नीचे की ओर गिरी हुई रेखा से चिह्नित 'रा' तथा 'धि' ये दो अक्षर निहत समझे जाते हैं। यहाँ तो विशेषता यह होती है कि सभी अक्षरों को रेखाओं से चिह्नित करके ही स्वर दिखाए जाते हैं।

६४. तदित्थं सति सम्भवे असति प्रतिबन्धके सन्नतरोदात्तस्वरितप्रचिता इत्येवं स्वरसंघरूपेणावस्थानमुदात्तस्य निसर्गः। सन्नतरस्वरितप्रचिता इत्येवं तु स्वरितस्य। अथासम्भवे प्रतिबन्धकसत्वेऽपि वा यथोपपादमेव। तथाहि—

एकाक्षरं पदं तावत् त्रेधा-उदात्तं स्वरितमनुदात्तं चेति। 'ओं, तत्' इत्यादीनि सर्वोदात्तानि। 'स्वः, न्यङ्' इति सर्वस्वरिते द्वे। त्वः। वा। ह। स्म। ईम्। स्वित्। घ। चित्। उ। कम्। इत्येते निपाताः। त्वा, मा, ते, मे, वां, नौ, वः नः, इति नामानि चानुदात्तानि॥

तस्यैकैकमात्रस्य प्रयोगे नास्ति विकारः, पुरतः पृष्ठतो वाक्षराभावात्। अनुदात्तमात्रे विकारनिमित्तासन्निधानाच्च।

द्व्यक्षरं तु पदं नवधा प्राप्तम्, त्रयाणामपि पूर्वेषामन्तोदात्तत्वान्तस्वरितत्वान्तानुदात्तत्वभेदैस्त्रैविध्यात्। तत्रादिस्वरितास्त्रयो भेदा न सन्ति, प्रयोगानुपलम्भात्। अवशिष्टेषु द्व्युदात्ते द्व्यनुदात्ते च नास्ति विकारोऽसम्भवात्। लाजीइन् शाचीइन्—इति द्व्युदात्तौ। अरे, समे, मर्याः, असि— इति सर्वानुदात्ताः। एकोदात्ते तु द्व्यक्षरे तावदाद्युदात्त नियमेनान्तस्वरितं, भवति। अन्तोदात्तन्तु सन्नपूर्वम्। सोमः, स्वाहा। अग्निः गेहम्। आद्युदात्ते सन्नप्रचितौ, अन्तोदात्ते स्वरितप्रचितौ न स्तः, असम्भवात्। एवमुत्तरत्रापि यथायथमसम्भवादविधिर्द्रष्टव्यः। कन्या, धान्यमित्यन्तस्वरितः, तत्र पूर्वः सन्नतरो जायते।

६४. इस प्रकार सम्भव होने पर तथा प्रतिबन्धक का अभाव होने पर सन्नतर, उदात्त, स्वरित, प्रचित इस स्वरों के संघ रूप से अवस्थित रहना उदात्त की प्रकृति है। सन्नतर, स्वरित और प्रचित का साथ रहना स्वरित की प्रकृति है। यथासम्भव यदि प्रतिबन्धक भी आ जाये तो भी यह स्थिति रहती है। उदाहरणार्थ--

एकाक्षर पद तीन प्रकार का होता है उदात्त, स्वरित तथा अनुदात्त। 'ओं', 'तत्', इत्यादि पद सर्वोदात्त हैं। 'स्वः', 'न्यङ्', ये दोनों सर्वस्वरित हैं। 'त्वः', 'वा', 'ह', 'स्म',

'ईम्', 'स्त्रित्', 'उ', 'घु', 'चित्', 'कम्', ये निपात तथा त्वा, मा, ते, मे, वां, नौ, वः, नः, ये नाम अनुदात्त हैं।

इनमें से जब एक-एक का प्रयोग होता है तब विकार नहीं होता क्योंकि उसके पहले और बाद में अक्षर नहीं होते, केवल अनुदात्त होने पर विकार का निमित्त नहीं रहता।

दो अक्षरों वाले पद नौ प्रकार के प्राप्त होते हैं। पूर्वोक्त तीनों के अन्तोदात्तत्वान्त, स्वरितत्वान्त और अनुदात्तत्व भेद से त्रिगुणित हो जाने से नौ भेद हो जाते हैं। वहाँ आदि स्वरित के तीन भेद प्रयोग न मिलने से नहीं गिने जाते। अवशिष्टों में दो उदात्त वाले तथा दो अनुदात्त वालों में असम्भव होने से विकार नहीं होता। लाजीइन्, शाचीइन्, ये दो उदात्त वाले हैं। अरे, समे, मर्याः, असि, ये सर्वानुदात्त हैं। जब दो अक्षर वाले पदों में एक उदात्त होता है तब आदि में उदात्तवाला नियम से अन्त में स्वरित युक्त होता है, अन्तोदात्त वाला पूर्व में सन्न स्वर वाला होता है, उदाहरण है सोमः, स्वाहा, अग्निः, गेहम् आदि उदात्त पद में सन्न, प्रचित तथा अन्तोदात्त में असम्भव होने से स्वरित और प्रचित नहीं होते। इसी प्रकार अन्य स्थलों पर प्रयोगानुसार असम्भव होने की विधि समझी जानी चाहिए। कन्या, धान्यम्, ये अन्तस्वरित पद हैं, इनमें पूर्व का अक्षर सन्नतर होता है।

६५. त्र्यक्षरं पदं सप्तविंशतिधा—नवानामपि पूर्वेषां द्व्यक्षराणामन्तोदात्तत्वादिभिः प्रत्येकं त्रैविध्यात्। तत्राद्युदात्तेषु नीचोच्चान्तं नीचद्वयान्तं च भेदं वर्जयित्वाऽन्ये भेदा न सन्ति। तत्रापि स नीचद्वयान्तो भेदः प्रयोगे स्वरितप्रचितान्तरूपेण परिणमते। एतवै, कर्तवै, हर्तवै,—उदात्तसन्नोदात्ताः। उदात्तादुत्तरत्वाद् द्वितीयाक्षरे स्वरितत्वं प्राप्तमपि न जायते। उदात्तात्पूर्वत्वेनानुदात्ततायाएवावस्थानात्। केकयः श्यापाकः—अत्र क्रमेणोदात्तस्वरितप्रचिताः। एवमादिस्वरितेष्वपि नीचद्वयान्तं वर्जयित्वा अन्ये भेदा न सन्ति। स च प्रयोगे प्रचित द्वयान्तरूपेण परिणमते। व्यल्कशः—स्वरितप्रचितप्रचिताः। अथाद्यनुदात्तेषु—उच्चनीचान्तो, नीचोच्चान्तो स्वरितनीचान्तो, नीचस्वरितान्तो नीचद्वयान्तश्चेति पञ्चैव भेदाः, ततोऽन्ये न सन्ति। तत्राप्याद्यस्तावत् सन्नतरोच्चस्वरितरूपेण, द्वितीयः सन्नसन्नतरोच्चरूपेण, तृतीयः सन्नतरस्वरितप्रचितरूपेण, चतुर्थस्तु सन्नसन्नतरस्वरितरूपेण परिणम्य प्रयुज्यते। ललाटम्, मकर,ः—इति मध्योच्चम्। सप्ततिः, अशीतिरिति अन्तोच्चम् स्वर्ग्याय मध्यस्वरितः। राजन्योऽन्तस्वरितः विवेश ३, गिर्वणः—इति सर्वानुदात्ते त्र्यक्षरे पदे। अथ चतुरक्षरं पदमेकाशीतिविधम्। तत्राप्येवं केचिदेव भेदाः प्रयोगे नेयाः। कोलाहलः—उदात्त—स्वरित—प्रचित—प्रचिताः स्वरक्रमः। शतपुष्पा—सन्नतरोदात्तस्वरितप्रचिताः। शिशुमारः-नीचसन्नतरोदात्तस्वरिताः। चत्वारिंशत्–निहतद्वयसन्नतरोदात्ताः। एवं पञ्चाक्षरादिष्वपि यथायथं स्वरक्रमा ऊह्याः। एषु प्रयुक्ताप्रयुक्तयोर्विवेकाय स्वरविकारज्ञानाय चैकाक्षरद्व्यक्षरत्र्यक्षराणां सर्वे भेदाः प्रस्तारेण प्रदर्श्यन्ते।

एकाक्षरजातयः	द्व्यक्षरजातयः	त्र्यक्षरजातयः		
उदात्तः—ऽ	ऽऽ	ऽऽऽ	।ऽऽ	ऽऽ—
स्वरितः—।	।ऽ	।ऽऽ	।ऽ।	।ऽ—
निहतः —	—ऽ	—ऽऽ	—ऽ।	—ऽ—
	ऽ।	ऽ।ऽ	ऽ।।	ऽ।—
	।।	।।ऽ	।।।	।।—
	—।	—।ऽ	—।।	—।—
	ऽ—	ऽ—ऽ	ऽ—।	ऽ— —
	।—	।—ऽ	।—।	।— —
	— —	— —ऽ	— —।	— — —

एवं चतुरक्षरपञ्चाक्षरादीनामपि पूर्वपूर्वत्रैगुण्येन साधिताः प्रस्तारा द्रष्टव्याः। तथा च सर्वोदात्तम्, आद्युदात्तम्, मध्योदात्तम्, अन्तोदात्तम्, द्व्युदात्तं चेति पञ्चोदात्तवत्पदजातयः। सर्वस्वरितं नीचस्वरितं चेति द्वौ स्वरितवद्भेदौ। सर्वानुदात्तं चेत्येको भेदः। इतीत्थमखण्डैकपदे संहृत्याष्टौ पदजातयः सिद्धाः।

इत्यखण्डैकपदे स्वरविचारः।

६५. तीन अक्षरों वाले पद सत्ताईस प्रकार के होते हैं। पूर्व में बतलाए गये दो अक्षरों वाले पदों के जो नौ भेद हैं उनको अन्तोदात्तत्व आदि से त्रिगुणित करने पर उपर्युक्त भेद बनते हैं। इनमें आद्युदात्त पदों में नीचान्त तथा उच्चान्त, तथा दो नीच स्वरों के भेदों को छोड़कर अन्य भेद नहीं होते। इनमें भी दो नीच स्वरों वाला भेद प्रयोग में स्वरित प्रचितान्त रूप में परिणत हो जाता है। एतवै, हर्तवै, कर्तवै ये पद उदात्त, सन्न-उदात्त स्वरयुक्त हैं। उदात्त स्वर के आगे होने से द्वितीय अक्षर में प्राप्त होने पर भी स्वरितत्व नहीं होता क्योंकि उदात्त के पूर्व में अनुदात्त ही रहता है। 'केकयः' 'श्यामाकः' इन पदों में क्रमशः उदात्त, स्वरित, प्रचित स्वर हैं। इस प्रकार के स्वरित स्थलों में भी दो नीच स्वरों को छोड़कर अन्य भेद नहीं होते। प्रयोग में वे अन्त में दो प्रचित स्वरों के रूप में परिणत हो जाते हैं। 'व्यल्कशः' यहाँ स्वरित प्रचित प्रचित स्वर हैं। आदि में अनुदात्त पदों में अन्त में उच्च, नीच स्वर होना, नीच उच्च स्वर होना, स्वरित नीच स्वर होना, नीच स्वरित होना, तथा दो नीच स्वर होना ये पाँच ही भेद होते हैं इसके अतिरिक्त भेद नहीं होते। उनमें भी प्रथम सन्नतर उच्च स्वरित रूप से, दूसरा सन्न सन्नतर उच्च रूप से, तीसरा सन्नतर स्वरित प्रचित रूप से, चौथा सन्न सन्नतर स्वरित रूप से परिणत होकर प्रयोग में आता है। 'ललाटम्, मकरः' यहाँ मध्योच्च स्वर है। 'सप्ततिः' 'अशीतिः', यहाँ अन्तोच्च स्वर है 'स्वर्ग्याय' यहाँ मध्य स्वरित है। 'राजन्यः' में अन्तस्वरित है। 'विवेश३' 'गिर्वणः' ये दोनों तीन अक्षरों वाले सर्वानुदात्त पद हैं। अब चार अक्षरों वाले पदों के स्वर विचार में उनकी संख्या इक्यासी भेदों में पूर्ण होती है। परन्तु उनमें भी प्रयोग में कुछ ही भेद आते हैं। 'कोलाहल' पद में स्वर का क्रम उदात्त-स्वरित-प्रचित-पुनः प्रचित इस प्रकार है।

'शतपुष्पाः' पद में सन्नतर, उदात्त, स्वरित और प्रचित स्वर हैं। 'शिशुमार' पद में नीच, सन्नतर, उदात्त और स्वरित स्वर हैं। 'चत्वारिंशत्' पद में दो निहत स्वर आगे सन्नतर और उदात्त स्वर हैं। इसी प्रकार पाँच अक्षरों वाले पदों में तथा उससे अधिक अक्षरों वाले पदों में स्वरक्रम यथायथ रूप से समझे जाने चाहिए।

इनमें प्रयुक्त तथा अप्रयुक्त के विवेक के लिए तथा स्वर के विकारों के ज्ञान के लिए एकाक्षर दो अक्षरों वाले तथा तीन अक्षरों वाले पदों के समस्त भेद प्रस्तार क्रम से दिखाए जा रहे हैं।

एकाक्षर जातियां	दो अक्षरों वाली जातियां	तीन अक्षर वाली जातियां		
उदात्त— ऽ	ऽऽ	ऽऽऽ	।ऽऽ	ऽऽ-
	।ऽ	।ऽऽ	।ऽ।	।ऽ-
स्वरित- ।	-ऽ	-ऽऽ	-ऽ।	-ऽ-
	ऽ।	ऽ।ऽ	ऽ।।	ऽ।
निहत - -	।।	।।ऽ	।।।	।।-
	-।	-।ऽ	-।।	-।-
	ऽ-	ऽ-ऽ	ऽ-।	ऽ--
	।-	।-ऽ	।-।	।--
	--	--ऽ	--।	---

इसी प्रकार पाँच अक्षरों वाले तथा उससे अधिक पदों के पूर्व-पूर्व से त्रिगुणित करके सिद्ध किए प्रस्तार समझे जा सकते हैं। उदाहरणार्थ उदात्त पदों की जातियाँ सर्वोदात्त, आद्युदात्त, मध्योदात्त, अन्तोदात्त, दो उदात्त वाले ये पाँच हैं। स्वरित के दो भेद हैं सर्वस्वरित तथा नीचस्वरित-सर्वानुदात्त यह एक ही भेद है। इस प्रकार अखण्ड पद में संकलन करके आठ पद जातियाँ सिद्ध होती हैं। यह अखण्ड पद में स्वर का विचार हुआ।

६६. पदं त्रेधा–अखण्डैकपदम्, समस्तपदम्, सद्वितीयपदञ्चेति। तत्राखण्डपदे पदान्तरेणासंहिते स्वरविकारः प्रदर्शितः, अथेदानीं समस्तपदे प्रदर्श्यते। समस्तपदं सखण्डपदं सावग्रहपदमित्येकार्थाः। तत्राखण्डानेकपदसमासेन सावग्रहमेकं पदं सम्पद्यत इत्यतस्तयोः पदयोः पूर्वोक्तनियमसिद्धस्वरयोरपि सामासिकनियमवशादस्मिन् समस्तपदे स्वरवैलक्षण्यं जायते। ते चेते सामासिकाः स्वरनियमा वृत्तिव्याकरणे प्रदर्शयिष्यन्ते। सर्वे च भेदाः स्वरकृताः प्राग्वदिहापि जायन्ते। किन्तु द्व्युदात्तवत् त्र्युदात्तभेदोऽपीहोपलभ्यते—इति विशेषः। यथा—बृहस्पतिः, वनस्पतिः, नराशंसः, तनूनप्त्रे, तनूनपात्, नक्तोषासा, उषासानक्ता, द्यावापृथिवी, द्यावाक्षामा क्रतूदक्षाभ्याम्, अन्वेतवै इत्येतानि पदानि देवताद्वन्द्वानि चामन्त्रित-

भिन्नानि द्विरुदात्तानि भवन्ति। बृहस्पतिरित्युदात्तसन्नतरोदात्तस्वरिताः। एवमन्यानि चतुरक्षराणि। तत्र द्वितीयाक्षरे उदात्तादुत्तरत्वात् स्वरितत्वं प्राप्तम् उदात्तात्पूर्वत्वात्तु सन्नतरत्वं भवति। पुरतो नियमापेक्षया पृष्ठतो नियमस्य प्राबल्यात्। 'उषासानक्ता' सन्नतरोदात्तसन्नतरोदात्तस्वरिताः। 'द्यावापृथिवी' उदात्तस्वरितप्रचितसन्नतरोदात्ताः। 'क्रतूदक्षाभ्याम्' उदात्तसन्नतरोदात्तस्वरितप्रचिताः। 'अन्वेतवै' उदात्तस्वरितसन्नतरोदात्ताः 'अग्नीषोमाभ्याम्' सन्नतरोदात्तोदात्तस्वरितप्रचिताः। 'मित्रावरुणाभ्याम्' सन्नतरोदात्तोदात्तस्वरितप्रचितप्रचिताः। एवम् 'इन्द्राबृहस्पती' 'इन्द्राबृहस्पतिभ्याम्' इत्यादीनि त्र्युदात्तानि। तत्र–उदात्तसन्नतरोदात्तसन्नतरोदात्तस्वरिताः स्वरक्रमः। तदित्थं नवपदशय्याः पाणिन्युक्ता व्याख्याताः।

इति समस्तैकपदस्वर विचारः।

९६. पद तीन प्रकार का होता है, अखण्ड एक पद, समस्तपद तथा सद्वितीय पद। इनमें दूसरे किसी पद के बिना एक अखण्ड पद में स्वर के विचार को प्रगट किया गया। अब समस्त पद में स्वर का विचार प्रदर्शित किया जाता है। चाहे समस्त पद कहें, सखण्ड, कहें सावग्रह (अवग्रह सहित) कहें, इन शब्दों के एक ही अर्थ हैं। इनमें अखण्ड अनेक पदों का समास होने पर अवग्रह सहित एक-एक पद सम्पन्न होने के कारण समास में आए हुए पदों में भी पूर्व प्रदर्शित नियम से सिद्ध होने वाले स्वरों में विलक्षणता आती है। इन समास सम्बन्धी स्वर के नियमों का निरूपण वृत्तिव्याकरण प्रकरण में किया जाएगा। पहले के ही समान स्वर के सारे भेद यहाँ भी होते हैं। किन्तु दो उदात्त के समान तीन उदात्त वाला भेद भी यहाँ होता है यह विशेष बात है। जैसे—बृहस्पतिः, वनस्पतिः, नराशंसः, तनूनप्त्रे, तनूनपात्, नक्तोषासा, उषासानक्ता, द्यावापृथिवी, द्यावा-क्षामा, क्रतूदक्षाभ्याम्, अन्वेतवै, ये पद देवताद्वन्द्व समासयुक्त हैं। ये आमन्त्रित या सम्बोधन से भिन्न हैं, ये दो उदात्त वाले हैं। 'बृहस्पतिः' यह पद उदात्त सन्नतरोदात्त स्वरित स्वरों से युक्त हैं। इसी प्रकार चार अक्षर वाले अन्य पदों की स्थिति है। यहाँ द्वितीय अक्षर में उदात्त से आगे होने के कारण स्वरित स्वर की प्राप्ति होती है, परन्तु उदात्त से पूर्व में होने के कारण वह सन्नतर स्वर हो जाता है क्योंकि पुरतो नियम की उपेक्षा पृष्ठतो नियम प्रबल होते है। 'उषासानक्ता' यहाँ सन्नतर उदात्त तथा सन्नतरोदात्तस्वरित है। "द्यावापृथिवी में उदात्त, स्वरितप्रचित तथा सन्नतरोदात्त स्वर है।" 'क्रतूदक्षाभ्याम्' यहाँ उदात्त, सन्नतरोदात्त, स्वरित तथा प्रचित स्वर हैं, 'अन्वेतवै' पद में उदात्त, स्वरित, सन्नतरोदात्त स्वर हैं। अग्नीषोमाभ्याम्' पद में सन्नतरोदात्त, उदात्त, स्वरित, प्रचित स्वर हैं। 'मित्रावरुणाभ्याम्' इस पद में सन्नतरोदात्त उदात्त, स्वरित, प्रचित तथा पुनः प्रचित स्वर है। इसी प्रकार 'इन्द्राबृहस्पती' 'इन्द्राबृहस्पतिभ्याम्' इत्यादि पद तीन उदात्त स्वर वाले हैं। वहाँ स्वरों का क्रम उदात्त, सन्नतरोदात्त, सन्नतरोदात्त स्वरित इस प्रकार हैं। यह नौ प्रकार की पदों की शय्या पाणिनि के द्वारा उक्त है

उसी की व्याख्या यहाँ की गई। इस प्रकार यह समासयुक्त एक पद में स्वर का विचार सम्पन्न हुआ।

६७. अथ यत्रानेकपदानि संहितया प्रयुज्यन्ते तत्रैकपदस्वरनिमित्तोऽपरपद-स्वरे विकारो जायते। तथाहि-पूर्वपदस्थादुदात्तादनन्तरः परपदस्थोऽनुदात्तः स्व-रिताय कल्पते, किन्तु यद्यसावुदात्तात् स्वरिताद्वाऽनन्तरः प्राक् स्यात् तदा सन्न-तरो भवति। स्वरितात्तु परे यावन्तोऽनुदात्तास्ते प्रचिताय कल्पन्ते। किन्तु यस्त-त्रोदात्तात् स्वरिताद्वाऽनन्तरःप्राक् स्यात् स सन्नतरः। एवमाद्युदात्ते आदिस्व-रिते वा प्रत्यये पूर्वपदान्त्यो विकारजः स्वरितः प्रचितो वा सन्नतरो भवति। यथा उच्चैरिति निहतोदात्तौ सागर–इत्यनुदात्तनिहतोदात्ताः। अनयोः सहप्रयोगे तु सा इत्यक्षरं स्वरितं भवति। उच्चैः सागरः। गेहमिति निहतोदात्तौ, शिक्य-मिति निहतस्वरितौ। तयोरन्तोदात्तादुत्तरतः प्रयोगेऽपि नास्ति विशेषः। उच्चैर्गेहम् उच्चैः शिक्यम्। स्वरिति स्वरितम्, तनुरित्युदात्तस्वरितौ। शरीर-मित्युदात्तस्वरितप्रचिताः। संवत्सर इत्यन्तोदात्तम्। मनुष्य इत्यन्तस्वरितम्। तथा च संवत्सरस्य स्वरितवत्पदादुत्तरतः प्रयोगे आदितोऽक्षरद्वयं प्रचितम्। उदा-त्तरेफात्पूर्वं तु स इत्यक्षरं सन्नतरम्। स्वः संवत्सरः। तनुः संवत्सरः। शरीरं संवत्सरः। मनुष्यस्य तु तथा प्रयोगे मकारः—प्रचितः, नुकारस्तु स्वरितानन्तर-पूर्वत्वात् सन्नतरः। स्वर्मनुष्यः। तनुर्मनुष्यः। शरीरं मनुष्यः इति। स्वः शरीर-मित्यादौ तु नैसर्गिकः स्वरितः प्रकृत्यैवावतिष्ठते नासौ सन्नतरो भवित। इति पूर्वपदानुरोधेनोत्तरपदे विकारो दर्शितः।

काशा इत्याद्युदात्तम्, न्यङ् इति स्वरितम्, कुशा इत्युदात्तस्वरितौ। सरला इत्युदात्तस्वरितप्रचिताः। लाङ्गलीषा इत्युदात्तस्वरितप्रचितप्रचिताः। तथा च कुशादीनां काशादितः पूर्वं प्रयोगे विकारो यथा कुशाः काशाः। कुशा न्यङ्ङिमे। कुशेऽन्त्यः सन्नतरः। सरलाः काशाः। सरला न्यङ्ङिमे-लाकारे प्रचयो निवर्तते

सन्नतरस्तु भवति । लाङ्गलीषा काशाः । लाङ्गलीषा न्यङ् । षाकारः सन्नतरो भवति ।

इति सद्वितीयपदस्वरविचारः ।

६७. जहाँ अनेक पद समास से संयुक्त प्रयुक्त होते हैं वहाँ एक पद के स्वर के कारण दूसरे पद के स्वर में विकार आ जाता है । जैसे कि पूर्व पद में स्थित उदात्त स्वर के अनन्तर पर पद का अनुदात्त स्वरित बन जाता है, किन्तु यदि यह उदात्त या स्वरित के अनन्तर पहले आता है तब वह सन्नतर हो जाता है । स्वरित के आगे जो भी अनुदात्त होते हैं वे सब प्रचित हो जाते हैं, किन्तु वहाँ जो उदात्त या स्वरित के उपरान्त पूर्व में होगा वह सन्नतर हो जाएगा । इसी प्रकार आद्युदात्त या आदिस्वरित प्रत्यय में पूर्व पद का अन्तिम विकारज स्वरित स्वर प्रचित या सन्नतर हो जाता है । जैसे—उच्चैः यहाँ निहत तथा उदात्त स्वर है । 'सागरः' पद में अनुदात्त निहत तथा उदात्त स्वर है । इन दोनों (उच्चैः सागरः) का साथ-साथ प्रयोग होने पर 'सा' यह अक्षर स्वरित हो जाता है—'उच्चै सागरः गेहम्' यहाँ निहत उदात्त स्वर है । 'शिवयम्' उस पद में निहत तथा स्वरित है । इनके अन्तोदात्त से आगे प्रयोग काल में भी कोई विशेषता नहीं होती । 'उच्चैर्गेहम्, उच्चैः शिवयम्' । स्वः यहाँ स्वरित है । 'तनुः' यहाँ उदात्त तथा स्वरित हैं । 'शरीरम्' यहाँ उदात्त स्वरित तथा प्रचित स्वर है । 'संवत्सर' यह अन्तोदात्त है । 'मनुष्यः' यह अन्तस्वरित है । यहाँ संवत्सर के स्वरित युक्त पद के आगे प्रयोग में आदि के दो अक्षर प्रचित होते हैं । उदात्त रेफ के पूर्व तो 'स' यह अक्षर सन्नतर हो जाता है । 'स्वः संवत्सरः तनुः संवत्सरः शरीरं संवत्सरः आदि । 'मनुष्यः' पद में प्रयोग होने में मकार प्रचित होता, है, 'नु' कार स्वरित के अनन्तर पूर्व में होने से सन्नतर होता है । उदाहरण है, स्वर्मनुष्यः तनुर्मनुष्यः, शरीरं मनुष्य आदि । स्वः शरीरम्' इत्यादि में तो प्राकृतिक स्वरित प्रकृति से ही अवस्थित रहता है, वह सन्नतर नहीं होता । इस प्रकार पूर्व पद के अनुरोध से उत्तर पद में होने वाले विकार दिखाए गए ।

'काशा' यह आद्युदात्त पद है। 'न्यङ्' यह स्वरित पद है, 'कुशा' यह उदात्त तथा स्वरित पद है, 'सरलाः' यहाँ उदात्त, स्वरित तथा प्रचित स्वर हैं। 'लाङ्गलीषाः' यहाँ उदात्त, स्वरित, प्रचित, तथा पुनः प्रचित स्वर हैं। अब कुश आदि का काश आदि के पूर्व में प्रयोग

S | | S |
होने पर विकार होता है,—जैसे-कुशाः काशाः कुशा न्यङ्ङिमे यहाँ कुशाः में अन्तिम सन्नतर

S | S |
है। 'सरलाः काशाः सरला न्यङ्ङिमे,' यहाँ लाकार में प्रचय स्वर निवृत्त हो जाता है तथा

S | _ S | S | _ |
सन्नतर हो जाता है। लाङ्गलीषा काशाः, लाङ्गलीषा न्यङ् यहाँ षाकार सन्नतर हो गया है।

यह सद्वितीय पद के स्वर का विचार सम्पन्न हुआ।

अथानन्तरविधिः

६८. यत्रानन्तरयोः स्वरयोर्योगादेकीभावो जायते सोऽनन्तरविधिः। सोऽयमेकीभावः किंस्वर इति चिन्त्यते। तत्रैते त्रयो नियमा भवन्ति—१. एकीभावोऽयमुदात्तवानुदात्तः, २. उदात्ताभावे स्वरितवान् स्वरितः, ३. तदुभयाभावे त्वनुदात्तद्वययोगादनुदात्तः। तदेतन्नियमत्रयसिद्धा नवस्थानाः स्वरादेशा भवन्ति। यथा—

(१) उदात्तस्य पूर्वस्य परेणोदात्तेन स्वरितेनानुदात्तेन वा योग उदात्तः। उदात्तेन यथा–ये+अन्नेषु = येन्नेषु। द्रूणानः + अस्तासि = द्रूणानोऽस्तासि। स्वरितेन—सु + ऊर्व्याय = सूर्व्याय। अवग्रहोऽयम्। अनुदात्तेन—प्र + अर्पयतु = प्रार्पयतु आ + इदम् = एदम्। दिवि + ईयते = दिवीयते।

(२) क्वचित्तूदात्तस्य पूर्वस्य पदाद्यनुदात्तेन योगः स्वरितः। तस्य प्रदेशमामनन्ति "इकारयोश्च प्रश्लेषे क्षैप्राभिनिहितेषु च" इति। वि + इदम् = वीदम्, स्रुचि + इव = स्रुचीवेत्यादयः प्रश्लिष्टाः। अभि + अर्षत = अभ्यर्षत। नु + इन्द्र = न्विन्द्रेत्यादयः क्षमाः। ते + अवदन् = तेवदन्। सः + अयम् = सोयमागादित्यादयोऽभिनिहिताः। क्वचिदन्यत्रापि, वि + ईक्षिताय = वीक्षितायेति।

(३) स्वरितस्य पूर्वस्य परेणोदात्तेन योग उदात्तः। क्व + अवरम् = क्वावरम्। अद्यत्ये + अवसे = अद्यत्येवसे।

(४) स्वरितस्य पूर्वस्य परेण स्वरितेनानुदात्तेन वा योगः स्वरितः । तत्र स्वरितपरकोदाहरणमन्वेष्यम् । अनुदात्तेन यथा - खलप्वि + आशा = खलप्व्याशा । ब्रह्म + असृज्यत = ब्रह्मासृज्यत । यथ्या + इव = यथ्येव । चम्वी + इव = चम्वीव ।

(५) अनुदात्तस्य पूर्वस्य परेणोदात्तेन योग उदात्तः । स्वरितेन स्वरितोऽनुदात्तेनानुदात्तः । वः + अश्वाः = वोश्वाः । त्वा + आशाभ्यः = त्वाशाभ्यः । मे + अङ्गानि = मेङ्गानि । स्वरितपरकोदाहरणमन्वेष्यम् । अनुदात्तेन यथा—पञ्च + इव = पञ्चेव । सप्त + असृज्यन्त = सप्तासृज्यन्त ।

तदित्थं नवस्थानेऽमुष्मिन्नेकीभावे स्वरादेशः समाख्यातः । प्रचितस्य तु नात्र प्रवेशः । सान्तरविधिलब्धरूपस्य तस्य नियतस्थानस्योदात्तस्वरितपरकत्वासम्भवात् । यत्तु 'वाजिनो वाजजितोऽध्वन' इत्युदात्तपरं प्रचितपूर्वं केचिदुदाहरन्ति तदसत् । उदात्तस्वरितयोः प्रत्ययत्वे पूर्वस्य प्रचितस्य स्वरितस्य चानुदात्तत्वविधानात् प्रचितरूपस्योदात्तात् प्रागनुपलब्धेरिति दिक् । इत्यनन्तरविधिः ।

अनन्तरविधि

६८. जहाँ अनन्तर में आने वाले दो स्वरों के योग से एकीभाव हो जाता है उसे अनन्तरविधि कहा जाता है । यह एकीभाव किस स्वर से युक्त होता है यह विचार किया जाता है । वहाँ तीन प्रकार के नियम इस प्रकार होते हैं—

१. यह एकीभाव यदि उदात्त से मिलकर हुआ हो तब उदात्त स्वर होता है ।

२. यदि एकीभाव में उदात्त स्वर न हो स्वरित हो तब वह एकीभाव स्वरित वाला हो जाता है । ३. इन दोनों के अभाव में दो अनुदात्त स्वरों के योग में एकीभाव में भी अनुदात्त स्वर ही होता है । इन तीन नियमों से सिद्ध होने वाले स्वरादेश नौ प्रकार के होते हैं । उदाहरणार्थ—

१. पूर्व में उदात्त रहने पर तथा पर में उदात्त, स्वरित या अनुदात्त का योग होने पर उदात्त ही होता है । 'ये+अन्नेषु=येन्नेषु 'द्रूणानः + अस्तासि = द्रूणानोऽस्तासि' । ये उदात्त एकीभाव हैं । स्वरित का योग होने का उदाहरण है — सू+ऊर्व्याय=सूर्व्याय, यह अवग्रह है । अनुदात्त के साथ एकीभाव से 'प्र+अर्पयतु=प्रार्पयतु' 'आ + इदम = एदम्' दिवि+ईयते=दिवीयते । इनमें अनुदात्त स्वर है ।

२. कहीं-कहीं पूर्व के उदात्त से पदादि के अनुदात्त के साथ योग में स्वरित हो जाता है । उसके प्रदेश का निरूपण है कि—

"इकारयोश्च प्रश्लेषे क्षैप्राभिनिहितेषु च"

'वि+इदम्=वीदम्, स्रुचि+इव, स्रुचीव' इत्यादि में प्रश्लिष्ट हुआ है । अभि+अर्षत=अभ्यर्षत, नु+इन्द्र=न्विन्द्रः इत्यादि क्षैप्र के उदाहरण हैं । ते+अवदन्=तेवदन् । सः+अयम् =सोऽयमागात्, इत्यादि अभिनिहित हैं। वि+ईक्षिताय=वीक्षिताय, इत्यादि कहीं अन्यत्र भी यह प्रश्लिष्ट स्वर मिलता है।

३. पूर्व स्वरित का पर स्थित उदात्त के साथ योग होने पर उदात्त होताहै । 'क्व+अवरम् =क्वावरम्, अद्यूत्ये+अवसे =अद्यूत्येवसे इत्यादि इसके उदाहरण हैं ।

४. पूर्व स्थित स्वरित का पर स्थित अथवा अनुदात्त के साथ योग होने पर स्वरित स्वर होता है । यहाँ स्वरित परक उदाहरण अन्वेषणीय हैं । अनुदात्त के साथ योग के उदाहरण हैं, खलप्वि+आशा =खलप्व्याशा, ब्रह्म+असृज्यत् =ब्रह्मासृज्यत्, यथ्या+इव = यथ्येव, चम्वी+इव =चम्वीव आदि ।

५. पूर्व में अनुदात्त का पर उदात्त के साथ योग होने पर उदात्त स्वर होता है। स्वरित के साथ स्वरित तथा अनुदात्त के साथ योग होने पर अनुदात्त होता है । वः अश्वाः =वोश्वाः, त्वा+आशाभ्यः=त्वाशाभ्यः मे+अङ्गानि=मेऽङ्गानि ये उदाहरण हैं। स्वरितपरक उदाहरण अन्वेष्टव्य हैं । उदात्त के साथ योग होने पर पञ्च+इव=पञ्चेव, सप्त+असृज्यन्त =सप्तासृज्यन्त उदाहरण हैं ।

इस प्रकार इस एकीभाव में नौ स्थानों में स्वरादेशों का कथन हुआ । यहाँ प्रचित का प्रवेश नहीं है । वह सान्तरविधि में स्वरूप ग्रहण करता है, उसका स्थान नियत है, उसका उदात्त स्वरितपरक होना सम्भव नहीं है । जो कुछ लोग 'वाजिनो वाज जितोऽध्वनः' यहाँ उदात्त परक प्रचित बतलाते हैं, वह ठीक नहीं है, क्योंकि उदात्त और स्वरित जब प्रत्ययगत होते हैं तब पूर्व में जो प्रचित या स्वरित होता है वह अनुदात्त होता है ऐसा विधान है, अतः प्रचित के रूप की उदात्त से पहले उपलब्धि नहीं हो सकती । यह अनन्तर विधि सम्पन्न हुई ।

६६. अथातः स्वरितभेदा निरूप्यन्ते । यद्यप्युच्चनीचविशेषाभ्यां द्वावेव स्वरावर्थतः सिद्धौ भवतः, तथापि तयोरेकत्र सहसम्प्रयोगेऽनुदात्तबलेनोदात्तस्यांशतो न्यग्भावाद्, उदात्तबलेन चानुदात्तस्यांशत उदग्भावादुभयसाम्येन मध्यसवनः स्वरितो नाम स्वरः पृथक्श्रुतिरेव प्रतिपद्यत इत्युक्तम् । तत्र यथा क्षीरोदके सम्पृक्ते आमिश्रीभूतत्वान्न ज्ञायते कियत् क्षीरम्, कियदुदकमिति । कस्मिन्नवकाशे क्षीरं कस्मिन् वोदकमिति । एवमिहाप्यामिश्रीभूतत्वान्न ज्ञायते कियदुदात्तं कियदनुदात्तमिति । कस्मिन्नवकाश उदात्तं कस्मिन्ननुदात्तमिति । तत्राचार्य्याः प्रतिजानते स्वरितस्य योऽर्द्धमात्रः पूर्वो भागः स उदात्तः । उत्तरस्तु भागोऽर्द्धमात्रो वाऽध्यर्धमात्रो वानुदात्तः । यथा ह्रस्वाक्षरे स्वरिते उत्तरोभागोऽर्द्धमात्रो लभ्यते, तथा दीर्घे सोऽध्यर्धमात्रो लभ्यते । उभयत्रापि पूर्वस्या अर्द्ध मात्राया उत्तरतो यावानंशोऽव-

शिष्यते स सर्वोऽनुदात्तो ज्ञेय इति केचिदाहुः। परे तु ह्रस्वस्य वा दीर्घस्य वा सर्वथापि स्वरितस्य पूर्वोऽर्द्धभाग उदात्तः, उत्तरस्त्वर्धभागोऽनुदात्तः इत्याहुः। इदन्तु बोध्यम् यदिदमुत्तरभागस्यानुदात्तत्वमाख्यातं तदुदात्तपरत्वे स्वरितपरत्वे वा सम्पद्यते । यदि तु अस्मात् स्वरितात् परमक्षरमुदात्तं स्वरितं वा न स्यात् । तदातूत्तरभागस्याप्युपात्तत्वमेवोपलभ्यते नानुदात्तत्वमिति । अनुभवगम्योऽयमर्थः स्वरितोच्चारणसम्प्रदायसिद्धश्चेति दिक् ।

स्वरित के भेद

६९. अब स्वरित के भेदों का निरूपण किया जाता है । यद्यपि उच्च और नीच के भेद से अर्थतः दो ही स्वरित होते हैं तथापि उन दोनों (उदात्त तथा अनुदात्त स्वरों के) एक ही जगह साथ-साथ प्रयोग में अनुदात्त के बल से उदात्त अंशतः नीचा होता है, तथा उदात्त के बल से अनुदात्त अंशतः ऊँचा होता है, तब दोनों के साम्य के कारण मध्यम स्वरूप वाला स्वरित नाम का स्वर पृथक् ही सुनने की योग्यता लेकर प्रकट होता है यह बतलाया गया है । जैसे जल और दुग्ध के मिश्रित हो जाने से यह नहीं जाना जा सकता कि इसमें कितना दुग्ध है कितना जल है तथा किस हिस्से में दुग्ध है और किस हिस्से में जल है, उसी प्रकार यहाँ भी मिल जाने के कारण यह नहीं जाना जाता कि कितना उदात्त है तथा कितना अनुदात्त है, किस हिस्से में उदात्त है, किसमें अनुदात्त है । वहाँ आचार्य-गण पहिचान बतलाते हैं कि स्वरित का आधीमात्रा वाला पूर्वभाग है वह उदात्त है, उत्तर का आधा भाग या आधे से आधा भाग अनुदात्त है । जैसे ह्रस्व अक्षर के स्वरित होने पर उत्तर भाग वैसे ही दीर्घ में वह आधी से भी आधीमात्रा वाला मिलता है । दोनों ही स्थानों पर पहले की आधी मात्रा का उत्तर वाला जितना अंश बाकी बचता है, वह सभी अनुदात्त समझना चाहिए ऐसा कुछ लोगों का कथन है । दूसरे विद्वान् कहते हैं कि चाहे ह्रस्व हो या दीर्घ, सर्वथा ही स्वरित का पहले का आधा भाग उदात्त है तथा आगे का आधा भाग अनुदात्त है । यहाँ यह जानना चाहिए कि यह जो उत्तर भाग को अनुदात्त कहा गया है वह उदात्त के पर होने पर अथवा स्वरित के पर में होने पर होता है । यदि इस स्वरित से पर अक्षर उदात्त या स्वरित न होगा तब तो उत्तर भाग भी उदात्त ही रहेगा, वह अनुदात्त नहीं होगा । स्वरित के उच्चारण के सम्प्रदाय में यह बात सिद्ध है एवं अनुभव में आती है ।

७०. स्वरितो द्विधा नित्यो, नैमित्तिकश्च । स्वः न्यङ्, कन्या, धान्यं क्व इत्यादिषु यः शब्दस्वभावसिद्धो यावच्छब्दस्थायी स्वरितः स नित्यः । अथ स नैमित्तिको यत्रानुदात्तस्य कुतश्चिन्निमित्तात् स्वरितत्वमुपपद्यते । तच्चेदमनुदात्तस्य स्वरितत्वं त्रेधा—उदात्तसंयोगाद् उदात्तत्वसंयोगात्, उदात्तानुरागाच्च । यथा वीदमित्यत्र विनिपातत्वादुदात्तः, इदम इकारोऽनुदात्तः, तयोर्योगादीकारः स्वरितः ।

अत्रानुदात्तस्योदात्तयोगात् स्वरितत्वम् । अभ्यभि, अभीत्यन्तोदात्तोऽनुदात्तादिः, उदात्त इकारो यकारः सम्पद्यते, ततो निवृत्तमुदात्तत्वमनुदात्तेऽकारे संसज्जते, ततः सोऽनुदात्तः स्वरितो भवति । तत्रोदात्तत्वयोगात् स्वरितत्वम् । 'अग्निमीडे' अत्र निकार उदात्तः, ई डे इत्यनुदात्तौ, उदात्तादनुदात्तस्य स्वरित इति नियमादिह दीर्घेकारः स्वरितः । तत्रानुदात्ते उदात्तानुरागात् स्वरितत्वम् । क्वचित्तूदात्तोऽनुदात्तत्वयोगात् स्वरितत्वं जायते, तथा तेऽवदन्, सोऽयमगात्, अत्र 'ते' 'सो'इत्युदात्तौ परस्यानुदात्तस्य ह्रस्वाकारस्य लोपे स्वरितौ भवतः । अनुदात्तवर्णलोपे तद्धर्मस्यानुदात्तत्वस्य पूर्वत्रोदात्तवर्णे प्रवेशात् । तदित्थं चत्वारो नैमित्तिका एको नित्य इति पञ्चधा स्वरितः सिद्धः । तत्र नैमित्तिकानां स्वरितत्वं निमित्तापाये सति निवर्तते, स्वारसिकं चानुदात्तत्वं पुनः प्रत्यावर्तते । तेन वीदम्, अभ्यभि, अग्निमीडे, तेऽवदन् इत्यादिषु सर्वत्र पदकाले स्वरितत्वनिवर्तनादनुदात्तस्याभिनयो भवतीति दिक् ।

७०. स्वरित दो प्रकार का है नित्य तथा नैमित्तिक, स्वः, न्यङ्, कन्या, धान्यं, क्व इत्यादि पदों में जो स्वरित स्वर शब्द के स्वभाव से सिद्ध है और शब्द के रहने तक स्थायी रहने वाला है वह स्वरित नित्य स्वरित है । नैमित्तिक स्वरित वह जहाँ अनुदात्त स्वर को किसी निमित्त से स्वरितत्त्व को प्राप्त हो जाता है । अनुदात्त को यह स्वरितत्त्व तीन प्रकार से प्राप्त होता है—उदात्त के संयोग से, उदात्तत्व के संयोग से तथा उदात्त के अनुराग से । जैसे—'वीदम्' यहाँ 'वि' निपात होने से उदात्त है, आगे 'इदम्' का इकार अनुदात्त है । दोनों के योग होने पर ईकार स्वरित हो गया है, यहाँ अनुदात्त के उदात्त के साथ योग होने से स्वरितत्त्व हो गया है, 'अभ्यभि' पद में अभि यह अन्तोदात्त एवं अनुदात्त आदि वाला है, यहाँ उदात्त इकार यकार हो गया है, अतः इकार से निवृत्त होकर उदात्तत्व अनुदात्त अकार में संसक्त हो गया है अतः यकार जो अनुदात्त या वह स्वरित हो गया है । वहाँ उदात्तत्व के योग से स्वरितत्त्व हुआ है । 'अग्निमीडे' में निकार उदात्त है, 'ईडे' ये दो अनुदात्त हैं, उदात्त के आगे अनुदात्त को स्वरित हो जाता है, इस नियम से यहाँ दीर्घ ईकार स्वरित हो गया है । यहाँ अनुदात्त में उदात्त के अनुराग के कारण स्वरितत्व हुआ है । कहीं-कहीं तो उदात्त में अनुदात्तत्व के योग से स्वरितत्त्व हो जाता है, जैसे—तेऽवदन्, सोऽयमगात्: यहाँ 'ते' 'सो' ये उदात्त हैं । ये आगे अनुदात्त ह्रस्व अकार के लोप होने पर स्वरित हो जाते हैं क्योंकि अनुदात्त वर्ण के लोप होने पर उसके अनुदात्तत्व धर्म का पूर्व के उदात्त वर्ण में प्रवेश हो गया है । इस प्रकार चार भेद स्वरित के नैमित्तिक हैं तथा एक भेद नित्य है । यह पाँच प्रकार का स्वरित सिद्ध हुआ । इनमें जो नैमित्तिक स्वरित हैं उनका स्वरितत्त्व निमित्त के हट जाने पर निवृत्त हो जाता है और वहाँ स्वभावसिद्ध अनुदात्तत्व पुनः आ जाता है । इससे 'वीदम्' 'अभ्यभि' 'अग्निमीडे' तेऽवदन् इत्यादि में सर्वत्र पद पाठ करते समय स्वरितत्व की निवृत्ति होकर अनुदात्त का प्रदर्शन किया जाता है ।

७१. अथ: पुन: प्रकारान्तरेणायं स्वरितोऽष्टधा व्यपदिश्यते-अभिनिहित:, प्रश्लिष्ट:, क्षैप्र:, जात्य:, तैरोव्यञ्जन:, तैरोविराम:, पादवृत्त:, ताथाभाव्यश्चेति। तत्राभिनिहितप्रश्लिष्टक्षैप्रा अनन्तरसन्धिजा भवन्ति । परे तु सान्तरसन्धिजा इत्यूह्यम् तेषामेतानि लक्षणानि भवन्ति ।

१ उच्चाभ्यामेदोद्भ्यामकारो नीचो लुप्यते सोऽभिनिहितो यथा तेऽवन्तु, वेदोऽसि, इत्यादिषु ते, दो इत्यादयोऽभिनिहिता: । अवन्त्वसीत्यकारस्यानुदात्तस्य तत्र तत्र लुप्यमानत्वात् ।

२ उच्चनीचयोर्ह्रस्वयोरिकारयोर्दीर्घीभाव: प्रश्लिष्टो यथा — स्रुचीवाभीन्धतामित्यादिषु ची भी इत्यादय:प्रश्लिष्टा: । उदात्तानुदात्तयोर्ह्रस्वयोरिकारयोरत्र सन्धिना दीर्घीभावात् । दीर्घेकारप्रवेशे तु स्वरितो न विधीयते, उदात्तानुदात्तयोगेनैकीभावस्योदात्तत्वनियमात् । अस्य श्लोको दिवीयते, वीक्षितायेत्यत्र तु दीर्घेकारप्रवेशेऽप्येकत्र स्वरितत्वमेवामनन्तीत्यवसेयम् ।

३ उच्चयोरिदुतो: स्थाने कृताभ्यां यवाभ्यां परो नीच: स्वरितो भवति स क्षैप्र: यथा त्र्यम्बकं, वाज्यर्वन्, अभ्यर्षत, योजान्विन्द्र इत्यादिषु त्र ज्य भ्य न्वि इत्यादय: क्षैप्रा: । अत्रोच्चं स्वरितस्याप्युपलक्षणम्, अनुदात्तापेक्षया तस्याप्युच्चत्वात् । इत्थमुच्चपूर्वा नीचपरा एकीभावा अभिनिहित-क्षैप्र-प्रश्लिष्टा: प्रदर्शिता: ।

४ एकपदे नीचपूर्वोऽपूर्वो वा सयवो जात्य: । यथा वैष्णव्यौ, कन्या, धान्यम् इत्यादीनि सयकारोदाहरणानि नीचपूर्वाणि च । स्वर्देवेष्वित्यादीनि सवकारोदाहरणान्यपूर्वाणि च ।

५ उच्चपूर्व: स्वरो व्यञ्जनयुतस्तैरोव्यञ्जन: । यथा इडे, रन्ते, हव्ये, काम्ये ।

६ समस्ते पदे उच्चावग्रहस्तैरोविराम: । यथा गो-पतौ । यज्ञपतिम् । गोशब्दे यज्ञशब्दे चान्तोदात्तेऽवग्रहो दृश्यते । समस्तपदघटकयोरखण्डपदयोर्विभागस्थानमवग्रह: । अखण्डे पदे उदात्तात् पर: स्वरितस्तैरोव्यञ्जन: । पदद्वयसंयोगे तु पूर्वपदान्तादुदात्तात् पर: परपदादि: स्वरितस्तैरोविराम इत्यनयोर्भेद: ।

७ उच्चपूर्वो विवृत्तिलक्षण: पादवृत्त: । यथा का ऽ ईमरे । ध्रुवा ऽ असदन् । अत्र का वा इत्युदात्तात् स्वरितो विवृत्या व्यवहित: ।

८ उच्चादिरुच्चान्तो नीचावग्रहस्ताथाभाव्य: । यथा तनू नप्त्रे इत्यत्र तनावुदात्तौ । नूइत्यनुदात्त: स ताथाभाव्यो भवति । एवमेव तनूनपात्, बृहस्-

पतिः, नराशंसः, इत्यादिषु द्व्युदात्तपदेषु उदात्तद्वयमध्यपतितोऽनुदात्तस्ताथाभाव्यः। तस्य पूर्वोदात्तादुत्तरत्वात् स्वरितत्वं प्राप्तम्, द्वितीयोदात्तपरकत्वात्तु सन्नतरत्वमवतिष्ठते । किन्तु येषां सम्प्रदाये तत्रापि स्वरितमेवोच्चार्यते, तदनुरोधेनैवेदमस्य ताथाभाव्यस्य स्वरितमध्ये परिगणनं क्रियते, येषां पुनरत्र सन्नतरत्वं तेषामुच्चद्वयमध्ये नीचतरस्य कम्पितमिवोच्चारणं भवति । तदुक्तं माध्यन्दिनसाम्प्रदायिकैरौज्जिहानकैः—

अवग्रहो यदा नीच उच्चयोर्मध्यतः क्वचित् ।
ताथाभाव्यो भवेत्कम्पस्तनूनप्त्रे निदर्शनम् । इति ।

एषामुत्तरोत्तरं मार्दवं चानुभवन्ति तदुक्तम् ।

सर्वतीक्ष्णोऽभिनिहितः प्रश्लिष्टस्तदनन्तरम् ।
ततो मृदुतरौ स्वारौ जात्यक्षैप्रावुभौ स्मृतौ ।
ततो मृदुतरः स्वारस्तैरोव्यञ्जन उच्यते ।
पादवृत्तो मृदुतमस्त्वेतत् स्वारबलाबलम् ।

एषां हस्तपरिभाषा प्रयुक्तिप्रकरणे वक्ष्यते । इति स्वरितविचारः ।

७१. अब पुनः दूसरे प्रकार से यह स्वरित आठ प्रकार का बतलाया जाता है—अभिनिहित, प्रश्लिष्ट, क्षैप्र, जात्य, तैरोव्यञ्जन, तैरोविराम, पादवृत्त और ताथाभाव्य । इनमें अभिनिहित, प्रश्लिष्ट तथा क्षैप्र स्वरित अनन्तर होने वाली सन्धि से उत्पन्न होते हैं । उनके ये लक्षण होते हैं—

१. उच्च एकार तथा ओकार के आगे नीचा अकार लुप्त हो जाता है, वह अभिनिहित है, जैसे—'तेऽवन्तु' 'वेदोऽसि' इत्यादि पदों में 'ते' 'दो' इत्यादि अभिनिहित हैं । उपर्युक्त 'अवन्तु' 'असि' उदाहरणों में अकार का उन स्थलों पर लोप हुआ है ।

२. उच्च तथा नीच ह्रस्व इकारों को दीर्घ हो जाने पर प्रश्लिष्ट स्वरित होता है, जैसे—'स्रुचीवाभीन्धताम्' इत्यादि में 'ची' 'भी' इत्यादि प्रश्लिष्ट स्वरित हैं, क्योंकि यहाँ उदात्त और अनुदात्त ह्रस्व इकारों की सन्धि के कारण दीर्घरूपता प्राप्त हुई है । दीर्घ ईकार के प्रवेश होने पर तो स्वरित का विधान नहीं होता, क्योंकि उदात्त और अनुदात्त के योग से एकीभाव होने पर उदात्त स्वर होने का ही नियम है । 'अस्यश्लोको दिवीयते' 'वीक्षिताय' इन स्थलों पर तो दीर्घ ईकार का प्रवेश होने पर एक स्वरित ही स्वीकार किया जाता है यह जानना चाहिए ।

३. उच्च इकार, उकार के स्थान पर सन्धि नियम से होने वाले मकार वकार से आगे जो नीच स्वरित होता है वह क्षैप्र कहलाता है । जैसे—'अम्बकम्' 'वाज्यर्वन्'

'अभ्यर्षंत' 'योजान्विन्द्र' इत्यादि में, 'त्र' 'ज्य' 'भ्य' 'न्वि' इत्यादि में क्षैप्र स्वरित है। यहाँ उच्च शब्द स्वरित का भी उपलक्षण है क्योंकि अनुदात्त की उपेक्षा वह उच्च है। इस प्रकार उच्च पूर्व वाले नीच पर वाले जो एकीभाव हैं वे अभिनिहित, क्षैप्र तथा प्रश्लिष्ट हैं, यह दिखाया गया।

४. एक पद में पूर्व में नीच स्वर युक्त अथवा पूर्व में कुछ नहीं होने पर यकार, वकार सहित पद जात्य स्वरित कहलाता है। जैसे—वैष्णव्यौ, कन्या, धान्यम्, इत्यादि यकार सहित नीच पूर्व के उदाहरण हैं। 'स्वर्देवेषु' इत्यादि वकार सहित पूर्व में अभाव के उदाहरण हैं।

५. उच्च पूर्व वाला स्वर, जो व्यञ्जन सहित होता है, वह तैरोव्यञ्जन कहलाता है। जैसे—ईडे, रन्ते, हव्ये, काम्ये आदि।

६. समासयुक्त पद में उच्च अवग्रह होना तैरोविराम स्वरित कहलाता है, जैसे 'गो पतौ', 'यज्ञपतिम्' आदि। यहाँ गो शब्द और यज्ञ शब्द में अन्तोदात्त में अवग्रह दिखाई दे रहा है। समासयुक्त पद के घटक पदों में जो विभाग का स्थान है वह अवग्रह कहलाता है। पूर्वोक्त तैरोव्यञ्जन और प्रकृत तैरोविराम में भेद यह है कि अखण्ड पद में उदात्त से परे जो स्वरित है वह तैरोव्यञ्जन होता है तथा दो पदों के संयोग में पूर्वपदान्त उदात्त स्वर स्वर से आगे पर पद का आदि वाला स्वरित तैरोविराम होता है।

७. पूर्व में उच्चवाला विवृत्ति स्वरूप पादवृत्त स्वरित होता है। जैसे—'कऽईमरे', 'ध्रुवाऽअसदन्' इन उदाहरणों में 'का' 'वा' इन उदात्तों से स्वरित स्वर विवृत्ति से व्यवहित हो गया है।

८. उच्च आदिवाला तथा उच्च अन्तवाला नीच अवग्रह से युक्त ताथाभाव्य स्वरित कहलाता है। जैसे—'तनूनप्त्रे' इस पद में 'त' और 'न' उदात्त हैं, 'नू' यह अनुदात्त है, वह ताथाभाव्य स्वरित है। इसी प्रकार 'तनूनपात्', 'बृहस्पतिः', 'नराशंसः' 'इत्यादि दो उदात्त वाले पदों में दो उदात्तों के मध्य में आया हुआ अनुदात्त ताथाभाव्य स्वरित है, उसको पूर्व के उदात्त के आगे होने से स्वरितत्त्व प्राप्त है तथा द्वितीय उदात्त के पर भाग में होने के कारण सन्नतर स्वर रह जाता है। किन्तु जिनके सम्प्रदाय में वहाँ भी स्वरित का ही उच्चारण होता है, उन्हीं के अनुरोध से इस ताथाभाव्य का यहाँ स्वरित के मध्य में परिगणन किया जा रहा है। जिनके सम्प्रदाय में यहाँ सन्नतर स्वर है, उनके क्रम में दो उच्च के मध्य में नीचतर का कम्पित के समान उच्चारण होता है। माध्यन्दिन सम्प्रदाय के औज्जिहानिकों ने कहा है—

"जब अवग्रह नीच या अनुदात्त होता है और वह दो उच्च या उदात्तों के मध्य में कभी-कभी आता है तब वह कम्प ताथाभाव्य होता है उसका निदर्शन 'तनूनप्त्रे' है।

"इन आठ भेदों में उत्तरोत्तर मृदुता का अनुभव होता है । कहा गया है—

"सबसे तीक्ष्ण अभिनिहित है, उससे कम तीक्ष्ण प्रश्लिष्ट है, उससे मृदुतर स्वरित जात्य तथा क्षैप्र ये दोनों माने गए हैं । उससे मृदुतर स्वरित तैरोव्यञ्जन है, पादवृत्त मृदुतर स्वरित है, यह स्वरित का बलाबल है । इनमें हस्त सञ्चालन की परिभाषा प्रयुक्ति प्रकरण में बताई जाएगी । यह स्वरित का विचार पूर्ण हुआ ।"

अथ स्वरोद्दवर्णिका प्रदर्श्यते ।

ऽ |— ऽ|— ऽ | ऽ ऽ| ऽ|— — ऽ|— ऽ
७२. अग्निमीळे पुरो हितं यज्ञस्य देवमृत्विजं होतारं रत्नधातमम् । अग्ने

ऽ|— ऽ| — ऽ ऽ|—|ऽऽ | — — ऽ| ऽ | ---- ऽ|—
आयाहि वीतये गृणानो हव्यदातये नि होता सत्सि बर्हिषि अग्न व्रतपते व्रतं चरि-

— ऽ |— ऽ| — — — ऽ ऽ | ऽ ऽ | ऽ ऽ |—
ष्यामि तच्छकेयं तन्म राध्यताम् । ये त्रिषप्ताः परियन्ति विश्वा रूपाणि बिभ्रतः ।

ऽ ऽ ऽ ऽ| ऽ ऽ|— —
वाचस्पतिर्बला तेषां तन्वो अद्य दधातु मे ।

इत्येते मन्त्राश्चतसृणां वेदसंहितानामारम्भिकाः लिपिकरचिह्नविशेषैः स्वरावबोधकैरुपरि निर्दिष्टाः । अत्र वक्रोन्नतरेखा फणाकारा चिह्नमुदात्तस्य । सरलोन्नतरेखा दण्डाकारा स्वरितस्य । उपरिष्टात् पतिता रेखा प्रचयः । अधस्तात्पतिता रेखाऽनुदात्ताम् । क्वचित्वधस्तात्तिर्यक्संस्थेन बिन्दुद्वयेनानुदात्तचिह्नं कुर्वन्ति (क) क्वचिच्चाधस्तात्कृतेन चतुरङ्काकारेण स्वरितचिह्नं कल्पयन्ति ।

(क) अथैतेष्वक्षराणि स्वरविशेषानुरोधेन यथा कृत्वोच्चार्यन्ते, तथैतान्यूर्ध्वाधराणि कृत्वा स्वरधाराः प्रदर्श्यन्ते—

उदात्त		ग्नि				रो				ज्ञ			व		त्वि		हो					धा			७
स्वरित			मी				हि				स्य					जं		ता					त		६
प्रचित				ले				तं											रं	र				मम्	५
निहत	अ				पु				य			दे		मृ							त्न				६

उदात्त	अ		आ				त				नो		व्य				नि	हो					र्हि		८
स्वरित				या				ये						दा					ता					षि	५
प्रचित					हि				गृ						त	ये				स	त्सि				६
निहत		ग्न				वी				णा		ह										ब			५

उदात्त	अ							तं					त				त					४
स्वरित		ग्ने							च					च्छ				न्मे				४
प्रचित			व्र	त	प	ते				रि	ष्या				के				रा	ध्य	ताम्	१०
निहत							व्र					मि				यां						३

उदात्त	ये			प्ताः			य		वि			पा		बि				च	स्प		र्ब		ते			न्वो		द्य					१२
स्वरित		त्रि			प					श्वा					भ्र									षां					द				६
प्रचित																तः														धा	तु	मे	४
निहत			ष			रि		न्ति			रू		णि				वा			ति		ला			त		अ						१०

स्वर चिह्न क्रम

S I _ SI _ S I S S I SI _ _ SI _ S S I _
७२. अग्निमीले पुरोहितं यज्ञस्यदेवमृत्विजं होतारं रत्नधातमम् । अग्ने आयाहि

S I _ S S I _ I S S I _ _ S I S I ---- S I _ _ S I _ S I
वीतये गृणानो हव्य दातये नि होता सत्सि बर्हिषि, अग्न व्रतपते व्रतं चरिष्यामि तच्छकेयं तन्मे

--- S S I S S I S S I _ S S S SI S S
राध्यताम् । ये त्रिषप्ताः परियन्ति विश्वा रूपाणि बिभ्रतः । वाचस्पतिर्बला तेषां तन्वो अद्य

I _ _
दधातु मे ।

ये वेदसंहिताओं के आरम्भ के चारों मन्त्र लिपिकरों के स्वर का बोधन करने वाले विशेष चिह्नों से युक्त करके ऊपर निर्दिष्ट हैं । उनमें फण के आकार वाली वक्र ऊपर की रेखा उदात्त का चिह्न है । सरल ऊपर की दण्डाकार रेखा स्वरित की बोधक है, ऊपर की ओर गिरी हुई रेखा प्रचय का चिह्न है । नीचे की ओर गिरी हुई रेखा अनुदात्त की बोधक है । कहीं-कहीं नीचे की ओर तिरछा बनाकर दो बिन्दु लगाकर ÷ अनुदात्त का चिह्न बनाया जाता है और कहीं नीचे की ओर चार अङ्क का आकार बनाकर स्वरित के चिह्न की कल्पना की जाती है ।

इन मन्त्रों में स्वर विशेष के अनुरोध से अक्षरों का जैसा उच्चारण किया जाता है, वैसे ही इन्हें ऊपर नीचे का क्रम बनाकर स्वरधारा का प्रदर्शन किया जाता है ।

उदात्त		ग्नि				रो				ज्ञ			व		त्वि		हो					धा			७
स्वरित			मी				हि				स्य					जं		ता					त		६
प्रचित				ले				तं											रं	र				मम्	५
निहत	अ				पु				य			दे		मृ							त्न				६

उदात्त	अ		आ				त				नो		व्य				नि	हो					हिं		८
स्वरित				या				ये						दा	त				ता					षि	५
प्रचित					हि				गृ							ये				स	त्सि				६
निहत		ग्न				वी				णा		ह										व			५

उदात्त	अ							तं					त				तं					४
स्वरित		ग्ने							च					च्छ				न्मे				४
प्रचित			व्र	त	प	ते				रि	ष्या				के				रा	ध्य	ताम्	१०
निहत							व्र					मि				यं						३

उदात्त	ये			प्ताः			य		वि			पा		बि	भ्र			च	स्प		र्बा		ते			न्वो		घ					१२
स्वरित		त्रि			प					श्वा														षां					द				६
प्रचित																तः														धा	तु	मे	४
निहत			ष			रि		न्ति			रू		णि				वा			ति		ला			त		अ						१०

७३. इदानीन्तनास्तु वैदिकलेखकाः प्रायेणोदात्तप्रचयचिह्नमलिखित्वा स्वरितानुदात्तचिह्नाभ्यामेव सर्वस्वरविज्ञानं साधयन्ति । तथा हि स्वरिताङ्किता-दक्षरादुत्तरस्याक्षरस्यैकस्यानेकस्य वा चिह्नशून्यस्य प्रचितत्वं विज्ञायते, यावता तदुत्तरं स्वरिताङ्कितमक्षरं न स्यात् । अथ स्वरिताङ्किताक्षरात् प्राक्तनं तु चिह्न-शून्यमुदात्तं विज्ञेयम् । यथा 'अग्निमीले' इति मन्त्रे लेकारस्य रंरयोर्मकारस्य च प्रचितत्वेऽपि होकारस्य न प्रचितत्वम्, किन्तूत्तरतः स्वरितचिह्नबलादुदात्तत्वं लभ्यते । एवमनुदात्ताङ्किताक्षरादुत्तरस्य चिह्नशून्यस्योदात्तत्वम् । तथानुदात्ता-ङ्किताक्षरात् प्राक्तनं चिह्नशून्यमप्युदात्तमेव, यदि ततः पूर्वं स्वरितचिह्नं न स्यात् । तेन 'अग्न' आयाही'तिमन्त्रेऽकारस्याद्यस्योदात्तत्वमनुदात्तपरकशून्याक्षर-त्वात् । 'अग्निमीले' मन्त्रे तु रत्नाद्यक्षरस्यानुदात्तपरकशून्याक्षरत्वेऽपि स्वरितपूर्व-कत्वात् प्रचितत्वं विज्ञायते न तूदात्तत्वम् । एकाक्षरोनिपातश्चिह्नशून्य उदात्तः । एतदनुसारेण प्रचलितचिह्ननिर्देशो यथा—

अग्निमीले पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजं होतारं रत्नधातमम् । अत्रापि वैदि-कानां तत्तत्सम्प्रदाये स्वरलेखनशैली भिन्ना-भिन्ना लक्ष्यते, तद्विचारो व्यर्थ इत्युपे-क्ष्यते ।

अथ यादृशस्वरविशिष्टानि पदानि कृत्वैते मन्त्राःपठ्यन्ते, तेषां पदविभाग-काले संहितानिबन्धनाः केचन स्वरा निवर्तन्ते, ऐकपद्यनिबन्धनास्तु ते-ते स्वरास्तत्र-तत्र पदे प्रत्युपतिष्ठन्ते । यथा—

अग्निम् । ईडे । पुरःऽहितम् । यज्ञस्य । देवम् । ऋत्विजम् । होतारम् । रत्नधातमम् ।

अत्र ई डे इति द्व्यक्षरे रत्न इति रेफाक्षरे चानुदात्तस्वरोऽनुवर्तते । स्वरि-तादुत्तरत्वं निमित्तीकृत्य संहितानिबन्धनस्य प्रचयस्य विभागकाले प्रसङ्गासम्भवात् ।

इत्थमेवान्येषामपि मन्त्रवाक्यादीनां यथाबोधसौकर्य्यमुद्वर्णिका कार्या ।

इति स्वरोद्वर्णिका ।

स्वरप्रकरणं सम्पूर्णम् ।

७३. आजकल के वैदिक लेखक तो प्रायः उदात्त और प्रचय का चिह्न न लिखकर स्वरित और अनुदात्त चिह्नों से ही समस्त स्वरों का ज्ञान कर लेते हैं । जैसा कि स्वरित के चिह्न से चिह्नित अक्षर के आगे के एक या एकाधिक चिह्न शून्य अक्षर वहाँ तक प्रचित समझे

जाते हैं, जहाँ तक उसके आगे स्वरित से अङ्कित अक्षर न आ जाये। स्वरित के चिह्न से अङ्कित अक्षर से पहले बिना चिह्न के अक्षर उदात्त होते हैं। जैसे—'अग्निमीले' इस मन्त्र में 'ले', कार 'रं', 'र', इनके प्रचित स्वर होने पर भी 'हो' वर्ण प्रचित नहीं है किन्तु वह आगे स्वरित चिह्न होने से उदात्त होता है। अनुदात्त के चिह्न से अङ्कित अक्षर से पहले चिह्न-शून्य अक्षर भी उदात्त ही होता है, यदि उससे पहले स्वरित का चिह्न न हो। इसके अनुसार 'अग्न आयाहि' इस मन्त्र में प्रथम अकार का उदात्त स्वर होता है क्योंकि उसके आगे अनुदात्त शून्य अक्षर है। 'अग्निमीले' मन्त्र में तो 'रत्न' आदि अक्षर के अनुदात्तपरक शून्य अक्षर होने पर भी उसके स्वरित के पूर्व में होने के कारण वह प्रचित है, उदात्त नहीं। एक अक्षर-वाला चिह्नशून्य निपात उदात्त होता है। इसके अनुसार प्रचलित चिह्न का निर्देश इस प्रकार है—

"अग्निमीले पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजं होतारं रत्नधातमम्।"

यहाँ भी वैदिकों के सम्प्रदाय में स्वर की लेखन शैली भिन्न-भिन्न लक्षित होती है। हम उस विचार को व्यर्थ समझकर उसकी उपेक्षा कर रहे हैं।

अब जैसे स्वरों से विशिष्ट पद बनाकर इन मन्त्रों का पाठ होता है, उनके पदों के विभाजन के काल में संहिता के कारण आये हुए कुछ स्वर हट जाते हैं, एक पद के कारण होने वाले निश्चित स्वर उन-उन पदों में उपस्थित हो जाते हैं। जैसे—'अग्निम्। ईडे। पुरःऽहितम्। यज्ञस्य। देवम्। ऋत्विजम्। होतारम्। रत्नधातमम्।

यहाँ 'ईडे' इन दो अक्षरों में तथा 'रत्न' के रेफ अक्षर में अनुदात्त स्वर अनुवर्तित होता है। स्वरित के आगे होने को निमित्त मानकर संहिता में होने वाले प्रचय का पद विभाग काल में प्रसङ्ग नहीं आता।

इसी प्रकार अन्य मन्त्र-वाक्य आदि भी बोध के सौकर्य के लिए स्वराङ्कन किया जाना चाहिए।

यह स्वराङ्कन स्वर प्रकरण पूर्ण हुआ।

अथ गुणप्रकरणम्

वाग्विज्ञानम्

७४. प्राणो मूलद्रव्यम् । यदि वाक्, यदि प्राणो, यदि वा मनः, प्राण इत्येव तत्त्वम् । प्राणाद्धच्येवैतानि जायन्ते, प्राणे प्रणितिष्ठन्ति, प्राणमेवाभिसंविशन्ति । त इमे प्राणा एव ऋषय उच्यन्ते । ऋषिभ्यः पितरः, पितृभ्यो, देवासुराः देवेभ्यस्तु सर्वमिदं चराचरं जगदुत्पद्यते—इति वेदपुरुषाः पश्यन्ति ।

तत्र तावदस्य सतः प्राणस्य रयिसहचरस्य विवर्तेषु तेजोबन्नेष्वेतेषां स्वरूपारम्भादिह वाक्प्राणमनांसीति त्रीण्येतानि सत्यानि । तेजोमयी वाक्, आपोमयः प्राणः, अन्नमयं मनः । तान्येतानि पुनः परस्परतो नित्यसंसक्तान्येव स्वरूपं दधति । न खलु वाग् दृश्यते—ऋते प्राणाद्, ऋते मनसः । न च प्राणो दृश्यते—ऋते मनसः, ऋते वाचः । न वा मनो दृश्यते, ऋते वाचः ऋते प्राणात् । परस्परप्रभवाणि चैतानि परस्परप्रलयानि च । वाक् प्राणादुत्तिष्ठते मनसश्च, प्राणो मनसश्च वाचश्च, मनो वाचश्च प्राणाच्च । एवमियं वाक् प्राणे विलीयते मनसि च, प्राणो मनसि वाचि च, मनो वाचि प्राणे च ।

गुणप्रकरण

वाक् विज्ञान

७४. मूल द्रव्य प्राण है । चाहे वाक् हो, चाहे प्राण हो, चाहे मन हो, इनमें तत्त्व प्राण ही है । क्योंकि प्राण से ही ये सब प्रादुर्भूत होते हैं, ये प्राण में ही प्रतिष्टित रहते हैं, प्राण में ही प्रवेश करते हैं । ये प्राण ही ऋषि हैं, ऋषियों से पितर होते हैं, प्राण पितरों से देवता तथा असुर होते हैं, देवों से यह समस्त चराचर जगत् उत्पन्न होता है, ऐसा वेदपुरुषों का दर्शन है ।

इस सत् रूप रयि सहचर प्राण के विवर्त तेज, अप और अन्न में इनके स्वरूप का आरम्भ होने से वाक्, प्राण और मन ये तीन यथार्थ रूप से प्रादुर्भूत होते हैं । इनकी वाक् तेजोमयी है, प्राण आपोमय है, मन अन्नमय है, ये भी परस्पर एक दूसरे से मिलते हुए ही स्वरूप धारण करते हैं । प्राण और मन के बिना वाक् की उपलब्धि नहीं होती । प्राण भी मन और वाक् के बिना उपलब्ध नहीं होता है, इसी प्रकार मन भी वाक् और प्राण के बिना नहीं दिखाई देता । ये तीनों एक दूसरे से जायमान और एक दूसरे में विलीन होते हैं । वाक् प्राण और मन से उत्थित होती है । प्राण, मन और वाक् से उत्थित होता है, इसी प्रकार मन, वाक् तथा प्राण से समुद्भूत होता है । इसी प्रकार यह वाक् प्राण में तथा मन में विलीन होती है, प्राण, मन तथा वाणी में विलीन होता है, मन, वाक् तथा प्राण में विलीन होता है ।

७५. अत्र प्रत्यवतिष्ठन्ते—यदि तावद् **"अन्नमयं हि सौम्य मनः, आपोमयः प्राणः, तेजोमयी वाक्"**[1] इत्येवं छान्दोग्यश्रुतौ वाक्प्राणयोर्भिन्नोपादानकत्वमाख्यातं तत्कथं वाचः प्राणप्रभवत्वमाख्यायते ? सत्यम्—तिस्र एता भूतदेवता भवन्ति तेजोबन्नानि । तान्येतानि सत एव प्राणादुत्पन्नानि । तथा हि—**"असद्वा इदमग्र आसीत् किं तदसदासीत्—ऋषयो वाव तेऽग्रेऽसदासीत् प्राणा वा ऋषयः"**[2] इत्येवमाध्वर्यवश्रुतौ (शतपथे) सर्वेषामर्थजातानां मूलोपादानभूतः प्राणस्तावदसत्पदेनाभिहितः । यावन्ति कानिचिदिदानीमुपलभ्यन्ते तानि सर्वाणि सन्ति सत्पदग्राह्याणि न तदानीं प्राणमात्रावस्थायां तत्रासन्—इत्यतोऽयं प्राणोऽसत्पदेन गृह्यते । सर्वैतत्कार्यपर्यायिभावविलक्षणरूपं किञ्चिदुपादानद्रव्यमासीत्प्राणो नामेति तात्पर्यम् । किन्त्वेतावता कश्चिन् मृदुबुद्धिः 'न सद्-असद्' इत्येवं विगृह्य तमेतं प्राणमभावात्मकं नेदवगच्छेदित्यतः प्राणस्य तस्यासद्रूपत्वं प्रत्याख्याय स्पष्टशब्देन सत्पदाभिधेयत्वं तावदाख्यायते छान्दोग्यश्रुतौ—**"तद्धैक आहुः, असदेवेदमग्र आसीद्, तस्मादसतः सज्जायेत । कुतस्तु खलु सौम्यैवं स्यादिति—कथमसतः सज्जायेतेति सदेव सौम्येदमग्र आसीदिति"** ।[3] तदेतत्प्रत्याख्यानश्रुत्या यत्रासत्पदसम्बन्धस्तत्रैव सत्पदसम्बन्धं विधाय प्राणस्यैव सत्पदवाच्यत्वं निर्धार्यते । ततः पुनरमुष्मादेव सतः प्राणादमीषां तेजोऽबन्नानां क्रमेण सृष्टिराख्यायते—'तत् तेजोऽसृजत, तदपोऽसृजत ता अन्नमसृजन्त'[4] इति । तथा च स एष प्राण एव तेजोमयः सन् कुतश्चिन्निमित्ताद् वाक्ख्यातिं लभते, स आपोमयः सन् कुतश्चित् प्राणख्यातिम्, अन्नमयः सन् कुतश्चिद्वा स मनःख्यातिम्—इत्येवं प्राणभिन्नैस्तेजोऽबन्नैरभिन्नानि वाक्प्राणमनांसि न प्राणादतिरिच्यन्ते । तदभिन्नाभिन्नस्य तदभेदात् । तस्मात्प्राण एव रूपान्तरमापन्नो वाक्छन्दः ।

७५. यहाँ कहा जाता है कि जब—

"हे सौम्य, मन अन्नमय है, प्राण आपोमय है, वाक् तेजोमयी है ।"

इस प्रकार छान्दोग्य श्रुति में वाक् और प्राण के उपादान कारण भिन्न-भिन्न बतलाये जा रहे हैं, तब वाक् को प्राण से उत्पन्न कैसे बतलाया जा रहा है ? सच है—यह भूत देवता तेज, अप् और अन्न ये तीन हैं । ये सत् प्राण से ही उत्पन्न होते हैं । कहा गया है—

"यह (प्रपञ्च) प्रारम्भ में असत् था, वह असत् क्या था ? ऋषि ही प्रारम्भ में असत् था, प्राण ही ऋषि है ।"

---

1 छान्दोग्य उपनिषद्, ६।५।५

2 शतपथ ब्राह्मण, ६।१।१।१

3 छान्दोग्य उपनिषद्, ६।१।१

4 छान्दोग्य उपनिषद्, ६।१।३-४

इस आध्वर्यव शतपथ श्रुति में समस्त पदार्थों का मूल उपादानभूत प्राण सत् पद से कहा गया है। इस काल में जो कुछ उपलब्ध हो रहा है, वह सब सत् शब्द से ग्राह्य है, यह सब कुछ उस मूल प्राण की अवस्था में नहीं था इसलिए यह प्राण असत् शब्द से गृहीत होता है। इस समस्त कार्य जगत् की विलक्षण परम्परा का उपादान द्रव्य, प्राण नाम का था, यह तात्पर्य है। किन्तु इस विवरण से कोई अल्प बुद्धि वाला असत् का अर्थ न सत् असत्—जो सत् नहीं वह असत् था—ऐसा विग्रह करके उस मूल द्रव्य प्राण को अभाव रूप न समझ ले, इसलिए उस प्राण की असत्‌रूपता का प्रत्याख्यान करके छान्दोग्य श्रुति में स्पष्टरूप से उसे सत् बतला दिया गया है—

> "उनमें से कुछ ने कहा, यह सबकुछ प्रारम्भ में असत् ही था, इसलिए असत् से सत् हुआ। हे सौम्य, यह असत् से सत् कैसे हो सकता है, यह कैसे हो सकता है (अर्थात् अभाव से भावरूपता कैसे सिद्ध हुई है सौम्य! प्रारम्भ में सत् ही था।"

इस प्रत्याख्यान श्रुति में जहाँ असत् पद का सम्बन्ध था वहीं सत् पद का सम्बन्ध बनाकर प्राण को ही सत् पद वाच्य निर्धारित किया गया है। उसके अनन्तर इसी सत् प्राण से इन तेज, अप्, अन्न की क्रम से सृष्टि कही गई है "उसने तेज को उत्पन्न किया, उसने अप् को उत्पन्न किया, उसने अन्न को उत्पन्न किया।" इस प्रकार यह प्राण ही तेजोमय होता हुआ किसी निमित्त से 'वाक्' इस नाम को धारण करता है, वही आपोमय होता हुआ किसी निमित्त से इस प्राण ख्याति को धारण करता है, वही अन्नमय होता हुआ किसी निमित्त से मन इस ख्याति को धारण करता है, इस प्रकार प्राण से अभिन्न तेज, अप्, अन्न से अभिन्न वाक्, प्राण और मन, प्राण से पृथक् नहीं है, किसी से अभिन्न से जो अभिन्न होता है, वह प्रथम से भी अभिन्न ही होता है। इसलिए प्राण ही रूपान्तर को प्राप्त होकर वाक् छन्द होता है।

७६. अथान्यः प्रत्यवतिष्ठते—"**त्रीण्यात्मनेऽकुरुत, मनो वाचं प्राणम्। एतन्मयो वा अयमात्मा वाङ्मयो मनोमयः, प्राणमयः। तस्यैव वाचः पृथ्वी शरीरम् ज्योतिरूपमयमग्निः। तद्यावत्येव वाक् तावती पृथ्वी, तावानयमग्निः। अथैतस्य मनसो द्यौः शरीरम्, ज्योतिरूपमसावादित्यः। तद्यावदेव मनः, तावती द्यौः तावानसावादित्यः। तौ मिथुनं समैताम् ततः प्राणोऽजायत, स इन्द्रः। अथैतस्य प्राणस्यापः शरीरम्, ज्योतीरूपमसौ चन्द्रः। तद्यावानेव प्राणः तावत्य आपः, तावानसौ चन्द्रः। त एते सर्व एव समाः, सर्वेऽनन्ताः**" इत्येवं वाजसनेयश्रुतौ वाङ्मनसाभ्यां प्राणोत्पत्तिराम्नायते। इह तु भवता प्राणतोऽस्य वाच उत्पत्तिर्निरूप्यते तदेतद्वेदविरुद्धं भवतीति चेदत्रोच्यते। द्विविधः खल्वेष प्राणः कारणात्मा च कार्यात्मा च। तत्र यः कारणात्मा मुख्यः प्राणः, स एव खलु साक्षादेवैषा वाग् भवति मनश्च। अथायमन्यः कार्यात्मा प्राणोऽपि तस्मादेव प्राणादुत्पद्यते—वाङ्मनसे

अन्तरतः कृत्वेति विशेषः । तत्र सा यावतामुष्मान्मुख्यप्राणादुत्पद्यते—तस्मादुच्यते—प्राण एव रूपान्तरमापन्नो वाक् छन्द इति ।

७६. अन्य मत इस तरह उपस्थित होता है कि—

"आत्मा के लिए तीन वस्तुएँ बनीं— मन्, वाक् तथा प्राण । यह आत्मा इन्हीं तीनों से युक्त या एतन्मय है, वह वाङ्मय, मनोमय तथा प्राणमय है । उसी वाक् का पृथ्वी शरीर है, यह अग्नि उसका ज्योति रूप है, इसलिए जहाँ तक वाक् है वहाँ तक पृथ्वी है, वहाँ तक अग्नि है । इस मन का द्यौःशरीर है, इसकी ज्योति यह आदित्य है वे मिथुन भावापन्न हुए, उनसे प्राण उत्पन्न हुआ, वह प्राण ही इन्द्र है । इस प्राण का आप् शरीर है इसका ज्योतिरूप यह चन्द्र है, जहाँ तक यह प्राण है वहाँ तक आप् है, वहाँ तक चन्द्र है । ये सभी समान हैं, सभी अनन्त हैं ।"

इस वाजसनेयश्रुति में वाक् और मन से प्राण की उत्पत्ति बतलाई गई है । यहाँ तो आप् प्राण से वाक् की उत्पत्ति बतला रहे हैं, तो यह बात वेद विरुद्ध होती है । इस पर हमारा कथन है कि यह प्राण दो प्रकार का है, एक कारणात्मा और दूसरा कार्यात्मा प्राण है । उनमें जो कारणात्मा मुख्य प्राण है वही साक्षात् इस वाक् और मन के रूप में आता है । यह दूसरा कार्यात्मा प्राण भी उसी प्राण से उत्पन्न होता है । वह वाक् और मन को बीच में रखकर उत्पन्न होता है, यही विशेषता है । वाक् को वाक् इस मुख्य प्राण से उत्पन्न होने के कारण ही कहा जाता है, कि वह प्राण रूप होकर वाक् छन्द हो जाता है ।

७७. अथान्यः प्रत्यवतिष्ठते । "**अग्निर्वाग्भूत्वा मुखं प्राविशत्**[1]" (ऐतरेयोपनिषत्) इति बाह्वृच्यश्रुत्येयमाग्नेयी वागिति विज्ञायते । तदस्याः प्राणोपादानकत्वाख्याने श्रुतिरियं विरुद्धा भवतीति चेन्नैष दोषः । द्विविधस्तावदयमग्निर्भवति—कारणात्मा च कार्यात्मा च । तत्र "**प्रजाकामो वै प्रजापतिस्तपस्तप्त्वा मिथुनमुत्पादयते—रयिञ्च प्राणञ्च । एतौ मे बहुधा प्रजाः करिष्यतः**[2]" इति प्रश्नश्रुत्याभिहितः प्राण एवाग्निः, रयिः सोमः । तावेतावग्नीषोमात्मकस्यास्यज गतः कारणद्रव्ये भवत इत्यवश्यमस्य प्राणस्यैवाग्निपदेनाख्यानात् प्राणमूलैवेयं वागाग्नेयीति शक्यते प्रतिपत्तुम् । अथवा अस्तु कार्यद्रव्यपरोऽग्निशब्दः । तस्यैव हि कारणात्मकस्य प्राणाख्यस्याग्नेस्त्रयो विकाराः भवन्ति— अग्निर्वायुरिन्द्रा वा, अग्नीन्द्रादित्या वा । तत्रायमग्निः कार्यात्मा । सोऽपि प्राणविकारत्वात्प्राण एवेति सिद्धमाग्नेय्या अपि वाचः प्राणरूपत्वम् ।

---

1 ऐतरेय उपनिषद्, १।२।३

2 प्रश्नोपनिषद्, १।१।३

७७. अन्य मत इस प्रकार उपस्थित होता है कि "अग्नि वाक् बनकर मुख में प्रवेश कर गया" (ऐतरेयोपनिषद्) इस बह्वृच श्रुति से यह वाक् आग्नेयी बतलायी गई है। यहाँ प्राण को वाक् का उपादान बतलाने पर यह श्रुति विरुद्ध होगी तो यह दोष यहाँ नहीं है। क्योंकि यह अग्नि दो प्रकार का है एक कारणात्मा दूसरा कार्यात्मा। वहाँ कहा गया है कि—

> "प्रजा की कामना वाले प्रजापति तपस्या करके मिथुन को उत्पन्न करते हैं, वे मिथुन हैं, रयि और प्राण। इन दोनों के द्वारा मेरी कामना के लिए बहु प्रकार की प्रजा उत्पन्न की जाएगी।"

इस प्रश्न श्रुति में कहा गया प्राण ही अग्नि है। रयि शब्द से वहाँ सोम का ग्रहण किया गया है। यही दोनों इस अग्नीषोमात्मक जगत् के कारण द्रव्य हैं, इसलिए इस प्राण का ही यहाँ अग्नि पद से कथन किये जाने से यह वाक् प्राण मूल आग्नेयी है यह माना जा सकता है। अथवा अग्नि शब्द कार्य द्रव्य परक माना जा सकता है। उसी कारणात्मा प्राण नामक तत्व के तीन विकार होते हैं, उन्हें अग्नि, वायु, इन्द्र भी कहते हैं। अग्नि, इन्द्र, आदित्य भी कहते हैं। वहाँ यह अग्नि कार्यात्मा रूप है। वह प्राण का विकार होने से प्राण ही है, इसलिए आग्नेयी वाक् का भी प्राणरूपत्व सिद्ध हुआ।

७८. अथान्यः प्रत्यवतिष्ठते—वाचः प्राणोपादानकत्वे वागैन्द्रीति श्रुतेरसामञ्जस्यं भवति, इन्द्रजन्यत्वस्य प्राणजन्यत्वस्य च परस्परतो विरुद्धत्वात्। अत्रोच्यते—**"स योऽयं मध्ये प्राणः, एष एवेन्द्रः"** इति वाजसनेयश्रुतौ मुख्यस्य मध्यमप्राणस्यैवेन्द्रपदवाच्यत्वमाम्नायते। तदस्या मध्यमप्राणजन्मनो वाचः सुवचमेवेन्द्रजन्यत्वं भवतीति नास्ति विरोधः।

७८. अन्य मत यह उपस्थित होता है कि यदि वाक् का उपादान कारण प्राण है तो वाक् ऐन्द्री है, इस श्रुति से सामञ्जस्य नहीं होता। उसी को इन्द्र से उत्पन्न कहना तथा फिर उसे ही प्राण से उत्पन्न कहना परस्पर विरुद्ध कथन हो जाता है। यहाँ समाधान में कहना यह है कि "जो यह मध्य में प्राण है, उसी का नाम इन्द्र है" इस वाजसनेय श्रुति में मुख्य, मध्यम प्राण को ही इन्द्र पद का वाच्य बतलाया गया है। इस प्रकार मध्यम प्राण से उत्पन्न वाक् का इन्द्र से उत्पन्न होना बतलाने में कोई विरोध नहीं आता।

७९. अथवैतदन्यथा व्याख्यास्यामः। प्रज्ञा हीन्द्रः—कौषीतकश्रुतिः। वायुः प्राण इति श्रुत्यन्तरम्। न प्रज्ञया वायुना वा बिना कृता वागुत्पद्यते। वायुर्हि वाचो मूलद्रव्यम्। प्रज्ञा त्वर्थसम्बन्धं कृत्वाक्षराणि विभज्य पदत्वेन वाक्यत्वेन वा वाचं व्याकरोति। तथा चैषा प्रज्ञापि वाचोरूपेण कृतरूपैव प्रभवति, अयमश्वः अयम् गजः इति वाच एव प्रज्ञारूपत्वात्। तदिदमाम्नातं कृष्णयजुर्वेदे षष्ठकाण्डे—

"वाग् वै पराच्यव्याकृता अवदत्' । ते देवा अब्रुवन् इमां नो वाचं व्याकुरु इति । सोऽब्रवीत्—वरं वृणे—मह्यं चैष वायवे च सह गृह्याता इति । तस्मादैन्द्रवायवः सह गृह्यते । तामिन्द्रो मध्यतोऽवक्रम्य व्याकरोत्—तस्मादियं व्याकृता वागुद्यते" इति । एतन्मूलिकैवेन्द्रो व्याकरणकर्तेति लोके प्रसिद्धिरभवत् तथा च प्राणात्मकत्वेऽप्यस्या वाच ऐन्द्रीत्वमुपपद्यत एव । इन्द्रेण व्याकृतत्वात् ।

७९, अथवा अब इस विषय की दूसरे प्रकार से व्याख्या करेंगे । कौषीतक श्रुति में कहा गया है कि,

"प्रज्ञा इन्द्र है ।"

दूसरी श्रुति है—

"वायु ही प्राण है ।"

प्रज्ञा और वायु के बिना वाक् उत्पन्न नहीं होती । वाक् का मूल द्रव्य वायु ही है । जो प्रज्ञा है वह तो अर्थ के साथ सम्बन्ध बनाकर अक्षरों का विभाग करके पद और वाक्य के रूप में वाक् का व्याकरण या विशकलन करती है । पुनश्च, यह प्रज्ञा भी वाक् के रूप में अपना रूप बनाकर प्रकट होती है, जैसे—'यह अश्व है', 'यह हाथी है', यह वाक् का ही प्रज्ञा रूप है । कृष्णयजुर्वेद के षष्ठ काण्ड में इस विषय को कहा गया है,

" 'पराची, वाक् अव्याकृता', बोली जाती थी, देवताओं ने इन्द्र से कहा कि आप हमारी इस वाणी को विभक्त कीजिए, उसने कहा कि मैं वर माँगता हूँ, इस कार्य में मैं और वायु सहभागी होंगे, इसलिए इन्द्र और वायु सहभागी बने । इन्द्र ने वाणी को मध्य भाग पर आक्रमण कर विभक्त कर दिया, तबसे यह विभक्त वाणी बोली जाने लगी ।"

इसी घटना के आधार पर लोक में यह प्रसिद्धि हो गई कि इन्द्र व्याकरण कर्ता है । इस प्रकार प्राणात्मक होने पर भी वाक् का ऐन्द्री होना सिद्ध हो जाता है, क्योंकि यह इन्द्र के द्वारा विभक्त हुई है ।

८०. अथ वैतत्सर्वमन्यथा व्याख्यास्यामः—य एव मुख्यप्राणः स एक एव लोकभेदात् त्रिधाऽऽत्मानं कुरुते—अग्निर्वायुरिन्द्रश्च । ते पुनर्द्वेधा–समष्ट्यभिमानित्वे विराट्, हिरण्यगर्भः, सर्वज्ञश्चेत्याख्यायन्ते । व्यष्टयभिमानित्वे तु वैश्वानरस्तैजसः प्राज्ञ इत्युच्यन्ते । प्रतिशरीरं त्रय इमे प्राणा भवन्ति । तत्र वैश्वानरप्राणोऽग्निरूपः, तद्विकारा भूतमात्राः, वाक् च तेजोमयी तासां प्रधानम् । तैजसप्राणो वायुरूपः, तद्विकाराः प्राणमात्राः, प्राण आपोमयस्तासां प्रधानम् । प्राज्ञप्राण इन्द्ररूपः, तद्विकाराः प्रज्ञामात्राः, मनस्त्वन्नमयं तासां प्रधानम् । प्रधानेन व्यपदेशा भवन्ति । ता इमा वाक्प्राणमनःशब्दैरुपलक्षिता भूतमात्राः, प्राणमात्राः, प्रज्ञामात्राः, पर-

स्परतः समर्पितरूपा नान्योन्यं व्यभिचरन्ति । नेतराभ्यां हीना भूतमात्रा प्राणमात्रा प्रज्ञामात्रा वा रूपं धत्ते, तत्र भूतमात्राः प्रज्ञामात्रास्वर्पिताः, प्रज्ञामात्राः प्राणमात्रास्वर्पिताः । प्राणमात्रास्तु प्राणेऽर्पिताः । आम्नातं चैतत्सर्वं विस्तरतः कौषीतकीयश्रुतौ । तथा चास्या भूतमात्राया वाचो वैश्वानरप्राणसम्भूतत्वादाग्नेयीव्यपदेशः । भूतमात्रायाः प्रज्ञामात्रास्वर्पितत्वात्प्रज्ञायाश्चेन्द्रत्वादैन्द्रीति व्यपदेशः । सर्वेऽप्येते प्राणा एवेति न प्राणजन्यत्वं परिहीयते ।

८०. अथवा इस सारे प्रकरण को दूसरे ही प्रकार से व्याख्या करके समझने का उपक्रम किया जाता है । जो मुख्य प्राण है, वह लोक भेद से स्वयं को तीन (रूपों) भेदों में प्रकट करता है, वे रूप हैं, अग्नि, वायु और इन्द्र । पुनः वे दो प्रकार के हो जाते हैं, समष्टि के अभिमानी, अग्नि, वायु और इन्द्र, विराट्, हिरण्यगर्भ और सर्वज्ञ कहलाते हैं, तथा व्यष्टि के अभिमानी ये ही अग्नि, वायु और इन्द्र, वैश्वानर, तैजस् और प्राज्ञ कहे जाते हैं । प्रत्येक शरीर में ये तीन प्राण विद्यमान हैं । इसमें वैश्वानर प्राण अग्नि रूप है, उसके विकार भूतमात्राएँ हैं और वाक् तेजोमयी, जो उनमें प्रधान है । प्राज्ञ प्राण इन्द्र रूप है, उसके विकार प्रज्ञामात्राएँ हैं, उनमें अन्नमय मन की प्रधानता है, प्रधान से ही नामकरण या व्यवहार चलाया जाता है । ये वाक्, प्राण और मन शब्दों से सम्बोधित भूतमात्राएँ, प्राणमात्राएँ, तथा प्रज्ञामात्राएँ परस्पर में समर्पित स्वरूप वाली होती हुई एक दूसरे से पृथक् नहीं रहतीं । अन्य से अलग होकर भूतमात्रा, प्राणमात्रा या प्रज्ञामात्रा, अपना स्वरूप धारण नहीं करतीं, इनमें भूतमात्राएँ, प्रज्ञामात्राओं में अर्पित होती हैं, प्रज्ञामात्राएँ प्राणमात्राओं में अर्पित होती हैं एवं प्राणमात्राएँ तो प्राण में ही अर्पित होती हैं । यह सारा विषय 'कौषीतकीय श्रुति' में कहा गया है । इस प्रकार इस भूतमात्रा वाक् के वैश्वानर प्राण से सम्भूत होने के कारण उसे आग्नेयी शब्द से कहा जाता है । भूतमात्राएँ चूँकि प्रज्ञा मात्राओं में अर्पित हैं और प्रज्ञा इन्द्र से सम्बन्धित है, इसलिए वाक् को ऐन्द्री कहा गया है । यह सब प्राण ही है, इसलिए इनका प्राण से उत्पन्न होना हटता नहीं ।

८१. अथवैतदन्यथा व्याख्यास्यामः—वागित्येकमिन्द्रियम् । न चेन्द्रियत्वमन्तरेणेन्द्रसम्बन्धः सम्भाव्यते । तस्मादैन्द्री वाक् । इन्द्रश्च ज्ञानाधिकरणमात्मा । आत्मा हि प्राणः ततो ह्येषोत्पद्यते 'तस्मादैन्द्री सती प्राणजन्यापि भवति । एवमयमात्मा बुद्ध्या पूर्वमर्थान् समर्थ्य विवक्षया मनः प्रयुङ्क्ते, तन्मनः कायाग्निमाहन्ति, स वायुं प्रेरयति, वायुरुत्थाय स्थानविशेषेष्वाहन्यमानो वर्णोत्पत्तये प्रकल्पते । तत्र यत इयमग्नेर्व्यापारादुत्पद्यते तस्मादाग्नेयी । प्राणो हि वायुर्भूत्वा नासिके प्राविशदि' तिश्रुतेः प्राणात्मकादियं वायोरुत्पद्यते तस्मात्प्राणजन्येति सर्वं समञ्जसम् ।

८१. अथवा इसकी दूसरी व्याख्या प्रस्तुत की जाती है कि—

"वाक् यह एक इन्द्रिय है । इन्द्रिय के बिना इन्द्र का सम्बन्ध बनता नहीं । इसलिए

वाक् ऐन्द्री कही जाती है और इन्द्र ज्ञान का अधिकरण या आधार आत्मा ही है। आत्मा प्राण है, उसी से यह उत्पन्न होती है, इसलिए यह वाक् ऐन्द्री होती हुई प्राणों से भी उत्पन्न मानी जाती है। इस प्रकार यह आत्मा बुद्धि से पहले अर्थों को एकत्रित करके बोलने की इच्छा से मन को प्रेरित करता है। वह मन कायास्थित अग्नि को आहत करता है, वह कायाग्नि वायु को प्रेरित करता है, तब वायु उठकर विशेष स्थानों में टकराता हुआ वर्णों की उत्पत्ति का कारण बनता है। इस क्रम में वाक् अग्नि के व्यापार से उत्पन्न होती है, अतः आग्नेयी कहलाती है। श्रुति ने कहा है कि "प्राण वायु बनकर नासिका में प्रविष्ट हुआ"।

इस आधार पर यह वाक् प्राणात्मक वायु से उत्पन्न होती है। इसलिए यह प्राण से उत्पन्न है ऐसा कहने में पूरा सामञ्जस्य सिद्ध हो जाता है।

८२. अथवा स्पष्टमाम्नायते वेदे वाचः प्राणजन्यत्वात् प्राणतादात्म्यम्।

एकः सुपर्णः स समुद्रमाविवेश स इदं विश्वं भुवनं विचष्टे।
तं पाकेन मनसाऽपश्यमन्तितः तं माता रेढि स उ रेढि मातरम्।
(ऐतरेयारण्यकश्रुतौ)

अत्र वाक्प्राणयोः परस्परशरीरानुप्रवेशेनैकीभावः श्रूयते। मौनावस्थायां वाचः प्राणरूपत्वावसायः, भाषणावस्थायां प्राणस्य वाग्रूपत्वावसायश्च। एतद-भिप्रायेणैवान्तरं प्रतिदिनाग्निहोत्रमन्वाख्यायते कौषीतकीयश्रुतौ।

"यावद्वै पुरुषो भाषते, न तावत्प्राणितुं शक्नोति।
प्राणं तदा वाचि जुहोति। यावद्वै पुरुषः प्राणिति,
न तावद् भाषितुं शक्नोति वाचं तदा प्राणे जुहोति"

तस्मात् सिद्धं प्राण एव रूपान्तरमापन्नो वाग् भवतीति।

८२. अथवा वेद में वाक् के प्राणों से उत्पन्न होने के कारण प्राण का तादात्म्य स्पष्ट कहा गया है।

"एक सुपर्ण था, उसने समुद्र में प्रवेश किया, वह इस समस्त भुवन का विस्तार करता है, उसको एकाग्र मन से समीप से देखा उसमें माता प्रवेश करती है, और वह माता में प्रवेश करता है।"—ऐतरेयारण्यक श्रुति।

यहाँ वाक् और प्राण के परस्पर के शरीर में अनुप्रवेश से एकीभाव सुना जाता है। मौन अवस्था में वाक् प्राणरूप में अवसित होती है, भाषण अवस्था में प्राण की वाक्रूपता निश्चित होती है। इसी अभिप्राय से आन्तरिक दैनिक अग्निहोत्र का अन्वाख्यान कौषीतकीय श्रुति में किया गया है कि—

"जब तक पुरुष बोलता है तब तक वह प्राणन नहीं करता, तब वह प्राण का वाक् में हवन करता है, जब तक पुरुष प्राणन करता है, तब तक वह बोल नहीं सकता, तब वह वाक् का प्राण में हवन करता है।"

इससे सिद्ध हुआ कि प्राण ही रूपान्तरित होकर वाक् होता है।

उत्पत्तिनिमित्तानि गुणाः

८३. तत्र येषां धर्माणामावापतः प्राणोऽयं वाग् व्यपदेशं गत्वा नानाविध्यं भजते।

येषां वोद्वापतः पुनरस्या वाचः प्राणव्यपदेशोऽवतिष्ठते त एते वाचो गुणा उच्यन्ते। तथा च प्राणावस्थामारभ्य वागवस्थासिद्धिपर्यन्तमत्र सप्तावस्था जायन्ते।

१ तैजसप्राणः, २ वायुः, ३ श्वासः, ४ नादः, ५ श्रुतिः, ६ स्वरः, ७ वर्णः इति। तथा हि वागुपादानद्रव्यं यावदेवैतस्मिन् शरीरे ब्रह्मग्रन्थिस्थाने प्रकृत्या स्थितं भवति तावदसौ प्राण इत्येवाख्यायते। अथ यदा शरीराग्निना संयोगात् क्षुभ्यमाणः स ऊर्ध्वं सञ्चरितुं प्रक्रमते तदा स वायुरित्युच्यते। स पुनः श्वासो नादश्च भूत्वा क्रमेण नाभ्यादिस्थानविशेषसंयोगमाहात्म्याद् वैविध्यं भजमानः श्रुतित्वं भजते स्वरत्वञ्च। वर्णात्मना च परिणमितुमूर्ध्वं क्रममाणो वायुर्वक्षसि वा कण्ठे वा भ्रूमध्ये वा समुत्पत्य पुनरूर्ध्वं गच्छन् शिरः कपालप्रत्यावरणात् प्रत्यावृत्त इवासौ मुखबिलं प्रविश्य तत्तद्गुणविशेषसम्बन्धानुरोधेनानेकधाभूतो वर्णो भवति। तद्गुणापहारे तु वाचः प्राणरूपताप्रत्यापत्तिः। अत एवैते गुणा एव वर्णानां स्वरूपसम्पत्तौ निमित्तम्। ते च गुणाः पञ्चधा—स्वरः, मात्रा, स्थानकरणे, बलम्, अनुप्रदानञ्चेति। तथा चोक्तमृक्तन्त्रे—

"अथ वाचो वृत्तिं व्याख्यास्यामः। वायुं प्रकृतिमाचार्याः। वायुर्मूर्च्छन् श्वासो भवति। श्वासो नाद इति शाकटायनः। वायुरयमस्मिन् काये मूर्च्छति। स खलु रवविशेषं प्रतिपन्नः श्वसितिर्भवति। स श्वसितिः शिरः प्रतिपन्नः आकाशमद्वारकं नदतिर्भवति। तस्येदानीं नदतेर्जिह्वाग्रेणेर्यमाणस्य व्यक्तयः प्रादुर्भवन्ति वर्णानाम्"।

उक्तञ्च पाणिनेः शिक्षायाम्—

आत्मा बुद्ध्या समर्थ्यार्थान् मनो युङ्क्ते विवक्षया।
मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम्॥

मारुतस्तूरसि चरन्मन्द्रं जनयति स्वरम् ।
प्रातः सवनयोगं तं छन्दो गायत्रमाश्रितम् ।।

कण्ठे मध्यन्दिनयुगं मध्यमं त्रैष्टुभानुगम् ।
तारं तार्तीयसवनं शीर्षण्यं जागतानुगम् ।।

सोदीर्णो मूर्ध्न्यभिहतो वक्त्रमापद्य मारुतः ।
वर्णान् जनयते तेषां विभागः पञ्चधा मतः ।।

स्वरतः कालतः स्थानात् प्रयत्नानुप्रदानतः ।
इति वर्णविदः प्राहुर्निपुणं तं निबोधत ।।[1]

उत्पत्ति के निमित्तगुण

८३. अब जिन धर्मों के आगमन से यह प्राण वाक् इस नाम को धारण करता है, तथा नाना रूप धारण करता है और जिन धर्मों के हट जाने पर फिर इस वाक् का प्राण नाम ही रह जाता है, वे वाणी के गुण कहे जाते हैं। अथ च प्राण अवस्था के आरम्भ से वाक् अवस्था की सिद्धि तक इसकी सात अवस्थाएँ होती हैं। वे हैं—

१. तैजसप्राण, २. वायु, ३. श्वास, ४. नाद, ५. श्रुति, ६. स्वर, वर्ण। यह वाक् का उपादान कारण रूप द्रव्य जब तक इस शरीर में ब्रह्म ग्रन्थि के स्थान में प्रकृति से स्थित होता है तब तक यह प्राण नाम से ही कहा जाता है।

अब जब शरीर की अग्नि से विक्षुब्ध होकर वह ऊपर की ओर सञ्चरण के लिए आगे बढ़ता है, तब वह वायु कहलाता है। वही फिर श्वास और नाद बनकर क्रम से नाभि आदि स्थानों में संयुक्त होकर वहाँ की विशेषताओं के कारण विविधता को धारण करता हुआ श्रुति और स्वर के रूप को प्राप्त करता है। वर्णरूप से परिणत होने के लिए ऊपर की ओर उठता हुआ वायु वक्ष, कण्ठ या भ्रूमध्य में उछलकर फिर ऊपर उठकर सिर के कपाल के आवरण के कारण वापस लौटता हुआ मुख के बिल में प्रवेश करके उन-उन विशेष गुणों के अनुरोध से अनेक रूपों को धारण करता हुआ वर्ण उच्चरित होता है। उन गुणों के हट जाने पर तो वाक् प्राणरूप में परिणत हो जाती है। इसलिए ये गुण ही वर्णों के स्वरूप सम्पादन के निमित्त होते हैं। वे गुण पाँच प्रकार के हैं—स्वर, मात्रा, स्थानकरण, बल तथा अनुप्रदान। ऋक्तन्त्र-प्रातिशाख्य में कहा गया है कि—

"अब वाक् की वृत्ति की व्याख्या करते हैं। आचार्यों का कथन है कि वायु वाक्

---

1 पाणिनीयशिक्षा, श्लोक ९-१०

की प्रकृति है, वायु ही मूर्च्छित होकर श्वास होता है, श्वास ही नाद होता है यह शाकटायन का कथन है। इस काय में यह वायु मूर्च्छित होता है। वह रव विशेष को प्राप्त कर श्वास होता है, वह श्वास सिर में पहुंचकर बिना द्वार के आकाश में नाद बनता है वही नाद जिह्वा के अग्र भाग से प्रेरित होकर वर्णों की अभिव्यक्ति का कारण बनता है।"

पाणिनि विरचित शिक्षा में भी कहा गया है—

"आत्मा बुद्धि से अर्थों को प्राप्त करके बोलने की इच्छा से मन को प्रेरित करता है, मन कायाग्नि को धक्का देता है, वह वायु को प्रेरित करता है, वह वायु उरः में विचरण करता हुआ प्रातः सवन के योग्य गायत्री छन्द का आश्रय लेने वाले मन्द्र स्वर को उत्पन्न करता है। मध्यम स्वर को त्रिष्टुप् छन्द से अनुगत माध्यन्दिन सवन के लिए कण्ठ में उत्पन्न करता है पुनः तृतीय सवन के लिए जगती छन्द में अनुगत सिर में नाद उत्पन्न करता है। वह वायु उठकर सिर में टकराकर मुख में आने पर वर्णों को उत्पन्न करता है उन वर्णों का विभाग या भेद पाँच प्रकार का है, स्वर, काल, स्थान, प्रयत्न तथा अनुप्रदान निपुणता से इस विषय को जानो, ऐसा वर्णवेत्ताओं का कथन है।"

इस विषय में सबसे पहले स्वर की समीक्षा की जाती है।

तत्रादौ स्वरः समीक्ष्यते

८४. स्वरस्तावन्नवधा—श्वासलक्षणः, नादलक्षणः, विचारलक्षणः, स्थानलक्षणः, व्यक्तिलक्षणः, गेह्यलक्षणः, श्रुतिलक्षणः, सवनलक्षणः, भागलक्षणश्चेति ।।

अयं तावद्विश्वकर्मा प्राणो द्विधा—बहिःप्राणः सूर्यो नाम, अन्तःप्राणः स्वरो नाम। तत्रामुष्माद् बहिः प्राणात् सूर्याख्यात् सर्वजगद्व्यापी कश्चिद्वाङ्मयो महासमुद्रः प्रवर्तते सरस्वान्नाम। स इन्द्रेष्वेकः। अथैतस्मादन्तः प्राणात् स्वराख्यात् सर्वशरीरव्यापिनी काचिद् वाङ्मयी महानदी प्रवर्तते सरस्वती नाम। सापि तेजोमयी वागैन्द्रीति वेदे श्रूयते। यच्च किञ्चिदिह बहिर्दृश्यते स बहिः प्राणविकारो निमित्तविशेषसंयोगाद् बहुधा भिन्नः। एवमिदं यत् किञ्चिदन्तर्दृश्यते स सर्वोऽन्तः प्राणविकारो निमित्तविशेषसंयोगाद् बहुधा भिन्नः। स्वरसूर्ययोश्चानवरतं नित्यः सम्बन्धः "तावेतावन्योन्यस्मिन् प्रतिष्ठितौ। रश्मिभिरेषोऽस्मिन् प्रतिष्ठितः, प्राणैरयममुष्मिन्।। तस्योपनिषद् 'अहम्' इति" इत्याद्यनेकश्रुतिभिस्तथावगतेः।। यथाहि बहिःप्राणात्मकोऽयं सूर्यो जगदात्मा। एवमयमन्तःप्राणात्मकः स्वरः प्रतिशरीरमात्मेति विजानीयात्। नासिकास्थानाभ्यां निश्वासप्रश्वासाभ्यामयं

लक्ष्यते—इत्यतोऽयं स्वर: श्वासलक्षणोऽप्युच्यते । तत्र नायं स्वर एव स श्वास:, किन्तु मूलाधारादारभ्य ब्रह्मरन्ध्रपर्य्यन्ते मेरुदण्डसंलग्नस्तदुत्तरतस्तद्दक्षिणतो वा संसज्यानवरत एवोर्ध्वमधस्ताद् वा क्रममाण: शारीरं वायुं बहिर्निःसारयति, बाह्यं च विशुद्धमन्त: सञ्चारयति, स निश्वास: प्रश्वासो वा भवति । तत्र यद्व्या-पारानुरोधेन वायुव्यापारो जायते स प्राण:, स स्वर:, तद्विशेषविज्ञानात् कालज्ञानं भवति । तद्विद्यावगमनार्थमेव स्वरोदयशास्त्रं प्रवर्तते—इति विशेषास्ततोऽवग-न्तव्या: । तदित्थं श्वासलक्षण: स्वर उक्त: ।। १ ।।

स्वर की समीक्षा

८४. स्वर नौ प्रकार का है—श्वासस्वरूप, नादस्वरूप, विचारस्वरूप, स्थानस्वरूप, व्यक्तिस्वरूप, गेह्यस्वरूप, श्रुतिस्वरूप, सवनस्वरूप तथा भागस्वरूप ।

यह समस्त कर्मों का सम्पादक प्राण दो प्रकार का है—बाहर का प्राणसूर्य है, आन्तरिकप्राणस्वर है । इस बाहरी सूर्य नामक प्राण से सर्वजगत् को व्याप्त करने वाला कोई वाङ्मय महासमुद्र उत्पन्न होता है, जिसका नाम सरस्वान् है, वह इन्द्रों में एक है । इसी प्रकार इस भीतर के स्वर नाम के प्राण से वाङ्मयी महानदी समुत्पन्न हो रही है जिसका नाम सरस्वती है । उस तेजोमयी वाक् की भी वैदिक विज्ञापना ऐन्द्री ही है । जो कुछ यहाँ बाहर दिखाई दे रहा है वह बाहर के प्राण का विकार है जो विशेष निमित्तों के संयोग से भिन्न-भिन्न हो जाता है । उसी प्रकार यह जो कुछ भीतर दिखाई दे रहा है वह सब भीतर के प्राण का विकार है और वह भी विशेष निमित्तों के संयोग से बहुत प्रकार से भिन्न-भिन्न है । स्वर और सूर्य का निरन्तर सम्बन्ध बना हुआ है—"ये दोनों एक दूसरे में प्रतिष्ठित हैं, रश्मियों से सूर्य स्वर में प्रतिष्ठित है, प्राण से स्वर सूर्य में प्रतिष्ठित है, उसकी उपनिषद् अहम् है" इत्यादि अनेक श्रुतियों से यह अवगत हो रहा है जैसे बहि: प्राणात्मक यह सूर्य जगत् की आत्मा है, वैसे ही अन्न प्राणात्मक यह श्वास प्रत्येक शरीर का आत्मा है यह समझना चाहिए, नासिका स्थान के नि:श्वास प्रश्वास से यह लक्षित होता है, इसलिए यह स्वर श्वास स्वरूप भी कहा जाता है । वहाँ यह स्वर ही श्वास नहीं है किन्तु मूलाधार से आरम्भ करके ब्रह्मरन्ध्र तक मेरुदण्ड से संलग्न उसके उत्तर या दक्षिण में संसक्त होकर निरन्तर ही ऊपर और नीचे सङ्क्रमण करता हुआ शरीर के वायु को बाहर निकालता है, तथा बाहर विशुद्ध वायु को भीतर सञ्चारित करता है, वही नि:श्वास और प्रश्वास कहा जाता है । वहाँ जिसके व्यापार के अनुरोध से वायु का व्यापार होता है वह प्राण है, वह स्वर है, उसकी विशेषता के ज्ञान से काल का ज्ञान होता है । उसी विद्या के अवगम के लिए स्वरोदय शास्त्र की प्रवृत्ति है, वहाँ की विशेषताएँ वहीं से जाननी चाहिए । इस प्रकार श्वास स्वरूप स्वर बतलाया गया ।

८५. अथ नादलक्षण उच्यते । उक्तोऽन्त: प्राण: । तद्भुक्तीनां मुखाद्

विनिःसृतानां निमित्तविशेषसंयोगवशात् कर्णशष्कुलीप्रदेशे नैरन्तर्येण क्रियमाणाः संयोगविभागाः शब्दमभिव्यञ्जयन्तो नादशब्दवाच्या भवन्ति। तत्र यस्यैते नादाः स स्वरः। स सर्वेषां वर्णजातानामुपादानभूतोऽर्थः। स ध्वनिः। स शब्दः। तस्यैव विशेषात् पुरुषपरीक्षा भवति सामुद्रके।

करिवृषरथौघभेरीमृदङ्गसिंहाब्दनिःस्वना भूपाः।
गर्दभजर्जररूक्षस्वराश्च धनसौख्यसन्त्यक्ताः॥ इत्यादि।

तत्रैव च दोषविशेषानुषङ्गात् स्वरभङ्गलक्षणो दोषोऽनुवर्तते॥ तदुक्तम्—

अत्युच्चभाषणविषाध्ययनाभिघातैः
संदूषणैः प्रकुपिताः पवनादयस्तु।
स्रोतःसु ते स्वरवहेषु गताः प्रतिष्ठां
हन्युः स्वरं भवति चापि हि षड्विधः सः॥ १॥

अत्युच्चभाषणाद्, विषप्रयोगाद्, चिरकालमत्युच्चैरध्ययनात्, कण्ठादिदेशे लगुडाभिघाताच्च स्वरवाहिषु चतुर्षु सुश्रुतोक्तेषु स्रोतस्सु स्थितिं गता वात—पित्त—कफ—सन्निपात—क्षय—मेदोलक्षणाः षड् विकाराः षड्विधमेव स्वरभेदं जनयन्तीत्यर्थः। तेषां लक्षणानि यथा—

"वातेन कृष्णनयनाननमूत्रवर्चा
भिन्नं शनैर्वदति गर्दभवत् स्वरञ्च।
पित्तेन पीतनयनाननमूत्रवर्चा
ब्रूयाद्गलेन स च दाहसमन्वितेन॥ १॥

ब्रूयात् कफेन सततं कफरुद्धकण्ठः
स्वल्पं शनैर्वदति चापि दिवा विशेषात्।
सर्वात्मके भवति सर्वविकारसम्पत्
तच्चाप्यसाध्यमृषयः स्वरभेदमाहुः॥ २॥

धूप्येत वाक् क्षयकृते क्षयमाप्नुयाच्च
स्यादेषु चापि हतवाक् परिवर्जनीयः।
अन्तर्गलं स्वरमलक्ष्यपदं चिरेण
मेदोऽन्यवाद् वदति दिग्धगलस्तृषार्तः" ॥ ३॥

अत्र पैत्तिके गलदाहो वचनसमय एव। कफजे दिवा, सूर्यरश्मिभिः। कफस्याल्पीभावाद् विशेषः। क्षयजे वाक् सधूमेव निःसरति, क्षये चाप्नोति। मेदोभवे तु मेदसा श्लेष्मणाऽवलिप्तगलो गलमध्य एव स्वरं वदति। त एवंविधाः षट् स्व-

रभङ्गदोषा यत्र जायन्ते स एव उत्तरेषां स्वराणां मूलभूतो नादलक्षणः स्वर आख्यातः ।। २ ।।

८५. अब नाद का स्वरूप बतलाया जाता है । हमने अन्तःप्राण को बतलाया है । उसके भाग जो मुख से निकलते हैं वे उनके विशेष निमित्तों के संयोग के कारण कर्णशष्कुली के प्रदेश पर निरन्तर किये जाने वाले संयोग और विभाग शब्द की अभिव्यञ्जना करते हुए नाद शब्द से कहे जाते हैं । वहाँ ये जिसके नाद हैं वह स्वर कहलाता है । वह सभी वर्णों का उपादान भूत अर्थ है । वही ध्वनि है । वही शब्द है । सामुद्रक शास्त्र में उसी की विशेषता से पुरुष की परीक्षा होती है—

"हाथी, बैल, रथ समूह, भेरी, मृदङ्ग, सिंह, अब्द के समान शब्द करने वाले राजा गण होते हैं, गर्दभ के समान जर्जर तथा रुक्ष स्वर वाले वे होते हैं जो धन के सुख से पृथक् हैं ।"

वहीं विशेष दोष के संयोग से स्वरभङ्ग स्वरूपवाला दोष अनुवृत्त होता है । कहा गया है—

"बहुत जोर से बोलने से, विष प्रयोग से, अध्ययन से, अभिघात से इन दोषों से प्रकुपित होने वाले पवन आदि स्वर को वहन करने वाले स्रोतों में प्रतिष्ठित होकर स्वर पर आघात करते हैं, वह आघात छः प्रकार का है ।" अत्युच्च भाषण से, विष प्रयोग से, चिरकाल ऊँचेस्वर से अध्ययन करने पर, कण्ठ आदि देश में लाठी आदि के आघात से स्वर का वहन करने वाले चारों सुश्रुत ग्रन्थ में कहे गए स्रोतों में स्थित रहने वाले वात, कफ, पित्त, सन्निपात, क्षय-भेद, स्वरूप वाले छः विकार छः प्रकार के ही स्वर के भेदों को उत्पन्न करते हैं । उनके लक्षण इस प्रकार हैं—

वात दोष से आँख काली, मुख, मूत्र, तथा वर्च वाला, धीरे, धीरे भेदपूर्वक गर्दभ के समान स्वर बोलता है । पित्तदोष से पीली आँख, मुख, मूत्र तथा वर्च वाला दाह समन्वित गले से बोलता है । कफ दोष से कफ से अवरुद्ध कण्ठवाला होकर दिन में विशेष रूप से धीरे-धीरे बोलता है, सभी विचार सभी जगह होते हैं, वह स्वर भेद का जनक होता है, वह असाध्य है ऐसा ऋषियों का कथन है ।

वाणी के क्षय के लिए धूप का सेवन करें । क्षय रोगी जो हो जाता है उनमें जिसकी वाणी आहत हो जाती है, उसका परिवर्जन करना चाहिए । गले के भीतर अलक्ष्य रूप में स्थित स्वर से दिग्ध गले वाला तृषा से आर्त भेद के सम्बन्ध से बोलता है ।"

यहाँ पित्त से गले का दाह बोलने के समय ही होता है । कफ से उत्पन्न दोष से दिन में सूर्य की रश्मियों से गले का दाह होता है । जब कफ कम हो जाता है तो गले में दाह विशेष होता है । क्षय से उत्पन्न दोष में वाणी धुएँ सहित सी निकलती है । वह क्षीण हो जाती

है। भेद से उत्पन्न दोष में भेद से तथा श्लेष्मा से गला अवलिप्त हो जाता है गले के मध्य में ही स्वर को निकालता है। ये छः प्रकार के स्वर का भङ्ग करने वाले दोष जहाँ उत्पन्न होते हैं वही आगे के स्वरों का मूल-भूत नाद स्वरूप स्वर कहा गया है ।। 2 ।।

८६. अथ विवारलक्षणो वक्तव्यः। वर्णोच्चारणार्थं कृतः प्रयत्नः स्थान-करणयोरन्योन्यसम्बन्धायोपयुज्यते। उरो—जिह्वामूलकण्ठाः, तालु—मूर्द्ध—दन्ताः, सृक्कोपध्मौष्ठानि, नासिका चेति स्थानानि दश। जिह्वाग्रोपाग्रमध्यमूलानि करणानि चत्वारि। विवक्षानुसारेणान्यथान्यथा सम्भवन् प्रयत्नः स्थानविशेषे करणविशेषे चतुर्धा संयोजयति। क्वचित्तावत् करणैकदेशं दृढमायम्य स्वल्पेन तेन करणैकदेशेन स्वल्पे स्थानैकदेशे गाढस्पर्शं जनयति। ततः पञ्चवर्ग्या उच्चार्यन्ते। तत्र स स्पृष्टः प्रयत्नो भवत्यविवृतश्च (१)

अन्यत्र पुनः करणैकदेशं श्लथमन्ववसृज्य विपुलसम्प्लुतेन तेन करणैकदेशेन विपुलं स्थानीयप्रदेशमवगाह्य शिथिलस्पर्शं जनयति, तत ऊष्माण उच्चार्यन्ते। तत्र सोऽर्द्धस्पृष्टः प्रयत्नो भवत्यल्पविवृतश्च। स्पर्शोष्मणोरुच्चारणे प्रयत्नसाम्येऽपि तस्यैकत्राल्पीयसि स्थानीयप्रदेशे प्रयोगात् पूर्णवलत्वमन्यत्र पुनर्भूयसि प्रदेशे व्याप्नुवतः प्रयोग इत्यधिकदेशावगाहनाद् बलह्रासः। अतएवास्येषद्विवृतत्वव्यवहारः (२)

अथान्यत्र कारणस्य दृढमायतस्य वा श्लथमन्ववसृष्टस्य वा स्थानेन स्पर्शं न जनयतीव जनयति। तत्र दुःस्पृष्टः प्रयत्नो भवति दुर्विवृतश्च। अथवा ईषत्स्पृष्टः प्रयत्नो भवति भूयोविवृतश्च। ततोऽन्तःस्था द्विविधा अपि जायन्ते—ईषत्स्पृष्टाश्च दुःस्पृष्टाश्चेति ।। ३ ।।

अथान्यत्र करणस्य स्थानेन स्पर्शं प्रतिबध्नाति। स्पर्शमभावयित्वैव च वर्णं जनयति। तत्र सोऽस्पृष्टः प्रयत्नो भवति विवृतश्च। एवं प्रयत्ने सति ये वर्णा उच्चार्यन्ते ते स्वरा इत्युच्यन्ते। न एकविंशतिः संख्याताः ।। अ, इ, उ, ऋ—इत्येते चत्वारो ह्रस्वदीर्घप्लुतभेदात् त्रेधेत्येवं द्वादश। लृकारो ह्रस्व एकः। ए. ओ. ऐ, औ—इत्येते चत्वारो दीर्घप्लुतभेदाद् द्वेधा—इत्येवमष्टौ। तदित्थमेकविंशतिसंख्यासिद्धिः।

८६. अब विवार स्वरूप स्वर कहा जाता है। वर्ण के उच्चारण के लिए किया गया प्रयत्न स्थान और करण के अन्योन्य के साथ सम्बन्ध के लिए उपयुक्त होता है। उर, जिह्वामूल, कण्ठ, तालु, मूर्धा, दन्त, सृक्क, उपध्मा, ओष्ठ, नासिका ये दश स्थानों के नाम हैं। जिह्वाग्र, उपाग्र, मध्य तथा मूल ये चार करण हैं। बोलने की इच्छा के अनुसार परिवर्तन की स्थिति में पहुँचने वाला प्रयत्न स्थान विशेष में विशेष करणों को चार प्रकार से जोड़ता है। कहीं करण के एक अंश को दृढ़ता से पकड़कर उस छोटे करण के अंश से

छोटे स्थान के अंश से गाढ़ स्पर्श उत्पन्न करता है। उससे पाँचों वर्गों के अक्षरों का उच्चारण होता है। वहाँ स्पृष्ट और अविवृत प्रयत्न होता है ॥ १ ॥

अन्यत्र वह प्रयत्न करण के एक अंश को ढीला छोड़कर विपुल हो जाने वाले उस करण के अंश से विपुल स्थान के प्रदेश में पहुँचकर शिथिल स्पर्श प्राप्त करता है। उससे ऊष्म वर्णों का उच्चारण होता है। वह प्रयत्न अल्प विवृत अर्धस्पष्ट प्रयत्न होता है। स्पर्श और ऊष्म वर्णों के उच्चारण से प्रयत्न की समानता होने पर भी उसके एक जगह अल्प स्थान के प्रदेश में प्रयोग होने से पूर्ण बल लगता है, तथा अन्यत्र अधिक प्रदेश में व्याप्त होने वाले प्रयत्न के प्रयोग के अधिक स्थान में फैलने के कारण बल का ह्रास होता है। इसलिए यहाँ ईषद्विवृतत्व का व्यवहार होता है ॥ २ ॥

अब अन्यत्र होता यह है कि दृढ़ता से आयत होने वाले या शिथिलता प्राप्त करने वाले करण का स्थान के साथ मानों स्पर्श सा होता है। वहाँ जो प्रयत्न होता है वह दुःस्पृष्ट या दुर्विवृत प्रयत्न होता है। अथवा वह प्रयत्न ईषत्स्पृष्ट तथा पुनः विवृत प्रयत्न होता है। उससे दोनों प्रकार के अन्तःस्थ वर्ण ईषत्स्पृष्ट तथा दुःस्पृष्ट उत्पन्न होते हैं ॥३॥

अन्यत्र ऐसा होता है कि प्रयत्न करण के साथ स्थान के स्पर्श में प्रतिबन्ध उत्पन्न कर देता है। वह स्पर्श के बिना ही वर्ण को उत्पन्न करता है। वहाँ वह प्रयत्न अस्पृष्ट और विवृत होता है। इस प्रकार के प्रयत्न होने पर जो वर्ण उच्चारित होते हैं वे स्वर कहे जाते हैं। वे इक्कीस हैं—अ इ उ ऋ ये चार ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत भेद से तीन प्रकार के होने से बारह हो जाते हैं। लृकार ह्रस्व है वह एक ही रहता है। ए ओ ऐ औ ये चारों दीर्घ और प्लुत के भेद से दो प्रकार के होने से आठ हैं। इस प्रकार इक्कीस संख्या इनकी होती है।

८७. अत्राह । संयोगविभागशब्देभ्यः शब्दोत्पत्तिरित्याहुराचार्याः । न चान्यथा शब्दः क्वचिदुत्पद्यमानो दृष्टः । स यदि प्रयत्नोऽयमनयोः स्थानकरणयोः संयोगमेव प्रतिबध्नाति, सुतरां तर्हि तत्र विभागोऽपि संयोगपूर्वकत्वनियमान्न प्रसज्ज्येत । कथन्तर्हि ते स्वरा नाम वर्णास्तत्रोत्पद्यन्ते इति । उच्यते—संयोगादेव तु शब्दोत्पत्तिमाचार्याः पश्यन्ति । तत्र नावश्यं स्थानकरणयोरेव संयोगः शब्दोत्पत्तौ निमित्तं शक्यं वक्तुम् । असत्यपि स्थानकरणयोः संयोगे वायोः स्थानेन संयोगादिह सिद्धिर्द्रष्टव्या । न च तथा सति करणानां करणत्वमिह व्याहन्येतेत्याशङ्क्यम् । स्थानेन संयोगाय जिगमिषतः करणस्य विवारं कृत्वैव ते स्वरा उत्पाद्यन्ते इति करणव्यापारमन्तरेण तदसिद्धेः ।

८७. यहाँ कहा गया है कि संयोग विभाग और शब्द से शब्द की उत्पत्ति होती है ऐसा आचार्यों का कथन है। इनसे अतिरिक्त कारण से शब्द कहीं उत्पन्न होता हुआ नहीं देखा जाता। अब यदि यह प्रयत्न इन स्थान और करण के संयोग में ही प्रतिबन्ध पैदा

कर देता है, तब वहाँ विभाग भी नहीं होगा क्योंकि विभाग के संयोगपूर्वक होने का नियम है। तब वहाँ स्वर नाम के वर्ण उत्पन्न कैसे होते हैं इसका उत्तर दिया जाता है कि संयोग से ही आचार्य गण शब्द की उत्पत्ति मानते हैं। वहाँ शब्द की उत्पत्ति में स्थान और करण का ही संयोग आवश्यक रूप से निमित्त होता है यह नहीं कहा जा सकता। स्थान और करण के संयोग के अभाव में भी वायु का स्थान के साथ संयोग यहाँ कारण होकर शब्दोत्पत्ति की सिद्धि समझी जानी चाहिए। ऐसा होने पर यह भी नहीं समझना चाहिए कि इसके करण की कारणता ही समाप्त हो जाएगी। स्थान के साथ संयोग के लिए जाते हुए वायु का करण खोलकर ही प्रविष्ट होकर स्थान के साथ स्पर्श होता है और तभी स्वरों की उत्पत्ति होती है। अतः करण के व्यापार के बिना स्वरों की उत्पत्ति नहीं होती।

८८. तथा चैते वर्णाश्चतुर्धा—दृढस्पृष्टस्थानाः—श्लथस्पृष्टस्थानाः—ईषत्-स्पृष्टस्थानाः—अस्पृष्टस्थानाश्चेति। परे त्वेतदन्यथा पश्यन्ति। यथाहि लोके भावाश्चतुर्धा विभिद्य दृष्टाः। लोहप्रस्तरादयो घनावयवाः। तूलकर्दमादयो विश्लथावयवाः। जलादयस्तरलावयवाः। वाय्वादयोविरलावयवाः। एकैकञ्च कर्पूरादिपदार्थश्चिचतुर्धा दृष्टाः। तेजोऽवस्थायां विरलावयवाः। अबवस्थायां तर-लावयवाः। अन्नावस्थायां चूर्णितावयवाः, निबिडावयवाश्चेति। एवमेवोच्चार्य-माणः शब्दोऽपि चतुर्धा। यो निबिडद्रव्यः स स्पर्शवर्णः। यो विश्लथद्रव्यः स ऊष्मा। यस्तरलद्रव्यः सोऽन्तस्थः। अथ यो विरलद्रव्यः स स्वरो नाम वर्ण आख्-यायते। सृष्टिप्रकृतिसिद्धमेतत्। तत्र स्पर्शोऽनुदात्तः। ऊष्मान्तरस्थौ स्वरितौ। स्वरस्तूदात्त इति भाव्यम्॥ ३॥

८८. ये वर्ण चार प्रकार के हैं—दृढ़स्पृष्ट स्थान वाले, श्लथस्पृष्ट स्थान वाले, ईषत्स्पृष्ट स्थान वाले तथा अस्पृष्ट स्थान वाले। अन्य लोग इस विषय को दूसरे प्रकार से विवेचित करते हैं।

जैसे संसार के पदार्थ चार रूपों में विभक्त होकर दिखाई देते हैं, लोहा, पत्थर आदि घने अवयवों वाले, रूई, कीचड़ आदि विश्लथ अवयवों वाले घड़े जल आदि तरल अवयवों वाले, तथा वायु आदि विरल अवयवों वाले, कर्पूर आदि एक-एक पदार्थ चार प्रकार के दिखाई देते हैं, वे तेज अवस्था में विरल अवयवों वाले होते हैं, जल की अवस्था में तरल अवयवों वाले, अन्न की अवस्था में चूर्णित अवयवों वाले तथा घने अवयवों वाले होते हैं। इसी प्रकार उच्चारण में आने वाला शब्द भी चार प्रकार का होता है, जो घने द्रव्य के समान हैं, वे स्पर्श वर्ण हैं, जो विश्लथ द्रव्य के समान हैं वे ऊष्म वर्ण हैं, जो तरल द्रव्य सदृश हैं वे अन्तस्थ हैं। इनसे जो विरल द्रव्य के समान हैं वह स्वर नाम का वर्ण कहा जाता है। यह सब सृष्टि की प्रकृति से सिद्ध है। इनमें स्पर्श वर्ण अनुदात्त हैं ऊष्म वर्ण तथा अन्तस्थ वर्ण स्वरित हैं, स्वर उदात्त हैं॥ ३॥

८६. अथातः स्थानस्वरमाचक्षते । त्रीण्येव हि वर्णोत्पत्तौ स्थानानि—प्रथमं मध्यममुत्तमञ्चेति । उरोजिह्वामूलकण्ठनासाः प्रथमम् । तालुमूर्द्धदन्तनासा मध्यमम् । सृक्कोपध्मौष्ठनासाः परमम् । अतस्त्रय एव स्वरास्त्रय एव चानुस्वाराः । अ-इ-उ—इत्येते त्रयः स्वराः प्रथममध्यमोत्तमस्थानाः क्रमेणोदात्तानुदात्तस्वरिताः । अक इत्युदात्तः । इकि—इत्यनुदात्तः । उकु इति स्वरितः । त एतेऽणुमात्रा वा अर्द्धमात्रा वा मात्रिका अध्यर्द्धमात्रा द्विमात्रास्त्रिमात्रा वेति यथायथं तत्र तत्रोपलभ्यन्ते । एतेषामन्यतमं न व्यभिचरति जातुचिदेकोऽपि वर्णः । एतद्व्यतिरेकेण स्वराभावात् । न च दीर्घप्लुता अतिरिच्यन्ते । एतेषामेव द्वैगुण्यत्रैगुण्याभ्यां तद्व्यवस्थानात्तदभेदात् । न च ऋलृवर्णौ भिद्येते, तयो रलगर्भितावर्णवर्णोवर्णान्यतमरूपत्वावसायात् । नापि सन्ध्यक्षराणि । तेषामिवर्णोवर्णोदयावर्णरूपत्वात् । तस्मात् त्रिधैव वर्णानां स्वरणात् त्रय एव स्वाराः सिद्धाः । त्रय एव चानुस्वाराः प्रथममध्यमोत्तमस्थानाः ङ—न—म—प्रतिमध्वनय इति चोक्तं पुरस्तात् ।। ४ ।।

८९. अब स्वर के स्थान का विवरण दिया जाता है । वर्ण की उत्पत्ति में तीन ही स्थान हैं—प्रथम, मध्यम तथा उत्तम । उर, जिह्वामूल, कण्ठ तथा नासिका प्रथम स्थान है । तालु, मूर्द्धा, दन्त और नासिका मध्यम स्थान है । सृक्क, उपध्मा, ओष्ठ तथा नासिका उत्तम या परम स्थान हैं । इसीलिए तीन ही स्वर होते हैं तथा तीन ही अनुस्वार होते हैं । अ इ उ ये तीन स्वर प्रथम, मध्यम, उत्तम स्थान वाले क्रमशः उदात्त, अनुदात्त और स्वरित । 'अक्' ये उदात्त है, 'इकि' ये अनुदात्त है, 'उकु' ये स्वरित है । ये अणुमात्रा या आधीमात्रा वाली मातृका, आधी से आधी दो मात्राओं वाली तथा तीन मात्राओं वाली अपने-अपने स्वरूप में तत्तस्थलों पर मिलती हैं । एक भी वर्ण इन मात्राओं में से किसी एक के बिना रह ही नहीं सकता । क्योंकि इनके बिना स्वर का ही अभाव हो जाता है । दीर्घ और प्लुत भी इनके बिना अतिरिक्त नहीं है । इन्हीं मात्राओं की द्विगुणता और त्रिगुणता के कारण इनसे वे अभिन्न हैं । ऋ लृ भी इनसे भिन्न नहीं हैं । उनका स्वरूप र ल से गर्भित अकार, इकार, उकार में से कोई एक होता है—यह विशकलन से निर्णीत है । सन्ध्यक्षर भी इनसे भिन्न नहीं होते, क्योंकि वे इवर्ण या उवर्ण से उदित होते हैं, वे स्वयं वर्ण नहीं हैं । इसीलिए तीन प्रकार से वर्णों के स्वरण होने से तीन ही स्वर सिद्ध होते हैं । अनुस्वार भी तीन ही प्रकार के—प्रथम, मध्यम, उत्तम स्थान वाले ङ न म् की प्रतिध्वनि रूप होते हैं, यह पहले कहा जा चुका है ।

९०. अथ व्यक्तिलक्षणमाचक्षते । स हि प्रतिवक्तृव्यक्ति ककाराद्येकैकवर्णवैजात्यं प्रयोजयति । तत्प्रभावादेव हि चैत्रमैत्राद्युक्तयो भेदेन गृह्यन्ते । अदृश्यमाना अपि ते चैत्रमैत्रादयस्तत्तदुक्तिभिरेवाद्धा परिचीयन्ते । स त्रेधा । महाप्राणस्योच्चारयितुरुच्चारणे स्वभावादुच्चैः प्राणसंयोगादा यामो दारुण्यमुरुता खस्येत्युच्चैः कराणि शब्दविकरणानि जायन्ते । स तस्यासौ स्वर उदात्तः । अल्पप्राण-

स्योच्चारणे स्वभावान्नीचैः प्राणसंयोगादन्ववसर्गो मार्दवमणुता खस्येतिनीचैः कराणि शब्दविकरणानि जायन्ते । तत्रासावनुदात्तः । एवमुदात्तभाषिणोऽनुदात्तभाषिणश्च नातिबहवो दृश्यन्ते । अथ मध्यमप्राणप्रयोगात् स्वरितभाषिणो मनुष्याः प्रायेण सर्वत्रैवोपलभ्यन्ते । तदित्थं केचिदुदात्तभाषिण एव, केचिदनुदात्तभाषिण एव । अथान्ये सर्वेऽपि स्वरितभाषिणो लोकाः सन्तीति व्यक्तिविशेषः स्थानं लभत इति बोध्यम् ।। ५ ।।

९०. अब व्यक्ति स्वर बतलाया जाता है । वह प्रत्येक वक्ता व्यक्ति के ककार आदि एक-एक वर्ण की विजातीयता का कारण बनता है । उसी के प्रभाव से चैत्र, मैत्र आदि व्यक्तियों की उक्तियाँ या उच्चारण भिन्न-भिन्न रूप से पहिचान में आती हैं । चैत्र, मैत्र आदि वक्ता लोग न दिखाई देते हुए भी अपने उच्चारण से ही पहिचान में आ जाते हैं । वह व्यक्ति स्वर तीन प्रकार का होता है । जो उच्चारण करने वाला महाप्राण होता है उसके उच्चारण में प्राण का उच्च संयोग होने से विस्तार, दारुणता तथा ध्वनि का फैलाव—ये ऊँचा उठाने वाले शब्द के विकरण उत्पन्न होते हैं । उसका वह स्वर उदात्त कहलाता है । जो अल्पप्राण वक्ता है उसके प्राणों का स्वभाव से नीचा संयोग होता है, अतः सङ्कोचन मृदुता तथा ध्वनि में अणुता रहने के कारण शब्द के विकरण नीचा करने वाले होते हैं । वहाँ वह स्वर अनुदात्त होता है । इस प्रकार उदात्तभाषी लोग तथा अनुदात्तभाषी लोग बहुत दिखाई नहीं देते । अब मध्यम प्राण के प्रयोग से स्वरित बोलने वाले मनुष्य प्रायः सर्वत्र दिखाई देते हैं । इस प्रकार कुछ लोग उदात्तभाषी ही होते हैं, कुछ अनुदात्तभाषी ही होते हैं, इनसे भिन्न सभी लोग स्वरितभाषी ही होते हैं, अतः विशेष व्यक्तियों में विशेष स्वर अपना स्थान बनाते हैं, यह समझना चाहिए ।

९१. अथ गेह्यलक्षणः स्वरो गानपदाभिलप्यः । यादृशस्वरसम्बन्धाद् ऋचि सामव्यपदेशः प्रवर्तते, सोऽतिरिच्यते विशेषान्तरेभ्यः । इतरवैलक्षण्येन प्रवर्तमानत्वात् । तथाहि खल्वस्ति कश्चित् स्वरस्त्रेधा विभक्तः । तदुक्तं नारदेन—

> **आर्चिकं गाथिकं चैव सामिकं च स्वरान्तरम् ।**
> **कृतान्ते स्वरशास्त्राणां प्रयोक्तव्यं विशेषतः ।। १ ।। इति ।**

भिद्यन्ते चैते प्रत्यर्थं त्रयः स्वराः । पद्यजातं हि पठन् पाठकोऽन्यथा स्वरेण प्रवर्तमानो दृश्यते, अन्यथा तु गद्यजातं निगदन् गदिता, अन्यथा च गीतिं गाथमानो गाता । तत्र गातुः स्वरः सामिकः, स उदात्तः । उच्चैर्वृत्त्या तत्प्रयोगात् । अथ गदितुः स्वरो गाथिकः । सोऽनुदात्तः । सम्भाष्यव्यक्तिश्रवणमात्रोद्देशेन निसर्गवृत्त्या प्रवर्तमानस्योच्चैरप्रयोगात् । पद्यपाठकस्य तु यः स्वरः स आर्चिकः । स स्वरितः । नात्युच्चैर्नातिनीचैस्तत्प्रयोगस्य प्रायेण लोके दृश्यमानत्वात् । अन्वीक्षागम्योऽयमर्थः । तत्र यः स्वरः सामिकः स गेह्यः । तदुपलक्षितास्त्रयः स्वराः गेह्यलक्षणाः भवन्ति ।

तानेतानसङ्कीर्णं विभज्यैव प्रयुञ्जीत—आर्चिकमार्चिकेन, आर्थिकं गाथिकेन, सामिकं सामिकेन । ऋग्गाथा सामेत्येते त्रयो वेदभाषाशब्दाः क्रमेण पद्यगद्यगेयार्था द्रष्टव्याः । यत्वनिर्णीतमूलवक्तृकं चिररात्रात् प्रसिद्धं जनश्रुतिसारं वाक्ये गाथेत्याहुस्तदस्यार्थान्तरं ज्ञेयम् । एवं मात्राछन्दसोऽपि गाथा-सञ्ज्ञा क्रियते तदप्यर्थान्तरं स्यादिति दिक् ।

९१. गेह्य स्वरूप वाला स्वर गान शब्द से कहा जाता है । जिस प्रकार के स्वर के सम्बन्ध से ऋचा से साम शब्द का प्रयोग प्रवृत्त होता है वह अन्य विशेषताओं से अतिरिक्त है । क्योंकि वह अन्यों से विलक्षण रूप से प्रवृत्त होता है । जैसे कि कोई स्वर तीन प्रकार से विभक्त है, नारद ने कहा है कि—"स्वर-आर्चिक गाथिका तथा सामिक तीन प्रकार के होते हैं । इन स्वरों का स्वरशास्त्र में प्रयोगकाल में विशेष महत्व है" ।। १ ।।

प्रत्येक अर्थ में ये तीन स्वर भिन्न-भिन्न होते हैं । पद्यों को पढ़ने वाला पाठक अन्य ही प्रकार के स्वर से पढ़ता हुआ देखा जाता है । गद्य को पढ़ने वाला अन्य प्रकार के स्वर से बोलता है, गीति का गायन करने वाला अन्य स्वर से प्रवृत्त होता है, इनमें गाने वाला स्वर सामिक कहलाता है, वह उदात्त स्वर होता है । क्योंकि उसका प्रयोग ऊँची वृत्ति से होता है । पद्य पढ़ने वाले का स्वर गाथिक कहलाता है, वह अनुदात्त होता है । क्योंकि जिसको वह सुना रहा है वह सुन ले, इतने ही उद्देश्य से प्राकृतिक वृत्ति से प्रवृत्त होने के कारण वह ऊँचे स्वर से नहीं बोलता । पद्य पाठक का स्वर आर्चिक कहलाता है । वह स्वरित स्वर है । वह स्वर न ऊँचा होता है और न नीचा होता है । ऐसा ही उसका प्रयोग लोक में देखा जाता है । यह विषय सूक्ष्म निरीक्षण की अपेक्षा रखता है । इनमें जो स्वर सामिक कहा गया है, वह गेह्य नामका स्वर है । उससे उपलक्षित तीन स्वर गेह्य स्वरूप वाले हैं ।

इनको बिना एक दूसरे में मिलाये ही प्रयोग में लेना चाहिए, आर्चिक का आर्चिक से, गाथिक का गाथिक से, सामिक का सामिक से ही प्रयोग उचित होता है । ऋक्, गाथा और साम में तीन वेद भाषा के शब्द क्रमशः पद्य, गद्य और गेयार्थक समझने चाहिए । गाथा शब्द से जो एक अन्य अर्थ यह लिया जाता है कि गाथा वह जिसके मूल वक्ता का निर्णय न हो, जो चिरकाल से प्रसिद्ध हो, जिसका सार जनश्रुति हो, वह गाथा शब्द का दूसरा अर्थ होता है । इस प्रकार मात्रा शब्द की भी गाथा यह सज्ञा की गई है, वह भी इस शब्द का अन्य अर्थ ही है ।

९२. अथातः श्रुतिलक्षणं व्याख्यास्यामः । शारीराग्निना क्षुभ्यमाणो वायुरूर्ध्वं क्रममाणो नादो भूत्वा स्थानविशेषमवगाहमानो द्वाविंशतिविधं ध्वनिं श्रुतिसंज्ञं जनयति । ततः सप्त शुद्धाः, द्वादश विकृताः—इत्येवमूनविंशतिः स्वराः उत्पद्यन्ते । ते श्रुतिलक्षणाः स्वरा इहाख्याताः । उक्तञ्च सङ्गीतके—

शारीरं नादसम्भूतिः स्थानानि श्रुतयस्तथा ।
ततः शुद्धाः स्वराः सप्त विकृता द्वादशाप्यमी ।। १ ।। इति

तथाहि, सवनगृहीतस्वरारम्भकद्रव्याणां ब्रह्मग्रन्थ्यारब्धब्रह्मरन्ध्रपर्य्यन्तं सञ्चरतां नाडीप्रदेशेषु तत्र तत्र विलक्षणानेकसंयोगवशादुपजायमाने स्वररूपगतवैलक्षण्यमाश्रित्यैते स्वरविभागा अपरे प्रकल्प्यन्ते। ते च सप्तैते भवन्ति । षड्जः, ऋषभः, गान्धारः मध्यमः, पञ्चमः, धैवतः, निषादश्चेति । स यद्युरसा कश्चित् प्रक्रमेत, यदि कण्ठेन, यदि वा शिरसा । प्रतिप्रक्रमं तु स्वनिमित्तसंयोगादिमे सप्त भावाः स्वरस्योपपद्यन्ते । यथाहि तारभाषी सप्तभिरेतैः स्वरैर्गातुं प्रक्रमते, निर्विशेषं तथैवायं मन्द्रभाषी जनोऽपि न गातुं शक्नोति उक्तञ्च नारदीयेऽपि—

उरः कण्ठः शिरश्चैव स्थानानि त्रीणि वाङ्मये ।
सवनान्याहुरेतानि सन्ति चाप्यधरोत्तरे ।। १ ।।

उरः सप्तविचारं स्यात् तथा कण्ठस्तथा शिरः ।
न च सप्तोरसि व्यक्तास्तथा प्रावचनो विधिः ।। २ ।।

उरसा प्रक्रमे बलापकर्षादौ—चित्यानुरूपं तत्तत्प्रदेशे प्राणसंयोगा न लभ्यन्ते इति न सप्तानां स्पष्टमभिव्यक्तिरित्यन्यदेतत् ।

९२. अब श्रुति स्वरूप स्वर की व्याख्या की जाती है । शरीर की अग्नि से क्षुभ्यमाण होकर वायु ऊपर की ओर घूमता हुआ नाद होकर विशेष स्थानों में घूमता हुआ श्रुति संज्ञक बाईस प्रकार की ध्वनि को उत्पन्न करता है । उससे सात शुद्ध तथा बारह विकृत इस प्रकार उन्नीस स्वर उत्पन्न होते हैं । उन्हीं को यहाँ श्रुति स्वरूप स्वर कहा गया है । संगीत शास्त्र में कहा गया है—

"शरीर से नाद की सम्भूति है, जो स्थान तथा श्रुतियाँ हैं, उनसे शुद्ध सात स्वर, बारह विकृत स्वर उत्पन्न होते हैं ।"

"पुनश्च सवन में गृहीत स्वरों के आरम्भ करने वाले, ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्त सञ्चरण करने वाले द्रव्यों के नाड़ी प्रदेश के तत्तत्स्थानों में विलक्षण अनेक संयोगों के कारण उत्पन्न होने वाले स्वर के रूपगत वैलक्षण्य को आधार बनाकर ये दूसरे प्रकार के स्वर-विभाग कल्पित किये जाते हैं। ये सात होते हैं—षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत और निषाद । यदि कोई उर से प्रक्रम करे, अथवा कण्ठ या सिर से प्रक्रम करे तब प्रत्येक प्रक्रम में अपने निमित्त के संयोग से स्वर के सात भाव उत्पन्न होते हैं । जैसे कि ऊँचा बोलने वाला इन सातों स्वरों में गा सकता है, उसी प्रकार मन्द्र-भाषी इन सभी स्वरों में गा सकता है ।

नारदीय शिक्षा में कहा गया है कि—"वाङ्मय में उर, कण्ठ तथा शिर ये तीन स्थान हैं, इनको सवन कहा जाता है और ये ऊपर नीचे स्थित हैं। उर में सात प्रकार का विचरण होता है, वैसे ही कण्ठ और सिर में भी होता है। उर में सात व्यक्त नहीं होते, प्रवचन विधि में भी सातों व्यक्त नहीं होते।"

उर में प्रक्रम करने पर बल के अपकर्ष से औचित्य के अनुरूप उन-उन प्रदेशों में प्राण के संयोग नहीं मिल पाते। इसलिए सातों की स्पष्ट अभिव्यक्ति नहीं होती—यह अलग बात है।

६३. एतेषां स्वरूपपरिचयार्थं पशुपक्षिरुताभिज्ञानेऽभ्यासः कर्तव्यः। सन्ति हि बहवः पशवः पक्षिणोऽवा, ये तत्तत्स्वरानुरूपं प्रायेण निरुवन्ति तेषु कानिचित् प्रदर्श्यन्ते—

अभिज्ञानानि।

षड्जं रौति मयूरो हि गावो रम्भन्ति चर्षभम्।
अजा विरौति गान्धारं क्रौञ्चो नदति मध्यमम्॥ १॥

पुष्पसाधारणे काले कोकिलो रौति पञ्चमम्।
अश्वस्तु धैवतं रौति निषादं रौति कुञ्जरः॥ २॥ इति नारदः

केचित्तु ऋषभगान्धारयोः स्वरूपे विपर्ययेण प्रवर्तन्ते। तथा चाहुः—

षड्जो वेदे शिखण्डी स्याद् ऋषभः स्यादजामुखे।
गावो रम्भन्ति गान्धारं क्रौञ्चाश्चैव तु मध्यमम्[1] ॥ १॥

कौकिलं पञ्चमं विद्यादाश्वो धैवत उच्यते।
निषादं तु गजो ब्रूते स्वराः सप्त मता इमे॥ २॥

तदसत्—

षड्जोऽप्यृषभगान्धारौ मध्यमः पञ्चमस्तथा।
धैवतश्च निषादश्च स्वराः सप्त प्रकीर्तिताः॥ १॥

मयूर—वृषभ—च्छाग—क्रौञ्च—कोकिल—वाजिनः।
मातङ्गश्च क्रमेणाहुः स्वरानेतान् सुदुर्गमान्॥ २॥

ऋषभं चातको वक्ति धैवतञ्चाऽपि दर्दुरः।

इत्यादि संगीतकानेकवचनविसंवादात्। मदावस्थायां तु सर्वेऽप्येते पञ्चमे नदन्ति। तदुक्तं भरतेन—

---

1 याज्ञवल्क्य शिक्षा, स्वर प्रकरण, श्लोक ८

षड्जञ्च पञ्चमञ्चेति मयूरो नदति द्विधा ।
अश्वाद्या धैवतादींश्च प्राहुर्मत्ताश्च पञ्चमम् ।। १ ।। इति

विशाखिनोऽप्याहुः—

अश्वस्तु धैवतं सोऽपि मत्तः पञ्चमसञ्ज्ञकम् ।
निषादन्तु गजो गर्जत्युन्मदोऽसौ सपञ्चमम् ।। १ ।। इति

उक्तम्पूर्वम्—उरस्थो वा, कण्ठ्यो वा, मूर्धन्यो वा—एकैक एव स्वरो निमित्तान्तरसंयोगान्नानाविध्यं गच्छतीति । तत्र विलक्षणयोनिसंयोगा एव निमित्तानि । योनिरिति प्रभवस्थानमाह । सर्वप्रथमं यत्राऽऽहन्यमानो वायुः स्वरस्वरूपं सम्पादयति स प्रदेशस्तस्य स्वरस्य योनिरित्युच्यते । तत्र कश्चित्स्वर एकस्मादेव प्रदेशात्प्रभवति, कश्चिद्द्वाभ्याम्, कश्चिद्वा बहुभ्य इत्येताः प्रदर्श्यन्ते—

योनयः ।

१	षड्जः	— एकस्थानः	— कण्ठात्	१
२	ऋषभः	— एकस्थानः	— शिरसः	१
३	गान्धारः	— द्विस्थानः	— मुखनासिकाभ्याम्	२
४	मध्यमः	— एकस्थानः	— उरसः	१
५	पञ्चमः	— त्रिस्थानः	— उरःकण्ठशिरोभ्यः	३
६	धैवतः	— एकस्थानः	— ललाटात्	१
७	निषादः	— बहुस्थानः	— सर्वसन्धिभ्यः	×

९३. इन स्वरों के स्वरूप परिचय के लिए पशु-पक्षियों के स्वर के अभिज्ञान का अभ्यास करना चाहिए । बहुत से पशु और पक्षी ऐसे हैं जो उन-उन स्वरों के अनुरूप प्रायः शब्द करते हैं, उनमें से यहाँ कुछ का निदर्शन दिया जाता है ।

अभिज्ञान

"मयूर षड्ज स्वर में आवाज करता है, गौएँ ऋषभ स्वर में रँभाती (आवाज करती) हैं, बकरी गान्धार स्वर में शब्दायमान होती है, क्रौञ्च पक्षी मध्यम स्वर में बोलता है ।

पुष्पों से भरे हुए काल में (वसन्त में) कोकिल पञ्चम स्वर में बोलता है, घोड़ा धैवत स्वर में शब्द करता है, हाथी निषाद स्वर में आवाज करता है । यह नारदीय शिक्षा में कहा गया है ।

कुछ लोग ऋषभ और गान्धार के स्वरूप में विपरीत रूप निर्धारित करते हैं, उनका कथन है—"मयूर षड्ज में शब्दायमान होता है, बकरी के मुख में ऋषभ स्वर रहता है, गौएँ गान्धार स्वर में रँभाती हैं तथा क्रौञ्च पक्षी मध्यम स्वर में बोलता है। कोकिल का स्वर पञ्चम समझना चाहिए, अश्व का स्वर धैवत है, हाथी निषाद स्वर में बोलता है, ये ही सात स्वर माने गए हैं।"

यह उक्ति असङ्गत है क्योंकि—

षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत और निषाद ये सात स्वर माने जाते हैं।

"मयूर, वृषभ, छाग, क्रौञ्च, कोकिल, अश्व तथा हाथी के ये क्रम से सुदुर्गम स्वर बतलाए गए हैं। चातक, ऋषभ स्वर में बोलता है तथा दर्दुर धैवत स्वर में बोलता है।"

इन संगीत के अनेक वचनों से उक्त कथन का सामञ्जस्य नहीं होता, भरत ने कहा है—

"मयूर षड्ज और पञ्चम इन दो स्वरों में बोलता है। अश्व आदि धैवत स्वर में बोलते हैं तथा मत्त पञ्चम स्वर में बोलते हैं।"

विशाखियों ने भी कहा है—

"अश्व धैवत स्वर में बोलता है, यदि वह मत्त अवस्था में होता है तो पञ्चम स्वर में बोलता है, हाथी निषाद स्वर में गर्जना करता है, वह भी उन्मत्त अवस्था में पञ्चम स्वर में बोलता है।"

पहले कहा गया है कि उरस्थ, कण्ठस्थित अथवा मूर्धा से समुत्पन्न एक-एक स्वर ही दूसरे निमित्तों के संयोग से नाना भावों को प्राप्त करता है। वहाँ विलक्षण योनियों का संयोग होना ही निमित्त बनता है। योनि का अर्थ है—उत्पत्ति स्थान। सर्वप्रथम वायु जहाँ ताड़ित होकर स्वर के स्वरूप का सम्पादन करता है, वह प्रदेश उस स्वर की योनि कहा जाता है। उनमें कोई स्वर एक ही प्रदेश से उत्पन्न होता है, कोई स्वर दो प्रदेशों से उत्पन्न होता है, कोई स्वर दो प्रदेशों से तथा कोई बहुत प्रदेशों से उत्पन्न होता है इसलिए इन्हें नीचे दिखाया जाता है—

उत्पत्ति स्थान

१. षड्ज	एकस्थान	कण्ठ १
२. ऋषभ	एकस्थान	सिर १
३. गान्धार	दोस्थान	मुख और नासिका २
४. मध्यम	एकस्थान	उर १

५. पञ्चम	तीनस्थान	उर, कण्ठ और सिर	३
६. धैवत	एकस्थान	ललाट	१
७. निषाद्	बहुस्थान	सभी सन्धियों से	+

६४. त एवं कण्ठादिभ्यः प्राधान्येन गृहीतेभ्यः स्थानेभ्य उत्पाद्यमानाः षड्जादयोऽन्यान्यपि कानिचित्स्थानानि गुणत्वेन स्पृशन्ति । तत्रायं नाभेः समुत्थितो वायुः प्रधानानि गौणानि वा यावन्ति स्थानानि संश्रित्य स्वरस्वरूपं सम्पादयति । तानि सर्वाण्यतः परमुच्यन्ते—

अवगाहस्थानानि ।

१ षड्जस्य—उरः, जिह्वा, कण्ठः, तालु, दन्ताः, नासा चेति—षट् स्थानानि । अत एवासौ षड्ज इत्युच्यते । षडितरान् स्वरान् जनयति, षड्भ्यो वेतरेभ्यः स्वरेभ्यो जायते, ततो वाऽसौ षड्ज इत्युच्यते ।

२ ऋषभस्य—कण्ठः शिरश्चेति द्वे स्थाने । स ऋषभनर्दितवदाभासत्वात् ऋषभः । गोमण्डलीषु ऋषभवत् स्वरमण्डलीषु प्रकर्षेण भासते ततो वायमृषभः ।

३ गान्धारस्य—कण्ठः शिरश्चेति द्वे स्थाने । गन्धमृच्छति गन्धारो नासाप्रदेशः । गन्धाराज्जातो गान्धारः । गानस्वरूपं वैशिष्ट्येन धारयति इत्यतो वा गान्धारः ।

४ मध्यमस्य—उरः हृदयं नाभिश्चेति त्रीणि स्थानानि । सनाभेः समुत्थाय वायुरुरःप्रदेशं गत्वा पुनर्नाभिमेवोपक्रमते इत्यूर्ध्वाधरभागाक्रमणान् मध्यमत्वं गच्छतीति मध्यम उच्यते स महानादः ।

५ पञ्चमस्य—उरः, कण्ठः, शिरः, हृदयं, नाभिश्चेति पञ्च स्थानानि । स पञ्चस्थानाक्रमणात् पञ्चम इत्युच्यते । इतरस्वरान् विस्तारयत्यतो वा पञ्चमः । स्वरक्रमे पञ्चमत्वाद्वा पञ्चमः ।

६ धैवतस्य—ललाटमेकं स्थानम् । बुद्धिक्षेत्रत्वात् ललाटं धीवत् । तदुत्पन्नो धैवतः । धीमदभिरुपक्रम्यत्वाद्वा ।

७ निषादस्य—सर्वसन्धयः स्थानानि । सर्वे स्वरा अत्र निषीदन्ति स सर्वस्वरलयस्वरो निषादः । स्वरमध्येऽत्रैव निष्ठा भवतीत्यतो वा निषादः ।

९४. ये षड्ज आदि स्वर प्रधानरूप से कण्ठ आदि स्थानों का ग्रहण करके उत्पन्न होने पर भी गौण रूप से अन्य कुछ स्थानों का स्पर्श करते हैं । यह नाभि से उठने वाला

वायु, जितने प्रधान तथा गौण स्थानों का आश्रय लेकर स्वर के स्वरूप का सम्पादन करता है, उन सभी स्थानों को हम इसके अनन्तर कह रहे हैं—

अवगाह स्थान

१. षड्जस्वर—इस स्वर के उर, जिह्वा, कण्ठ, तालु, दन्त, नासिका ये छः स्थान हैं। इसीलिए यह छः से उत्पन्न होने से षड्ज कहलाता है। षड्ज कहने का दूसरा कारण यह भी है कि यह अन्य छः स्वरों को उत्पन्न करता है अथवा अपने से भिन्न छः स्वरों से उत्पन्न होता है।

२. ऋषभ—इस स्वर के कण्ठ और सिर दो स्थान हैं। ऋषभ के नाद के समान आभास देने के कारण यह ऋषभ कहा गया है। अथवा गोमण्डली में ऋषभ के समान, स्वर-मण्डली में प्रकृष्ट रूप से यह भासित होता है इसलिए यह ऋषभ कहलाता है।

३. गान्धार —इस स्वर के कण्ठ और सिर ये दो स्थान हैं। गन्ध का ग्रहण करने वाला गान्धार नासिका प्रदेश है। गान्धार से जो उत्पन्न है वह गान्धार है अथवा गान के स्वरूप को विशेष रूप से धारण करने के कारण यह गान्धार है।

४. मध्यम स्वर—इस स्वर के उर, हृदय, तथा नाभि ये तीन स्थान हैं यह वायु नाभि से उठकर उर प्रदेश में जाकर फिर नाभि में ही उपक्रम करता है इस प्रकार ऊर्ध्व और अधोभाग में आक्रमण करने से यह मध्यमता को प्राप्त करता है अतः यह महानाद मध्यम कहा जाता है।

५. पञ्चम स्वर के उर, कण्ठ, सिर, हृदय तथा नाभि ये पाँच स्थान हैं। पाँच स्थानों पर वायु का क्रमण होने से यह पञ्चम कहा जाता है अथवा अन्य स्वरों का विस्तार करने के कारण यह पञ्चम है अथवा स्वरों के क्रम में पाँचवाँ होने के कारण यह पञ्चम है।

६. धैवत—इस स्वर का एक ही स्थान है ललाट। बुद्धि का क्षेत्र होने से ललाट बुद्धि की तरह है, धीवत् है इसीलिए यह धैवत कहा गया है क्योंकि यह धी (बुद्धि) से उत्पन्न है। अथवा बुद्धिमानों के द्वारा उपक्रामन्त होने से यह धैवत कहलाता है।

७. निषाद—इस स्वर की सभी सन्धियाँ स्थान हैं। सभी स्वर यहाँ ठहरते हैं, यह सभी स्वरों को लीन करने वाला स्वर है। स्वरों के बीच में यही निष्ठा होने के कारण भी यह निषाद कहलाता है।

९५. संगीतके तु किञ्चित्प्रकारभेदेनैतमर्थमाहुः तथाहि—

वायुः सम्मूर्च्छितो नाभेर्नाड्याश्च हृदयस्य च।
पार्श्वयोर्मस्तकस्थाऽपि षण्णां षड्जः प्रजायते ॥ १ ॥

नाभिमूलाद् यदा वर्ण उत्थितः कुरुते ध्वनिम् ।
वृषभस्येव निर्याति हेलया ऋषभः स्मृतः ।। २ ।।

नाभेः समुद्गतो वायुर्गन्धे श्रोत्रे च चालयन् ।
स शब्दस्तेन निर्याति गान्धारस्तेन कथ्यते ।। ३ ।।

मध्यमो मध्यमस्थानाच्छरीरस्योपजायते ।
नाभिमूलाच्च गम्भीरः किञ्चित्तारः स्वभावतः ।। ४ ।।

प्राणोऽपानः समानश्च उदानो व्यान एव च ।
एतेषां समवायेन जायते पञ्चमः स्वरः ।। ५ ।।

गत्वा नाभेरधोभागे वस्तिं प्राप्योर्ध्वगः पुनः ।
धावन्निव च यो याति कण्ठदेशं स धैवतः ।। ६ ।।

षड्जादयः षडेतेऽत्र स्वराः सर्वे मनोहराः ।
निषीदन्ति यतो लोके निषादस्तेन कथ्यते ।। ७ ।।

इति । तदित्थमुक्तानि प्रधानगौणस्थानानि । परे त्वाहुः—

यत्राऽपि द्वे त्रीणि वा स्थानान्युक्तानि तत्राऽपि स्थानान्तरे सर्वथा न स्पृशतीति न शास्त्रार्थः । मन्दतरस्पर्शवतामप्येषामपि स्थानानामुपलभ्यमानत्वात् । तथा च धैवतनिषादवर्जिताः सर्व एव स्वराः पञ्चस्थाना इष्यन्ते । तदुक्तं नारदीये—

धैवतञ्च निषादञ्च वर्जयित्वा स्वरद्वयम् ।
शेषान् पञ्च स्वराँस्त्वन्यान् पञ्चस्थानोच्छ्रितान् विदुः ।। १ ।। इति

इति सप्तस्वराणां प्रभवस्थानविचारः ।।

९५. संगीत शास्त्र में कुछ प्रकारभेद से इसी अर्थ को प्रकट किया गया है । जैसा कि —नाभि, नाड़ियों, हृदय, दो पार्श्व तथा मस्तक इन छः भागों से मूर्च्छित होकर वायु षड्ज स्वर को उत्पन्न करता है ।। १ ।।

जब वर्ण नाभिमूल से उठकर ध्वनि को उत्पन्न करता है, तब वह वृषभ की सी ध्वनि करने के कारण ऋषभ स्वर कहलाता है ।। २ ।।

नाभि से समुद्गत वायु गन्ध और श्रोत्रों को चलाता हुआ शब्दसहित जब उद्गत होता है तब वह गान्धार कहा जाता है ।। ३ ।।

मध्यम स्वर शरीर के मध्यम स्थान से उत्पन्न होता है, वह नाभिमूल से उत्पन्न होने के कारण गम्भीर और कुछ उच्च स्वभाव वाला होता है ।। ४ ।।

प्राण, अपान, समान, उदान, और व्यान इनके समवाय से पञ्चम स्वर उत्पन्न होता है ॥ ५ ॥

नाभि के अधोभाग में जाकर वस्ति में पहुँचकर फिर ऊपर की ओर उठता हुआ, दौड़ता हुआ सा जो कण्ठ देश की ओर जाता है, वह धैवत है ॥ ६ ॥

षड्ज आदि ये सभी छः मनोहर स्वर जहाँ विश्राम करते हैं वह स्वर इसी कारण निषाद कहलाता है ॥ ७ ॥

इस प्रकार स्वरों के प्रधान और गौण स्थान बतलाए गए। अन्यों का कथन है कि—

जहाँ स्वरों के दो या तीन स्थान कहे गए हैं वहाँ इन शास्त्र वचनों का तात्पर्य यह नहीं है, वायु वहाँ अन्य स्थानों का स्पर्श नही करता, क्योंकि मन्दतर स्पर्श वाले अन्य स्थान भी उपलब्ध हैं। पुनश्च धैवत और निषाद को छोड़कर सभी स्वर पाँच स्थानों वाले हैं। नारदीय शिक्षा में कहा गया है कि—

"धैवत और निषाद इन दो स्वरों को छोड़कर शेष अन्य पाँच स्वरों को पाँच स्थानों से समुद्गत समझा गया है।"

यह सात स्वरों के उत्पत्ति स्थान का विचार पूर्ण हुआ।

९६. एते च सप्त स्वरास्त्रैस्वर्याद् भिद्यन्ते। यत्तु—

गान्धर्ववेदे ये प्रोक्ताः सप्त षड्जादयः स्वराः।
त एव वेदे विज्ञेयास्त्रय उच्चादयः स्वराः ॥ १ ॥

उच्चौ निषादगान्धारौ नीचावृषभधैवतौ।
शेषास्तु स्वरिता ज्ञेयाः षड्जमध्यमपञ्चमाः[1] ॥ २ ॥

इत्येवमाचक्षाणेन याज्ञवल्क्येन सप्तस्वराणां त्रैस्वर्येऽन्तर्भावः क्रियते, तदेतदेषामुच्चादिव्याप्यत्वे तात्पर्यं प्रकटयति न तूच्चाद्यैकरूप्ये। एकस्मिन्नेवोच्चे निषादत्वगान्धारत्वाभ्यां भेदप्रतिपादनस्याऽसामञ्जस्यापत्तेः, स्वरूपभेदाच्च। उच्चादयो हि स्वरस्योत्थानं निपातञ्चापेक्ष्य प्रवर्तन्ते। षड्जादयस्तु स्वरशरीरारम्भकधर्मवैसादृश्यमपेक्ष्येति भेदोपलब्धेः। किञ्च सप्ताप्येते स्वरास्त्रेधा। मन्द्राः मध्यास्ताराश्च। तदित्थमेकविंशतिः स्वरा आख्यायन्ते। मन्द्रा अनुदात्ताः। मध्याः

---

1 याज्ञवल्क्यशिक्षा, स्वरप्रकरण, मात्राधिकार, श्लोक ६-७।

स्वरिताः । तारा उदात्ताः । तस्मादेते सप्त स्वरास्त्रैस्वर्याद् भिद्यन्ते । एष्वपि सप्तसु स्वरविशेषेषूच्चादिधर्मदर्शनात् प्रकारान्तरेणैषामप्युच्चत्वादिकं व्यवहरन्तीत्यन्यदेतत् । तत्र गान्धारनिषादावुच्चतो गृहीतौ भवत इत्यतस्तयोरुदात्तशब्दः । ऋषभधैवतौ नीचतो गृहीतावित्यनुदात्तशब्दं भजतः । षड्जमध्यमपञ्चमास्तु मध्यत इति स्वरिताः ।

तदित्थं सवनादिस्वरादर्थान्तरभूते स्वरविशेषे त इमे उदात्तादयः शब्दाः प्रवर्तन्ते न त्वेतावतैषां सवनादिभिः स्वरैस्तादात्म्यमस्तीति दिक् ।

इति सप्तस्वराणां त्रैस्वर्यतो भेदविचारः ।

९६. ये सातों स्वर पुनः तीन स्वरों के भेद से भिन्न हो जाते हैं ।
"गान्धर्व वेद में जो सात षड्ज आदि स्वर बतलाए गए हैं, उन्हीं को वेद में तीन उच्च आदि स्वर समझना चाहिए ।"

"निषाद और गान्धार उच्च स्वर हैं, ऋषभ और धैवत नीच स्वर हैं । शेष षड्ज, मध्यम और पञ्चम स्वरित समझने चाहिए ।"

ऐसा कहने वाले याज्ञवल्क्य ने सात स्वरों का तीन स्वरों में अन्तर्भाव कहा है, वह उनका इन सातों स्वरों में उच्च आदि व्याप्त हैं इस तात्पर्य को प्रकट करता है । ऐसा नहीं है कि वे उच्च आदि के साथ सात स्वरों की एकरूपता मानते हैं क्योंकि अभेद या एकरूपता होने पर एक ही उच्च में निषाद और गान्धार इन भेदों का प्रतिपादन असमञ्जसयुक्त होगा । दोनों के स्वरूप भेद के कारण भी एकरूपता नहीं बनती । उच्च आदि स्वर के उत्थान और निपात की अपेक्षा रखकर प्रवृत्त होते हैं, षड्ज आदि की प्रवृत्ति स्वर के शरीर के आरम्भ करने वाले धर्म की विसदृशता की अपेक्षा से होती है ।

ये सातों स्वर तीन प्रकार के हैं—मन्द्र, मध्य और तार । इस प्रकार सातों स्वर त्रिगुणित होकर इक्कीस हो जाते हैं । इनमें मन्द्र अनुदात्त हैं, मध्य स्वरित हैं, तार उदात्त हैं । इसलिए ये सात स्वर तीन स्वरों से भिन्न हैं । इन सातों स्वरों में भी उच्च आदि धर्मों को देखकर, दूसरे प्रकार से इनको भी उच्चादि व्यवहार में माना जाता है, यह अलग बात है । वहाँ गान्धार और निषाद उच्च से गृहीत होते हैं, अतः उन दोनों के लिए उदात्त शब्द का प्रयोग होता है । ऋषभ और धैवत नीच स्थान से गृहीत होते हैं, अतः ये दोनों अनुदात्त कहे जाते हैं । षड्ज, मध्यम और पञ्चम तो मध्य से गृहीत होने के कारण स्वरित हैं ।

इस प्रकार सवन आदि स्वरों से पृथक्-भूत स्वर विशेषों में ये उदात्त आदि शब्द प्रवृत्त होते हैं ऐसा नहीं है कि सवन आदि स्वरों से उनका तादात्म्य है ।

यह सात स्वरों का तीन स्वरों से भेद का विचार हुआ ।

९७. प्रागुपजायमानाः श्रुतयश्चैषां समारम्भका इत्यत एते श्रुतिस्वरा इहाख्याताः। एषामेव सप्तस्वराणां सूक्ष्मतमाः केचिदंशाः श्रुतिशब्देनाख्यायन्ते। श्रुतिर्ध्वनिः स चेह द्वाविंशतिविधः। षड्जो, मध्यमः पञ्चमश्चैते त्रयः स्वराश्चतसृभिश्चतसृभिः श्रुतिभिः संगठिताः। ऋषभधैवतौ तिसृभिस्तिसृभिः सम्पाद्यौ। अथ गान्धारनिषादौ द्वाभ्यां द्वाभ्यां जायेते। तदुक्तम्—

> **"चतुर्भ्यो जायते षड्जो मध्यमः पञ्चमस्तथा।**
> **द्वाभ्यां द्वाभ्यां गनी* ज्ञेयौ ऋधौ• च त्र्यात्मकौ तथा॥ इति**

तदित्थं द्वाविंशतिध्वनय एव न्यूनाधिकभागेन सप्तधा विभज्यमानाः सप्तस्वराः जायन्ते। यथा—

ष	ऋ	ग	म	प	धै	नि	सप्त स्वराः
| | | |	| | |	| |	| | | |	| | | |	| | |	| |	द्वाविंशतिः श्रुतयः
स्व	अ	उ	स्व	स्व	अ	उ	त्रयः स्वराः
मध्यः	नीचः	उच्चः	मध्यः	मध्यः	नीचः	उच्चः	

इत्थमेते सप्तस्वराः स्वस्वनियताभिर्यावतीभिः श्रुतिभिः समारब्धाः शुद्धं स्वरूपं लभन्ते ततो न्यूनाधिकप्रयुक्ताभिः श्रुतिभिः सम्पाद्यमानास्ते स्वरा विकृतिं भजन्ते, स्वरान्तरसम्पादिकायाः श्रुतेः स्वरान्तरे प्रवेशात्। तथा च ते विकृतस्वरा द्वादशधा। ऋषभो धैवतश्चैकैकविधः। अन्ये तु प्रत्येकं द्विविधाः। तदित्थं शुद्धाश्च विकृताश्चेति कृत्वोनविंशतिः स्वराः सिद्धाः।

इति सप्तस्वराणां श्रुतिविचारः।

९७. पहले उत्पन्न होने वाली श्रुतियाँ इनकी आरम्भक होती हैं, इसलिए ये श्रुति-

---

* गान्धारनिषादावित्यर्थः।

• ऋषभधैवतावित्यर्थः।

स्वर नाम से यहाँ कहे गए हैं। इन्हीं सात स्वरों के सूक्ष्मतम कुछ अंश श्रुति शब्द से कहे जाते हैं। श्रुति का अर्थ है ध्वनि, वह यहाँ बाईस प्रकार की है। षड्ज, मध्यम तथा पञ्चम ये तीन स्वर चार-चार श्रुतियों से संगठित हैं। ऋषभ और धैवत तीन-तीन श्रुतियों से सम्पन्न होते हैं। गान्धार और निषाद दो-दो श्रुतियों से उत्पन्न होते हैं। कहा गया है—"षड्ज चार श्रुतियों से उत्पन्न होता है, चार ही श्रुतियों से मध्यम और पञ्चम भी उत्पन्न होते हैं, दो-दो श्रुतियों से गान्धार और निषाद को उत्पन्न समझना चाहिए। तीन-तीन श्रुतियों से ऋषभ और धैवत उत्पन्न होते हैं।" इस प्रकार बाईस ध्वनियाँ ही न्यूनाधिक भाग से सात रूपों में विभक्त होकर सात स्वर हो जाते हैं, जैसे—

षं	ऋ	ग	म	प	धै	नि	सप्त स्वराः
।।।।	।।।	।।	।।।।	।।।।	।।।	।।	द्वाविंशतिः श्रुतयः
स्व	अ	उ	स्व	स्व	अ	उ	त्रयः स्वराः
मध्यः	नीचः	उच्चः	मध्यः	मध्यः	नीचः	उच्चः	

इस प्रकार ये स्वर अपने-अपने उत्पादन में नियत जितनी श्रुतियों से आरब्ध होकर शुद्ध स्वरूप को प्राप्त करते हैं, उनसे न्यून और अधिक रूप से प्रयुक्त श्रुतियों से सम्पन्न होने पर ये स्वर विकारों को प्राप्त करते हैं, यह इसलिए होता है कि दूसरे स्वर को सम्पन्न करने वाली श्रुति दूसरे स्वर में चली जाती है। इस प्रकार वे विकृत स्वर बारह प्रकार के होते हैं। ऋषभ और धैवत एक-एक प्रकार का है। अन्य स्वर तो प्रत्येक दो-दो प्रकार के हैं। इस प्रकार शुद्ध और विकृत स्वरों की संख्या मिलकर उन्नीस हो जाती है।

यह सात स्वरों का श्रुति विचार हुआ।

९८. श्रुत्यारब्धा एत एव सप्त स्वराः नियतक्रमविशेषा राग इत्युच्यन्ते। यथा हि वर्णविशेषैः पौर्वापर्य्येण यथायथं सन्निविष्टैः कृतशरीराया वाचो वाक्यमित्येषा सञ्ज्ञा भवति। एवं स्वरविशेषैरेतैः पौर्वापर्य्येण यथायथं सन्निविष्टैः कृतशरीराया वाचो राग इत्येषा सञ्ज्ञा क्रियते। वाक्यविधानामानन्त्यवद् रागविधानामानन्त्येऽपि रागाणां षडेव प्रधानजातयः। षट्त्रिंशदवान्तरजातयः। षड्जग्राम—मध्यग्राम—

गान्धारग्रामभेदात्त्रयः स्वरग्रामाः। स्वराणामारोहावरोहक्रमात्मिकाः प्रतिग्रामं सप्तभेदादेकविंशतिसंख्या मूर्च्छनाः। एकोनपञ्चाशत् तानाश्च, इत्येवं स्वरसम्बन्धिनः पदार्थान् संगीतशिक्षोपयोगिनः प्राधान्येनोपदर्श्य महर्षिभिरेषा स्वरविद्या यथायथं सुविशदं निरूपिता ।। तदेतदेषां श्रुतिरागादिपदार्थानामेतत्स्वरसम्बन्धित्वेऽपि बहुविस्तृतार्थत्वादप्रक्रान्तत्वाच्च नेहोपपादनमुपयुज्यते—इति विरमामः। इति सप्तस्वरतो रागादिव्यवस्था। तदित्थं श्रुतिलक्षणः स्वरो व्याख्यातः।

९८. श्रुतियों से आरम्भ होने वाले यही सात स्वर निश्चित विशेष क्रमों में आकर राग कहलाते हैं। यह वैसे ही होता है जैसे विशेष वर्णों के पूर्वापरीभाव के यथाक्रम सन्निवेश से बनी हुई वाणी की वाक्य यह सञ्ज्ञा होती है। इसी प्रकार इन विशेष स्वरों के पौर्वापर्य क्रम के सन्निवेश से बनी हुई वाणी की राग यह सञ्ज्ञा की जाती है। वाक्य की विधाओं की अनन्तता के समान राग की विधाओं के अनन्त होने पर भी इनकी प्रधान जातियाँ छः होती हैं। अवान्तर जातियाँ छत्तीस हैं। स्वरग्राम तीन प्रकार के हैं, षड्जग्राम, मध्यग्राम, गान्धारग्राम। स्वरों के आरोह-अवरोह क्रमवाली प्रत्येक ग्राम में सात के क्रम से इक्कीस मूर्च्छनाएँ हैं। उनन्चास तान होते हैं। इस प्रकार स्वर से सम्बन्धित संगीत शिक्षोपयोगी पदार्थों की प्रधान बातों को बतलाते हुए महर्षियों ने इस स्वर विद्या का यथार्थ स्वरूप विशदतापूर्वक निरूपित किया है। इन श्रुति, राग आदि अर्थों का इस स्वर से सम्बन्ध होने पर भी बहुत विस्तार होने के कारण तथा उसके क्रम प्राप्त न होने के कारण यहाँ उसका निरूपण उपयुक्त नहीं है, अतः इस निरूपण से हम यहीं विराम लेते हैं। यह सात स्वरों से राग आदि की व्यवस्था का निरूपण हुआ। इस प्रकार श्रुति स्वरूप स्वर की व्याख्या हुई।

९९. अथातः सवनलक्षणः स्वरो व्याख्यातव्यः। स प्रधानः सर्वेषां स्वराणाम् सवनः प्रक्रमः। मूलस्थानात् प्रक्रममाणस्य गम्यस्थानसंसर्गं यावन्मध्यतः संविभक्ते पर्यवस्थाने यो यः संयोगः स सवनः। स प्रायेण सर्वत्र त्रेधा कृत्वाभ्युपगम्यते। **"इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्"** इति श्रुत्या त्रिविक्रमस्य विष्णोः पदनिधानस्य त्रित्वेनाख्यानादितरप्रक्रमस्यापि तन्मूलकत्रित्वेनाभ्युपेयत्वात्। यथा हि सूर्यस्य प्रक्रमस्त्रेधा विभज्यते— प्रातर्मध्यन्दिने सायञ्चेति। तदेतेनोपमानेन प्रत्ययसौकर्यार्थं सर्वत्रैते त्रयः शब्दा अनुकृष्यन्ते। सर्वत्रैव सवनानां प्रथमः प्रातः सवनशब्देन, द्वितीयो मध्यन्दिनशब्देन, तृतीयस्तु सायंसवनशब्देन व्यपदिश्यते। तदेतत्त्रयमन्यत्रान्यत्र यज्ञकर्मादौ बहुधा प्रसिद्धम्। इह नाभिस्थानादुत्थितस्य वायोरुरसि प्रथमः प्रक्रमः। कण्ठे द्वितीयः। शिरसि तृतीयः। तदेतदिह न प्रत्युच्चारणन्त्रेधा। अपि तु सवनभेदात् त्रिविधान्युच्चारणानि। अस्ति किञ्चिदुच्चारणमुरसैव प्रक्रमते, न कण्ठान्न शिरसः। अपरे कण्ठादेव नोरसो न शिरसः। अथान्यच्छिरस एव नोरसो न कण्ठात्। तथा चैते त्रयः स्वराः सिद्धाः—मन्द्रः मध्यः, तारश्चेति। तदुक्तम्—

हृदि मन्द्रो गले मध्यो मूर्द्ध्नि तार इति क्रमात् ।। इति ।

प्रातःसवनोच्चारणे गम्भीरः स्वरो भवति स मन्द्रः । स एष उरःकण्ठ-शिरःस्थानानामौत्तराधर्यक्रमेण सन्निविष्टानामधरादुत्पन्न इत्यनुदात्तः । मध्यन्दिन-सवनेनोच्चारणे तु मध्यः स्वरो जायते । स स्वरितः मन्द्रतारोभयधर्मवत्त्वात् । अथ सायंसवनेनोच्चारणेऽत्युच्चैः स्वरो जायते । स तारः । स उदात्तः । उच्चस्थान-गृहीतत्वात् । यत्तु—

नृणामुरसि मध्यस्थो द्वाविंशतिविधो ध्वनिः ।
स मन्द्रः कण्ठमध्यस्थस्तारः शिरसि गीयते ।। १ ।।

इति कोषकारा आहुस्तत्र "स मन्द्रः" इति पूर्वान्वयि । कण्ठमध्यस्थो मध्य इति चाध्याहार्यम् । मन्द्रमध्यतारसञ्ज्ञानां बहुसम्मतत्वात् ।

एषामुदात्तादिसञ्ज्ञाश्च प्रयोगसमयं चाभिज्ञानानि च भगवान् पाणिनिर-न्वाचष्टे—

अनुदात्तो हृदि ज्ञेयो मूर्ध्न्युदात्त उदाहृतः ।
स्वरितः कर्णमूलीयः सर्वास्ये प्रचयः स्मृतः[1] ।। १ ।।
प्रातः पठेन्नित्यमुरः स्थितेन स्वरेण शार्दूलरुतोपमेन ।
मध्यन्दिने कण्ठगतेन चैव चक्राह्वसङ्कूजितसन्निभेन ।। २ ।।
तारं तु विद्यात् सवनं तृतीयं शिरोगतं तच्च सदा प्रयोज्यम् ।
मयूरहंसान्यभृतस्वराणां तुल्येन नादेन शिरः स्थितेन[2] ।। ३ ।।

श्रुतिरप्याह—

"यदा वा एष प्रातरुदेति—अथ मन्द्रं तपति । तस्मान्मन्द्रया वाचा प्रातः सवने शंसेत् । अथ यदाऽऽयेति—अथ बलीयस्तपति । तस्माद्बलीयस्या वाचा मध्यन्दिने शंसेत् । अथ यदाऽभितरामेति—अथ बलिष्ठतमं तपति । तस्माद्बलिष्ठ-तमया वाचा तृतीयसवने शंसेत् । एवं शंसेत्—यदि वाच ईशीत । वाग्घि शस्त्रम्" इति (ऐतरेयश्रुतौ) ।

अत्र "यदि वाच ईशीत"—इत्युक्त्या गम्यते—य एवं नियममुल्लङ्घ्य काम-चारात् प्रवर्तते तस्य वाचि दौर्बल्यं भवतीति । वाचिक प्राणस्यान्यथाकरणादसौ

1 पाणिनीय शिक्षा, श्लोक ४८
2 पाणिनीय शिक्षा, श्लोक १३६-३७

वाचः सामर्थ्यादपैति । तस्माद् वाग्बलप्रधानेन ब्राह्मणेनैवं बहिः प्राणानुसारेणै-वान्तः प्राणः प्रयोज्य इति महतामादेशः ।। ८ ।।

९९. अब सवन स्वरूप स्वर की व्याख्या की जाती है। वह सभी स्वरों में प्रधान है। सवन का अर्थ है प्रक्रम। मूल स्थान से उठकर गम्य स्थान पर पहुँचने तक बीच में विभक्त स्थानों में जो-जो संयोग होता है वह सवन कहलाता है। वह प्रायः सर्वत्र तीन प्रकार का समझा जाता है।

"विष्णु ने यह तीन प्रकार चङ्क्रमण कर पादन्यास किया" इस श्रुति के द्वारा त्रिविक्रम विष्णु के पद निधान का तीन रूपों में कथन होने से अन्य प्रक्रम का मूल भी वही है इसलिए वह भी तीन ही प्रकार का है यह स्वीकार करने योग्य है। जैसे सूर्य का प्रक्रम तीन रूपों प्रातः, मध्याह्न तथा सायं रूप में विभक्त है। इस उपमान से ज्ञान के सौकर्य के लिए सभी प्रक्रमों में ये तीन शब्द ले लिए जाते हैं। सभी जगह सवनों में प्रथम को प्रातः सवन शब्द से, द्वितीय को मध्यन्दिन शब्द से तथा तृतीय को सायं सवन शब्द से कहा जाता है। ये तीनों सवन अन्यत्र यज्ञ आदि कार्यों में बहुत प्रसिद्ध हैं। प्रकृत में नाभि स्थान से उठने वाले वायु का उर (हृदय) स्थान में प्रथम प्रक्रम होता है; कण्ठ में दूसरा प्रक्रम है, सिर में तीसरा प्रक्रम है। यह प्रत्येक उच्चारण में तीन प्रकार का नहीं है अपितु सवन के भेद से तीन प्रकार के उच्चारण हैं। किसी उच्चारण का प्रक्रम उरःस्थान से ही होता है, कण्ठ या सिर से नहीं। कोई प्रक्रम कण्ठ से ही होता है, उर या सिर से नहीं, अन्य का प्रक्रम सिर से ही होता है उर या कण्ठ से नहीं। इस प्रकार मन्द्र, मध्य और तार स्वर स्वरूपतः सिद्ध होते हैं।

"हृदय में मन्द्र, गले में मध्य, मूर्धा या मस्तक में तार का क्रम है।"

प्रातःसवन के उच्चारण में जो गम्भीर स्वर होता है वह मन्द्र स्वर है। यह उर, कण्ठ तथा सिर इनके ऊपर नीचे के क्रम से सन्निविष्ट स्थानों में से नीचे के स्थान से उत्पन्न होने के कारण अनुदात्त है, मध्यन्दिन सवन से उच्चारण होने पर मध्य स्वर होता है, वह स्वरित है क्योंकि उसमें मन्द्र और तार दोनों के धर्म हैं। सायं सवन के उच्चारण में अत्यन्त उच्च स्वर होता है, वह तार स्वर है, वह उदात्त है क्योंकि वह उच्च स्थान से गृहीत है। जो कोषकार ने कहा है "मनुष्यों के उरः प्रदेश के मध्य में (बाईस) 22 प्रकार की ध्वनि है, कण्ठ के मध्य में होने पर वह मन्द्र होता है और सिर से निकलने पर वह तार कहा जाता है "वहाँ वह मन्द्र है" इतने अंश को पूर्व से अन्वित करना चाहिए तथा कण्ठ के मध्य में स्थित मध्य होता है यह अध्याहार करना चाहिए क्योंकि मन्द्र, मध्य और तार ये संज्ञाएँ, बहुतों को सम्मत है।

इनकी उदात्त संज्ञाएँ, प्रयोग का समय तथा पहिचान भगवान पाणिनि ने बतलाई है—

"अनुदात्त हृदय में जानना चाहिए, सिर में उदात्त कहा गया है, कर्ण (कान) के मूल में स्वरित है तथा सारे मुख में प्रचय होता है।" १

"नित्य प्रातः उर में स्थित सिंह के शब्द के समान शब्द से पढ़ना चाहिए मध्यन्दिन् में चकवे के शब्द के समान शिरोगत शब्द से पढ़ना चाहिए।" २

"तार स्वर से तीसरे सवन में पढ़ना चाहिए, वह सदा शिरोगत है, उसका प्रयोग सायं सवन में करना चाहिए। इस सिर स्थित तार स्वर की उपमा मयूर, हंस तथा कोकिल के शब्द हैं।" ३

श्रुति ने कहा है—

"जब यह (सूर्य) प्रातः उदित होता है, तब यह मन्द्र रूप से तपता है, इसलिए मन्द्रवाणी से प्रातःसवन में पाठ करना चाहिए, जब यह आगे बढ़ता है तब अधिक तपता है, इसलिए बल युक्त वाणी से मध्यन्दिन में पढ़ना चाहिए, जब यह तृतीय सवन में जाता है तब सर्वाधिक तपता है इसलिए अत्यन्त बलयुक्त वाणी से तीसरे सवन में पढ़ना चाहिए। इस प्रकार पढ़ना चाहिए, यदि वाणी पर ईशन हो, क्योंकि वाणी ही शस्त्र है (ऐतरेय श्रुति) यहाँ यदि वाणी पर ईशन हो, (यदि वाचा ईशीत) इस उक्ति से ज्ञान होता है कि जो इस प्रकार के नियम का उल्लङ्घन करके इच्छानुसार प्रवृत्त होता है उसकी वाणी में दुर्बलता आती है। वाचिक प्राण को अन्यथा प्रयोग करने से वह (प्रयोक्ता) वाणी के सामर्थ्य से पृथक् हो जाता है। इसलिए वाग्बल की प्रधानता रखने वाले ब्राह्मण को इस प्रकार बाहर से प्राण के अनुसार आन्तरिक प्राण का प्रयोग करना चाहिए यह महान आचार्यों का कथन है।"

१००. अथातः स्वरं भागलक्षणं व्याख्यास्यामः। स त्रेधा—उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितश्च। तल्लक्षणमाह भगवान् पाणिनिः—

"उच्चैरुदात्तः। नीचैरनुदात्तः। समाहारः स्वरितः" इति।

एते च नामोच्चत्वादयो लोकप्रत्ययादेव शक्यं प्रतिपत्तुम्। लोके च तावदुच्चैर्भाषते, नीचैर्भाषते—इत्येवमाद्युक्तौ श्रुतिप्रकर्षापकर्षौ गम्येते। तथा च यथाभूतेन स्वरेणोच्चारितो वर्णोऽधिकमात्रयाश्रोत्रेण संयुनक्ति, महान्तं वा देशं व्याप्नुवन् भासते, अधिकदेशव्याप्तिमत्वाच्च दूरस्थेनापि श्रूयते, स उदात्तः स्वरः॥ १॥

तद्विपरीतं तु येन स्वल्पमात्रया श्रोत्रेण संयुनक्ति, स्वल्पं वा देशं व्याप्नुवन् भासते, अधिकदेशव्याप्त्यभावाच्च न दूरस्थेन गृह्यते सोऽनुदात्तः स्वरः॥ २॥

अथ यत्रानयोर्विक्षेपान्नात्यधिकं नात्यल्पं देशव्याप्तिः स मध्यमभावं गतः स्वरितः॥ ३॥ इत्येवं त्रैस्वर्यं सिद्धम्॥

१००. अब भागस्वरूप वाले स्वर की व्याख्या की जाती है। वह उदात्त, अनुदात्त, स्वरित भेद से तीन प्रकार का है। भगवान पाणिनि ने उनका लक्षण बतलाया है—

"ऊँचा उदात्त है, नीचा अनुदात्त है, दोनों का समाहार स्वरित है।" इन उच्चता आदि का ज्ञान लोकप्रसिद्ध ज्ञान से ही हो सकता है। लोक में सुनने के प्रकर्ष और अपकर्ष के आधार पर ही ऊँचा बोलता है, नीचा बोलता है, ऐसा व्यवहार चलता है। निष्कर्ष यह है कि जिस प्रकार के स्वर से उच्चारण किया हुआ वर्ण अधिक मात्रा से श्रोत्र (कान) से संयुक्त होता है तथा अधिक देश को व्याप्त करता भासित होता है, अधिक देश में फैलने के कारण दूरस्थ व्यक्ति के द्वारा भी सुनाई देता है वह उदात्त स्वर है।

उसके विपरीत जिसके कारण कान से स्वल्प मात्रा में संयोग प्राप्त करता है, थोड़े देश को व्याप्त करता हुआ भासित होता है, अधिक देश में व्याप्त होने के कारण दूरस्थित व्यक्ति व्यक्ति से गृहीत नहीं होता वह अनुदात्त स्वर है।

जहाँ इन दोनों के विक्षेप से न अत्यधिक और न ही अत्यल्प देश व्याप्त करता है, वह मध्यम भाव को प्राप्त करने वाला स्वरित स्वर है। इस प्रकार तीन स्वर सिद्ध हुए।

१०१ अत्रेदं प्रत्यवस्थीयते। लोकं तावदिदमुच्चनीचमनस्थितपदार्थकं दृश्यते। तदेव हि कञ्चित् प्रत्युच्चैर्भवति, कञ्चित् प्रति नीचैः। एवं हि कश्चिदधीयमानमाह—किमुच्चैर्रोरूयते अथ नीचैर्वर्त्ततामिति। तमेव तथाधीयमानमपर आह—किमन्तर्दन्तकेनाधीषे, उच्चैर्वर्त्ततामिति। एवं स्थित तस्योदात्तत्वं वक्तव्यमनुदात्तत्वं वेति नावधार्यते—इति न लोकप्रत्ययाच्छ्रोतृस्थानीयादर्थसिद्धिः। अथ कथं तत्सिद्धिरिति चेत्। अत्रोच्यते नावश्यमुच्चैर्भाषते, नीचैर्भाषत—इत्यादिलोकोक्तौ श्रोत्राश्रितप्रदेशोपलब्धवैलक्षण्यमेव प्रत्ययबीजं भवति। अपि तु खलु वक्त्राश्रितप्रदेशोपलब्धं वैलक्षण्यमपि लक्ष्यीकृत्यासौ व्यवहरत्वेवोच्चनीचभावं सर्वो लोकः। वक्त्राश्रितप्रदेशे तावद् वैलक्षण्यमुच्चारणकाले भवतीत्यत एव तु श्रोत्राश्रितप्रदेशेऽपि तस्य तथा वैलक्षण्यं गृह्यते। तथा चेदं प्रधानभूतं वक्त्राश्रितं वैलक्षण्यमेव निमित्तीकृत्यायं शास्त्रार्थः प्रवर्तते—। उच्चैरुदात्तः नीचैरनुदात्तः, समाहारः स्वरित इति। अयम्भावः—उच्चारणगतमुच्चलक्षणं लक्ष्यते चेत्तर्हि श्रोता स्वप्रकृतिवैलक्षण्यादसा उच्चत्वेन गृह्यतां नीचत्वेन वा तथापि स वस्तुगत्या नित्यमुच्च एवेत्यवधार्यते। एवं नीचः। एवं मध्यः। उच्च उदात्तः। नीचोऽनुदात्तः। मध्यः स्वरितः। तत्रेदमुच्चारणगतमुच्चादिकमुच्चारणक्षणे तदुच्चारयितृगात्रावयवेषु विकारलक्षणे ज्ञेयम्। ते च विकारा यथा—

आयामो दारुण्यमणुता खस्यत्युच्चैःकराणि शब्दस्य ॥ १ ॥
अन्ववसर्गो मार्दवमुरुता खस्येति नीचैःकराणि शब्दस्य ॥ २ ॥

आयामो = गात्राणां निग्रहः। दारुण्यं स्वपरस्य रूक्षत्वम्।

रवस्याणुता=कण्ठनलीसंवृत्तता। यत्रोच्चैरुच्चारयितुं कश्चित् प्रयतते तत्रैतान् धर्मान् असौ मुखतः करोति। यत्र सत्येते धर्मा अनुभूयन्ते स उच्चः स्वरः ॥ १ ॥ अन्ववसर्गो=गात्राणां शिथिलता। मार्दवम्=स्वरस्यास्निग्धत्वम्। रवस्योरुता=कण्ठनलीमहत्ता। यत्र नीचैरुच्चारयितुं कश्चित् प्रयतते तत्रैतान् धर्मान् असौ मुखतः करोति। यत्र सत्येते धर्मा अनुभूयन्ते स नीचः स्वरः ॥ २ ॥ यत्रैतयोरुभयोर्धर्मयोरुपसम्बन्धः स मध्यमः स्वरितः ॥ ३ ॥ एते चायामादयो धर्मा वक्तृगात्रे लक्ष्यन्ते। तन्निबन्धना एवोच्चत्वादयो धर्मा उच्चारणे लक्ष्यन्ते। चोदात्तादिसञ्ज्ञेति सिद्धम् ॥ यतश्च कार्यदेव श्रुतिप्रकर्षापकर्षलक्षणात् तानेतानायामादीन् धर्माननुसन्धाय श्रोताध्यवस्यत्युच्चत्वनीचत्वादिकं स्वरधर्मम्, अत एव तु यत्रायं श्रोता कुतश्चिद्दोषादात्मीयान्नायामादीन् धर्मान् वक्तृनिष्ठान् गृह्णाति, नासौ तदोच्चत्वनीचत्वादिकमध्यवस्यति। स एष तत्र पुरुषापराधो न वस्तुधर्मापराधः तस्मादिह सम्भाव्यते लोकप्रत्ययादेव वक्तृस्थानीयादर्थसिद्धिः ॥

१०१. यहाँ यह विचार होता है कि लोक में और नीचा यह भाव स्थिर नहीं है। किसी के प्रति एक ही स्वर ऊँचा होता है, दूसरे के प्रति वही नीचा है। अध्ययन करते हुए किसी छात्र को कोई कहता है—"तुम क्या इतने जोर से चिल्ला रहे हो, जरा धीरे बोलो।" उसी प्रकार अध्ययन करने वाले उसी छात्र से दूसरा कोई व्यक्ति कहता है—"तुम अपने दाँतों में ही बोलकर क्या पढ़ रहे हो, जरा जोर से पढ़ो।" इस स्थिति में उसे उदात्त कहना चाहिए या अनुदात्त यह निश्चय नहीं होता, इस प्रकार श्रोता के आधार पर जो लोक व्यवहार है उससे निश्चय करने में सहायता नहीं मिलती। तब यह निश्चय कैसे होगा, इस प्रश्न पर यह कहना कि "ऊँचा बोलता है, नीचा बोलता है" इस प्रकार लोगों के कहने में कान में पहुँचने वाली विलक्षणता ही ज्ञान का मूल नहीं बनती अपितु मुख प्रदेश में उपलब्ध विलक्षणता को देखकर स्वर के ऊँचे नीचे का व्यवहार लोक में होता है। मुख प्रदेश में उच्चारणकाल में विलक्षणता होती है। इसीलिए तो कर्ण प्रदेश में विलक्षणता गृहीत हुआ करती है। उसी मुख प्रदेश का आधार लेकर उत्पन्न होने वाली विलक्षणता को निमित्त बनाकर यहाँ शास्त्र का तात्पर्य समझा जाता है कि "ऊँचा उदात्त होता है, नीचा अनुदात्त है, समाहार स्वरित है।" भाव यह है कि यदि उच्चारण उच्च लक्षण लक्षित हो रहा हो तो श्रोता की अपनी प्रकृति विलक्षणता से वह उच्च रूप से गृहीत हो रहा हो अथवा नीच रूप से गृहीत हो रहा हो तथापि वस्तुस्थिति में वह उच्च ही है, यह निश्चय होता है। यह स्थिति नीच स्वर तथा मध्य स्वर की है। ऊँचा स्वर उदात्त है, नीचा अनुदात्त है, मध्य का स्वरित है। उच्चारणगत यह उच्चत्व आदि उच्चारण के क्षण में उच्चारण करने वाले के शरीरावयवों में विकार स्वरूप समझना चाहिए। वे विकार इस प्रकार हैं—ध्वनि का आयाम (विस्तार) दारुणता, अणुता यह शब्द को ऊँचा करने वाले हैं, ध्वनि का अन्ववसर्ग मृदुता, उरुता यह शब्द को नीचा करने वाले हैं। आयाम का अर्थ है अंगों का निग्रह, दारुण्य का अर्थ है स्वर की रूक्षता, रव या ध्वनि की अणुता का तात्पर्य कण्ठ

नली का सिकुड़ना । जहाँ कोई ऊँचा बोलने में प्रवृत्त होता है वहाँ इन धर्मों को वह अपने मुख से करता है । जहाँ ये धर्म अनुभव में आते हैं वह उच्च स्वर है । अन्ववसर्ग का अर्थ है अंगों की शिथिलता । मार्दव का तात्पर्य है स्वर में स्निग्धता का अभाव । रव की उरुता का अर्थ है कण्ठ नली का बड़ा हो जाना । जब कोई नीचा बोलना चाहता है तब वह इन धर्मों केअपने मुख से उच्चारण करता है, जिसके रहने पर इन धर्मों का अनुभव होता है वह नीच स्वर है । जहाँ इन दोनों प्रकार के धर्मों का सम्बन्ध है वह मध्यम स्वरित है । ये आयाम आदि धर्म वक्ता के अंग में लक्षित होते हैं । उसी के कारण उदात्त आदि संज्ञाएँ होती हैं । श्रुति के प्रकर्ष तथा अपकर्ष रूप जिस कार्य से इन आयाम आदि धर्मों का अनुसन्धान करके श्रोता उच्चत्व, नीचत्व आदि स्वर के धर्मों का निश्चय करता है, अतएव जहाँ श्रोता अपने किसी दोष से आयाम आदि वक्ता के धर्मों का ग्रहण नहीं करता तब वह उच्चत्व, नीचत्व आदि निश्चय भी नहीं कर पाता, वह पुरुष का अपराध होता है, वस्तु धर्म का अपराध नहीं । इसलिए यहाँ वक्ता से सम्बद्ध लोक के प्रत्यय से ही अर्थसिद्धि होती है ।

१०२. अथ पुनरन्यः प्रत्यवतिष्ठते । एतदप्यमैकान्तिकं भवतीति । यद्धच-ल्पप्राणस्य सर्वोच्चैः, तन्महाप्राणस्य सर्वनीचैः, प्राणानुसारेण हि भाषते सर्वो लोकः । यावता प्राणेनाल्पप्राणोऽयमुच्चैर्भाषते, तावता प्राणेनासौ महाप्राणो नीचैर्भाषते । तत्र तावन्मात्रप्राणस्योच्चत्त्वमध्यवसेयं नीचत्त्वं वेति न शक्यं वि-निगन्तुम् । तस्मादुदात्तादिसञ्ज्ञाया अप्रसिद्धिः । अथ कथन्तर्हि तत्सिद्धिरिति चेत् अत्रोच्यते । नैवं वक्तृभेदो नामेह विवक्ष्यते । न खल्वेकस्य वक्तुरुच्चारणे तदुच्च-त्त्वादिकमितरवक्तृकृतोच्चारणनीचत्त्वादिसापेक्षं लक्ष्यीकृत्य शास्त्रं प्रवर्त्यते । किं तर्हि—एकैकस्यैव वक्तुरुच्चारणे प्रतिवाक्यमेकैकवर्णनीचतासापेक्षमितरवर्णे तथो-च्चत्त्वादिकमिह विवक्षितं द्रष्टव्यम् । अयम्भावः—एष खलु वक्ताऽल्पप्राणो वा स्यान्महाप्राणो वा, येन तु स प्रक्रमेण वक्तुं प्रक्रमते तस्मिन्नेव प्रक्रमे यदुच्चैः कृतं तदुदात्तम् । यन्नीचैस्तदनुदात्तम् । यत् समाहारेण तत् स्वरितमित्येवं कृत्वा नेयम् । तत्र यदुक्तम्—"यदल्पप्राणस्य सर्वोच्चैस्तन्महाप्राणस्य सर्वनीचैरिति" तदनाक्षेप्यं भवति । तयोर्वक्त्रोः प्रक्रमभेदात् । अन्येन हि प्रक्रमेण तत्राल्पप्राणः प्रक्रान्तः, अन्येन च महाप्राणः प्रक्रमभेदात्तु नोदात्तादिसञ्ज्ञा प्रसज्ज्यते ।

१०२. अन्य लोगों का मत यहाँ इस प्रकार आता है कि उक्त सारा विवेचन भी सिद्धान्तित नहीं है । अल्पप्राण वाले व्यक्ति के लिए जो सबसे ऊँचा स्वर है महाप्राण व्यक्ति के लिए वही सबसे नीचा स्वर है, सारे लोग प्राण के अनुसार ही बोलते हैं । अल्प-प्राण व्यक्ति जितने प्राण से ऊँचा भाषण करता है उतने ही प्राण से महाप्राण व्यक्ति नीचा भाषण करता है । वहाँ उतने प्राण को ऊँचा समझा जाय या नीचा ऐसा निश्चय नहीं किया जा सकता । इससे उदात्त आदि संज्ञाएँ असिद्ध हो जाती हैं । तब किस आधार पर उदात्त आदि की सिद्धि होगी, यदि प्रश्न हो तो यहाँ वक्ता का भेद विवक्षित नहीं है । शास्त्र की प्रवृत्ति किसी वक्ता के उच्चारण उच्चत्व, आदि तथा उससे भिन्न वक्ता के

उच्चारण के नीचत्व की अपेक्षा को लक्ष्य में रखकर नहीं होती तो शास्त्र की प्रवृत्ति किस पर लक्ष्य रखकर होती है। इसका उत्तर है कि एक-एक वक्ता के उच्चारण में प्रत्येक वाक्य में एक-एक वर्ण की नीचता तथा भिन्न वर्ण की उच्चता यहाँ विवक्षित होती है। कहने का आशय यह है कि वक्ता चाहे अल्पप्राण वाला हो या महाप्राण वाला जिस प्रक्रम से वह बोलना प्रारम्भ करता है उसी प्रक्रम में जो ऊँचा होता है वह उदात्त कहलाता है। जो नीच होता है वह अनुदात्त होता है जो दोनों के संयोग से होता है वह स्वरित होता है यह व्यवस्था समझनी चाहिए। वहाँ जो यह कहा गया कि "अल्पप्राण वाले का जो सबसे ऊँचा स्वर है वह महाप्राण वाले का सबसे नीचा स्वर है" यह भी आक्षेप योग्य नहीं है क्योंकि उन वक्ताओं में प्रक्रम का भेद है। अल्पप्राण वाले का आरम्भ अन्य प्रक्रम से है, महाप्राण वाले का अन्य प्रक्रम से प्रारम्भ है, प्रक्रम के भेद के प्रक्रम से उदात्त आदि संज्ञाओं में भेद नहीं आता।

१०३. कः पुनरसौ प्रक्रम इति चेदुच्यते। वर्णस्वरूपसम्पत्तये नाभ्युत्थितो वायुः प्रथमं यदाहत्य, यत्र वाऽऽत्मानं निपात्य पुनः क्रममाणो वर्णान् जनयति स प्रक्रमः। स त्रिविधः। उरः, कण्ठः, शिरः इति। कश्चिदुरसैव वक्तुं भूयांसि प्रक्रमते, कश्चित् कण्ठेनैव। परः शिरसैव। एको वा कदाचिदुरसा, कदाचित् कण्ठेन कदाचिद् वा शिरसा प्रक्रमते। स्वभावसिद्धोऽयमर्थः प्रयत्नतारतम्यसिद्धश्च॥ तथाहि—व्याघ्रादयो निगृहीताः पीडिता उन्मत्ता वा भूयांस्युरसैव निःस्वनन्ति। चक्रवाकादयः कण्ठेन, तथा मयूरादयः शिरसैवेति स्वभावात्। अथाल्पप्राण उरसा, मध्यप्राणः कण्ठेन, महाप्राणः शिरसेति प्रयत्नतारतम्यात्। स्वस्थप्रकृतिस्तु मनुष्यो यथेच्छमभ्यासमाहात्म्यात् त्रेधापि व्याहर्तुं शक्नोतीत्यन्यदेतत्। तत्र यस्तावदुरसा प्रक्रमते सोऽपि कञ्चिद्वर्णमुच्चैः, कञ्चिन्नीचैः, कञ्चिद् वा मध्यमभावेनोच्चारयति। अयं यः कण्ठेन सोऽप्येवम्, यः शिरसा सोऽप्येवम्।

१०३. यह प्रक्रम क्या है? इसका उत्तर है कि वर्णों के स्वरूप सम्पादन के लिए नाभि प्रदेश से उठने वाला वायु पहले जहाँ आघात करके या जहाँ अपने को गिराकर पुनः क्रमण करता हुआ वर्णों को उत्पन्न करता है वह प्रक्रम कहलाता है। वह तीन प्रकार का है—उर, कण्ठ तथा मस्तक। कोई उर प्रदेश से ही अधिक बोलने का प्रक्रम करता है, कोई कण्ठ से, कोई सिर से प्रारम्भ करता है। यह भी होता है कि एक ही वक्ता कभी उर से, कभी कण्ठ से, कभी शिर से उपक्रम करता है। यह बात स्वभाव और प्रयत्न के तारम्य से सिद्ध है। जैसे कि व्याघ्र आदि पकड़े जाने पर, पीड़ित होने पर तथा उन्मत्त होने पर अधिकतर उर से ही शब्द निकालते हैं। चक्रवाक आदि कण्ठ से शब्द करते हैं, मयूरादि सिर से ही बोलते हैं। अल्पप्राण व्यक्ति उर से, मध्यप्राण वाले कण्ठ से, महाप्राण वाला सिर से बोलता है, यह प्रयत्न का तारतम्य है। स्वस्थ प्रकृति वाला मनुष्य तो अभ्यास के माहात्म्य से तीनों प्रकार से बोल सकता है, यह पृथक् बात है। उनमें जो उर से प्रक्रम करता है वह भी कुछ वर्णों को नीचे स्वर से तथा कुछ वर्णों को मध्यम स्वर से बोलता है। जो

कण्ठ से बोलता है उसकी भी यही स्थिति है, जो सिर से बोलता है वह भी ऐसा ही करता है।

१०४. नहि तत्तदुक्तवाक्यारम्भकाः सर्वे वर्णाः समभावापन्ना एव श्रूयन्ते, सन्ति तु केचिदुच्चाः, केचिन्नीचाः, अथापरे मध्यमाः । तत्रेदमेकैकस्मिन् प्रक्रमे किं नामोच्चत्वादिकमिति चेदुच्यते—यत्तावदायामान्ववसर्गादिधर्मसंयोगाद् वर्णोच्चारणे श्रुतिप्रकर्षापकर्षलक्षणमधिकोनदेशव्यापकत्वं प्रागुपदर्शितं तदेव तु निभृतं प्रत्येतव्यं, नातोऽन्यत् । तथा चैतत्त्रयं विशिष्टं सदुदात्तादिस्वरूपलक्षकं भवति ।

> **"सवनक्रमेणोरःकण्ठभ्रूमध्यानि"**[1] ।। १ ।।
> **"आयाममार्दवाभिघाताः"**[2] ।। २ ।।
> **"उच्चनीचविशेषः"**[3] ।। ३ ।।

इत्येवं भगवता कात्यायनेन संहत्यैव तल्लक्षणकरणात् न त्वायामादिलक्षणेऽभ्युपगम्यमाने पूर्वोक्तमुच्चत्वादिकं निमित्तमपोद्यते, नापि वा प्रक्रमनिर्देशादायामादिकं निमित्तमपोद्यते । उत्तरोत्तरस्य पूर्वपूर्वाङ्गत्वेनोल्लेखात् ।

यत्तूरसा प्रक्रमेऽनुदात्तं, कण्ठेन प्रक्रमे स्वरितं, शिरसा प्रक्रमे चोदात्तमित्याख्यातं पुरस्तात्, तत्तावत् तारमन्द्रमध्यापर सञ्ज्ञं सवनलक्षणं स्वरान्तरं भवतीति नेह भागलक्षणे तल्लक्षणोपक्षेपः ।

१०४. सभी बोले गए वाक्य को आरम्भ करने वाले वर्ण समभावापन्न होकर सुनने में नहीं आते । उनमें कुछ उच्च स्वर में होते हैं, कुछ नीचे स्वर में तथा कुछ मध्यम स्वर में होते हैं । इस प्रकार एक ही प्रक्रम में यह उच्चत्व आदि कैसे होता है इस पर कहना है कि जो आयाम अन्ववसर्ग आदि धर्मों के संयोग से वर्णों के उच्चारण में श्रुति के प्रकर्ष और अपकर्ष स्वरूप, अधिक और कम देश को व्याप्त करना पहले बतलाया गया इसी को यहाँ कारण मानना चाहिए । उससे भिन्न और कोई कारण नहीं हो सकता है । यही विशिष्ट होने पर उदात्त आदि की संज्ञा को प्राप्त करता है ।

> "सवन के क्रम से, उर, कण्ठ और भ्रूमध्य स्थान हैं ।" १
> "आयाम, मार्दव तथा अभिघात का भी वही क्रम है ।" २
> "उच्च नीच की विशेषता भी उसी से होती है ।" ३

इस तरह भगवान् कात्यायन ने इनका सामूहिक लक्षण ही किया है । आयाम आदि

---

1 वाजसनेयि प्रतिशाख्य, १।३०
2 वही, १।३१
3 वही, १।३२

लक्षण को मानकर पूर्वोक्त उच्चत्व आदि निमित्त को अस्वीकार नहीं किया जा रहा है, न ही प्रक्रम के निर्देश से आयाम आदि निमित्त को हटाया जाता है क्योंकि आगे बतलाए हुए निमित्तों का पूर्व के अङ्ग के रूप में उल्लेख हो रहा है।

जो पहले बतलाया गया कि उर से प्रक्रम में अनुदात्त, कण्ठ से प्रक्रम में स्वरित, मस्तक से प्रक्रम में उदात्त होता है वह तार मन्द्र मध्य नामक सवन स्वरूप स्वर में उस लक्षण का गठन नहीं होता।

१०५. यत्तु कैयटेन "प्रक्रमः स्थानमुच्यते। स्थानञ्च तात्वादिकमूर्ध्वाधरभागयुक्तम्। तत्रोर्ध्वभागनिष्पन्न उदात्तोऽवर भागनिष्पन्नोऽनुदात्तः इत्येवं व्याख्यातम्। काशिकाकौमुदीकारादिभिरपि कैयटवर्त्मैवानुसृतम्। तदेतत् सर्वं भगवत्पतञ्जल्यादिमहर्षितात्पर्यविरुद्धत्वादुपेक्ष्यम्। न हीमानि तात्वादिस्थानानि तथोर्ध्वाधरभागयुक्तानि श्रूयन्ते वा स्मर्यन्ते वाऽनुभूयन्ते वा। तिर्यग्भागैः सभागत्त्वेऽप्यूर्ध्वाधरभागैः सभागत्वस्याप्रामाणिकत्वात्। अथ खल्वेकैकस्मिन् स्थाने प्रकल्पितेषु अग्रमध्यपश्चाद्भागेषु उच्चादीनामभिनिष्पत्तिरिष्यते इति चेत्—स्यादेतदेवम्। यदि नाम तात्वादीनि स्थानानीह विवक्षितानि स्युः। न च तथा विवक्षां पश्यामः द्विविधानि हि वर्णस्थानानि भवन्ति—सवनस्थानानि च मुखस्थानानि च। तत्रोरः कण्ठशिरोरूपस्त्रिभिः सवनस्थानैरेवैतेषां सम्बन्धः सूत्रवार्तिकभाष्येषु प्रदर्श्यते। तथैव चानुभूयते, न त्वेभिः पञ्चभिस्तात्वादिभिर्मुखस्थानैरेषां स्वराणां कश्चन सम्बन्धः कुत्राप्युपदिश्यतेऽनुभूयते वा। न वा पञ्चस्थानानान्तर्गते कण्ठशिरः स्थानं त्रिस्थानान्तर्गतेन कण्ठशिरःस्थानेनाभिन्नमिति भ्रमितव्यम्। पञ्चसु स्थानेषु तावज्जिह्वामूलासन्नप्रदेशस्य कण्ठत्वेन तालुदन्तयोरन्तरालवर्तिनो मांसपिण्डस्य च शिरस्त्वेनाभिप्रेतत्वात्। तस्मान्नितान्तं भिन्नविषयाण्येतान्युभयस्थानानीति नोपलक्षणविधयाऽप्यमुष्मिन् स्थानपञ्चके भाष्याक्षरस्वारस्यं गम्यते। तस्मात् तात्वादिसभागस्थानेषूर्ध्वभागनिष्पन्नोऽनुदात्तः। अधोभागनिष्पन्नोऽनुदात्त इत्येवमुक्तिः केषाञ्चिदपदार्थत्वादुपेक्ष्येति दिक्।

१०५. कैयट ने जो कहा है कि "प्रक्रम का अर्थ स्थान होता है और स्थान तालु आदि ऊपर नीचे के भाग से युक्त हैं, वहाँ ऊपर के भाग से निष्पन्न स्वर उदात्त होता है, अधर भाग से निष्पन्न अनुदात्त कहलाता है" काशिका, कौमुदीकार आदि ने भी कैयट के मार्ग का ही अनुसरण किया है। यह सारा कथन भगवान् पतञ्जलि के तात्पर्य से विरुद्ध होने के कारण उपेक्षणीय है क्योंकि ये तालु आदि स्थान इस प्रकार ऊपर नीचे के भाग से युक्त सुने जाते हैं, स्मरण में आए हैं अथवा अनुभूत होते हैं। तिर्यग् भागों से सभाग होने पर भी ऊर्ध्व अधर भाग से सभाग होने में कोई प्रमाण नहीं है। अब यदि एक एक स्थान में प्रकल्पित आगे, मध्य और पीछे के भागों से उच्च आदि स्वरों की निष्पत्ति इष्ट हो तो ऐसा तभी हो सकता है जब यहाँ तालु आदि स्थान से अभीष्ट हों, परन्तु यहाँ विवक्षा दिखाई

नहीं देती। स्थान दो प्रकार के होते हैं—सवनस्थान और मुखस्थान। इनमें उर, कण्ठ, सिर रूप तीन सवन स्थानों से ही इनका सम्बन्ध सूत्र, वार्तिक और भाष्य में प्रदर्शित किया गया है। वैसा ही अनुभव में भी आता है। इन पाँच तालु आदि पाँच मुख स्थानों से इन स्वरों का कोई सम्बन्ध कहीं भी न तो उपदिष्ट हुआ है और न ही अनुभव में आया है। ऐसे भ्रम में भी नहीं पड़ना चाहिए कि पाँच स्थानों के अन्तर्गत जो कण्ठ तथा शिर स्थान हैं वे तीन स्थान के अन्तर्गत कण्ठ तथा शिर स्थान से अभिन्न हैं। पाँच स्थानों में कण्ठ स्थान से अभिप्राय जिह्वा-मूल के समीपस्थ प्रदेश से है तथा वहाँ सिर का अभिप्राय तालु और दन्त के मध्य में स्थित मांस पिण्ड से, इसलिए ये दोनों स्थान नितान्त भिन्न विषय वाले हैं अतः उपलक्षण रूप से भी इस पाँच स्थानों के क्रम में भाष्य के अक्षरों का तात्पर्य नहीं लगाया जा सकता। इसलिए तालु आदि सभाग स्थानों में ऊपर के भाग से निष्पन्न अच् अक्षर उदात्त है, अधोभाग से निष्पन्न अनुदात्त है—कुछ लोगों की इस प्रकार की व्याख्या अपदार्थ होने से उपेक्षा के योग्य ही ठहरती है।। सम्पूर्ण ।।

वर्ण-समीक्षा के पारिभाषिक शब्दों की सूची

अक्षर—(१) स्वर-वर्ण (२) पूर्ववर्ती व्यञ्जन से युक्त स्वर वर्ण और (३) अवसान में स्थित परवर्ती व्यञ्जन से युक्त स्वर वर्ण ।

अघोष—(1) ऊष्मन् श ष स अः, ≍ क, ≍ प, अं तथा (२) वर्गों के प्रथम दो-दो वर्ण—क, ख, च, छ, ट, ठ, त, थ, प, फ ।

अनुदात्त—उच्चारणावयवों के अधोगमन से उच्चारित होने वाला स्वर ।

अनुनासिक—(1) वर्गों के पञ्चम वर्ण (ङ, ञ, ण, न म्) (२) मुख और नासिका से उच्चारित होने वाला कोई भी वर्ण ।

अनुस्वार—शुद्ध नासिक्य वर्ण अं ।

अनुप्रदान—वर्णों के मूल कारण श्वास और नाद ।

अन्तःस्थ—य र ल व ।

अभिनिहित स्वरित—अभिनिहित सन्धि के परिणाम स्वरूप निष्पन्न स्वरित ।

अयोगवाह—अकारादि के साथ मिलकर उच्चरित होने वाले अनुस्वार, विसर्ग, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय आदि वर्ण ।

अम्बूकृत—होठों को बन्द सा करके उच्चारण करना ।

अवग्रह—'ऽ' चिह्न से पृथक्करण ।

अस्पृष्ट—स्वर, अनुस्वार और ऊष्म वर्णों के उच्चारण के लिए आभ्यन्तर प्रयत्न । इसमें मुख के उच्चारणावयवों का तनिक भी परस्पर स्पर्श नहीं होता है ।

आगम—अतिरिक्त वर्ण का आ जाना ।

उदात्त—उच्चारणावयवों के ऊर्ध्वगमन से उच्चारित होने वाला स्वर ।

उदात्तपूर्व—(स्वरित)—उदात्त + अनुदात्त = स्वरित । यथा—होता ।

उपध्मानीय—≍ प ।

उपसर्ग—क्रिया के सम्पर्क में आकर अर्थ में विशेषता लाने वाले प्र, परा इत्यादि पद ।

उरस्य—ऊष्मन्—ह, अः ।

ऊष्म—श, ष, स, ह ।

ओष्ठ्य—(१) स्वर—उ ऊ ओ औ (२) पवर्ग—प फ ब भ म (३) व (४) ऊष्मन्—≍ प ।

कण्ठ्य—(१) स्वर—अ आ (२) ऊष्मन् ह, अः ।

करण—(१) वर्णों के उच्चारण में सक्रिय आभ्यन्तर प्रयत्न (२) वर्णों के उच्चारण में सक्रिय मुखावयव ।

क्षैप्र—(1) यण् सन्धि के परिणाम स्वरूप निष्पन्न स्वरित ।

गुरु—(स्वर) आ ॠ ई ऊ ए ओ ऐ औ ।

ग्रस्त—जिह्वा के मूल का निग्रह करके वर्ण का उच्चारण करना ।

घोषवत्—(सघोष) वर्गों के तृतीय, चतुर्थ और पञ्चम वर्ण, अन्तःस्था, ऊष्मन् ।

जात्य—(स्वरित) नित्य स्वरित ।

जित्—क ख, च छ, ट ठ, त थ, प फ, श, ष, स ।

जिह्वामूलीय—(1) ≍ क । (२) स्वर—ऋ ॠ लृ ॡ ।

ताथाभाव्य—दो उदात्तों के मध्य में स्थित अनुदात्त ।

तालव्य—(1) स्वर—इ ई ए ऐ (२) च वर्ग—च छ ज झ ञ । (३) अन्तःस्था—य, (४) ऊष्मन्—श ।

तैरोविराम स्वरित—अवग्रह से व्यवहित उदात्तपूर्व स्वरित ।

तैरोव्यञ्जन स्वरित—व्यञ्जन से व्यवहित उदात्त पूर्व स्वरित ।

दन्तमूलीय—(१) तवर्ग—त, थ, द, ध, न (२) र, ल (३) ऊष्मन्—स ।

दीर्घ (स्वर)—द्विमात्रिक स्वर—आ ई ऊ ॠ ए ऐ ओ औ ।

दुःस्पृष्ट—अन्तःस्था वर्णों का आभ्यन्तर-प्रयत्न जिसमें मुख के उच्चारणावयवों का थोड़ा सा स्पर्श होता है ।

धि—ग, घ, ङ, ज, झ, ञ; ड, ढ, ण; द, ध, न; ब, भ, म; य, र, ल, व, ह । यह अन्वर्थ संज्ञा नहीं है वा. प्रा. १।५३ के अनुसार वर्गों के तृतीय, चतुर्थ, पञ्चम वर्ण य र ल व तथा ह धि संज्ञक हैं ।

नाद—सघोष वर्णों की मूलभूत वायु ।

नासिक्य—(१) नासिका से उच्चारित होने वाला वर्ण विशेष (हुँ) (२) नासिका स्थान से उच्चारित होने वाला वर्ण ।

पद—अर्थ का अभिधायक अक्षर अथवा अक्षर समुदाय ।

पाद—छन्द में कतिपय अक्षरों का समूह ।

प्रकृतिभाव—बिना विकार के पूर्ववत् रहना ।

प्रगृह्य—परवर्ती स्वर वर्णों के साथ विकार सम्भव होने पर भी विकार को प्राप्त न करने वाला स्वर ।

प्लुत—तीन मात्राओं का स्वर वर्ण । आ३ ई३ इत्यादि ।

भावी—भावी का शाब्दिक अर्थ है—बना देने वाला । जो स्वर वर्ण दन्त्यवर्णों को मूर्धन्य बना देते हैं वे भावी कहलाते हैं । अकण्ठ्य स्वर—इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ ॡ ए ऐ ओ औ ।

मन्द्र—हृदय में उच्चारित होने वाले वर्णों का स्थान ।

मात्रा—(१) वर्णों के उच्चारण काल की इकाई (२) ह्रस्व अकार के समान उच्चारण काल ।

मुत्—श, ष, स । (यह अन्वर्थ संज्ञा नहीं है । वा. प्रा. १।५२ के अनुसार श ष स की मुत् संज्ञा है ।

यम—कुँ खुँ गुँ घुँ ।

लक्षण—बाह्य स्वरूप ।

लघु—(स्वर) अ इ ऋ उ ।

लोप—वर्ण का अदर्शन।

वर्ग—पांच-पांच स्पर्श वर्णों का समूह। (१) कवर्ग (२) चवर्ग (३) टवर्ग (४) तवर्ग (५) पवर्ग।

वर्ण—अकारादि ध्वनियां।

वर्णसमाम्नाय—वर्णमाला (वर्णों का संग्रह)।

विकार—एक वर्ण के स्थान पर दूसरे वर्ण का आ जाना।

विवृत्ति—दो स्वर वर्णों के मध्य में काल का व्यवधान।

विसर्जनीय—अः।

व्यञ्जन—स्वर की सहायता से उच्चारित होने वाले क, ख इत्यादि वर्ण।

विच्छेद—विच्छेद शब्द वि उपसर्गपूर्वक छिद् धातु से बना है। वा. प्रा. ४।१६३ में इस शब्द का प्रयोग 'यम' के लिए किया गया है।

श्वास—अघोष वर्णों की मूलभूत वायु।

समानाक्षर—अ आ इ ई ऋ ॠ उ ऊ।

सन्ध्यक्षर—ए ऐ ओ औ।

संदष्ट—जबड़ों को नीचा करके वर्ण का उच्चारण करना।

सन्धि—वर्ण का लोप, आगम, विकार, प्रकृतिभाव।

संयोग—अव्यवहित दो व्यञ्जनों का मेल।

सवर्ण—समान स्थान और समान आभ्यन्तर प्रयत्न वाला वर्ण।

सिम्—अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ। यह अन्वर्थ संज्ञा नहीं है। वा. प्रा. १।४४ के अनुसार अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ये वर्ण सिम् संज्ञक हैं।

सोष्म वर्ण—वर्गों के द्वितीय और चतुर्थ वर्ण—ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ। भाष्यकार उवट के अनुसार ऊष्म का अर्थ है वायु, ये वर्ण उस वायु के साथ उच्चारित होते हैं इसीलिए सोष्म कहलाते हैं।

स्थान—वर्णों के उच्चारण में प्रयुक्त स्थल।

स्पर्श—क ख इत्यादि पच्चीस व्यञ्जन।

स्वर—(१) अ आ इ ई ऋ ॠ ऌ ॡ उ ऊ ए ऐ ओ औ (२) उदात्त, अनुदात्त और स्वरित संज्ञक स्वर-वर्ण के उच्चारण धर्म (३) सप्त स्वर-षड्ज, गान्धार, ऋषभ, मध्यम पञ्चम, धैवत और निषाद।

स्वरित—उच्चारणावय के तिर्यग्गमन से उच्चारित होने वाला स्वर।

स्वर भक्ति—अति ह्रस्व स्वर।

ह्रस्व—(स्वर-वर्ण) अ, इ, ऋ, उ।